Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ॐ

वं हजारों के

25

।। श्री गणेशाय नमः ।।

आकाशी-कौंसिल का विचार

(सं० २०४८ वि०, सन् १९९१–९२ ई०)

(विश्व की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स्थिति का ग्रहगतिजन्य सर्वेक्षण)

★ धनु-मकर एवं कुम्भ प्रभाव राशि के अन्तर्गत कुछ राष्ट्रों की सत्ता के ढांचे में कुछ अभूतपूर्व परिवर्तन, राजनीतिक-प्रणाली में कहीं दूरगामी रूपान्तरणों की शुरुआत हो।

★ विश्व में 'सामरिक-सन्तुलन' पर कुछ राष्ट्रों का आन्तरिक-वैमत्य, अन्ततः नया राजनैतिक-चिन्तन प्रच्छन्नरूप से कुछ महाशक्तियों द्वारा अस्वीकृत।

★ पश्चिमी एशिया, जापान, चीन एवं किसी यावन राष्ट्र में यत्र तत्र भूकम्प, तूफान, अग्निकाण्ड, समुद्री तूफान, एवं अन्य प्राकृतिक प्रकोप से जनधन हानि।

★ कुछ देशों की मौका परस्त राजनीति एवं नेताओं की स्वार्थपरकता से दलीय गुटबन्दी को बढ़ावा, समस्याओं का हल ढूंढ़ना कठिन, आन्तरिक-संकट विषम हो।

★ मकर-प्रभाव राशिगत देश के कुछ प्रान्तों में आतंकवाद, अलगाववाद के हल करने का प्रयास विफल, कुछ अन्य प्रान्तों में भी स्थिति बिगड़े।

★ भारत के प्रधान नेता के समक्ष अनेकों समस्याएं, राष्ट्रीय-मोर्चा में आन्तरिक उलझनें, पंजाब, असम, आन्ध्रप्रदेश, तमिलनाडु एवं कश्मीर में सामाजिक-राजनैतिक समस्याएं उग्र, मन्त्रिमण्डलीय गतिरोध, हत्याकाण्ड, अपहरण आदि घटनाएं।

★ पाक-लंका में घोर अशान्ति, अन्य मुस्लिम राष्ट्रों में भी घोर अशान्ति के ग्रहगति जन्य संकेत। कुछ राजशाही वाले भूटान एवं अन्य देशों में प्रजातन्त्र की लहर।

★ भारत एवं भारत सरकार का भविष्य, विश्व घटनाचक्र, प्रान्तीय शासनों का भविष्य।

'ज्योतिर्विज्ञान' एक अद्भुत-विज्ञान है, जिसमें छिपे गूढ़-रहस्यों को प्रत्यक्ष अनुभव करने के लिए अभी युगों तक अनुसन्धान की आवश्यकता है। हमें थोड़े से वैज्ञानिक-रहस्यों का अन्वेषण एवं अनुसन्धान करने में लाखों वर्ष लगाने पड़े हैं, फिर अकगणित किंवा अज्ञान-ग्रहनक्षत्रों की एवं उनके मध्यवर्ती-आकाश की स्थिति को जानने के लिए एवं ग्रहनक्षत्रों का प्राणीमात्र एवं प्राकृति पर प्रभाव को अनुभव करने के लिए जितना समय, श्रम एवं साधन चाहिए, उन्हें जुटा पाना हमारे लिए अभी भी सहज-संभव नहीं। हमें किसी न किसी रूप में सर्वोच्च प्रभुसत्ता को स्वीकार करना ही पड़ेगा। क्योंकि संसार में प्रत्येक वस्तु एक निर्धारित रीति से प्रक्रिया में है। यदि इसमें रत्तीभर भी अव्यवस्था (किंवा अनुशासनहीनता) का अंश आ जाए यह विराट्-ब्रह्माण्ड एक भी क्षण न टिक सकेगा। क्षणिक-विस्फोट से अनन्त-प्रकृति में आग लग जाती और संसार अग्नि ज्वालाओं के अतिरिक्त कुछ न होता। इस प्रकार प्रकृति के इस नियामक–विधान में किसी न किसी 'अचिन्त्य-सत्ता' का अस्तित्व में होना प्रामाणित अवश्य करता है।

विश्वजनीन–जीवन का आधार सूर्य है। सूर्य ही महनीय-ज्योतिष-शास्त्र के प्राण तथा आत्मा है

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

और ज्योतिश्चक्रों के प्रवर्तक भी। हमारे जगत को नियमन एवं संचालन वही करते हैं। दिशाओं का निर्माण, अब्द, युग, मन्वन्तर एवं कल्पान्त तक कालविभाजन, प्रकाश, ऊष्मा, चेतना, प्राणोदय, वायु, जलप्लावन, विद्युत, मेघ, वृष्टि, पेट्रोलियम, कोयला, अन्न एवं प्रजावर्ग की सृष्टि एवं संचालक भी भगवान् भास्कर ही हैं। सभी ही तिर्यक्, मनुष्य, सरीसृप किंवा सभी जीव समाज की आत्मा और सर्वेन्द्रिय के अधिष्ठाता हैं—

"देव-तिर्यङ्-मनुष्याणां सरीसृप-सवीरुधाम्।
सर्वजीव-निकायानां सूर्य आत्मा दृगीश्वरः॥" (श्रीमद्भागवत)

ज्योतिःशास्त्रानुसार सूर्य ही समस्त ग्रह-नक्षत्र-मण्डल के अधिष्ठाता तथा काल एवं समय के नियन्ता हैं।

समय—ब्रह्माण्ड का चतुर्थ आयाम है, जिसके आधार पर वर्तमान और परिवेश बदलता रहता है। समय एवं घटनाओं को हम अलग-अलग कर नहीं देख सकते, वे एक-दूसरे से इतने सम्बद्ध हैं कि एक के बिना दूसरे की सत्ता ही नहीं। यही कारण है कि आइन्स्टीन जैसे महान् वैज्ञानिक भी ब्रह्माण्ड के तीन आयामों को न स्वीकार करके समय को चौथा आयाम स्वीकार करते हैं। "**समय**" सर्वोपरि है। इसे ईश्वरीय प्रेरणा कहें या कुछ और—समझना कठिन है। परमाणु से परमविशाल तेज पुञ्ज पर्यन्त तक कोई भी ऐसी वस्तु नहीं है जो समय से प्रभावित न हो। समय ईश्वरीय सत्ता है, जो कि कहीं तेज, कहीं अदृश्य आकर्षण, शक्ति तथा में व्याप्त ग्रह नक्षत्र, उपग्रह उल्का धूमकेतुओं के रूप में एवं कहीं परमाणु में निहित अव्यक्त शक्ति के रूप में समय-समय पर घटनाचक्र रूप में अपनी सत्ता को व्यक्त करता है।—इस 'समय' रूपी विश्वसंचालक शक्ति को यथार्थरूप में समझने का प्रयास ही ज्योतिष है, जिसे 'काल व विधानशास्त्र' भी कहा गया है। "**वेदा हि यज्ञार्थमभिप्रवृत्ताः कालानुपूर्व्या विहिताश्च यज्ञाः। तस्मादिदं कालविधानशास्त्रं यः ज्योतिषं वेद स वेद यज्ञान्॥**" जीवन के अनेक महत्त्वपूर्ण क्रिया-कलापों में समय का ज्ञान सर्वोपरि है। फिर भी समयानुसार विश्व के क्रिया-कलापों का संचालन करने वाली कोई अदृश्य शक्ति अवश्य है, उस दार्शनिक महात्मा एवं वैज्ञानिक ग्रहों के आकर्षण-विकर्षण की संज्ञा देते हैं। परन्तु इस ही रहस्यपूर्ण शक्ति को समझने के लिए आध्यात्मिक साक्षात्कार होना आवश्यक है—

"एष सर्वेषु भूतेषु गूढात्मा न प्रकाशते।
दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः॥"

सतत ध्यानस्थ महात्मा एवं विभिन्न-शक्तिपुञ्ज के इस प्रभाव से विश्व में घटित होने वाले घटनाचक्र को भाँप कर अपनी दृष्टि से पहले ही देखते आए हैं।

"साक्षात् कृतधर्माण ऋषयो बभूवः। तेऽवरेभ्यो असाक्षात् कृत धर्मभ्य उपदेशेन मन्त्रान् सम्प्रादः। उपदेशाय ग्लायन्तोऽवरे बिल्म ग्रहणाय समाम्नासिषुर्वेदं वेदाङ्गानि च।"

— यास्काचार्य

स्पष्ट है कि हमारे ऋषि-मुनि ब्रह्माण्ड में घटित घटनाक्रम को किसी माध्यम से ही जान पाते थे, उसको लिए उन्होंने वेद के अङ्गभूत 'ज्योतिष शास्त्र' को जन्म दिया। यही कारण है कि ज्योतिष को वेद की संज्ञा दी गई है। साक्षात् कृतधर्मा ऋषि ज्योतिषशास्त्र के आधारभूत नक्षत्रों के आधार पर भूत, भविष्यत् को वर्तमान की तरह अनुभव करते रहे हैं। अतः 'ज्योतिषशास्त्र' मनुष्य की अतीन्द्रिय ज्ञान परम्परा से ही सम्बद्ध रहा है और सम-विषम परम्परा यह आज भी देवज्ञों को भावी घटनाक्रम का पता ही भान करा रहा है।

'वर्तमान' अतीत से ही निकला है, आज हम जो भी कुछ देख रहे हैं, वह कल का ही तो परिणाम है। अतीत में वर्तमान कैसे निहित है एवं वर्तमान का भविष्य के साथ कैसा सम्बन्ध है एवं घटनाक्रम को जन्म देकर यह कालचक्र निर्मोही योगी की तरह पीछे न देखता हुआ अबाध गति से क्यों अहर्निश आगे ही बढ़ता जाता है और वर्तमान को जीर्ण बनाकर भूत बना देने के प्रयत्न में लगा रहता है। इस विधान के पीछे ज्योतिषशास्त्र के आधारभूत ग्रह ही तो हैं। जिस प्रकार शब्द में अर्थ, अग्नि में तेज एवं जल में शीतलता प्रच्छन्नरूप से विद्यमान रहते हैं, इसी प्रकार प्रत्येक कार्य में कारण अवश्य छुपा रहता है। विश्व में जो भी घटनाक्रम चल रहा है, उसका कारण अवश्य है। भले ही हम आज प्रत्येक कार्य के कारण की उपपत्ति का स्पष्टीकरण देने में समर्थ न हों, परन्तु यह तथ्य है कि भविष्य में जो भी घटित हो रहा है, वह अतीत से विच्छिन्न नहीं है। कल जो होंगे, वह आज का ही जोड़ होगा, आज जो कुछ है, वह गत दिनों का ही परिणाम है। स्पष्ट है कि जो कल को घटित होने वाला है, वह किसी सूक्ष्म अर्थ में कल भी विद्यमान होना चाहिए। इस मौलिक चिन्तन ने हजारों वर्ष पूर्व ज्योतिष शास्त्र को जन्म दिया था।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय अमेरिका के एक प्रोफेसर एवं नक्षत्रविद् ने भी यह स्वीकार किया है कि "प्राणी के शरीर में जितने तत्त्व हैं वे सबके सब पृथ्वी की ठोस पपड़ी में या उसके ऊपर अवश्य विद्यमान हैं, इन तत्त्वों का अधिकांशतः तारों किंवा ग्रहों के उत्तप्त वातावरण में भी परिचय मिलता है। जन्तुओं के शरीर में किसी प्रकार के भी ऐसे परमाणु नहीं हैं जिनकी उपस्थिति अजीव-परिवेश में सुपरिचित न हो, स्पष्ट है कि सभी प्राणी तारों के साधारण द्रव्य से ही बने हैं।" प्राणीमात्र द्वारा निमित्त एवं प्राणियों के परिवेश से उत्पन्न घटनाक्रम का सम्बन्ध भी ग्रहों से अवश्य है। इस सम्बन्ध पर अभी अपार वैज्ञानिक चिन्तन की आवश्यकता है "ज्योतिष शास्त्र" नक्षत्रों किंवा ग्रहों का अध्ययनमात्र ही नहीं है, अपितु भविष्य को टटोलने की एक चेष्टा भी है। यह ब्रह्माण्ड इकाई है, इससे पृथक् होकर कोई भी वस्तु अस्तित्वहीन हो जाती है, इसमें कोई भी चीज़ अलग नहीं, सब संयुक्त होकर एक ब्रह्माण्ड रूप में दिखाई दे रही हैं।

इस ब्रह्माण्ड में ग्रहों की प्रतिक्रियाएं गुरुत्वाकर्षण, ऊष्मा तथा विकिरण नियमों के अनुसार होती रहती हैं। कोई भी ग्रह कितनी ही दूरी पर क्यों न हो, जब भी वह अपनी स्थिति को बदलता है, तो विश्व की परिस्थितियों को प्रभावित अवश्यमेव करता है। ग्रह भले ही कितनी दूरी पर हो, जब वह अधिक उत्तप्त होता है तो उस समय पृथ्वी के जलवायु एवं प्राणीमात्र के रक्त-प्रवाह में विशेष गतिमत्ता अनुभव होती है, जिससे सम्पूर्ण विश्व प्रभावित होता है। इस प्रकार नई घटनाओं का जन्म भी देखा गया है—क्योंकि प्राणी की शिराओं में रक्त प्रवाह ही स्फूर्ति ऊर्जा प्रेरणा का स्रोत है। जो कि कष्ट करने का प्रेरक बना रहता है।

उल्लिखित विवरण से स्पष्ट है कि—ज्योतिष शास्त्र के प्राणभूत ग्रह कोई निष्क्रिय अग्निपिण्ड ही नहीं हैं अपितु ये अत्यन्त सक्रिय जीवन्त संगठन हैं। ग्रहराज सूर्य की तरंगों में प्रतिपल विलक्षण-रूपान्तरण होते रहते हैं। सूर्य की तरंगों में क्षणिक-रूपान्तरण भी पृथ्वी के प्राणों को कम्पित करता है।

इस पृथ्वी पर कुछ भी ऐसा घटित नहीं होता, जो ग्रहों पर कुछ घटित हुए बिना यहां घटित हो जाता है। जब सूर्य-ग्रहण होता है, तो जंगलों में पक्षी चौबीस घण्टा पहले गीत गाना बन्द कर देते हैं। पूर्ण ग्रहण के समय सारी पृथ्वी मौन हो जाती है। जंगली जानवर भयभीत हो जाते हैं, किसी बड़ी आशंका से त्रस्त मालूम देते हैं। बन्दर वृक्षों को छोड़कर नीचे आ जाते हैं, भीड़ जुटाकर किसी सुरक्षा के उपाय में लगे मालूम देते हैं। बन्दर जो निरन्तर शरारत और चंचल क्रिया-कलाप में व्यस्त रहते हैं, वे सूर्य-ग्रहण के समय इतने मौन हो जाते हैं, जितने कि साधु और संन्यासी ध्यान में नहीं होते। स्पष्ट है, कि आकाशीय-पिण्डों का विश्व की घटनाओं से कुछ सम्बन्ध अवश्य [illegible] को विश्व के अठत्तर प्रतिशत व्यक्ति स्वीकार करते हैं। इन अठत्तर प्रतिशत [illegible] रञ्जन ही नहीं,

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अपितु वैज्ञानिक, विचारक एवं बुद्धिजीवियों का एक बड़ा वर्ग भी सम्मिलित है।

यह निर्विवाद विश्व की परिस्थितियां हमेशा बदलती आई हैं और विश्व की घटनाओं को साक्षिन्य उत्पन्न करने वाले इतिहास का निर्माण होता आया है। घटनाक्रम का शुभा-शुभत्व सफलता किंवा असफलता के परिणामस्वरूप व्यक्ति अपने भाग्य पर इतराता या भाग्य को कोसता देखा गया है। आखिर इस घटनाक्रम की जन्मदात्री कौन-सी अदृश्य शक्ति है, जिसे मनुष्य 'भवितव्यता' या ईश्वरीय इच्छा नाम से स्वीकार करता है। तर्क-सम्मत विश्लेषण एवं अनुसंधान के परिणामस्वरूप कालविधान-शास्त्र-ज्योतिष शास्त्र' ने अपेक्षित घटनाक्रम को जन्म देने में ग्रहजन्य आकर्षण-विकर्षण एवं गति-परिवर्तन को प्रमुख कारण माना है। इसमें सन्देह नहीं, कि भूकम्प, महायुद्ध, विग्रह आदि अनेक विश्वजनीन घटनाओं को जन्म देने में ईश्वरीय प्रेरणा से संचालित-ग्रहों की गति भी एक महत्त्वपूर्ण कारण है।

पच्चानवे हजार वर्ष पूर्व ग्रह-नक्षत्रों की कैसी स्थिति थी, इसका वर्णन ऋग्वेद में मिलता है। चिरन्तन काल से ही महर्षियों द्वारा प्रणीत इस शास्त्र पर निरन्तर चिन्तन होता आ रहा है। इस शास्त्र से प्राप्त संकेत के आधार पर अपनी बुद्धि के अनुसार सूक्ष्म ग्रह गति से प्राप्त संकेत-सूत्रों को ही 'भविष्यवाणी' के रूप में परिवर्तित करके विश्व में घटित होने वाली घटनाओं का चित्र अपने लाखों प्रिय पाठकों के समक्ष उपस्थापित करते हुए [illegible]३ सम्वत्सर व्यतीत हो चुके हैं।

आपके इस लोकप्रिय पञ्चाङ्ग में प्रतिवर्ष प्रकाशित होने वाली आश्चर्यजनक अप्रत्याशित भविष्यवाणियों में साधारण वर्ग के व्यक्ति से लेकर भारतरत्न श्री जवाहर लाल नेहरू, श्रीमती इन्दिरा गांधी, प्रथम राष्ट्रपति श्री राजेन्द्र प्रसाद एवं अन्य गणमान्य प्रतिष्ठित महापुरुषों की अभिरुचि रही है। आज भी यह पञ्चाङ्ग अपनी सफल आश्चर्यचकित कर देने वाली भविष्यवाणियों के कारण तथा ग्रहण आदि पञ्चाङ्ग गणित की सूक्ष्मता एवं शुद्धि के कारण भारत में सर्वोपरि लोकप्रिय है।

इस पञ्चाङ्ग की सर्वाङ्गशुद्ध गणित एवं विद्वत्तापूर्ण आकर्षक लेखों के कारण यह पञ्चाङ्ग भारत के मूर्धन्य धर्माचार्यों द्वारा सम्मानित हो चुका है। सूक्ष्मातिसूक्ष्म ग्रहगणित, विद्वत्तापूर्ण शोध लेख एवं अन्य उपयोगी विषयवस्तु के कारण विद्वद्वर्ग एवं धर्माचार्यों के आशीर्वाद के रूप में जो श्रेय एवं गौरव इस पञ्चाङ्ग को आज तक प्राप्त हो रहा है, यह हमारे जीवन की उपलब्धि है :—यह पञ्चाङ्ग इन सभी विद्वान्-धर्माचार्यों का हृदय से ऋणी है। जिनका आशीर्वाद इसे प्राप्त है। श्रीमार्तण्ड पञ्चाङ्ग की विगत वर्षों की भविष्यवाणियों की संक्षिप्त चर्चा यहां विहङ्गम दृष्टि से कर देना उचित समझते हैं—

भारत के स्वतन्त्र होने की घोषणा, श्री महात्मा गांधी, नेहरू जी एवं श्रीमती इन्दिरा गांधी आदि भारत के गणमान्य व्यक्तियों के निधन किंवा हत्याकाण्ड की आश्चर्य चकित कर देने वाली भविष्यवाणी, रूस के बुल्गानिन एवं ख्रुश्चेव के अचानक अपदस्थता व पदत्याग की भविष्यवाणी, चीन में चाउ-माउ [illegible] की घोषणा, कांग्रेस का विभाजन, जनता पार्टी की विजय एवं पतन की आश्चर्य-चकित कर देने वाली भविष्यवाणी, श्रीमती गांधी के पुनः सत्तारूढ़ होने की घोषणा, भारत-पाक युद्ध, ईरान-इराक युद्ध एवं भूतपूर्व ऐतिहासिक भूकम्प किंवा प्रलयकारी तूफानों की भविष्यवाणी, इसके अतिरिक्त भारत एवं देशान्तरों में घटित होने वाली असंख्य सफल भविष्यवाणियों की अक्षरशः सफलता का श्रेय आपके इस पञ्चाङ्ग को प्राप्त हो चुका है। यद्यपि स्थानाभाव के कारण सभी सफल भविष्यवाणियों को यहां अंकित करना सम्भव नहीं, पुनरपि कतिपय आश्चर्यजनक भविष्यवाणियां सं० २०४७ से यहां प्रस्तुत कर देना प्रासंगिक समझते हैं—

(१) सं० २०४७ के श्रीमार्तण्ड पञ्चाङ्ग में पृ० १५ कालम १ में पंक्ति १५ में लिखा था—

"२० जून से कहीं भूकम्प, तूफान एवं दुर्भिक्ष आदि प्राकृतिक प्रकोप से हानि होगी।"

ईरान में २१ जून को भयंकर भूकम्प से हजारों व्यक्ति मारे गए एवं हजारों व्यक्ति बेघर हुए, करोड़ों रुपये की सम्पत्ति नष्ट हुई।

(२) सं० २०४७ के श्रीमार्तण्ड पञ्चाङ्ग में पृ० १५, कालम २ पर लिखा था—

"शनि-मंगल-राहु का एक राशिस्थ होना विश्व में अघटित घटनाओं को जन्म देगा। कहीं युद्धाग्नि से वातावरण अशान्त होगा, कहीं आगजनी की घटनाओं से जनधन हानि होगी, कहीं तूफान एवं यान दुर्घटना किंवा अन्यविध प्राकृतिक प्रकोप से भयंकर हानि का समाचार मिलेगा।

स्पष्ट है कि इस वर्ष भयंकर अग्निकाण्ड में विज्ञान भवन देहली में हानि हुई तथा अनेकों भयंकर अग्निकाण्डों से करोड़ों रुपये की हानि हुई है। यान-दुर्घटना एवं बाढ़ आदि प्राकृतिक-प्रकोप से भी भारी हानि अनेकत्र हुई है।

(३) सं० २०४७ में पृ० १५ कालम २ में लिखा था—

"दक्षिण-प्रशान्त में फिजी एक अलग तरह का दक्षिणी अफ्रीका का रूप धारण कर लेगा। यहां जातपात रंगभेद आदि समस्याएं उभर कर सामने आएंगी। हत्याकाण्ड एवं अग्निकाण्ड से अशान्ति होगी। अल्पवर्ग की बहुवर्ग पर हावी होने की प्रवृत्ति से कुछ देशों में घोर अशान्ति पनपेगी।"

पाठक जानते ही हैं कि दक्षिणी अफ्रीका एवं फिजी आदि में भी रंगभेद आदि समस्याएं इस वर्ष उभर कर सामने आ रही हैं। अशान्ति का वातावरण बन रहा है।

(४) सं० २०४७ के पञ्चाङ्ग में पृष्ठ १५ पर कालम २ में नीचे की पंक्तियों में लिखा था—

"इस वर्ष नाभिकीय-शस्त्रास्त्रों को समाप्त करने एवं देशों में सैनिक टकराव का राजनैतिक-दृष्टि से समाधान करने एवं विभिन्न सामाजिक राजनैतिक-गुटों के देशों के बीच विश्वास को दृढ़ बनाने के प्रयास के लिए दो महाशक्तियां आगे बढ़ेंगी—कुछ सफलता भी मिलेगी।"

रूस-अमरीका ये दो महाशक्तियां इस क्षेत्र में स्पष्टरूप से अग्रसर हैं, एवं कुछ सफलता भी प्राप्त हो चुकी है, वर्षों के अन्तराल के बाद ये शक्तियां इस क्षेत्र में एकमत होकर नजदीक आई हैं, विचारों की दूरी भी कम हुई है।

(५) 'मुस्लिम देश'—शीर्षक के अन्तर्गत पृ० १७ पर कालम १ में स्पष्ट घोषणा की गई थी कि—

"शनि-युरेनस नेपच्यून की धनुराशि में युति होने से किसी मुस्लिम देश में तूफान, भूकम्प आदि किसी भी प्राकृतिक प्रकोप से जन-जीवन अस्त-व्यस्त होगा, जनधन हानि का भी योग है। कहीं जनतन्त्र पर आघात होगा। कहीं मुस्लिम-सम्प्रदायों में संघर्ष की स्थिति भी बनने के योग हैं। पाकिस्तान के बलूचिस्तान एवं सिन्ध क्षेत्रों में भी इस वर्ष कुछ जनान्दोलन दिखाई देंगे। जिसमें प्रधानशासक को कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा।"

इस भविष्यवाणी के अनुसार बंगलादेश एवं अन्य कई यवन देशों में समुद्री तूफान किंवा अन्य प्राकृतिक-प्रकोप से हानि हुई है। पाकिस्तान में असंवैधानिक-ढंग से श्रीमती बेनज़ीर को अपदस्थ करके जनतन्त्र पर आघात किया गया। पाक के सिन्ध आदि प्रान्तों में आन्तरिक आक्रोश भयंकर रूप धारण कर चुका है—यह पाठक जानते ही हैं।

(६) पृष्ठ १७ पर कालम १ के अन्तिम पांच पंक्तियों में स्पष्ट घोषणा की गई थी—

"एक मुस्लिम राष्ट्र समीपस्थ-राष्ट्र के सीमा विवाद में उलझ जाएगा, अन्ततः सीमा प्रान्तों पर सैन्यबल प्रदर्शन पर उतारू हो जाएगा, जिससे देशों में अशान्ति बढ़ेगी, परन्तु इस प्रकार की कुनीति उसे मंहगी पड़ेगी।"

'पाठक जानते हैं कि इस वर्ष ईराक ने कुवैत के आन्तरिक विवाद में हस्तक्षेप करके उसे हड़प

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

लिया, यह घटना विश्वव्यापी अशान्ति का कारण बन गई। अब U.S.A. के साथ टकराव एवं अन्य देशों से सम्बन्ध खराब होना उसे मंहगा पड़ेगा।

(७) सं० २०४७ के पञ्चाङ्ग में पृ० १६ पर कालम १ के प्रारम्भ में ही लिखा था–

"२० जून को वक्री शनि उ०षा० १ धनु में आ जाता है। धनु राशि में शनि का सम्बन्ध यूरेनस एवं नेपच्यून के साथ हो रहा है, अतः पाकिस्तान, बंगलादेश, अफगानिस्तान आदि में कहीं राजनैतिक अस्थिरता बनेगी, कहीं भूकम्प, तूफान आदि प्राकृतिक प्रकोप से हानि होगी।"

सभी जानते हैं कि पाकिस्तान में भयंकर राजनैतिक अस्थिरता के परिणामस्वरूप वहां की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो को नाटकीय ढंग से अपदस्थ होना पड़ा, इस घटना की हमने श्रीमार्त्तण्ड पञ्चाङ्ग संवत् २०४७ के पृ० १६ पर कालम १ की अन्तिम लाइन में साफतौर पर इन शब्दों में घोषणा की थी–

"पाकिस्तान किंवा अन्य किसी देश-विशेष की शासन सत्ता में नाटकीय परिवर्तन आने का योग है।"

इतने स्पष्ट शब्दों में इससे अधिक क्या लिखा जा सकता है।

उल्लिखित सातवीं भविष्यवाणी के अनुसार बंगलादेश में भूकम्प, अफगानिस्तान में आन्तरिक अशांति चली आ रही है। ईरान कुवैत में अशान्ति, ये सब फलित ज्योतिष की सत्यता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

(८) गत वर्ष आकाशी कौंसिल २६ सितम्बर, १९८९ को पूर्ण होकर प्रकाशित हो चुकी थी, उस समय निर्वाचन संग्राम जोरों पर था, कांग्रेस एवं लोकदल सत्ता परीक्षण की तैयारी में लगे थे। लेकिन हमारे पञ्चाङ्ग में श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के विजय एवं विपक्षीदल में सर्वोच्च पदाप्ति की घोषणा हमने २७ अगस्त सन् १९८८ में सं० २०४६ के श्रीमार्त्तण्ड पञ्चाङ्ग पृष्ठ १६ कालम दो पर प्रथम प्रपद्क में निम्नांकित शब्दों में की गई थी–

श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के जन्माङ्ग में उच्च गुरु भाग्येश होकर लग्न में है। कर्मेश-मंगल द्वितीयस्थ होकर कर्मक्षेत्र को विशेष दृष्टि से देख रहा है। जन्माङ्ग में भाग्येश उच्च होकर भाग्यस्थान को देख रहा है, ऐसी ग्रहस्थिति को विपक्ष में सर्वोच्च राज्य सुखाप्ति हेतु ही कहेंगे। परन्तु लग्नेश-चन्द्र नीचाकांक्षी है, अतः पार्टी की एकता को ये प्रबल नहीं बना पाएंगे, अतः उच्च पदाप्ति होने पर भी अधिक चलने वाली बात नज़र नहीं आती।"

पाठक जानते हैं कि इस वर्ष लोकदल के प्रमुख घटक श्री देवीलालजी को १ अगस्त को उप-प्रधानमंत्री पद से पृथक् होना पड़ा एवं पार्टी की एकता में भारी आघात की स्थिति पैदा हो रही है।

२७ अगस्त १९८८ को सं० २०४६ के पञ्चाङ्ग में प्रकाशित इस भविष्यवाणी पर भारत के कोने-कोने से हमें प्रशंसापत्र प्राप्त हुए हैं, हम पाठकों के उत्साहवर्धक पत्रों के लिए आभारी हैं।

(९) गत वर्ष सं० २०४७ के श्रीमार्त्तण्ड पञ्चाङ्ग में पृ० १८ पर कालम २ में इन्दिरा-कांग्रेस के अपदस्थ होने की घोषणा इस प्रकार की गई थी–

"श्री राजीव गांधी इंका के प्रतिनिधि (मुखिया) होने से इनकी वर्तमान दशा के अनुसार संवत् के आरम्भ से पूर्व किंवा इस संवत् के पूर्वार्ध में इन्दिरा-कांग्रेस की प्रतिष्ठा को आघात पहुँचेगा। कांग्रेस के भीतरी-बाहरी-विघटन के योग दिखाई देते हैं। उत्तर की ओर से कोई व्यक्ति किंवा नेता आगे इंका को विघटन के कगार पर ले जा सकता है। इंका में ही अन्दरूनी कुछ व्यक्ति स्थिति को बिगाड़ देंगे, विपक्ष और जोर पकड़ जाएगा, परिणाम दूरगामी होंगे। श्री गांधी के जन्माङ्ग एवं दशान्तर्दशा का विश्लेषण करने पर मालूम देता है कि इस वर्ष का प्रारम्भ श्री राजीव गांधी के अधिकारों के क्षरण का वर्ष है, आगामी आम चुनाव में विषम स्थिति में उनकी अक्षमता का सामना करना पड़ेगा, निर्वाचन होने पर बहुत हद तक इंका को सत्ता में होने के लाभों का अभाव सहना होगा। ग्रह स्थिति के अनुसार आकर्षक घोषणा-पत्र, वायदे, सुविधाएं सब व्यर्थ सिद्ध होंगी, इंका के कई दिग्गज नेता धराशायी होंगे, सामयिक-ग्रह स्थिति के अनुसार विपक्ष का मनोबल प्रबल मालूम होगा, पक्ष-विपक्ष तथा विपक्ष के पक्ष बनने का योग है।"

गत वर्ष २६ सितम्बर को की गई इस भविष्यवाणी की सार्थकता के बारे में अधिक कुछ कहने की आवश्यकता नहीं,–पाठक फलित-शास्त्र की यथार्थता का मूल्यांकन स्वतः करें।

(१०) गत वर्ष सं० २०४७ के श्रीमार्त्तण्ड पञ्चाङ्ग में १४ जुलाई को श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र देकर अपने पार्टी प्रधान से नया नेता चुनने का आग्रह करके देश को स्तब्ध कर दिया था, इस घटना एवं श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के सामने विषम परिस्थितियों की सूचना इस प्रकार दी गई थी–

"श्री वि० पी० सिंह की जन्माङ्गगत ग्रह स्थिति से मालूम देता है कि २० जुलाई १९९० ई० तक इनके सामने अनेकों प्रश्न चिह्न उपस्थित होंगे। लेकिन वर्तमान समय में गोचर में मिथुनस्थ गुरु चतुर्थ धायस्थ चन्द्र को देख रहा है, जो लोकप्रियता से मनोबल को बढ़ाता है, भाग्येश-गुरु २० जुलाई के बाद लग्न में उच्चस्थ होकर भाग्य स्थान को देखेगा–यह राजनैतिक दृष्टि से उच्च पदाप्ति अवश्य कराने वाला है, क्योंकि लग्नस्थ गुरु एवं धनस्थ मंगल ये दोनों भाग्य स्थान को देख रहें हैं।"

(११) सं० २०४७ की आकाशी कौंसिल के प्रारम्भ में प्रमुख लाइनों में लिखा था–

"कुछ प्रगतिशील देशों में बेजोड़ जन आन्दोलन (होंगे), जिनके परिणामों का सत्ताधारी अनुमान न लगा सकेंगे।"

तदनुसार भारत जैसे प्रगतिशील देश में भी 'रिजर्वेशन' को लेकर अप्रत्याशित जनान्दोलन सर्वत्र अगस्त-सितम्बर पूर्वार्ध में जोर पकड़ गया। भारतेतर अन्य देशों में भी इन दिनों जनान्दोलन हुए हैं।

"पाठको! गतवर्ष भविष्यवाणियों की सत्यता फलितज्योतिष की वैज्ञानिकता का ज्वलन्त उदाहरण है। ये भविष्यवाणियां गतवर्ष २६ सितम्बर १९८९ ई० को लिखी गई थीं। जिन भविष्यवाणियों की सफलता पर पाठकगण हमें पत्र लिख कर उत्साहित करते हैं, उन सबका श्रेय पूर्वाचार्यों एवं ज्योति-शास्त्र-मर्मज्ञ गुरुजनों को ही जाता है, जिन्होंने हमारा आज तक मार्ग-दर्शन किया है। हम जनता जनार्दन के भी आभारी हैं, जो विभिन्न-प्रान्तों से पत्रों द्वारा भविष्यवाणियों की सफलता पर बधाई देकर भावी वर्षों के लिए भी कुछ लिखने के लिए प्रतिवर्ष प्रेरित करते रहते हैं।

अब हम सं० २०४८ वि. की ग्रहस्थिति का पूरी तरह चिन्तन करके भावी घटनाक्रम के बारे में संक्षेपेण कुछ लिखना प्रासङ्गिक समझते हैं।"

सं० २०४८ वि० की ग्रहस्थिति का विश्व पर प्रभाव

इससे पहले कि हम संवत् २०४८ वि० की ग्रहस्थिति पर विशद-विवेचन करें, हम सं० २०४७ के अन्तिम चरण पर विहंगम दृष्टिपात करना प्रासंगिक समझते हैं।

सं० २०४७ में २३ सितम्बर को शनि मार्गी होकर १४ दिसम्बर सन् १९९० को मकर (अपनी राशि) में आ जाता है। मकर-राशिस्थ शनि का मेल राहु के साथ हो रहा है तथा इन पर उच्च-बृहस्पति की दृष्टि भी है। मकरस्थ-शनि का फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है–

"पृथ्वीशाः क्रोधपूर्णाः भवति परिभयं सर्वरोगाद् विनाशः।
चिन्तावस्था नृपाणां भवति सनि बले सूर्यपुत्रे मृगस्थे॥"

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

इस समय शनि-मंगल-राहु की स्थिति का परिशीलन करने से विश्व के मकर-प्रभाव राशि वाले भारत, अफगानिस्तान, दक्षिणी अफ्रीका, ग्रीस, बलगेरिया, अलबेनिया आदि देशों में विशेष राजनैतिक-गतिरोध पैदा होगा। प्रधान नेता के लिए विषम-उलझन पूर्ण समय है। विशेषतः १५ सितम्बर से लेकर अप्रैल, १९९१ तक की समयावधि में कुछ परिस्थितियां इस तरह मोड़ लेंगी कि प्रधान नेता को परिस्थिति जन्य चक्रव्यूह से निकलना सम्भव न होगा, परिणामस्वरूप सत्ता में परिवर्तन किंवा नाटकीय परिवर्तन होंगे। यह समय विशेषतः वर्तमान प्रधान नेता के लिए अग्निपरीक्षा का है। शासकों में किसी विषय को लेकर विशेष वैमन्य पैदा हो, घेराव, किंवा शासक-शासित में विरोध जोर पकड़ेगा, प्रधान नेताओं में एक विशेष चिन्ता किंवा प्रश्नचिह्न उपस्थित होगा, जिसका हल सहज सम्भव नहीं। परिणामस्वरूप स्थिति भयंकर रूप धारण करेगी, कुछ स्थानों पर रक्तपात, जातीय दंगे एवं भारी उपद्रव होंगे, स्थिति नियन्त्रणार्थ सैन्यबल का सहारा लेना पड़े।

शनि की राशि में राहु का होना भी रोगभय, कहीं आन्तरिक-क्रान्ति, युद्धभय, जनजीवनोपयोगी वस्तुओं में मंहगाई आदि करेगा। परन्तु शनि-राहु पर बृहस्पति की दृष्टि होने से अन्ततः स्थिति नियन्त्रण में आ जाएगी। यद्यपि संवत् २०४७ के अन्त तक स्थिति मकर राशि वाले देशों की स्थिति विषम रहेगी, परन्तु किसी विशिष्ट-व्यक्ति की मध्यस्थता से स्थिति में सुधार आएगा।

संवत् २०४८ की ग्रह परिषद्

अखिल ब्रह्माण्ड में अलौकिक शक्ति का परिज्ञान कराने वाले अनन्तकोटि तारे आकाशमण्डल में हमें दिखाई देते हैं, उनमें जिन तारों किंवा ग्रहों का हमारी पृथ्वी से घनिष्ट सम्बन्ध है, उन्हीं की उच्च-नीच स्थिति एवं वक्र-मार्ग आदि अष्टधा गतियों के भ्रमणवश इस पृथ्वी पर स्थित राष्ट्रों में सुभिक्ष-दुर्भिक्ष युद्ध, विग्रह, रोग, राजनैतिक उलटफेर, शांति किंवा अशान्ति का वातावरण आदि अचिन्तित अकल्पित परिवर्तन हुआ करते हैं। श्री बृहस्पति महाराज ने इस तथ्य को स्वीकार करते हुए लिखा है –

"ग्रहाधीनं जगत्सर्वं ग्रहाधीना नरावराः।
सृष्टि-रक्षण-संहाराः सर्वे चापि ग्रहानुगाः।।"

जिस तरह पृथ्वी पर लोकतान्त्रिक-राज्य की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री आदि के चुनाव होते हैं और उन निर्वाचित व्यक्तियों के गुण-कर्म, स्वभाव-योग्यता का प्रभाव उनके अधिकृत क्षेत्र पर पड़ता है। उसी प्रकार अखिलेश्वर प्रभु की इच्छा से निर्मित आकाशीय-शिशुमार चक्रस्थ ग्रहों की परिषद् में संसारचक्र को चलाने के लिए प्रतिवर्ष दिव्य एवं अद्भुत शक्तिमती आकाशी कौंसिल का निर्माण होता है। इस आकाशीय कौंसिल में ग्रहों की शुभाशुभ प्रकृति के अनुकूल संसार में जो उलटफेर एवं अघटित घटनाएं घटित होती हैं। वह अपनी तुच्छमति के अनुसार त्रिकालज्ञ ज्योतिषियों के ग्रन्थों के आधार पर यहां संक्षेपतः लिख रहे हैं।

संवत् २०४८ की घटनाओं पर प्रकाश डालने से पहले हमें नववर्ष प्रवेश कुण्डली पर ध्यान देना होगा।

गत सं० २०४७ में चैत्र कृष्ण अमावस शनिवार (१६ मार्च, १९९१ ई०) को ५७ घड़ी ४३ पल पर कर्क लग्न में सं० २०४८ का शुभारम्भ होगा।

सं० २०४७ वि० का शुभारम्भ कर्क लग्न में होने से यह वर्ष अपेक्षाकृत ठीक रहेगा। पुनरपि लग्न में उच्च गुरु है, शनि-राहु की लग्नस्थ-गुरु पर दृष्टि है, अतः शनि-गुरु का समसप्तक ऐसी विशेष प्रकार की राजनैतिक-विषमताओं को जन्म देगा। जिन्हें जनता अनुमान नहीं लगा सकेगी।

नववर्ष-कुण्डली के अनुसार वैशाख-आश्विन एवं कार्तिक मास घटनापूर्ण होंगे, कहीं अग्निकाण्ड

नववर्ष प्रवेश कुण्डली



से हानि, कहीं प्रधान नेता को कष्ट, वरिष्ठ व्यक्ति के निधन से कष्ट, फाल्गुन में प्राकृतिक प्रकोप से हानि हो। मकर प्रभाव राशि वाले भारत आदि देशों के लिए यह वर्ष विशेष घटनापूर्ण रहेगा।

"कर्के सुखं तु पूर्वस्यामुत्तरस्यां तु विग्रहः।
स्वाच्छासन बलं यावद् दुर्भिक्षं पश्चिमे दिशि।।"

अर्थात्–पूर्वीय प्रदेशों एवं देशों में सुख-समृद्धि रहे, उत्तरी गोलार्द्ध के देशों में अराजकता, क्रान्ति, सत्तापरिवर्तन आदि घटनाएं घटित हों, पश्चिम में कहीं दुर्भिक्ष किंवा प्राकृतिक-प्रकोप से हानि भी हो।

ग्रहस्थिति के अनुसार विश्व के विकासशील देशों के लिए विशेषतः उत्तर-पश्चिम गोलार्द्ध के देशों के लिए स्थिति विशेष संकटापन्न रहेगी।

जगत् लग्न कुण्डली की ग्रहस्थिति के आधार पर घटना चक्र

सं० २०४८ वि० में प्र० वैशाख कृष्ण अमावस रविवार (१४ अप्रैल सन् १९९१ ई०) को १० घड़ी ५ पल (१० घन्टा ३ मिन्ट) पर रेवती नक्षत्र के समय मिथुन लग्न में सूर्यदेव मेषराशि में प्रविष्ट होंगे।

वर्षेश (जगत्) लग्न कुण्डली



जगत् लग्न कुण्डली में लग्नस्थ केतु-मंगल पर यूरेनस-नेपच्यून एवं राहु की दृष्टि है, यह वर्ष विश्व में अघटित-घटनाओं को जन्म देगा। आरमेनिया, लोअर इजिप्ट, बेलजियम, यू०के०,

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अमेरिका, उत्तर-पूर्वी अफ्रीका, कनाडा, स्पेन, आस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, अरेबिया, हंगरी, स्लेवोनिया, मंगोलिया, चीन आदि में कहीं प्राकृतिक-प्रकोप से हानि एवं कहीं आन्तरिक-अशान्ति बढ़े। कहीं बाढ़, तूफान, किंवा अन्यविध प्राकृतिक प्रकोप से हानि होगी। कार्तिक-मार्गशीर्ष अधिक नेष्ट एवं घटनापूर्ण होंगे, किसी विशिष्ट व्यक्ति का पदरिक्त होगा। अग्निकाण्ड किंवा दुर्घटनाएं अधिक हों। गुरु-चन्द्र दृष्टियोग से बड़े देशों की मध्यस्थता से कुछ देशों के पुराने विवाद शान्त हों।

इस संवत् में शनि की दृष्टि– शनि मकर राशि में ही रहने से शनि की दृष्टि उत्तर की तरफ ही रहेगी। अतः उत्तरी गोलार्द्ध के देशों एवं प्रान्तों में कहीं दुर्भिक्ष, कहीं विभाजन, कहीं युद्ध ज्वाला बढ़े, कहीं राजनैतिक अशान्ति से स्थिति विषम बनेगी। चीन, पाकिस्तान आदि देशों में स्थिति बिगड़ेगी।

इस वर्ष वैशाख 'अधिकमास' होने से कहीं वर्षा की कमी रहेगी, लेकिन पुनरपि धनधान्य समृद्धि रहे, घी, तेल एवं कपास की फसल अच्छी रहेगी–

"स्वल्पवृष्टिः भवेन्मेघो धन-धान्य समाकुलम्।
घृतं तैलं च कार्पासं सुभिक्षं माधवद्वये।।"

ग्रहस्थिति के अनुसार– शनि-राहु का गुरु के साथ समसप्तक वर्षारम्भ से ही चल रहा है। विश्व के प्रमुख देशों में विशेष परिवर्तनों की आँधी आएगी, किसी देश विशेष की सत्ता के ढांचे में व्यापक परिवर्तन होंगे, जिससे विश्व की महाशक्तियों की राजनैतिक-प्रणाली में दूरगामी रूपान्तरणों की शुरूआत होगी। रूस में व्यापक जनवादीकरण के साथ-साथ राजनैतिक बहुदलीय प्रणाली का विकास होगा। कुछ प्रमुख देश जनतन्त्र की ओर बढ़ेंगे।

इस वर्ष शनि-मंगल-राहु-केतु एवं वृहस्पति की स्थिति का सर्वेक्षण करने से ज्ञात होता है कि एशिया एवं प्रशान्त क्षेत्र की प्राथमिकताएं बदल जाएंगी। परस्पर टकराव रोकना, राजनैतिक-विधि से समस्याओं का सरलीकरण, निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देना आदि घटनाओं से एशिया प्रशान्त क्षेत्र में अनुकूल परिणाम मिलेंगे।

शनि, यूरेनस-नेपच्यून, प्लूटो ये ग्रह इस वर्ष पश्चिमी जर्मनी, जर्मन जनवादी गणतन्त्र, सोवियत संघ, ब्रिटेन, अमेरिका, इजराइल, आईसलैंड, स्वीडन, नार्वे, डैनमार्क, फ्रांस, आस्ट्रिया–इन देशों की नीति के निर्धारण में विशेष प्रभावी रहेंगे।

विश्व में भयंकर बीमारियां बढ़ेंगी, एड्स आदि बीमारियों का सम्बन्ध प्लूटो, चन्द्र एवं शुक्र से है–इन ग्रहों के सर्वेक्षण से यह ज्ञात होता है कि आनेवाले वर्षों में विश्व में भयंकर असाध्य-महामारियों से जनता को भारी कष्ट उठाना पड़ेगा।

१२ अप्रैल को राहु धन राशि में आ जाता है। मिथुन राशि के केतु-मंगल पर राहु की दृष्टि है, यह योग विश्व में कहीं प्राकृतिक-प्रकोप अग्निकाण्ड किंवा दुर्घटना में जनधन हानि का संकेत देता है। १२ अप्रैल के लगभग कहीं सत्ता-परिवर्तन होने किंवा प्रतिष्ठित व्यक्ति का पदरिक्त होने का योग है।

१३ मई को मंगल केतु की अशान्तमक युति भी होगी, (अतः अग्निकाण्ड किंवा यान दुर्घटना से हानि होगी।

१५ मई को मंगल कर्क में आकर शनि के साथ सम सप्तक बनाता है, शनि-मंगल दोनों विश्व में कहीं दुर्भिक्ष एवं कहीं वर्षा का अभाव, कहीं बाढ़ से भारी संकट पैदा करेंगे।

१७ मई को शनि मकर-राशि में वक्री होकर ४ अक्टूबर तक शनि वक्री रहता है, इस अवधि में इस वर्ष की प्रमुख घटनाएँ घटित होंगी। किसी देश विशेष की सत्ता में नाटकीय परिवर्तन आएगा, सत्ता परीक्षण का वातावरण बनेगा, कुछ व्यक्तियों का सत्ता मोह भंग होगा। अनेक अन्य राजनैतिक-शक्तियों, आन्दोलनों, प्रवृत्तियों एवं संगठनों की भांति गुट निरपेक्ष देशों की गुटनिरपेक्षता भी एक कठिन दौर से गुजरेगी, विश्व के देशों में ध्रुवीकरण की भावना बढ़ेगी। १५ मई से ४ जून तक स्थिति वरिष्ठ नेता के लिए नेष्ट सिद्ध होगा, किसी नेता की मृत्यु से शोक व्याप्त होगा। अगस्त मास में पांचग्रह वक्री हैं एवं पांचग्रह अस्त हैं, अतः जुलाई अगस्त मास विशेष घटनापूर्ण होंगे। आन्दोलन, घेराव एवं अराजकता व्याप्त होगी, महंगाई चरम सीमा पर पहुँच जाएगी। लेकिन १४ अगस्त को वृहस्पति के सिंह में आने पर स्थिति में परिवर्तन होगा।

७ अक्टूबर से १९ नवम्बर तक मंगल-शनि की परस्पर दृष्टि रहने से विश्व के किसी देश विशेष का वातावरण क्षुब्ध रहेगा। आन्तरिक अशान्ति से प्रधान नेता को कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा। किन्हीं दो देशों में आपसी सम्बन्ध कटु होंगे, सीमाप्रान्तों पर सेना की हलचल से शान्तिभंग होने का वातावरण बनेगा, वृहस्पति की स्थिति वातावरण को शान्त करने में सहायक सिद्ध होगी।

१ जनवरी १९९२ ई० से ८ फरवरी तक धनुराशि में मंगल-राहु का सम्बन्ध रहेगा। उसके बाद ९ फरवरी से १८ मार्च तक शनि-मंगल का एक राशि सम्बन्ध रहने से संवत् का उत्तरार्ध अधिक कठिन परिस्थिति को जन्म देने वाला मालूम देता है। युद्धाग्नि प्रज्वलित होगी, सीमा विवाद उभरेंगे, किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति की मृत्यु किंवा अपदस्थ होने का समाचार मिलेगा। जनवरी १९९२ ई० से १८ मार्च तक यान दुर्घटना में जनधन हानि किंवा अग्निकाण्ड से हानि होगी।

यूरोप के देश

यूरोपीय देशों की ग्रहस्थिति के अनुसार कुछ यूरोपीय-देशों में ध्रुवीकरण की प्रवृत्ति बढ़ेगी। लेकिन कुछ देशों में परस्पर तनाव की स्थिति भी बनेगी। कुछ देशों की आर्थिक-स्थिति में गिरावट आएगी। क्योंकि धनेश-शुक्र राहु एवं शनि के साथ पंचमभाव है, अतः योजनाओं पर अधिक व्यय होगा।

यूरोपीय देशों की नववर्ष (१जन. १९९१ ई.) की ग्रहस्थिति



१५ मई से जून के प्रथम सप्ताह तक यूरोपीय देशों में कहीं राजनैतिक-उलझनें बढ़ेंगी। कहीं नेता को विशेष उलझनों का सामना करना पड़ेगा। यह वर्ष ब्रिटेन, अमेरिका एवं अन्य समृद्ध शक्ति सम्पन्न देशों के प्रधान नेताओं के लिए अग्निपरीक्षा का रहेगा। आन्तरिक-विशेष उलझनों का सामना करना पड़ेगा।

७ अक्टूबर से १९ नवम्बर तक कहीं राजनैतिक स्थिति उत्तरोत्तर बिगड़ेगी। जनतन्त्र का प्रभाव बढ़ेगा, कुछ राष्ट्र साम्राज्यवाद की तरफ बढ़ेंगे।

सोवियत संघ में आर्थिक सुधार एवं नियोजित-विकास की प्रक्रिया पर जोर दिया जाएगा। नए युग का सूत्रपात होगा, देश विशेष प्रगति की ओर उन्मुख होगा। परन्तु सोवियत जनतन्त्रों में, विशेषतः ट्रांसकाकेशिया में अलगाववादी एवं जातीय झगड़े भी होंगे। यूरोप में सामरिक-सन्तुलन के पक्ष में

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्रगति होगी, सत्ता एवं शस्त्रास्त्रों में कटौती पर वार्ताएं होंगी, परन्तु कुछ शक्तिशाली देश इस प्रकार के नए राजनैतिक चिन्तन को स्वीकार नहीं करते, एवं स्वार्थपूर्ण हितों से प्रेरित होकर कृत्रिम रुकावट खड़ी करेंगे। अमेरिका अपने विमानवाही बेड़ों की प्रगति एवं शस्त्रास्त्रों की वृद्धि में जोर देगा।

आगे जनवरी १९९२ से फरवरी के मध्य पश्चिम के कुछ देशों में कहीं युद्धभय वातावरण बनेगा, शनि-मंगल का सम्बन्ध कहीं स्थिति को बिगाड़ेगा।

मुस्लिम-देश

मुस्लिम-देशों की हिजरी सन् १४११ के प्रारम्भ की ग्रहस्थिति



(२४ जुला. १९९० ई.)

मुस्लिम-देशों की हिजरी सन् १४१२ के प्रारम्भ की ग्रहस्थिति



(१४ जुला. १९९१ ई.)

मुस्लिम वर्षकुण्डली में स्थित-ग्रहस्थिति के अनुसार २४ जुलाई १९९० से कर्क-धन-मकर राशि प्रधान यवन राष्ट्रों में भारी अशान्ति व्याप्त होगी। कन्याराशि वाले देश विशेषतः पाकिस्तान, टर्की, ईराक, ग्रीस, वेस्टइण्डीज, कुर्दिस्तान, बंगलादेश आदि में आन्तरिक अशान्ति बढ़ेगी, मई से अगस्त के मध्य एवं अक्तूबर से नवम्बर तक समुद्री तूफान से किंवा भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि होने का योग है। आगे जनवरी १९९२ से संवत् के अन्त तक भी यवन राष्ट्रों में भारी अघटित घटनाएं घटेंगी। कहीं युद्धभय वातावरण से अशान्ति, कहीं सेना शासन, कहीं प्रधाननेता की हत्या से नाटकीय परिवर्तन होंगे। पाक में जनतन्त्र पर आघात होगा, सिन्ध आदि में भीषण-संघर्ष की स्थिति बनेगी, जिससे प्रधान शासक आश्चर्यचकित होंगे। मुस्लिम-सम्प्रदायों में परस्पर संघर्ष की स्थिति से सत्तारूढ़ दल किंकर्तव्य विमूढ़ हो जाएगा। बेरूत, लेबनान, फिलस्तीन में जनता एवं सत्ता पक्ष में संघर्ष की स्थिति बनेगी। स्पेन, मिश्र, कुवैत, ईरान, ईराक, यूनान, टर्की में कहीं तूफान, भूकम्प, समुद्री घटना से किंवा यान दुर्घटना से भारी जनधन हानि होगी। मुस्लिम साइप्रस, सीरिया-लेबनान में अशान्ति बढ़ेगी। एक मुस्लिम राष्ट्र पड़ोसी राष्ट्र की सीमा का अतिक्रमण करेगा, सैन्यबल से अशान्ति का कारण बनेगा, परन्तु इस प्रकार की कूटनीति उसे महंगी पड़ेगी। मुस्लिम देश में कहीं सत्ता हस्तान्तरण होगा, प्रधाननेता को कठिन स्थिति का सामना करना पड़ेगा। मई से अगस्त एवं ५ अक्तूबर से १९ नवम्बर तक तथा जनवरी १९९२ से फरवरी तक की अवधि यवन राष्ट्रों के लिए [illegible] संकटपूर्ण रहेगी।

भारत एवं भारत सरकार

स्वतन्त्र भारत की जन्म कुण्डली



१४-१५ अगस्त १९४७

इष्ट घटयादि ४५।२५

स्वतन्त्र भारत का ४४वां वर्ष प्रवेश



१५ अगस्त १९९० ई०

भारत गणतन्त्र का ४२वां वर्ष प्रवेश



२६ जनवरी १९९१ ई.

उल्लिखित स्वतन्त्र भारत की ग्रहस्थिति से स्पष्ट है कि सन् १९४७ को अगस्त मध्यरात्रि वृष लग्न में स्वतन्त्र भारत का उदय हुआ है, इस समय राहु लग्नस्थ एवं केतु वृश्चिकस्थ है। लग्नेश शुक्र, सूर्य की सन्निधि में है। सभी ग्रह राहु एवं केतु के मध्य आ गए हैं, इस प्रकार 'कालसर्प योग' में भारत को स्वतन्त्रता मिली है। यह 'कालसर्पयोग' भारत के लिए अनेकों समस्याओं को विरासत में लाया है, कश्मीर, पंजाब, भाषा विवाद, प्रान्तीयता, [illegible]वाद आदि समस्याएं उत्तरोत्तर विषम होती गई हैं।

जन्मलग्न के सापेक्ष्य स्वतन्त्र भारत के ४४वें वर्ष (जो कि १५ अगस्त १९९० से १४ अगस्त १९९१ ई० तक प्रभावी रहेगा) का लग्न भी वृष ही आ रहा है। स्पष्ट है, कि जन्म लग्न एवं वर्ष लग्न दोनों एक ही आ रहे हैं, यह एक तरह से द्विजन्मा की भांति नेष्ट फलप्रद वर्ष मालूम देता है। भारतीय शासनतन्त्र के समक्ष अनेक प्रश्नचिन्ह उपस्थित होंगे। अगस्त १९९० ई० से इस ग्रहस्थिति का प्रभाव प्रत्यक्ष अनुभव करेंगे, कि अक्तूबर के अन्त एवं नवम्बर के पूर्वार्ध तक भारत में विषम-घटना चक्र चलेगा, जिसका प्रभाव वर्तमान-राजनीति एवं जनसाधारण पर भी होगा। नेतावर्ग को इस विषम परिस्थितिजन्य-चक्रव्यूह से निकल पाना सम्भव प्रतीत नहीं होता। द्विजन्मा योग जैसी वर्ष लग्न की ग्रहस्थिति से ज्ञात होता है कि घटनाचक्र की विषमता गम्भीररूप धारण कर सकती है, जिसका प्रभाव लगभग १२ अप्रैल सन् १९९१ ई० तक सामने आएगा। भारत शासन तन्त्र की विषमतम-सामाजिक-धार्मिक एवं राजनैतिक परिस्थितियों में उलझने का योग है, परिणामस्वरूप अराजकता जैसा वातावरण उपस्थित होगा, हत्याकाण्ड, परस्पर तनाव से शान्ति भंग होगी। इस समय की ग्रहस्थिति के [illegible] का परिणाम चिन्ताजनक एवं राजनैतिक अस्थिरता देने वाला होगा। [illegible] तक भारत की राजनीति किवानतृत्व में विशेष उलटफेर होने वाले प्रतीत होते हैं।

गणतन्त्र वर्ष प्रवेश कुण्डली की ग्रहस्थिति का परिशीलन करने से ज्ञात होता है, कि लगभग दिसम्बर १९९० से अप्रैल १९९१ ई० तक की ग्रहस्थिति भारत की जनता में घोर अशान्ति पैदा करने वाली है। लेकिन बृहस्पति की शनि-राहु पर दृष्टि कुछ उच्च नेताओं की बुद्धिमत्ता से समस्या का

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

समाधान कर देगी । जनता मे परस्पर विवाद एवं साम्प्रदायवाद से स्थिति बिगड़ेगी, अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए सैन्यबल का सहारा लेना पड़ेगा । गणतन्त्र कुण्डली में मुन्थेशा-सूर्य, छठे भाव में शनि-राहु के साथ होने से, कहीं किसी विशेष-विषय को लेकर सरकार एवं जनता में विवाद खड़ा होगा, जिसके परिणाम दूरगामी होंगे ।

गणतन्त्र वर्ष कुण्डली के तीसरे प्लूटो, पंचम यूरेनस-नेपच्यून-बुध एवं छठे शनि-राहु सूर्य का होना इस वर्ष गणतन्त्र के लिए कठिन परिस्थितियों वाला तो है, परन्तु गणतन्त्र अक्षुण्ण रहेगा । सत्तारूढ दल को राष्ट्रवाद की ओर ध्यान देना चाहिए अन्यथा क्षेत्रवाद एवं जातिवाद के विषय आगे चलकर गणतन्त्र के लिए प्रश्नचिन्ह बन जाएंगे । इस ग्रहस्थिति का परिपाक ई. सन् २००० के लगभग होगा ।

सं. २०४८ वि० का प्रवेश शनैश्चरी अमावस को होगा एवं इस वर्ष का राजा एवं मन्त्री (ये दोनों पदों का स्वामी) सूर्य ही है – **"स्वयं राजा स्वयं मन्त्री अग्निचौरादिजं भयम्"** । दोनों प्रमुख पदों पर एक ही ग्रह का आधिपत्य होने से यह वर्ष प्रधान नेता के लिए विशेष उलझनपूर्ण सिद्ध होगा, अपने निकट सहयोगी एवं सलाहकारों की चाटुकारिता किंवा यथार्थवाद से अलग रखने की नीति से प्रधानपद विवादग्रस्त हो सकता है । देश में अग्निकाण्ड, हत्याकाण्ड एवं घेराव, चोरी ठगी की अनैतिक घटनाएं अधिक होंगी । गुरुमान से यह **'तारण'** नामक संवत्सर है : इसका फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है –

"कथञ्चिन्निखिला लोकाः तरन्ति प्रतिपत्तनम् ।
नृपद्वन्द्वे अतीव रोगाद् भैषज्यं तारणकाब्दके ।"

रोग-शोक, किसी विशेष परिस्थितिवश किंवा युद्ध भय से जनता अशान्त क्षेत्र को छोड़कर शान्त क्षेत्र की तरफ पलायन करेगी । राजा सूर्य होने से **"चौराग्निबाधा निधनं नृपाणाम्"** फलानुसार यह वर्ष चौरभय, अग्निकाण्ड एवं किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का विछोह देने वाला है ।

इस वर्ष ग्रह परिषद् में आठ स्थान क्रूरग्रहों को प्राप्त हुए हैं, केवल दो स्थान शुभग्रहों को मिले हैं । अतः यह वर्ष ग्रहपरिषद् के अनुसार शासकों की स्वेच्छाचारिता का है, कुछ प्रान्तों में विशेष समस्या किंवा सम्प्रदाय, विशेष के उच्छृंखल व्यवहार से स्थिति नाजुक होगी, शनि की दृष्टि उत्तरी प्रान्तों पर होने से उत्तर प्रदेश एवं कुछ अन्य प्रान्त इस ग्रहस्थिति के प्रभाव में आएंगे । कश्मीर, मध्यप्रदेश, असम आदि में स्थिति बिगड़ेगी । इस समय प्रधान नेताओं को ऋतम्भरा प्रज्ञा एवं विवेक से काम लेना होगा, अन्यथा परिणाम ठीक न होंगे ।

भारत का नेतृत्व एवं सत्तारूढ़ दल का पदारूढ़ लग्न

२ दिसम्बर सन् १९८९ ई० को श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने नई दिल्ली में मध्यान्ह के समय १२ बजकर १६ मिनट पर प्रधानमन्त्री पद की शपथ ग्रहण की । उस समय की ग्रहस्थिति इस प्रकार थी –

श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जी का पदारोहण लग्न



पंचमभाव (योजना स्थान) पर शनि-पूरे नेपच्यून की दृष्टि है, पंचमभाव में गुरु से ये क्रूरग्रह दृष्ट है, अतः योजनाओं को लागू करने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा । मित्र किंवा सलाहकारों से इन्हें सावधान रहना चाहिए, क्योंकि मित्र क्षेत्र का स्वामी शुक्र, व्यवसाय में राहु के साथ एवं मंगल से दृष्ट है, अतः इन्हें चाटुकार एवं निजीजनों की मन्त्रणा किंवा अन्ततः निजी सहयोगीवर्ग से ही हानि पहुंचने का संकेत ग्रहस्थिति में मिलता है । शुक्र नवमेश होकर व्ययस्थान में होने से, कर्मेश-मंगल, अपनी राशि से व्यय स्थान में होने से इस संवत् का पूर्वार्ध भारी विषम-समस्याओं को लेकर उपस्थित होगा । इस समय सभी पार्टियों की मन्त्रणा एवं एकमात्र देशहित चिन्तन की भावना ही इन्हें यथावस्थ रहने देगी, अन्यथा स्थिति में परिवर्तन आएगा ही । १२ अप्रैल तक शनि-राहु का गोचर में एक जगह रहना इनके लिए श्रेयस्कर प्रतीत नहीं होता । आगे १७ मई से ४ अक्तूबर तक शनि का वक्रकाल भी इनके स्वास्थ्य के लिए एवं पद-गरिमा के अनुकूल नहीं । आगे सन् १९९२ के जनवरी-फरवरी तो इनके राजनैतिक जीवन के सामने प्रश्नचिन्ह लगाने वाले हैं, स्थिति उत्तरोत्तर दुर्भर प्रतीत होती है, संक्षेप से कहें तो सं. २०४८ भारत की राजनीति में विशेष उथल-पुथल वाला प्रतीत होता है; ग्रहगति के आधार पर लिखा है, सर्वज्ञ तो प्रभु ही है ।

हाँ, श्री विश्वनाथ प्रतापसिंह का शुद्ध प्रामाणिक इष्ट काल उपलब्ध नहीं है । हमें कर्क लग्न से कुण्डली उपलब्ध हुई थी, परन्तु कुछ पत्रकारों ने इनका लग्न तुला लगाया है, अतः इस बारे में अधिक प्रामाणिक कुछ लिख पाना संभव नहीं ।

संवत् के आरम्भ में २९ मार्च को मंगल मिथुन राशि में आकर शनि-राहु को देखेगा, अतः देश में महंगाई बढ़ेगी, जनता में आक्रोश बढ़ेगा, लेकिन शनि-राहु पर बृहस्पति की दृष्टि स्थिति को विशेष बिगड़ने नहीं देगी । १० अप्रैल के बाद राहु के धनराशि में आने पर राहु एवं मंगल का सम सप्तक योग बनेगा । यह योग अनेक राजनैतिक उलझनों को पैदा करेगा, कहीं राजनैतिक उथल-पुथल होगी, किसी विशिष्ट व्यक्ति का पदरिक्त होने का योग है । अग्निकाण्ड, भूकम्प, तूफान किंवा यान दुर्घटना से हानि होने का योग है । महंगाई पर कंट्रोल करने से जनमानस का विश्वास शासन पर से क्षीण होगा ।

१४ मई को सोमवती अमावस है, अमावस वाले दिन कृतिका नक्षत्र का योग भी नेष्ट फलप्रद है, इससे पहिले १३ मई को मंगल केतु की अंशात्मक युति भी होगी, अतः आगे वर्षा की कहीं विशेष कमी अनुभव होगी, दो देशों में परस्पर तनाव की स्थिति बनेगी । या किसी प्रान्तीय सरकार के पतन से राजनैतिक उलझनें पैदा हों ।

१५ मई को वृष संक्रान्ति को वृष का ही चन्द्र है, १५ मई से ५ जुलाई तक शनि-मंगल का समसप्तक होने से किसी विशिष्ट व्यक्ति को पदत्याग के लिए विवश होना पड़ेगा । सीमाप्रान्तों किंवा प्रान्तों में अशान्ति के समाचार मिलेंगे । किसी समीपस्थ-राष्ट्र में प्राकृतिक-प्रकोप से हानि हो । मं. गु. शु. का शनि के साथ पूर्ण प्रति योग भी उ. प्र., म.प्र., पंजाब, जम्मू कश्मीर एवं लंका आदि में कहीं राजनैतिक-विप्लव, कहीं आन्तरिक कलह क्लेश से घोर अशान्ति बढ़ेगी । कहीं दुर्भिक्ष के आसार दिखाई दें ।

"मन्दार सौरि-सुरराज मन्त्री यदैक राशौ समसप्तके वा ।
अयोध्य-लंकपुर-मध्यदेशे क्षुधाभयं शस्त्रभयं करोति ।"

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आगे अगस्त मे (बुध-श. श. रा. के) ये ५ ग्रह वक्री हैं, तथा अगस्त उत्तरार्ध में बुध-गुरु, शुक्र-राहु-केतु ये ५ ग्रह अस्त हैं। इस वर्ष समीपस्थ देश की अशान्ति के कारण हमारे देश में नई समस्याओं का जन्म होगा, लंका से युद्धाग्नि की लपटें तमिलनाडु पहुंचेंगी। तमिलनाडु में अलगाववाद किंवा अराजकता का वातावरण चिन्ता का कारण बनने की ग्रहस्थिति है, आतंकवाद जोर पकड़ेगा। अगस्त में चतुर्ग्रही एवं पञ्चग्रही योग का प्रभाव विश्वव्यापी राजनीति पर होगा, देश में नए राजनैतिक संकट उभरेंगे, स्थिति प्रधाननेता के लिए अधिक उलझनपूर्ण रहेगी, मन्त्री मण्डल में विशेष विस्तार किंवा रद्दोबदल करने पड़ेंगे। प्राकृतिक-प्रकोप किंवा वर्षा पानी के अनुकूल न होने से महंगाई उत्तरोत्तर बढ़ेगी। जनजीवनोपयोगी वस्तुओं को सुलभ बनाने के लिए नए कानून बनाने पड़ेंगे। भारत-सरकार देशवासियों को सुख-सुविधा प्रदान करने के लिए वचनबद्ध रहे, नए प्रयोग हों एवं नए कानून बनें।

७ अक्तूबर से १९ नवम्बर तक की समयावधि में शनि-मंगल की परस्पर दृष्टि विशेष घटनाचक्र को जन्म देगी। उत्तर-प्रदेशादि में राजनीतिज्ञों में परस्पर वैमनस्य शक्ति परीक्षण का वातावरण बनेगा। पश्चिमी प्रान्तों एवं देशों की सीमाओं पर सैन्य हलचल रहे। भारत के सीमा प्रान्तों पर स्थिति का विशेष ध्यान रखना चाहिए। देश के सीमावर्ती प्रान्तों की अशान्ति का शत्रुदेश लाभ उठाने की ताक में रहे, लेकिन कूटनीतिपूर्ण चाल का लाभ न मिलेगा। भारत में महंगाई के विरुद्ध जोरदार आवाज उठेगी, शासनतन्त्र नयी व्यापारिक नीति निर्धारित करेगा, जिससे गरीब वर्ग को राहत मिलेगी।

जनवरी से ९ फरवरी के लगभग तक राहु-मंगल एक राशिस्थ हैं, लेकिन इनपर बृहस्पति की दृष्टि होने से अधिक बुरा फल न कर सकेंगे)। वर्षा से कहीं अवरोध एवं कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति बना सकते हैं, लेकिन धुन्ध एवं अधिक हिमपात से कहीं जनधन हानि हो। प्राकृतिक-प्रकोप यान दुर्घटना एवं आगजनी आदि से भी हानि संभव है।

इस वर्ष मकर संक्रान्ति मंगलवारी होने से एवं मकर राशि में सूर्य के साथ-शनि का सम्बन्ध होने से प्रधान नेता के लिए अशुभ है। इस वर्ष आन्तरिक-विषमताएं बढ़ेंगी। उग्रवाद के अलावा बढ़ रही महंगाई से जनता में रोष फैलेगा। शासनकाल में पारस्परिक बढ़ रही विषमताओं से दृष्टिगत हो रही अस्थिरता से सरकार के प्रति जनता का मोहभंग होने से अधिक देर टाला नहीं जा सकेगा। **ग्रहों की युति प्रतियुतियों के परिणामस्वरूप जनता दल में गृहयुद्ध की सी स्थिति बनेगी, शनि-मंगल की स्थिति दृष्टि विचार से सत्तादल एवं जनता दल में बिखराव अवश्यंभावी है, परिणामस्वरूप अस्थिरता का वातावरण बनेगा। जनता दल एवं वामपंथी दलों में भी संवत् के पूर्वार्ध में ही मतभेद बढ़ेंगे। इस वर्ष दलित वर्ग का प्रतिनिधि शनि ग्रह वर्ष में तीन बार मंगल के साथ दृष्टि सम्बन्ध करेगा, अतः अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण की नीति, वोट की राजनीति एवं जनमानस में विभाजन की राजनीति से मध्यावधि चुनाव की संभावना बढ़ेगी। लेकिन राष्ट्रीय मोर्चा सरकार की नीति एवं जनता दल में असन्तुष्ट नेतृत्व इस सरकार को भारी दलदल में ले जाकर खड़ा कर देगा। पार्टी विशेष में आपसी खेमेबाजी, व्यक्तिवाद एवं राजनैतिक-महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव इस वर्ष और अधिक गंभीर हो जाएगा। संवत् के अन्त में शनि-मंगल का एकराशि सम्बन्ध–"युद्धदौ शनि-माहेयौ" इस प्रमाणानुसार देश के लिए चिन्ताकारक एवं सीमाप्रान्तों पर विशेष ध्यान रखने का है, कहीं समीपस्थ देश की आन्तरिक-अस्थिरता हमारे वातावरण को अशान्त कर सकती है, सीमाप्रान्तों पर सैन्यबल को सुदृढ़ एवं सुसन्नद्ध रखना होगा। तमिलनाडु, हि.प्र., पंजाब, कश्मीर एवं राजस्थान की तरफ हमें सतर्क रहना है। शनि-मंगल देश में एवं सीमाप्रान्तों पर अशान्ति का कारण बन सकते हैं।**

भारत का जलवायु एवं वर्षा

इस वर्ष वर्षा-पानी के स्वामी (मेघेश) शनिदेव हैं) कहीं तूफान किंवा वायुवेग से हानि हो, वर्षा की कुछ प्रान्तों में कमी अनुभव हो। इस वर्ष नवमेघों में 'पुष्कर' नामक एवं चतुर्मेघों में 'द्रोण' नामक मेघ है, अतः वर्षा पर्याप्त हो। इस वर्ष रोहिणी का वास पर्वत पर है–अतः वर्षा कुछ क्षेत्रों में बहुत कम हो, खड़ी फसल को हानि हो। इसका फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है–

"रोहिणी नाम नक्षत्रं पर्वतस्थं यदा भवेत्।
वृष्टि हानि स्तदा ज्ञेया सर्व सस्यं विनश्यति ।।"

इस वर्ष वर्षाविश्वा १७ होने से वर्षा पर्याप्त होने का संकेत मिलता है।

इस वर्ष २२ जून १९९१ ई० को १३ घटा ६ मिनट पर दिन में सूर्य आर्द्रानक्षत्र में शनिवार को प्रवेश करता है। "विधाबौ ... जलभक्षण कारकः" प्रमाणानुसार इस वर्ष कुछ प्रान्तों में वर्षा की कमी रहेगी, कुछ प्रान्त अधिक वर्षा से प्रभावित होंगे।

आर्द्रा प्रवेश कुण्डली



आर्द्राप्रवेश कुण्डली में पंचमस्थ-शनि पर मंगल-गुरु शुक्र की दृष्टि होने से वर्षा में अवरोधक ग्रहस्थिति बनती है। उत्तर-दक्षिणी प्रान्तों में कहीं प्राकृतिक-प्रकोप से हानि, व कहीं सूखग्रस्त क्षेत्र रहेंगे।

संवत् के प्रारम्भ में तापमान कुछ ऊंचा रहे। लेकिन मार्च २०, २१, २२, २५, २८ एवं अप्रैल ३, ४, ६, ७, १०, १२, १४ को भूटान, सिक्किम, बंगलादेश, पूर्वी आसाम, बंगाल आदि में वर्षा के योग हैं।

अप्रैल १५, १६, २२, २७ को राजस्थान, उ. प्र. में कहीं तूफान किंवा वायुवेग से हानि, उत्तरी भारत में तापमान बढ़ेगा। ३० अप्रैल, मई ३, ९, १०, ११, १५, १६, १७, २१, २५, ३०, जून ३, ६, से ९ तक बम्बई, गोआ, सिक्किम, भूटान, आसाम, काठमाण्डु में वर्षा पानी के योग हैं। मई, जून, जुलाई की ग्रहस्थिति के अनुसार कुछ प्रान्तों में वर्षा की कमी अनुभव होगी, कुछ प्रान्त अतिवर्षा से बाढ़ग्रस्त होंगी। लेकिन १३ से १६ एवं १९ जून को बम्बई, शिलांग, सिक्किम में वर्षा होगी। जून २९ एवं जुलाई १, २, ५, ६ को व्यापक वर्षा के योग हैं। ध्यान दें, कि–२ जुलाई से शुक्र सिंह राशि में आकर मघानक्षत्र के मंगल के साथ योग करेगा–वर्षा की कमी से किसान कुछ प्रान्तों में चिन्तित होंगे। **सिंह शुक्र जब होय भवानी चाले पवन नहिं बरसे पानी**"– अतः किसानों को भारी वर्षा की प्रतीक्षा न करके अपनी समस्या का समाधान सोच लेना चाहिए। पुनरपि १३ से १६, १९ से २२ जुलाई तक हि. प्र., पंजाब, हरियाणा आदि उत्तरी प्रान्तों में वर्षा के योग हैं। जुलाई २७, ३०, अगस्त १ से ६ एवं १३ से २२ तक उड़ीसा, बंगाल, गुजरात, सिक्किम, पंजाब, हरियाणा, हि. प्र., दिल्ली आदि में वर्षा के योग हैं।

सितम्बर में चतुर्ग्रही योग कहीं बाढ़ वर्षा से हानिकारक योगों वाला है, अक्तूबर, २, ४, ७, ११, १५, १७, १८, २४, ३० को लंका, मद्रास, आसाम एवं उत्तरी भारत में कहीं बादल चाल बूंदाबांदी एवं खण्डवृष्टि के योग हैं। तापमान काफी गिरेगा, कुछ प्रान्तों में वायुवेग से शीत का प्रभाव अनुभव होने लगेगा।

नवम्बर २, ३, ५, ६, १२, १६, २०, २१, २४, २७, ३० को कहीं बादल वर्षा, कहीं खण्डवृष्टि कहीं पर्वतशिखरों पर हिमपात के समाचार मिलेंगे, शीतलहर जोर पकड़ेगी। दिसम्बर २, ३, ६, १२,

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

१३, १४, १९, २९, ३०, ३१ को कुछ वर्षा के योग हैं, उत्तरी भारत में शीतलहर जोर पकड़ेगी । कहीं खण्डवृष्टि एवं धुन्ध का वातावरण बनेगा । हि.प्र. आदि में जोरदार हवा के साथ वर्षा एवं भारी हिमपात होगा ।

जनवरी (१९९२ ई०) में १, ५, १२, १३, १४, १८, २०, २१, २३, २४, २५, २६, को उत्तरी भारत भयंकर शीत की चपेट में रहेगा, हिमश्रृंग हिमपात से सजेंगे ।

९ फरवरी से १८ मार्च तक शनि-मंगल एकत्र होने से जलवायु कृषकों के अनुकूल मालूम नहीं देता । ऋतु में परिवर्तन किंवा ऋतु विपर्यय अनुभव होगा ।

नोट–उल्लिखित वर्षा का विचार किसी स्थान विशेष के आधार पर नहीं है, जिन जिन तारीखों में वर्षा के योग मिलते हैं, उनमें वर्षा की चर्चा की गई है । स्थानीय वर्षा की भविष्यवाणी भी सही की जा सकती है एतदर्थ काफी परिश्रम एवं समय की आवश्यकता है ।

भारत के प्रमुख कुछ प्रान्त

पंजाब–प्रभाव राशि मीन है । १४ अगस्त १९९१ तक शान्त्यर्थ सक्रिय-पग उठाए जाएंगे, सत्ता के लिए शक्ति-परीक्षण का समय उपस्थित होगा, स्थिति अभी अनुकूल होती मालूम नहीं देती । साम्प्रदायिक-सद्भाव यहां होने पर भी कुछ बाह्य तत्त्व शान्ति भंग करेंगे, किसी भी सख्त पग उठाने की बजाय शान्त्यर्थ गहन चिन्तन की आवश्यकता है, जिसके आधार पर ठोस कार्यनीति, सीमा नियन्त्रण के लिए बनानी होगी, व्यवस्था किंवा सुरक्षार्थ केन्द्र को विशेष कार्यनीति बनानी पड़ेगी । पंजाब प्रान्त के लिए १५ मई से ५ जुलाई एवं ७ अक्तूबर से १९ नवम्बर १९९१ तक तथा जनवरी १९९२ से फरवरी तक की ग्रहस्थिति विशेष घटनापूर्ण एवं अशान्तिमय वातावरण बनाने वाली है ।

हरियाणा–प्रभाव राशि मिथुन है । आठवें शनि है, कुछ समय के लिए राहु का सम्बन्ध शनि से है, अतः राजनैतिक-उलझनें बढ़ेंगी । जनता दल भाजपा की नीति में मतभेद बढ़ेगा । वर्तमान शासन पर जनमानस का अविश्वास बढ़ेगा । मोर्चे में बिखराव का परिणाम राजनैतिक अस्थिरता रहेगी । सत्ता प्राप्त्यर्थ शक्ति-परीक्षण का समय भी नाटकीय ढंग से उपस्थित होगा । प्रान्त-प्रगति में बाधा आएगी । गत वर्ष लिखा था, कि **"शनि के वक्री होने पर मई में मिथुन राशि पर शनि की दृष्टि पुनः आ जाएगी, यहाँ की सत्तारूढ़ पार्टी के लिए यह समय प्रतिकूल है, प्रान्त की प्रगत्या धायक योजनाओं में गतिरोध पैदा होगा । जनता का विश्वास सत्तारूढ़ दल पर से क्षीण होगा । यहाँ की सत्ता में कुछ परिवर्तन के आसार बनेंगे । साम्प्रदायिकता, एवं भाई भतीजावाद से जनता परेशान हो ।"**

सो, यह भविष्यवाणी शतप्रतिशत ठीक रही यह पाठक जानते ही हैं । अब भी यहाँ की राजनैतिक अस्थिरता का लाभ कांग्रेस ले जाएगी । १४ अगस्त के बाद यहाँ राजनैतिक उथल-पुथल होने के योग हैं ।

हिमाचल प्रदेश–प्रभावराशि मीन है, १५ मई से ५ जुलाई तक शनि-मंगल की स्थिति एवं ७ अक्तूबर से १९ नवम्बर तक शनि-मं. का परस्पर दृष्टि सम्बन्ध एवं जनवरी १९९२ से फरवरी तक की ग्रहस्थिति इस प्रान्त के लिए उलझनपूर्ण एवं विषम-परिस्थिति को जन्म देगी, पुनरपि सशक्त नेतृत्व स्थिति पर नियन्त्रण पा सकेगा एवं नई प्रगत्या धायक योजनाओं को सक्रियरूप दिया जाएगा । बागबानी, नए उद्योग स्थापित होंगे । आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में भी यहां प्रगति होगी । वर्तमान शासन की निष्ठा लोकतान्त्रिक नीति में न रहने से विपक्षीदल लाभ उठाने के प्रयास में रहेगा, जिसके परिणाम दूरगामी होंगे ।

उत्तर-प्रदेश–प्रभाव राशि मीन है । संवत् के आरम्भ से (किंवा संवत् के पूर्व ही) यहां साम्प्रदायिक तनाव बढ़ेगा, अशान्ति बढ़े परिणामस्वरूप शासन तन्त्र को कठोर पग उठाने पड़ें । प्रधान शासक के लिए यह वर्ष अग्निपरीक्षा का है । मन्त्रिमण्डल में विशेष परिवर्तन एवं राजनैतिक उथल-पुथल होने का योग है । अगस्त १९९१ तक यहां राजनैतिक अस्थिरता का वातावरण बनेगा । अनुशासनात्मक पग कठोर उठाने पड़ेंगे । हड़ताल, घेराव, आदि उपद्रव होंगे, पश्चिमी भाग अधिक प्रभावित होगा ।

जम्मू कश्मीर–प्रभाव राशि तुला है । मकर के शनि का प्रभाव इस प्रान्त के लिए विशेष कष्टप्रद एवं घटनापूर्ण रहेगा । ग्रहस्थिति के अनुसार शान्ति स्थापित करने के भरपूर प्रयासों के बाद भी स्थिति विषम रहे । गुरिल्ला युद्ध की सी स्थिति को विदेशी तत्त्व जन्म देंगे । यहां आतंकवाद एवं अलगाववाद को तूल देने वाले विदेशी तत्त्व स्थिति को भयावह बनाएंगे । इस सीमावर्ती प्रान्त में सैन्यबल का प्रयोग हो एवं सीमा पर पाक की कुनीति को मुंहतोड़ उत्तर देना पड़ेगा, सेना को सीमा पर सम्नद्ध रहना पड़ेगा ।

कुछ अन्य राष्ट्र

पाकिस्तान–प्रभाव राशि कन्या है । पंचमभाव में ११ अप्रैल से राहु मंगल का समसप्तक, १५ मई से ५ जुलाई तक शनि मंगल का समसप्तक यहां की शासन सत्ता में दमन की नीति को बढ़ावा देगा । यहां आन्तरिक-अशान्ति बढ़ेगी एवं सेना का शासन पर दबदबा रहेगा । आन्तरिक-अशान्ति के कारण सीमाप्रान्तों पर सेना की हलचल पैदा करेगा, परिणाम शुभ मालूम नहीं देते । आगे ७ अक्तूबर से १९ नवम्बर तक एवं जनवरी (१९९२ ई०) से फरवरी तक का समय यहां राजनैतिक अस्थिरता वाला है । पड़ौसी देश से सम्बन्ध तनावपूर्ण एवं विषम होंगे । सिन्ध-बलूचिस्तान में आन्तरिक क्रान्ति से स्थिति उलझनपूर्ण एवं अलगाबाद बढ़ेगा ।

श्रीलंका–शनि-राहु एवं मंगल की युति एवं राशि सम्बन्ध के अनुसार यहां इस वर्ष भयंकर अशान्ति का साम्राज्य समाप्त न होगा, सत्ता में परिवर्तन एवं किसी विशिष्ट व्यक्ति को पद त्याग के लिए विवश होना पड़ेगा । हत्याकाण्ड उत्तरोत्तर बढ़ेंगे । सेना प्रभावी रहेगी । जनता पलायन करे, जिससे पड़ौसी देश की स्थिति उलझनपूर्ण बने ।

रूस–प्रभावराशि कुम्भ है । यहां की राजनीति में सुधारात्मक पग उठाए जाएंगे, अमेरिका अन्य राष्ट्रों, विशेषतः भारत से सम्बन्ध सुदृढ़ होंगे । संवत् का उत्तरार्द्ध एवं प्रारम्भ के ३, ४ मास प्रधान नेता के लिए कुछ उलझनपूर्ण रहेंगे ।

अमेरिका–प्रभावराशि मिथुन है । प्रधाननेता के समक्ष संवत् के आरम्भ में कई प्रश्नचिन्ह उपस्थित होंगे । विश्वशान्ति के लिए नए आयाम बनेंगे, लेकिन विशेष प्रभाव पग न उठेंगे । निरस्त्रीकरण एवं शस्त्रीकरण द्विमुखी नीति रहेगी । यह वर्ष यहां के प्रधाननेता के लिए अग्निपरीक्षा का है ।

पाठको! अतर्क्य भविष्य देखने की क्षमता इस कलियुग में कठिन ही है । पुनरपि ज्योति-विज्ञान-दृष्ट्या एवं श्री प्रभुकृपावशात् राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय जो शुभाशुभ घटनाएं मेरी अल्प विषया मति में प्रस्फुटित हुई है । आपके समक्ष उपस्थित कर दी हैं । आगे कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुंसमर्थ, भविष्य के निर्धारक स्वयं प्रभु ही हैं, उनकी प्रबल मायाशक्ति के सम्मुख मुझ जैसे अल्पज्ञ की भविष्य लेखन में प्रवृत्ति बाल चापल ही तो है:–"तत्त्वं यात्रेश्वरो वेत्ति नाहं वेदिन कदाचन ।"

लेखपूर्ण होने की तिथि–
सं. २०४७ वि. भाद्रपद शुक्ल पक्ष त्रयोदशी चन्द्रवार,
(३ सितम्बर, सन् १९९० ई०)

निवेदक–
इन्दुशेखर,
मार्तण्ड ज्योतिष कार्यालय,
मु. पो. कुराली (रोपड़)
पंजाब

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

व्यापार विमर्श

वि० संवत् २०४७ की ग्रहचाल के आधार पर व्यापारिक-वस्तुओं में उतार-चढ़ाव का विवरण

मनुष्य का भाग्य मनुष्य के कर्मफल किंवा ग्रहचाल के मुताबिक मनुष्य की स्थित को कभी सुधारता है, कभी बिगाड़ता है। रथ के पहिए में लगे आरों की भांति मनुष्य कभी ऊपर उठता है, कभी नीचे गिरता है-"चक्रारपंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्तिः"। कहने का तात्पर्य यह है कि, जो व्यक्ति आज व्यापार में घाटा खा चुका है, वह सदा के लिये डूबा ही रहेगा—यह धारणा भ्रामक है, व्यापार में बहुत ही आश्चर्यजनक उतार चढ़ाव आते हैं, न जाने आपको शीघ्र ही उत्तम लाभ कब हो जाए? जो व्यक्ति धनाढ्य होकर सट्टे का काम विचारपूर्वक नहीं करते वे शीघ्र ही डूब सकते हैं। व्यापार तो किस्मत के सिकन्दर का ही प्रत्यक्ष साथ देता है। अतः किसी भी तरह का व्यापार करने से पहिले आप पत्राचार द्वारा या प्रत्यक्ष मिलकर ग्रहस्थिति पर विचार करा लें, विश्वास रखें ग्रहस्थिति के आधार पर किए गए व्यापार में आप हानि में न रहेंगे। आप भारी हानि से भी बच सकते हैं।

जीवन में ग्रहस्थिति के प्रभाव का अध्ययन करने से यह बात निस्सन्देह सत्य सिद्ध हो चुकी है कि, जितना लाभ आपको होना है, उतना ही होगा, अधिक नहीं—"यदस्मदीयं नहि तत्परेषाम्" अर्थात् 'जो मेरा है वह मुझे मिलेगा ही, उसे और कोई नहीं ले सकता। अतः जीवन पर ग्रहों का संकेत समझकर ही व्यापार करना बुद्धिमत्ता है।

खुलकर व्यापार करने से पहिले अप्रत्याशित हानि से बचने के लिए अपनी व्यक्तिगत ग्रहचाल को ध्यान में रखना सतर्कता है। हानिप्रद ग्रह से सम्बन्धित वस्तु का व्यापार न करें। वर्ष में जो ग्रह लाभप्रद है, उन ग्रहों के अधिकार क्षेत्र में आने वाली वस्तुओं का ही व्यापार करें। तभी लाभ ले सकेंगे।

हाजर एवं वायदा व्यापारी जो अपने व्यापारिक-जीवन से निराश हो चुके हैं, उनके लिए हम यहां विचार-विमर्श में ग्रहों का पूर्ण अध्ययन करके तेजी मन्दी का मशवरा देते हैं, व्यापारियों, निराश न हों, हमसे प्रत्यक्ष मिलें, आपकी उलझी हुई व्यापारिक समस्या का समाधान हम करेंगे।

संवत् २०४७ में गुरु, शनि, राहु, मंगल, यूरेनस, नेपच्यून और प्लूटो आदि के चार एवं युति-प्रतियुति के आधार पर यह स्पष्ट घोषणा की जाती है कि इस साल व्यापारिक जगत् में विशेष उथल-पुथल होगी। गुड़, ज्वार, मक्का, बाजरा, चना, ग्वार, खाड एवं दालदाना में भयंकर तेजी आयेगी। सरसों, तिल, घी एवं ग्वाल, कपास, बिनौला एवं चांदी, सोना आदि के भावों में भी जबरदस्त उतार-चढ़ाव आयेंगे। कहने का तात्पर्य यह है कि इस वर्ष व्यापारिक क्षेत्र में रंक से राजा एवं राजा से रंक बना देने वाले विशेष योग हैं। अतः वार्षिक ग्राहक बनकर समय-समय पर ताजा परामर्श प्राप्त करके उत्तम लाभ प्राप्त करें। इस वर्ष ग्रहचाल के खिलाफ चलने वाले व्यापारी भारी हानि में रहेंगे। जिस जगह व्यापार के लेख में हम ताजा मशवरा हासिल करने की बात लिखते हैं, वहां व्यापारी अगर करोली आकर मशवरा लें तो अच्छा रहेगा, वरना अपना पूरा पता लिखकर जवाबी बन्द लिफाफा साथ भेजें, पत्र हिन्दी में दें।—नोट कर लें।

'**व्यापार विमर्श**' में हम ग्रहचाल के मुताबिक सभी व्यापारियों को सावधान करते रहे हैं। गत वर्ष भी हजारों व्यापारी सोना, चांदी एवं अन्य जिन्सों में लाभ उठा चुके हैं। ताजा परामर्श प्राप्त करके हमारे ग्राहक व्यापारी लाखों का लाभ उठा गये हैं। **सं. २०४४ में तेलों, तिलहनों में भयंकर तेजी से व्यापारी हमारे परामर्श से करोड़पति बने हैं। हमने पृष्ठ नं. ३१ पर कालम नं. २ में १९ अगस्त के** व्यापारिक फलादेश में स्पष्ट रूप से व्यापारियों को "सरकार की व्यापारिक नीति को ध्यान में रखकर काम करने की सलाह" दी थी एवं तेल, तिलहन आदि में जबरदस्त मन्दी की घोषणा की थी, तदनुसार तिलहन एवं तेलों में एकदम भयंकर मन्दी आयी और व्यापारी हानि से बच गये। सं. २०४५ में चना के व्यापारी हमारे परामर्श से भारी लाभ उठा चुके हैं, सरसों, तेल, तिलहन में मन्दी का संकेत हम समयानुसार अपने व्यापारियों को देते रहे हैं, जिससे समयानुसार हमारे साथ यहां आकर मशवरा करने वाले व्यापारी भारी हानि से बचे हैं। सं. २०४६ में बिनौला, सरसों, चीनी एवं दालदाना आदि अनाजों के व्यापारी हमारे परामर्श से विशेष समयावधि में व्यापार करने पर उत्तम लाभ प्राप्त कर चुके हैं। हमारे बताए गए समय में उत्तम लाभ प्राप्त करने वाले व्यापारियों ने भारत के विभिन्न प्रान्तों से व्यापारिक सफलता पत्र लिखकर जो हमारा उत्साह बढ़ाया है, उसके लिए हम उनके आभारी हैं।

सं. २०४८ में ग्रहगति के अनुसार तेजी-मंदी की विशेष लाइनों का संकेत यहां देंगे, तथा सामयिक तेजी-मंदी का भी विवेचन करेंगे। फिर भी व्यापारियों से आग्रह है कि वे निम्नांकित हिदायतों को ध्यान में रखते हुए अपनी ग्रहचाल के अनुकूल होने पर ही व्यापार करने के लिये आगे बढ़ें। हमारे मशवरे के मुताबिक अगर कदाचित वायदा या हाजिर की लाइन विपरीत चले तो तुरन्त मशवरा लें या सौदा काट कर हानि से बचें—ऐसी स्थिति में हानि होने पर हम जिम्मेवार न होंगे।

वायदा-व्यापारियों के लिए हिदायतें

(१) सदैव उतने ही लाभ की आशा करके व्यापार करें, जितनी साधारणतया हानि उठाने की सामर्थ्य हो। (२) सदैव याद रखो कि वायदा व्यापार में नुकसान की लिमिट बांध कर काम करें, ज्यादा नुकसान व घबराहट से बच जाओगे, कम नुकसान में सौदा काट देना अक्लमन्दी है। (३) व्यापार करते समय ध्यान रहे कि सबसे पहले अपने मन में व्यापारिक आधार के साथ-साथ ग्रहगति के आधार पर निर्णय कर लें कि यह समय इस वस्तु में मोटी तेजी का है या मोटी मन्दी का। मन में यह धारणा बांधकर बाजार का रुख देखें। यदि व्यापार की लहर तेजी की चल रही हो तो हमारे परामर्श से तेजी का व्यापार करके लाभ उठावें। (४) यदि यह योग भी मन्दी का हो और बाजार में मन्दी के मोटे कारण भी दिखलाई देने लगें और व्यापार के वक्त भी बाजार का रुख मन्दे का हो तो ऐसी स्थिति में हर बढ़े भाव में बचाव करते रहिये। थोड़ा-थोड़ा सौदा काट कर नफा से पलटते रहिए। (५) व्यापार की लहर तेजी की है या मन्दी की यह जानने के लिए 'खास' वस्तु के भावों को देखना चाहिए। यदि उस वस्तु में हर तीसरे, चौथे, आठवें दिन मन्दी के या तेजी के नये-नये भाव आते चले जाएं, जैसे तीसरे दिन नया भाव मन्दी का आवे तो जान लो कि वस्तु में अब मन्दी की लहर चल रही है, उसे मन्दी से उछाल में बेच दें। (६) यदि मन्दी के भाव छूटते चले जायें और तेजी के भाव तीसरे या चौथे दिन नये बनते जायें तो समझ लें कि तेजी की लहर चल रही है, ऐसे समय जब ग्रहचाल से भी तेजी नजर आये तो तेजी का व्यापार करके प्रायः लाभ उठाया जा सकता है। (७) बाजार के खिलाफ कभी काम न करें। मान लो, आपने तेजी का काम किया। उधर सौदा करते ही बाजार में मन्दी की लहर चल रही हो तो किसी भी समय तेजी का उछाल आते ही सौदा खत्म कर दो, बड़े नुकसान से बच जाओगे। हमेशा ग्रहयोग को आधार

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मानकर और बाजार के रुख को ध्यान में रखते हुए अपनी पाराशरी शुभ दशा में व्यापार से अच्छा लाभ उठाया जा सकता है। इसके विरुद्ध खोटी ग्रह स्थिति वाले व्यापारियों को वायदों का व्यापार भूलकर भी नहीं करना चाहिए, क्योंकि भारी हानि हो सकती है, सट्टा तो सितारे का साथी है। अतः समयानुसार पत्र द्वारा अपनी दशा के अनुसार हमारे सुझावों द्वारा लाभ उठा सकते हैं।

संवत् २०४८ की शरत् सस्यकालीन कुण्डली के अनुसार केन्द्र का स्वामी शुक्र का सम्बन्ध मंगल-केतु के साथ है, राहु-यूरेनस-नेपच्यून की लग्नेस-शुक्र पर दृष्टि है। केन्द्र में कोई शुभ ग्रह नहीं है। अतः इस वर्ष खरीफ की फसल से किसान आशानुकूल उत्तम लाभ न प्राप्त कर सकेंगे। मूंग, मोठ, बाजरा की फसल को हानि होने से दालवाना के बाजार तेज रहेंगे। पश्चिमी प्रान्तों में शरद् ऋतु के धान्य सन्तोषप्रद न होंगे। सप्तमेश-मंगल पर क्रूर ग्रहों की दृष्टि होने से राजनैतिक-संकट उत्पन्न हो, जिसका व्यापार पर प्रभाव पड़ेगा।

ग्रीष्म सस्य जातक–ग्रीष्मकालीन धान्य कुण्डली में लग्न में क्रूर ग्रह हैं। सूर्य में दशम भाव में उच्च का बृहस्पति है, अतः जीरी, चना, गेहूं आदि की फसल अच्छी होने पर भी मंहगाई उत्तरोत्तर बढ़ेगी। सरकार की व्यापार-नीति से भी साधारण जनता प्रभावित होगी; जनता में असन्तोष बढ़ेगा। बढ़ रही महंगाई को रोकने के लिए सरकार को प्रभावी पग उठाने पड़ेंगे। अन्यथा यह वर्ष आन्दोलनपूर्ण संघर्षमय सिद्ध होगा।

इस वर्ष चार स्तम्भों के विचार से जल स्तम्भ एवं तृणस्तम्भ का अभाव है। मेषेश-शनि होने से भी वर्षा पर्याप्त न हो। पुनरपि इस वर्ष अन्न स्तम्भ ९३ प्रतिशत है। अतः अधिक जल चाहने वाले अनाजों की फसल आशा के अनुरूप न होगी। राजस्थान आदि में कहीं अकाल की स्थिति बन सकती है। **इस वर्ष सूर्य दिन के समय आर्द्रानक्षत्र में प्रवेश करेगा।** अतः–"दिवार्द्रा याति खेदभानुर्जल भक्षण कारकः"–इस प्रमाणानुसार समयानुकूल यथोचित वर्षा न होने से, एवं नानाविध **अफवाहों से वायदा व्यापारी बहुत तेजी से लाभ ले सकेंगे,** वर्ष भर समय-समय पर कुराली आकर ताजा मशवरा करते रहें।

इस साल रोहिणी का वास पर्वत पर है,–

"रोहिणी नाम नक्षत्रं पर्वतस्थं यदा भवेत् ।
वृष्टिहानिस्तदा ज्ञेया सर्व सस्य विनाशनम् ।।

स्पष्ट है, कि इस वर्ष समय पर पर्याप्त वर्षा न हो एवं खड़ी हुई फसलों को हानि भी पहुंचेगी, अतः व्यापारी विचारपूर्वक काम करें।

इस वर्ष चौमासी फसलों का स्वामी मंगल है, भारत के कुछ प्रान्तों में विशेषतः उत्तरी भू-भाग पर विशेष कारण से चौमासा के अनाजों को हानि पहुंचेगी। इस वर्ष शीतकालीन फसलों के स्वामी चन्द्र हैं अतः शीतकालीन फसलें अच्छी रहेंगी।

"चन्द्रे धान्येश्वरे धान्यं सुलभं जायतेऽखिलम् ।
द्विजगोकुल वृद्धिश्च राजानो मुदितास्तथा ।।"

चना, गेहूं, चावल, अरहर, बाजरा, मक्का आदि फसल ठीक होने पर महंगाई पर नियन्त्रण रखना सम्भव प्रतीत नहीं होता।

गतवर्ष के पंचाग में दालवाना, खाण्ड, चीनी, सरसों आदि तिलहन में जोरदार तेजी की घोषणा की थी, मेरठ, मुजफ्फर नगर, भटिण्डा, राजस्थान एवं अन्य प्रान्तों के व्यापारी हमारे परामर्श से भारी लाभ प्राप्त कर चुके हैं। बहुत से व्यापारियों ने तो लाभ होने पर हमें पुरस्कार भी भेजे हैं। अतः हमारा व्यापारियों से अनुरोध है, कि व्यापारी समय-समय पर प्रत्यक्ष मिलकर तेजी-मन्दे को मुफीद चांस प्राप्त करके लाभ लें। वायदा व्यापारियों को तो अवश्यमेव प्रत्यक्ष मिलना चाहिए, रेलवे स्टेशन मण्डी कुराली में जिला रोपड़ पंजाब में स्थित हमारे कार्यालय में आकर ताजा मशवरा हासिल करें, उत्तम लाभ के चांस इस साल आ रहे हैं।

इससे पहिले कि हम प्रत्येक मास की ग्रहस्थिति के अनुसार तेजी मन्दी का ब्योरा दें, हम इस संवत् में आने वाले मार्च १९९१ के शेष दिनों में ग्रहचाल के अनुसार तेजी मन्दी का संक्षिप्त विवरण दे देना उचित समझते हैं।

इस संवत् का प्रारम्भ रविवार (इतवार) १७ मार्च सन् १९९१ ई० को होगा। इस संवत् के राजा एवं मन्त्री दोनों पदों का स्वामी 'सूर्य' ही है। अतः अनाजों, तेलों, गुड़ खाण्ड एवं दालवाना में इस साल विशेष तेजी बनेगी। सं. २०४८ **में वैशाख मास अधिक (लौंद) है। व्यापारी गुड़ का स्टाक पहिले ही कर लें, सामान्यतः गुड़, खाण्ड, शक्कर-चीनी के व्यापारी जून से पहिले ही एक सौ रुपए की तेजी से अच्छा लाभ ले सकेंगे।**

संवत् के प्रारम्भ में बुध रेवती नक्षत्र में आता है, मीनस्थ सूर्य-बुध पर शनि की नज़र है अतः गुड़, खाण्ड, घी एवं लाल मिर्च में तेजी का प्रवाह बनेगा। (कदाचित् गुड़ मन्दा चले तो तुरन्त स्टाक करें, आगे अच्छा लाभ मिलेगा) १८ मार्च को सूर्य उ.भा. में आ रहा है, अतः रेशम, सोना, चांदी, गेहूं, चना, उड़द, चावल, ज्वार, बाजरा, घी, सरसों, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड एवं रुई में तेजी का वातावरण रहे। १९ मार्च को वक्री गुरु पुष्य नक्षत्र के दूसरे चरण में दाखल होगा, रुई आदि में अच्छी तेजी बनेगी, सरसों में टैम्परेरी मन्दे का रिएक्शन आएगा।

२१ मार्च (१९९०) को मंगल मिथुन राशि में आकर शनि-राहु को देखेगा, यहां से गुड़ खाण्ड शक्कर में जोरदार तेजी बनने लगेगी–वायदा एवं हाजर के व्यापारी उत्तम लाभ ले सकते हैं–आगे वर्षा में वर्षा की कमी अनुभव होगी। रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, अलसी, अफीम, तांबा, कुसुम्भ, मजीठ एवं लाल मिर्च में जोरदार तेजी बनेगी।

२६ मार्च को बुध मेष राशि में आकर शुक्र के साथ राशि सम्बन्ध बनाएगा। गेहूं, ज्वार, बाजरा, जौ, चना, अलसी, मूंग, मोठ में तेजी एवं चांदी में झटके के साथ मन्दा आने का योग है। इस समय वायदा व्यापारी चांदी के बाजार के रुख को देखकर काम करें, अन्यथा भारी हानि उठानी पड़ेगी।

३० मार्च को वृहस्पति के मार्गी होने पर वायदा बाजार किंवा हाजर में अचानक परिवर्तन आ सकता है,–क्योंकि गुरु पर शनि–राहु की दृष्टि है अतः चावल, अलसी, सरसों, गुड़, तम्बाकू में अच्छी तेजी, चांदी एवं रुई में अचानक मन्दा बने। पुनरपि बाजार के रुख को देखकर काम करें।

अप्रैल– ३ अप्रैल के मंगल आर्द्रा नक्षत्र में आ जाता है, आर्द्रा नक्षत्र बुध की राशि का नक्षत्र है, इस समय बुध मंगल की राशि-मेष में है, और मंगल, बुध की राशि मिथुन में है, मिथुन राशि का सम्बन्ध रुई एवं कपास-बाजारों से है, अतः रुई, सूत, कपास, अलसी, एरण्ड, गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, नमक तेज रहेंगे।

४ अप्रैल को मेष राशि का बुध वक्री हो रहा है, रुई में झटके के साथ अच्छी तेजी आएगी। गुड़, शक्कर, खाण्ड, घी में भी तेजी अवश्य बनेगी, क्योंकि बुध क्रूरग्रह मंगल की राशि में है। बुध **छोटा-सा ग्रह होने से बाजारों पर स्थायी प्रभाव नहीं होगा, टैम्परेरी तेजी-मन्दी करता है।** अतः यह **चांस दैनिक तेजी मन्दी वालों के लिए ही है।** ४ अप्रैल को ही शुक्र कृत्तिका नक्षत्र में आकर जौ, चावल, हींग, तिल, तेल, सरसों, चांदी, सोना में मन्दे के रिएक्शन करेगा।

६ अप्रैल के लगभग बुध पश्चिम में अस्त हो जाता है, वायदा व्यापार की लाईन बदल जाएगी, अनाज-घी मन्दे, रुई में घटाबढ़ी –पहले रुई तेज, बीच में मन्दी रहे, अन्त में फिर तेज, सोने में घटाबढ़ी होकर तेजी बने।

७ अप्रैल को बुध राशि का शुक्र रुई कपास, पाट, बारदाना, तिलहन, गुड़, खाण्ड और चांदी के

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

व्यापार को प्रभावित करता है । अकेला शुक्र कभी-कभी जोरदार मन्दा बनाता है । हमारे अनुभव
के आधार पर शुक्र की राशि व नक्षत्र चार का विशेष प्रभाव चांदी और सोने के बाजारों पर पड़ता
है । वृष राशि का शुक्र बाजारों में तेजी का संकेत देता है । सिल्क इतर एवं अन्य वैभव की वस्तुओं में
तेजी, सोना, चांदी में भी घटाबढ़ी के बाद तेजी, रुई, कपास में अच्छी मन्दी का वातावरण बने ।

१० अप्रैल के लगभग गुरु पुष्य नक्षत्र के तीसरे चरण में आकर रुई आदि सभी वस्तुओं में तेजी का
वातावरण बनाता है । सरसों में कुछ मन्दी बने ।

इस मास की १२ अप्रैल की तारीख व्यापारी अपनी डायरी में नोट कर लें—इस दिन राहु उ. षा.
नक्षत्र के प्रथम चरण में आकर धनुराशि में प्रवेश करेगा एवं केतु पुनर्वसु नक्षत्र के तीसरे चरण में
आकर मिथुनराशि में दाखिल होगा । इस समय मिथुन राशि में मंगल के साथ केतु का सम्बन्ध एवं
मंगल की राहु पर दृष्टि भी है; अतः इस समय बाजारों में जोरदार तेजी आएगी । धनुराशि का सम्बन्ध
गुड़, खाण्ड, सोना चांदी, रुई, सरसों, तिल, तेल, बिनौला, खल से है, अतः उपरोक्त चीजों में अच्छी
तेजी आएगी—ऐसा विचार है । व्यापारी नोट करें—यदि इन दिनों उपरोक्त चीजों में मन्दा हो, विशेषतः
रुई, सूत में मन्दा आ जाए तो तुरन्त स्टाक करने से आगे अच्छा लाभ मिलेगा । (एक आचार्य के
मतानुसार रुई में तेजी, चांदी में विशेष मन्दा बनेगा, घी, अनाज भी मन्दे होंगे, खल, सूत तेज
रहेंगे—अब व्यापारी बाजार के रुख को देख कर निर्णय करें ।) लेकिन हमारे अनुभव के अनुसार
बाजारों में अच्छी तेजी आएगी ।

१४ अप्रैल को मेष संक्रान्ति मंगलवारी है एवं मंगलवारी अमावस भी है, सूर्य मेष राशि में
उच्च माना जाता है । इस समय सूर्य का बुध एवं चन्द्रमा के साथ सम्बन्ध हो रहा है, नोट करें—कि
मेष संक्रान्ति के दिन ही सूर्य एवं बुध की अंशात्मक युति भी हो रही है, जब बुध वक्री हो कर सूर्य के
साथ युति करता है तब बाजारों में तेजी का तूफान आया करता है । सूर्य का प्रभाव वायदा एवं हाजिर
के बाजारों पर पड़ेगा । रुई, अलसी, एरण्ड, मूंगफली तेल, अनाज, सोना, चांदी शेयर हल्दी एवं काली
मिर्च के व्यापारों पर इस सूर्य का प्रभाव विशेष रूप से पड़ेगा । बुध-सूर्य का सम्बन्ध वायदा व्यापारियों
को १४ अप्रैल के लगभग विशेष तूफानी तेजी से विशेष लाभ देगा । रुई, कपास, सूत, घी, तेल, तिल,
सरसों, बिनौला, सूरजमुखी के बीज, मूंगफली आदि में विशेष तेजी से लाभ मिलेगा । गेहूं, चावल,
उड़द, मूंग, अरहर, चना, जौ, मटर आदि में यद्यपि मन्दे का योग है, फिर भी ग्रहयुति-दृष्टि से कुछ तेजी
का ही वातावरण रहेगा ।

१५ अप्रैल को वक्री बुध रेवती मीन में आकर दृहस्पति से देखा गया है अतः केसर, मजीठ, लाल
चन्दन, गेरू, लाल मिर्च आदि लाल चीजों में कुछ तेजी करेगा । गुड़, खाण्ड, तिल तेल सरसों घी चांदी में
मन्दा रहेगा । १६ अप्रैल को मंगलवारी चन्द्रदर्शन एवं रोहिणी नक्षत्रस्थ शुक्र वायदा व्यापार में तेजी
करे, चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहे । गुड़, सरसों एवं मूंगफली में भी तेजी हो । मूंग, उड़द, मोठ,
तिल, मजीठ, नमक, कुसुम्भ में भी तेजी बनेगी ।

**(१२ से १५ अप्रैल तक बाजारों में उत्तम-मध्यम रूप से तेजी ही रहेगी । विशेषतः १२ से १४
अप्रैल तक हाजर के व्यापारी तेजी से उत्तम लाभ प्राप्त करेंगे ।)**

२२ अप्रैल को बुध के पूर्व में उदित होने पर रुई, सूत, चांदी, चावल, घी, सोना तेज, हों । परन्तु
ध्यान रहे,—बुध के उदय होने पर कभी-कभी बाजारों का रुख बदल जाता है, अतः बाजार के रुख के
मुताबिक काम करें । २७ अप्रैल को सूर्य के भरणी में आने से रुई अलसी में मन्दा, सोना चांदी तांबा,
मूंगा, पीतल के बर्तन, टिन चादर, गेहूं, चना, जौ, चावल, मोठ, सरसों, गुड़ खाण्ड, घी तेज हों ।

२८ अप्रैल को शुक्र के मृगशिरा नक्षत्र में आने से गेहूं, चना, ज्वार में मन्दा एवं गुड़ खाण्ड,
शक्कर में तेजी रहेगी ।

व्यापारी नोट करें, कि जो चीजें पहले तेज हों, उनमें
२८ अप्रैल को ही बुध भी मार्गी हो रहा है । लेकिन मीन राशि के बुध पर
मन्दा एवं जो चीजें मन्दी हों उनमें तेजी का वातावरण बन सकता है । ऐसा हमारा विचार है ।
बृहस्पति की दृष्टि है, अतः यह चांस बाजारों में मन्दे का ही सिद्ध होगा—तेल अलसी, एरण्ड, गुड़,
आमतौर पर बुध के मार्गी होने पर गेहूं, जौ, चना, अनाज तेज रहते हैं । फिर भी हमारा विचार विशेष
बिनौला, मूंगफली, कपूर, चन्दन, रसकस मन्दे रहें सोना तेज रहता है । मासान्त तक बाजार अस्थिर रहेंगे ।
तेजी का नहीं है, बाजार के रुख के खिलाफ काम न करें ।

मई—३ मई को शुक्र मिथुन राशि में प्रविष्ट होगा । मिथुन राशि में शुक्र का सम्बन्ध मंगल एवं
केतु के साथ होता है, राहु की इन पर दृष्टि है—यह मासारंभ में ही तेजी का चांस बनता है । यद्यपि
मिथुन राशि का शुक्र मन्दे का सूचक है फिर भी जब यह मंगल के साथ होता है तो व्यापारियों में
खरीदने की रुचि को बढ़ावा देता है, रुई एवं सूत की लिवाली ज्यादा होती है फोरेन एक्सपोर्ट की
घोषणा का वातावरण बनता है, जिससे रुई बाजार में तेजी आया करती है, कच्ची रुई हाजर बाजारों
पर पंजाब, बंगाल आदि पर भी इसका प्रभाव संभव है । क्योंकि मंगल भूमि का पुत्र है, मंगल का
जलवायु से विशेष सम्बन्ध है, आगे जलवायु की स्थिति अनुकूल न होने से तेलवाना, रुई, कपास,
सोना, चांदी, शेयर बाजार एवं जूट बाजार पर खास तेजी का प्रभाव देता है—फिर भी अगर बाजार
मन्दे में रहें, तो तेजी का काम न करें । इस समय प्रत्यक्ष मिलने से विशेष लाभ होगा ।

९ मई को आर्द्रा नक्षत्र का शुक्र गेहूं आदि अनाजों के भावों में अचानक मन्दे का वातावरण
बनाएगा । १० मई को बुध ग्रह अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में प्रविष्ट होगा । मेषराशि में बुध का
उच्च-सूर्य के साथ सम्बन्ध होगा । जब सूर्य के साथ बुध का सम्बन्ध होता है तो बुध का स्वभाव क्रूर
हो जाता है । तिलहन एवं तलवाना बाजारों पर इसका प्रभाव विशेष होगा । तिल, तेल, सरसों, रुई,
कपास, घी, गुड़, खाण्ड, गेहूं, चना, जौ, मूंग, मोठ एवं सोना, चांदी के बाजारों में तेजी का वातावरण
रहेगा । व्यापारी नोट करें, कि तिलहन, रसकस, रुई कपास में यद्यपि मन्दा करता है, परन्तु यहां
सूर्य के सम्पर्क में होने से मन्दे की जगह भाव में हमें तेजी ही मालूम देती है ।

११ मई को कृत्तिका नक्षत्र का सूर्य घी, रुई, सोना, चांदी, अलसी, एरण्ड, गेहूं, जौ, चना, मूंग,
मोठ, चावल, रुई एवं सरसों में तेजी करेगा ।

१३ मई को मंगल एवं केतु की अंशात्मक-युति होगी, मंगल गृह का सम्बन्ध तेलवाना रुई
कपास, जूट पाट, बारदाना, गुड़, खाण्ड, चांदी, सोना तथा शेयर बाजारों से है । इन चीजों में जोरदार
तेजी बनेगी;—विशेष सावधान रहें । केतु-मं. के साथ शुक्र का सम्बन्ध होने से सोना, चांदी में भी इस
समय अच्छी तेजी बनेगी ।

**(३ मई से १४ मई तक , गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी में, सरसों बिनौला, मूंगफली, एवं खाद्य
तेलों में, खल, बिनौला, सोना चांदी, तालवाना में उत्तम लाभप्रद चांस बनेगा, यह चांस उत्तम-मध्यम
रूप से तेजी प्रधान रहेगा ।)**

१५ मई को बुधवारी वृष संक्रान्ति है, इसी दिन मंगल भी कर्क राशि में आ रहा है । **ध्यान दें, कि
इस समय नीच मंगल का स्वराशिस्थ शनि के साथ पूर्ण दृष्टि सम्बन्ध हो रहा है, लेकिन मंगल का
राशि सम्बन्ध बृहस्पति के साथ है, लेकिन गुरु पर भी शनि की दृष्टि है;** अतः चांदी, सोना, गुड़,
खाण्ड, शक्कर, चीनी, कपास, रुई, सूत, बादाम, सुपारी, नारियल, तिल-तेल, सरसों में अच्छी तेजी
बनेगी । विशेषतः गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी एवं लाल मिर्च में अच्छी तेजी का मौका है । जौ, चना,
गेहूं, मटर, अरहर, मूंग, चावल में कुछ मन्दा आकर तेजी आए । 15 मई को रोहिणी नक्षत्र में
चन्द्रदर्शन होने से मादक द्रव्य अफीम आदि में भी तेजी आएगी । अन्य बाजारों में भी तेजी रहेगी ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

१७ मई को शनि-वक्री हो रहा है। शनि ग्रह का प्रभाव कच्ची चीजों की फसल पर तथा उनकी
पैदावार पर पड़ता है। मूंगफली, अलसी, रुई, कपास, बिनौला, एरण्ड, खाद्य तेल, बीज, सरसों,
आदि की पैदावार पर अनुभव किया गया है, आशा से कम पैदावार हो, खड़ी फसल को हानि हो, अतः
बाजारों में तेजी का रुख बन जाता है। **सिक्का, कली, पीतल, सोना, चांदी, गेहूँ, ज्वार, बाजरा,**
चावल, घी, तेल, अलसी सरसों, तम्बाकू, सीमेंट, बिनौला, मूंगफली, रुई, कपास, अन्य खाद्य तेलों के
बीज एवं खाद्य तेल, घी में इस समय तेजी आएगी, इस समय गुड़, खाण्ड, शक्कर भी तेज रहेंगे।
[यह एक दिन का चान वायदा व्यापारियों के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा।] इस मास में यहां तक तेजी में
कमी ले आने बाजार डगमगा जाएंगे। १९ मई को रुई आदि सभी धातुओं में (गुरु के पुण्य के चतुर्थ
चरण में आने से) तेजी का वातावरण बनेगा, इस दिन सरसों में कुछ मन्दा आ सकता है।

नोट करें—१९ मई को मंगल-गुरु दोनों पुष्य नक्षत्र में आ रहे हैं, अतः इस समय सोना, चांदी के बाजारों
में जोरदार तेजी-मन्दी के रिएक्शन आएंगे। वायदा व्यापारी सावधानी से काम करें। इस समय
धातुओं में (विशेषतः सोने में) काफी तेजी बनेगी; चांदी में घटाबढ़ी के रिएक्शन आएंगे।

२१ मई को शुक्र पुनर्वसु में आकर धान्य-बिनौला में तेजी, सोना, चांदी, रुई, कपास, सूत में कुछ
मन्दे का वातावरण बनाएगा। २२ मई को भरणी नक्षत्र का बुध चावल आदि अनाजों में एक सप्ताह में
अच्छी तेजी का कारण बनेगा। २५ मई को सूर्य रोहिणी नक्षत्र में आता है, तिल, तेल, एरण्ड, अलसी,
सरसों, गुड़, खाण्ड, घी, गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, ऊन, सूत, वस्त्र, सण, सुपारी एवं मिर्च में तेजी
एवं चांदी में मन्दा बनेगा। शुद्ध वैशाख की पूर्णिमा भी मंगलवारी होने से बाजारों में अक्सर तेजी का
वातावरण रहे।

२८ मई को शुक्र-केतु की अंशात्मक युति का प्रभाव व्यापार पर तुरन्त अनुभव होगा। सरकार
कुछ चीजों के निर्यात की घोषणा या आयात की घोषणा करेगी। पैदावार अच्छी होने की अफवाहों से
व्यापारी मन्दे का विचार बनाएंगे। हमारे विचार से १८ मई के बाद तेजी में रहना खतरे से खाली
नहीं। हां, २८ मई को चांदी, रुई, कपास, चावल में तेजी से लाभ ले सकते हैं।

३० मई को शुक्र कर्क राशि में आकर मंगल-गुरु के साथ राशि सम्बन्ध बना रहा है, इस प्रकार
गु. मं. शु. पर शनि की नजर है, इसी दिन बुध कृत्तिका नक्षत्र में आ जाता है। यह योग बाजारों में
अनिश्चितता का वातावरण पैदा करेगा, व्यापारी अपनी लाईन निश्चित नहीं कर पाएंगे— अतः
समय से पहिले ही प्रत्यक्ष मिलकर ताजा मशवरा हासिल करें; अच्छा लाभ ले सकेंगे। क्योंकि गुरु में
शनि-मं. के द्वारा होने वाली तेजी को रोकने की क्षमता है। अतः बाजारों में जबरदस्त घटाबढ़ी का
दौर चलेगा—बहुत सावधानी की जरूरत है। रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी, चांदी के व्यापारी
बहुत सावधानी से कार्य करें तो ठीक रहेगा। इस समय भारत सरकार के ऐलान व व्यापारिक नीति को
ध्यान में रखना भी परमावश्यक है।

हमारे विचार से इस समय रुई में पहले अच्छी मन्दी, बाद में तेजी आए। अलसी, एरण्ड, घी,
तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी रहे, चांदी, गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर में मन्दे का वातावरण रहे।
चांदी में विशेष घटाबढ़ी आकर मन्दा हो।

जून—मासारम्भ में ही बुध वृषराशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। **बुध जब भी सूर्य के साथ**
राशि-सम्बन्ध बनाता है तो यह क्रूर बन जाता है, और इसमें तेजी की ताकत बढ़ जाती है—ऐसा गत
वर्षों में अनुभव किया गया है। यद्यपि वृषराशि का बुध मन्दा करने वाला माना है, फिर भी मन्दा न
आकर कुछ तेजी का ही वातावरण बनाएगा। बुध का स्वभाव सच्ची झूठी चर्चा से बाजारों में तेजी
मन्दी करना है, अतः बाजार के व्यापारी बड़ी सूझबूझ से काम करें, वायदा व्यापारी बाजारी चर्चा के
अनुसार काम करके लाभ ले सकेंगे। हमारे विचार से बाजार अस्थिर रहेंगे; सभी बाजारों में घटाबढ़ी
चलेगी। गेहूं, जौ, चना, चावल, मटर, कपास, सूत, तिल, तेल, आदि में अस्थायी तेजी आएगी। रुई में
मन्दा होकर पीछे तेजी आए।

३ जून को शुक्र पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करेगा। **ध्यान देने योग्य बात यह है कि इस समय शुक्र-गुरु**
एवं मंगल ये तीनों ग्रह कर्क राशि में एकत्र हैं, और ये तीनों ग्रह इस समय पुष्य नक्षत्र में ही हैं। यहां
मंगल नीच है और इन सब पर शनि की दृष्टि है। अतः चांदी व रुई में घटाबढ़ी के साथ तेजी, इस
समय सोना में झटके के साथ अच्छी तेजी आएगी, वायदा व्यापारी लाभ लें। सूत, सण, रेशम, ऊन व
अनाजों में भी तेजी का वातावरण बनेगा। सरसों आदि तेलबीया के व्यापारी बाजार के रुख को देखकर
काम करें, अन्यथा हानि होगी, हमारा विचार इन दिनों सरसों आदि में कुछ मन्दे का ही है।

६ जून को बुध पूर्व में अस्त हो जाएगा। वायदा व्यापार की लाईन बदलेगी। अनाज, घी आदि
मन्दे होंगे। रुई में घटबढ़ी चलेगी—पहले तेजी, बीच में मन्दा अन्त में फिर तेज रहेगी। सोना में
घटाबढ़ी के बाद फिर तेजी आए।

७ जून को रोहिणी नक्षत्र का बुध रुई, कपास, सूत, सोना, चांदी, तिल, तेल, सरसों, चावल, गुड़,
खाण्ड तेज करें, रेशमी वस्त्र मन्दे होंगे।

८ जून को सूर्य मृगशिर में आकर रुई, सूत, रेशम, सण, कपूर, कस्तूरी, चन्दन, सोना, चांदी,
उड़द, मूंग, मोठ, चना, बाजरा, अलसी आदि में तेजी करेगा। ९ जून को आश्लेषा नक्षत्र का गुरु घी में
तेजी करके प्रत्येक व्यापारिक वस्तुओं में तेज का ही वातावरण बनता है।

१३ जून को बुध मृगशिर में एवं मंगल आश्लेषा में आता है, साथ ही गुरुवार को आर्द्रा में
चन्द्रदर्शन होगा। इस दिन बाजार अस्थिर रहेंगे। रुई-चांदी में घटाबढ़ी रहे, गुड़, तिल, सरसों, उड़द,
मन्दे होकर तेज हों।

१४ जून से बाजारों में विशेष तेजी की लाईन बनने का योग है। १४ जून को गुरु-मंगल की
अंशात्मक युति होगी। गुरु-मंगल जब एकत्र होते हैं तो अफवाहों से तेजी, या मन्दे के झटके बजारों में
आते हैं। अतः इस समय बाजार के खिलाफ काम करने वाले व्यापारी हानि में रहेंगे। इस अंशात्मक
युति का प्रभाव कहीं अधिक वर्षा से फसलों को नुकसान, कहीं वर्षा की कमी से हानि के रूप में होगा।
जिससे व्यापार पर असर पड़ेगा। इस समय प्रत्यक्ष मिलकर ताजा परामर्श प्राप्त करें।

१४ जून को राहु केतु की गति के अनुसार कपास, जीरा, सरसों, जौ, ज्वार में तेजी से लाभ रहे।
१५ जून को मिथुन राशि में सूर्य के आने पर गेहूं, चना, जौ, रुई, गुड़, खाण्ड, सरसों, तिल-घी में तेजी
आएगी। मिथुन संक्रान्ति शनिवार को है, सूर्य मिथुन राशि में आकर केतु के साथ सम्बन्ध बना रहा
है। अतः यह योग सुनिश्चित रूप से तेजी का है, पुनरपि बाजार के रुख को देखकर व्यापार बढ़ाने का
परामर्श है। पाट, बारदाना, रेशम, सूत, कपास, रुई, लोहा, तेल, तिलहन, उड़द, चावल आदि प्रत्येक
जाति के अनाज में तेजी आएगी। सोना, चांदी में भी तेजी बनेगी।

१६ जून को बुध मिथुन राशि में आकर एवं शुक्र आश्लेषा में आकर रुई, सोना, चांदी में मन्दे की
उम्मीद होने पर भी तेजी बनाएगा, क्योंकि इसका सम्बन्ध सूर्य एवं केतु के साथ है। इस समय सरसों
तारामीरा में भी तेजी रहेगी।

१७ जून को सूर्य-बुध की अंशात्मक युति होगी, इस युति का प्रभाव भी रुई, कपास, तेल,
तेलवाना, पाट, बारदाना, हल्दी के बाजारों पर होगा। अफवाहों से तेजी के अच्छे रिएक्शन आएंगे।
इस युति का सर्वाधिक प्रभाव तिलहन बाजारों पर होगा—व्यापारी सावधानी से काम करें।
१९ जून को गुरु-शुक्र की अंशात्मक युति होगी एवं इसी दिन बुध आर्द्रा नक्षत्र में दाखिल होगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

रुई, सूत, कपास (अलसी, एरण्ड, गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, सोना, चाँदी, के बाजारों में अच्छा उछाला
आएगा। (१८ से १९ जून तक तेजी से लाभ मिलेगा।)
२२ जून को दिन के समय सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा;—"विचार्य्यो रवि केतु भानु बल भक्षण
कारक"। इसलिए कहीं वर्षा की कमी से फसलों के बारे में बनावटी अफवाहों का प्रभाव व्यापार पर
अवश्य होगा। सूर्य-बुध केतु एक साथ हैं अतः रुई, सूत, कपास, तेल, अलसी, एरण्ड, सोनी, गेहूं,
चावल, चना, जौ एवं चाँदी में तेजी आए।
२३ जून को मंगल एवं शुक्र की अंशात्मक-युति होगी, मं. श. पर शनि की दृष्टि है अतः गुड़,
शक्कर, खाण्ड, चीनी, चना, गेहूं, जौ, चावल, सोना, चाँदी में झटके के साथ तेजी आएगी, यह चाल
वायदा व्यापारियों को अच्छा लाभ देगा। शुक्र-मंगल का सम्बन्ध बृहस्पति के साथ भी है अतः इस
समय वायदा बाजार जब भी तेज हो तुरन्त लाभ ले लें, तेजी अधिक ठहरेगी नहीं।
२५ जून को बुध पुनर्वसु में आकर रुई, चाँदी, कपास, सूत सूत, में काफी मन्दा आ सकता
है—विचारपूर्वक काम करें।
२८ जून को बुध एवं केतु का अंश साम्य एवं २९ जून को बुध का पश्चिम में उदय रुई एवं शेयर
बाजारों में मन्दा बनाएगा। बाजारों का रुख अचानक बदल सकता है, अतः सावधानी से काम करें।
३० जून को बुध कर्क में राहु-मंगल के साथ मेल करेगा। बुध-राहु मंगल पर शनि की दृष्टि है
अतः रुई में झटके के साथ मन्दा आकर तेजी बनेगी, चाँदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी आएगी। रसादि
पदार्थ गुड़, दूध, तेल, मूंगफली, सरसों, सोना में पहले कुछ तेजी आकर बाद में मन्दा आए।
जुलाई—बुध कर्क में आ गया है, मंगल, राहु, शुक्र का बुध के साथ सम्बन्ध है, व शनि से देखे जा
रहे हैं, स्पष्ट है कि यह मास बाजारों में तेजी और मन्दे के निवेशन से शुरू होता है। जब बुध का शुक्र
के साथ मेल होता है तो तूफानी तेजी या मन्दी आया करती है—अतः मास के प्रारम्भ में टपूरी तेजी से
वायदा व्यापारी तो लाभ ले सकते हैं, परन्तु हाजर के व्यापारी बाजार के रुख को देखकर काम करें।
२ जुलाई को शुक्र सिंह राशि एवं मघानक्षत्र में प्रवेश करेगा। अकेला शुक्र अनेकधा
जबरदस्त मन्दा बनाता है, 'फसल की पैदावार अच्छी है'—आदि अफवाहों से बाजार टूटते जाते हैं,
इस समय बाजार के रुख के अनुसार काम करें तो लाभ मिलेगा। शुक्र विशेषकर गुड़, खाण्ड, चाँदी,
रुई, कपास, पाट, बारदाना, तिलहन, चाँदी आदि में अच्छी घटाबढ़ी करता है, अतः सावधानी से
व्यापार बढ़ायें। चाँदी, रुई में मन्दे के अच्छे निवेशन आएंगे। जौ, चना, गेहूं, लाल मिर्च, घी, रसादि
पदार्थ तेज होंगे।
(मासारम्भ से ४ जुलाई तक बाजार अनिश्चित रहेंगे, मन्दे में खरीदें, तेजी में बेच दें—यही
सिद्धान्त लाभप्रद रहेगा।)
५ जुलाई को मंगल मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में प्रवेश करेगा, सिंह राशि में शुक्र पहिले ही आ
चुका है, एक बात अनुभव में आई है, कि जब जब शुक्र ने मंगल के साथ मेल किया है तभी सोना, चाँदी,
रुई, कपास में तेजी का बोलबाला रहा है; लोगों में खरीद शक्ति (खरीदने की मनोवृत्ति) बढ़ती है। ऐसे
समय सरकारी एलान या निर्यात नीति की पॉलिसी को भी ध्यान में रखना चाहिए। इस समय हमारे
विचार से सोना, चाँदी, तांबा, लोहा, मशीनरी, गुड़, शक्कर, खाण्ड, गेहूं, अलसी, लाल मिर्च, मूंग,
मोठ, उड़द, तिल, तेल, सरसों, मूंगफली, राई एवं अनाज तेज होंगे। **व्यापारी नोट करें, कि—मघा**
नक्षत्र का मंगल वर्षा में रुकावट पैदा करता है, अतः अफवाहों से प्रत्येक बाजार तेज रहे, ऐसा विचार
है।
६ जुलाई को सूर्य पुनर्वसु में आकर रुई, सोना, चाँदी, गुड़, खाण्ड, कपास, बिनौला, एरण्ड,
अलसी, सरसों, तिल, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, चावल, केसर, मजीठ, नील, सोंठ, गुग्गल, आदि

सुगन्धित पदार्थ एवं किराना में तेजी आती है। १७ जुलाई को आश्लेषा नक्षत्र का बुध, तेल, तिलहन, गुड़,
खाण्ड, मूंग, मूंगफली, में तेजी आती है।
१३ जुलाई को सूर्य और केतु की परस्पर अंशयुति हो रही है; अतः यह वायदा व्यापारियों के
लिए एवं हाजर व्यापारियों के लिए अच्छा लाभ का चांस है; गेहूं, चना, चावल, उड़द, मूंग, मोठ, एवं
अन्य दालवाना में अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा। १३ जुलाई को चन्द्रदर्शन भी शनिवार को है, यह भी
तेजी का ही सूचक है। १८ जुलाई को आश्लेषा के तीसरे चरण का गुरु घी-तेल में तेजी तथा अन्य
व्यापारिक-वस्तुओं में भी तेजी का ही वातावरण बनाता है।
१६ जुलाई को मंगलवारी कर्क संक्रान्ति होगी। कर्कस्थ सूर्य के साथ बुध एवं उच्च बृहस्पति
का भी मेल है, इन पर शनि की दृष्टि होने पर भी बाजारों में आशा के मुताबिक तेजी आने की
सम्भावना नहीं है। चाँदी, सोना, सूत, रुई, ऊनी वस्त्र तेज होंगे। गुड़, खाण्ड, शक्कर आदि रस पदार्थों
में मन्दा बनेगा। बाजार का रुख देखकर काम करें।
२३ जुलाई को वक्री शनि उ. षा. ४ में आ जाएगा; अनाज, रुई, कपास, लोहा, चन्दन, मजीठ,
छुहारा तेज होंगे, संग्रहकर्त्ताओं को ६ मास के भीतर दुगुना लाभ होने की सम्भावना है, परन्तु बाजार की
चाल देख एवं साथी व्यापारियों का मशवरा काम करने से पहले अवश्य लें।
२६ जुलाई को मंगल एवं शुक्र की अंशात्मक युति होगी; साथ ही २७ जुलाई को मंगल पू. फा.
नक्षत्र में आ रहा है। जब शुक्र नीच मंगल के साथ युति एवं राशि-सम्बन्ध बनाता है तो बाजारों में
तूफानी तेजी आती है, तिल-सरसों, मूंगफली, बिनौला, सोयाबीन, एरण्ड, सूरजमुखी आदि में तथा सभी
खाद्य तेलों में तेजी से लाभ मिलता है। साथ ही रुई, कपास, जूट, चाँदी, सोना, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर
में भी अच्छी तेजी आएगी। शेयर बाजार भी ऊंचे उठेंगे—ऐसा योग है। **यहां एक बात और ध्यान देने**
लायक है, जिसका सीधा असर बाजारों पर पड़ेगा। सिंह का मंगल बरसात की कुछ भागों में कमी
होने की खबरों से बाजारों में तेजी के झटके भी आने लग जाते हैं, यदि ऐसा बाजार नजर आए तो तेजी
का ही काम करें— एवं ताजा मशवरा प्राप्त करना चाहिए।
३० जुलाई को आश्लेषा के चतुर्थ चरण में बृहस्पति के आने पर घी एवं तेल में तेजी एवं अन्य
सभी व्यापारिक-वस्तुओं में तेजी का ही वातावरण बनता है।
अगस्त—मासारम्भ में ही १ अगस्त को शुक्र वक्री हो रहा है, इस प्रकार इस मास में शुक्र-शनि,
राहु-केतु ये चार ग्रह वक्री हैं। शुक्र सिंह राशि में बुध-मंगल के साथ है। यह मास विशेष तेजी मन्दी
वाला रहेगा, उत्तम लाभ के चांस इस मास में आ रहे हैं; आप इस मास में प्रत्यक्ष मिलकर विशेष लाभ
उठा सकते हैं। हाँ, शुक्र के वक्री होने पर बाजारों में उत्तम घटाबढ़ी आया करती है, अतः बाजार की
चाल को देखें, बाजार जिस दिशा में चले उसी तरफ व्यापार बढ़ा दें। क्योंकि शुक्र का प्रभाव गुड़,
खाण्ड, रुई, कपास, तिलहन, चाँदी पर विशेष रूप से देखा जाता है, अतः हमारे विचार से घी, गुड़,
खाण्ड, शक्कर, रुई, सरसों, बिनौला, मूंगफली, चावल, गेहूं, जौ, चना, एवं चाँदी में जोरदार तेजी
बनेगी, तेजी मन्दी का काम करने वाले इस मास में लाभ ले सकते हैं।
३ अगस्त को आश्लेषा नक्षत्र का सूर्य गेहूं, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तेल, सरसों,
एरण्ड, अलसी, सोना, चाँदी, रुई, मिर्च, मजीठ में तेजी करेगा। **(१ से ३ अगस्त तक बाजार तेजी में**
रहेंगे; लाभ लें।)
४ अगस्त को शुक्र वक्री होकर फिर से मघा नक्षत्र में आ जाता है।—गेहूं आदि अनाजों एवं
दालवाना के भाव में कुछ गिरावट आएगी।
५ अगस्त को गुरु अस्त हो जाएगा। बाजारों का रुख अचानक बदल सकता है अतः विचारपूर्वक
काम करें। रुई व शेयरों में तेजी एवं सोना, चाँदी अनाजों में मन्दा आ सकता है। ७ अगस्त को बुध भी

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वक्री होकर घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी एवं गेहूँ, जौ, चना अनाजों में मन्दा करेगा । इस मास में **बुध के वक्री होने पर ५ ग्रह वक्री हो गए हैं । अतः बाजारों में तेजी का अच्छा उछाल आ सकता है ।**
१० अगस्त को शनिवारी अमावस होने से भी बाजारों में तेजी भड़केगी, ऐसा विचार है ।

११ अगस्त को मघा नक्षत्र में चन्द्रदर्शन हो रहा है । मादक द्रव्य तेज होंगे, गुड़, तेल, सोना, चांदी में कुछ मन्दा रहेगा ।

१४ अगस्त को गुरु मघा सिंह में आकर शुक्र-बुध-मंगल के साथ मेल करेगा । सिंह का गुरु भयंकर तेजी को रोकता है, इस समय बुध शुक्र शनि वक्री हैं । यद्यपि ग्रहस्थिति तेजीकारक है, फिर भी जलवायु के अनुकूल होने से वृहस्पति सुभिक्षकारक है, फसल अच्छी करता है । (कर्क के गुरु में जिन वस्तुओं में तेजी का बोलबाला रहा हो, उन चीजों में सिंह के गुरु में मन्दे का वातावरण रहता है– यह अनुभव में आया है । नोट करें–कुछ स्थानों पर वर्षा से भयंकर बर्बादी होगी । सिंहस्थ गुरु में गेहूं, चना, जीरी, मूंग, मोठ, जौ, ज्वार, बाजरा की फसल उत्तम होगी । लेकिन सुभिक्ष होने पर भी गेहूं, घी, जौ तेज रहें, फसल अच्छी होने पर भी मंहगाई में कोई खास गिरावट नहीं आएगी–यह योग सं. २०२४ में आया था । हमारे विचार से अलसी, गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी, लोहा में मन्दा आएगा, बाजारों में अच्छी घटाबढ़ी चलेगी.। इस समय प्रत्यक्ष मिलना चाहिए, ताजा मशवरा हासिल करना आवश्यक है । १४ अगस्त को बुध भी पश्चिम में अस्त हो रहा है । रुई में जल्दी ही अच्छा मन्दा बनेगा, चांदी तेज, पाट हैसियन शेयर भी मन्दे हों । १६ अगस्त को पू. षा. के तीसरे चरण में राहु पुनर्वसु के प्रथम चरण में केतु आने पर कपास, जीरा, सरसों, जौ, ज्वार की तेजी से दक्षिणी भारत में व्यापारी उत्तम लाभ लेंगे–सावधानी से काम करें ।

१७ अगस्त को सूर्य मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में आ जाता है, सिंह संक्रांति शनिवार (क्रूरवार) को है; रुई, चांदी, मूंग, ज्वार, बाजरा, सरसों, तिल, एरण्ड, दाख, मिर्च में तेजी बनेगी । नोट करें–कि, इस समय सूर्य-शुक्र-गुरु-बुध-मंगल ये सभी सिंह राशि में ही हैं, इस समय ५ ग्रह वक्री हैं, ६ ग्रह अस्त हैं, अतः भयंकर तूफानी तेजी-किंवा तूफानी मन्दा आने का योग है–बहुत ही सावधानी से बाजार के रुख को देखकर काम शुरू करें –हमारे विचार से इस समय सरकार व्यापार में हस्तक्षेप करेगी, सरकारी घोषणा का प्रभाव व्यापार पर पड़ेगा । **(ग्रह स्थिति के अनुसार १४ अगस्त से १७ अगस्त तक जबरदस्त तेजी एवं मन्दे के रिएक्शन आएंगे–वायदा व्यापारी सूझबूझ से काम करें तो उत्तम लाभ होगा ।)** हमारे विचार से रुई, मूंग, ज्वार, बाजरा, सरसों, तिल, एरण्ड, दाख, मिर्च, चांदी, सोना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल-तेल, एरण्ड, लाल मिर्च में तूफानी तेजी आएगी शेयर कुछ मन्दे रहें ।

१८ अगस्त को **सूर्य-गुरु एवं २१ अगस्त को सूर्य-बुध की अंशात्मक-युति** का प्रभाव खाद्य तेल, सरसों, बिनौला, एरण्ड, मूंगफली, तिल, अलसी आदि एवं तेलों में जोरदार तेजी के रूप में होगा ।

२२ अगस्त को मंगल कन्या राशि में आकर रुई एवं चांदी में झटके के साथ जोरदार तेजी बनाएगा, सोना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी, गेहूं, बाजरा, मूंग, मोठ, मक्का एवं ऊनी-सूती वस्त्रों में बड़ी अच्छी तेजी बनेगी–लाभ लें । ध्यान दें कि २२ अगस्त को सूर्य-शुक्र की अंशात्मक युति का प्रभाव जोरदार तेजी को बल देगा ।

२६ अगस्त को बुध वक्री हालत में फिर से कर्कराशि में आ जाता है; तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूंग, मोठ, मूंगफली, खल-बिनौला आदि में तेजी आती है । **नोट करें,** कि–इस समय रुई में झटके के साथ मन्दा, चांदी में तेजी बनेगी ।

२८ अगस्त को बुध-गुरु की अंशात्मक युति होगी, इसका प्रभाव कुछ तेजी के बाद मन्दा आ सकता है ।

(१८ अगस्त से २६ अगस्त तक बाजारों में अच्छी तेजी का योग है, स्टाक को २६ अगस्त से पहिले ही निकाल देना चाहिए, अन्यथा हानि में रहेंगे ।)

३० अगस्त को शुक्र एवं बुध पूर्व में उदित होंगे । शुक्र का उदय आश्लेषा नक्षत्र (अर्थात् राक्षस गण) में हो रहा है । क्योंकि शुक्र-बुध दोनों एक साथ उदय हो रहे हैं, अतः रुई में पहले मन्दा, बाद में तेजी बने । गेहूं, चना, तिल, चावल, घी, सोना तेज रहेंगे । इस समय बाजारों की लाइन बदल सकती है, अतः बाजार के रुख के खिलाफ काम न करें । दो ग्रहों के एक साथ उदय होने से यह भी संभावना है, कि जिस वस्तु में पहले तेजी थी, उस वस्तु में मन्दा आ जाए या जिस वस्तु में पहले मन्दा था, उसमें तेजी बने । **इस मास के अन्तिम चरण में व्यापार बहुत सूझबूझ से करें क्योंकि अभी बुध-शुक्र उदय हुए हैं, और ३१ अगस्त को गुरु भी उदित हो जाता है । बुध मार्गी भी हो रहा है । अतः व्यापार में भयंकर तेजी-मन्दे के रिएक्शन आयेंगे, सोना-चांदी में तेजी एवं रुई आदि के व्यापारी प्रत्यक्ष आकर मिलें तभी लाभ होगा ।**

सितम्बर– मास के प्रारम्भ में ही शुक्र वक्री होकर फिर से कर्क राशि में आ जाता है, कर्कराशि में बुध के साथ शुक्र का सम्बन्ध हो गया है, वक्री शनि की इन पर पूर्ण दृष्टि भी है, अतः २६ दिनों के अन्दर ही रुई में धमाके की तेजी आ सकती है, गेहूं, चना, जौ, ज्वार, बाजरा, मूंग, मोठ, उड़द आदि का स्टाक यदि पहिले ही कर चुके हैं तो आगे अच्छा लाभ मिलेगा, गुड़, खाण्ड, घी में तेजी बनेगी ।

२ सितम्बर को बुध-शुक्र की अंशात्मक-युति होगी एवं तीन सितम्बर को बुध मघा-सिंह में आ जाता है, सिंह राशि में सूर्य गुरु ये दोनों ग्रह पहिले ही एक साथ बैठे हैं, सिंह राशि का बुध मूलरूप से तेजी का सूचक है । पुनरपि वृहस्पति का सम्पर्क होने से हमें सोना, चांदी, रुई, ऊनी वस्त्र, देवदार में कुछ तेजी करे एवं गुड़, खाण्ड, शक्कर आदि रस-पदार्थों में मन्दा मालूम देता है । हाँ, २ सितम्बर को बुध-शुक्र की युति का प्रभाव बाजारों में तेजी करने वाला है, वायदा व्यापारी लाभ ले सकते हैं ।

७ सितम्बर को हस्त नक्षत्र का मंगल २९ दिनों में मूंग, मोठ, जौ, ज्वार, बाजरा आदि क्षुद्र (छोटे) अनाजों में एवं घी, गुड़, खाण्ड में तेजी का संचार होता है । १० सितम्बर को मंगलवारी चन्द्रदर्शन हस्त नक्षत्र में होगा; गुड़, सरसों, मूंगफली में तेजी का रुख रहे, रुई में घटाबढ़ी, अन्न एवं अन्य वायदा व्यापार में तेजी का रुख रहे ।

१३ सितम्बर को शुक्र राक्षस गण में मार्गी हुआ है । अतः बाजार के रुख को देखकर काम करें । अचानक बाजार का रुख बदल सकता है । सामान्यता सरसों, चांदी, सोना में तेजी आएगी, अनाज गुड़, घी के स्टाक से आगे अच्छा लाभ मिलेगा । **१३ सितम्बर को शुक्र के मार्गी होते ही सूर्य उ. फा. नक्षत्र में आ जाता है, रुई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चांदी, लोहा, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, सुपारी में तेजी का वातावरण बनेगा ।** १४ सितंबर को मघा ३ में गुरु गुड़, खाण्ड, अनाज, सोना, चांदी, लोहा में मन्दा, अलसी में भी मन्दा बने, बाजारों में अस्थिरता रहे ।

१५ सितम्बर को पू. फा. नक्षत्र में बुएदा आ रहा है । लेकिन १५ अगस्त को ही मंगल अस्त हो रहा है; अतः रुई में मन्दी, गेहूं, अलसी में खास तेजी का संचार होगा ।

१६ सितम्बर को वक्री शनि उ. षा. ३ में आकर अनाज, रुई, कपास, लोहा, चन्दन, मजीठ, दाख, छुहारे तेज होंगे, संग्रहकर्त्ताओं को तीसरे एवं छठे मास में उत्तम लाभ मिलेगा ।

१७ सितम्बर मंगलवार को सूर्य कन्या में प्रवेश करेगा । कन्या राशि में सूर्य के साथ मंगल का सम्बन्ध होगा । मंगल ग्रह जलवायु को बहुत जल्दी प्रभावित करता है । गुड़, शक्कर, खाण्ड, रुई, नारियल, सुपारी, तिल, तेल में धमाके की तेजी आएगी । १७ सितम्बर को बुध पूर्व में अस्त होगा, अनाज एवं घी में मन्दा, रुई में घटाबढ़ी, पहले तेज, बीच में मन्दी अन्त में फिर तेज रहे । सोना में घटाबढ़ी के बाद तेजी आए ।

२२ सितम्बर को उ. फा. में बुध आएगा । उड़द, मूंग, मोठ, मसूर एवं अरहर में कुछ तेजी, रुई में

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

है, अतः यहां की स्थिति के मुताबिक बुध का तुला में आना तेजी
तेलवाना, गुड़, खाण्ड, पाट, किराना, हल्दी, तेलों में, एवं

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

(१८ अगस्त से २६ अगस्त तक बाजारों में अच्छी तेजी का योग है, स्टाक को २६ अगस्त से

घटाबढ़ी होकर मन्दी बने। चांदी भी मन्दी ही रहे।
२४ सितम्बर को बुध कन्या राशि में आ जाता है। कन्या राशि में बुध उच्च माना जाता है।
कन्याराशि में बुध का सम्बन्ध सूर्य-मंगल से होता है, अतः क्रूरग्रहों के साथ बुध का मेल जोरदार
तेजी का इशारा करता है। चना, गेहूं, मक्का, ज्वार, बाजरा, जौ, मोठ, मूंग, गुड़, खाण्ड, शक्कर,
हल्दी, सरसों, बिनौला, मूंगफली, खली-सरसों, खली बिनौला में मोटी तेजी बनेगी।
२५ सितम्बर के लगभग शुक्र के मघा-सिंह में आने पर सोना, तांबा, जौ, चना, गेहूं, लाल चन्दन,
मजीठ, लाल-मिर्च में, गुड़, खाण्ड-शक्कर में, सरसों आदि तिलहनों में तेजी बनेगी।
२७ सितम्बर को सूर्य हस्त नक्षत्र में आएगा,–यह भी बाजारों में तेजी का सूचक है। २८
सितम्बर को चित्रा नक्षत्र का मंगल गेहूं, चावल, चना, सोना, चांदी, एवं तांबा पीतल तेज होंगे।
(२४ से २८ सितम्बर तक अनाजों, गुड़ खाण्ड, तेल, तिलहनों में अच्छी तेजी से लाभ
मिलेगा।)
३० सितम्बर को मघा के चतुर्थ चरण में गुरु के आने पर गुड़, खाण्ड, गेहूं, चना, मक्का, मूंग,
मोठ आदि दालवाना एवं अन्य छोटे-मोटे सभी प्रकार के अनाजों में एवं सोना, चांदी में झटके के साथ
मन्दा बनेगा। अलसी में मन्दी के बाद विशेष तेजी एवं मन्दे के रिएक्शन आएंगे।

अक्तूबर– ३ अक्तूबर को सूर्य-बुध की अंशात्मक-युति होगी, मासारंभ में ही छोटे-मोटे
अनाजों, खाद्य तेलों, सरसों, मूंगफली, बिनौला, आदि तिलहनों में झटके के साथ तेजी बनेगी,–वायदा
व्यापारी इस समय तेजी का काम करके लाभ ले सकते हैं।
४ अक्तूबर को शनि के मार्गी होने पर बाजारों का रुख बदल सकता है। अतः सावधानी से काम
करें, अन्यथा हानि संभव है। इस समय हमारे विचार से तिल, तेल, सरसों, हींग, काली मिर्च, लौंग में
अच्छी तेजी बनेगी, बिनौला, मूंगफली एरण्ड, सोयाबीन में एवं सभी खाद्य तेलों में तेजी का विचार है।
जीरी, घी, गुड़ के स्टाक से आगे उत्तम लाभ मिलेगा। ध्यान दें, यदि बाजार मन्दे के बने तो मन्दे में ही
रहें,–यह आवश्यक समझें।

**७ अक्तूबर को बुध चित्रा में एवं मंगल तुला में आकर बड़ी लम्बी तेजी की लाइन बनाने वाला
है, तुला के मंगल पर शनि की विशेष दृष्टि है, शनि पर मंगल की भी विशेष दृष्टि है। इस प्रकार
शनि-मंगल का आपसी दृष्टि-सम्बन्ध देश में राजनैतिक परिस्थिति को पेचीदा बनाएगा जिसका
असर तिजारत पर पड़ेगा। कहीं प्राकृतिक प्रकोप से खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी, जिससे बाजारों
में तूफानी तेजी का संचार होने की उम्मीद है। इस समय सरकारी घोषणा किंवा सरकारी नीति को
ध्यान में रखें, सरकारी किसी खास वस्तु के आयात-निर्यात की घोषणा करके, किंवा व्यापार पर
तेजी पर भी अंकुश लगा सकती है, तात्पर्य यह है कि सरकारी गतिविधि को ध्यान में रखें। हमारे
विचार से तुला का मंगल जोरदार तेजी करेगा। रूई, कपास, सूत, सण, बारदाना, पाट, सरसों,
बिनौला, एरण्ड, सूरजमुखी, मूंगफली, सोयाबीन, आदि तिलहन में एवं सभी तरह के तेलों में, गुड़,
खाण्ड, शक्कर, चीनी, खल बिनौला, खल सरसों, गेहूं, उड़द, मूंग, मोठ, जौ, ज्वार, बाजरा एवं अन्य
दालों में भी जोरदार तेजी का तूफान आएगा; यह खास लम्बी लाइन का है, समय पर ताजा मशवरा
हासिल करें, तो उत्तम लाभ प्राप्त कर सकेंगे।**

१० अक्तूबर को चित्रा नक्षत्र में सूर्य आ रहा है, एवं **११ अक्तूबर को बुध तुला राशि में आकर
तेजी या मन्दे की लाइन (जोकि पहले चली आ रही है) को बढ़ावा देगा। यद्यपि बुध स्वयं अपनी एवं
शुक्र की राशि में मन्दे का सूचक माना गया है, लेकिन तुलाराशि के बुध-मंगल पर शनि की विशेष
दृष्टि होने से यहां मन्दा नहीं आएगा। हमारे विचार से तूफानी तेजी आएगी।** क्योंकि बुध, बालग्रह
है, बुध बाजारों में विशेष घटाबढ़ी करने वाला ग्रह है, बुध न शुभ है न अशुभ, जैसे भी ग्रह के साथ

मिलता है, वैसा ही असर करने लगता है, अतः यहां की स्थिति के मुताबिक बुध का तुला में आना तेजी
को भड़काने वाला ही है, रूई, कपास, तेलवाना, गुड़, खाण्ड, पाट, किराना, हल्दी, तेलों में, एवं
दालवाना तथा मोटे अनाजों में भी हमें अच्छी तेजी मालूम देती है, फिर भी बाजार के रुख को देखकर ही
व्यापार बढ़ाना अक्लमन्दी है। **(७ से १४ अक्तूबर तक तूफानी तेजी से वायदा वाले अच्छा लाभ लेंगे,
हाजर वाले अभी माल न छोड़ें।)** १५ अक्तूबर को बुध स्वाती नक्षत्र में आकर रूई में मामूली मन्दे का
रुख बना सकता है। लेकिन १५ अक्तूबर को ही बुध एवं मंगल की अंशात्मक युति हो रही है, तेल,
तिलहन, गुड़, खाण्ड, एवं अनाजों की मार्किट तेज ही रहेगी। १६ अक्तूबर को पू. फा. नक्षत्र का शुक्र
गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, चना में कुछ मन्दा कर सकता है।
१७ अक्तूबर को सूर्य तुला में आकर बुध मंगल के साथ मेल करेगा। इस समय बुध-सूर्य-मंगल
ये तीनों ग्रह शनि की नजर में हैं। रूई, चांदी, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सोना, तांबा, लाल चन्दन,
श्रीफल, सुपारी, ऊनी वस्त्र, तिल, तेल में तेजी का वातावरण रहे, गुड़, खाण्ड एवं दालवाना में भी तेजी
का ही रुख रहेगा।
**(१५ से १७ अक्तूबर तक तेल, तिलहन, एवं दालवाना अन्य अनाजों में, सोना, चांदी में तेजी से
लाभ होगा।)**
१८ अक्तूबर को पू. फा. १ में गुरु एवं पू. षा. २ में राहु आर्द्रा ४ में केतु का प्रवेश होगा, गुड़,
खाण्ड, शक्कर, गेहूं आदि अनाज मन्दे एवं रूई में भी घटाबढ़ी के बाद मन्दा रहे। तिल, तेल एवं अन्य
तिलहनों में भी मन्दे का रुख बने। लेकिन कपास, जीरा, जौ, ज्वार, दाख, छुहारा में तेजी से दक्षिण
भारत में उत्तम लाभ मिलेगा।
२० अक्तूबर को राहु एवं नेपच्यून की अंशात्मक-युति होगी, लेकिन राहु नेपच्यून पर वृहस्पति
की दृष्टि है अतः बाजारों में तेजी-मन्दी के रिएक्शन आएंगे–विचारपूर्वक काम करें।
२३ अक्तूबर को बुध पश्चिम में उदित होने से रूई एवं कुछ शेयर-बाजारों में मन्दा आने का योग
है।
२४ अक्तूबर को सूर्य स्वाती नक्षत्र में आ रहा है, इसी दिन बुध विशाखा में आ जाता है। सूत,
सण, रेशम, कपड़ा, सोना, चांदी, गुड़, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, सरसों, राई, हींग,
गुग्गल एवं विशेषतः रूई में तेजी का झटका आएगा।
२७ अक्तूबर को बुध एवं वेंकटेश (प्लूटो) की युति होगी, बुध, प्लूटो; सूर्य, मंगल पर इस समय
शनि की दृष्टि भी है, अतः वायदा व्यापार में तेजी से लाभ मिलेगा। ३० अक्तूबर को शुक्र उ. फा. में
आकर चावल, चांदी, मोती, कपूर, नमक, खाण्ड, रूई, कपास आदि श्वेत रंग की चीजों में मन्दी आने
का योग है– अतः बाजार के रुख को देखकर काम करें, अचानक मन्दे का रुख बनने से ३१ अक्तूबर
को बुध वृश्चिक राशि में आकर अकेला होने से बाजारों की लाइन को बदल सकता है–नोट कर
लें,–यह समय बहुत सावधानी से व्यापार करने का है। क्योंकि बुध अफवाहों को प्रसारित करने में
चतुर है, झूठी किंवा सच्ची अफवाहों से बाजारों में पलटा आ जाता है।, अतः बाजार के रुख को देखकर
काम करें। हमारे विचार से घी, तेल, सरसों, रूई, चांदी में तेजी, सोना मध्यम, अनाजों में कुछ मन्दे का
रुख बन सकता है।

नवम्बर– २ नवम्बर को अनुराधा नक्षत्र का बुध सूत, सण, रूई, सोना, चांदी में मन्दा, अनाज का
भाव सम रखेगा। ३ नवम्बर को शुक्र कन्या में आएगा; चांदी में घटाबढ़ी होकर तेजी, गेहूं आदि सर्व
अनाज, गुड़, खाण्ड, ऊनी एवं रेशमी वस्त्रों में तेजी आएगी। **इस समय चावलों में विशेष तेजी का
झटका आने का योग है।** ५ नवम्बर को विशाखा में मंगल का प्रवेश एवं ६ नवम्बर को सूर्य का
विशाखा में प्रवेश जौ, चावल, गेहूं, मसूर, गुड़, खाण्ड, रूई, कपास, सूत, सरसों, तिल, एरण्ड, अफीम,

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

[illegible] करेगा, चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी आएगी।

७ नवम्बर को [illegible] में आने पर, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं आदि [illegible] अनाजों में मन्दा [illegible], रुई में घटाबढ़ी से मन्दा आएगा। ८ नवम्बर के [illegible] शुक्रवार को अनुराधा नक्षत्र में होगा। सरसों, [illegible] गुड़, चावल, [illegible], चना, रुई, चांदी, सोना में घटाबढ़ी होकर बाद में तेजी का वातावरण रहेगा।

१० नवम्बर को [illegible] नक्षत्र में बुध एवं [illegible] नक्षत्र में शुक्र आ जाता है, यह योग भी बाजारों में [illegible] बनाता है। घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में [illegible] के साथ तेजी बनेगी सायंकाल में मन्दा आ जाएगा। रुई, चांदी, चावल में मन्दा, सोना [illegible] तेज रहे। नोट—इन दिनों यदि अनाज व दालवाना में मन्दा हो तो शीघ्र ही [illegible] करें, आगे उनमें लाभ की संभावना ग्रहचाल के अनुसार बनती है।

(मास के प्रारम्भ से १८ नवम्बर तक बाजारों में तेजी-मन्दे के उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, बाजार अस्थिर रहेंगे—अतः मन्दे में खरीद कर तेजी में बेचें—इस सिद्धान्त का अनुसरण करें, तभी लाभ मिल सकेगा।)

१५ नवम्बर को मंगल एवं प्लूटो की अंशात्मक-युति होगी, मंगल एवं प्लूटो दोनों क्रूर ग्रह हैं और इन पर शनि की दृष्टि भी है। अतः [illegible] रूप से तेजी बनाएगा, वायदा व्यापारी इस समय [illegible] काम करें [illegible]। सोना, चांदी, [illegible], गुड़, शक्कर, खाण्ड, लाल मिर्च, मसाले, [illegible] [illegible], बिनौला आदि एवं दालवाना में तेजी आएगी।

१६ नवम्बर को **वृश्चिक संक्रान्ति शनिवार को है।** इस दिन सूर्य वृश्चिक-राशि में आकर बुध के साथ [illegible] करेगा। इस दिन गुड़, रुई, सोना, चांदी आदि धातुओं एवं अनाजों, तेल, तिलहनों के भाव [illegible] तेजी की ओर रहेंगे। इस समय गुड़, खाण्ड में भी तेजी ही रहेगी।

१७ नवम्बर को अनुराधा नक्षत्र [illegible] जौ, चना आदि अनाजों में, सोना, चांदी आदि धातुओं में [illegible] [illegible]। गुड़, अलसी और मिर्च में तेजी होकर मन्दी हो।

२० नवम्बर को मंगल वृश्चिक-राशि में प्रवेश करेगा, वृश्चिक राशि में सूर्य-मंगल पहले ही आ चुके हैं। [illegible] राशि में आ जाने से बाजारों में अच्छी तेजी [illegible] [illegible] हमारे विचार से इस समय मन्दे का काम करने वाले हानि में रहेंगे, रुई, कपास, तिल, सरसों, बिनौला, अलसी, मूंगफली, [illegible], सोयाबीन आदि तिलहनों में, खाद्य तेलों एवं सब्जी में, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोना, चांदी एवं सभी अनाजों में तेजी का वातावरण रहेगा।

(१६ से २० नवम्बर तक बाजार तेज रहेंगे, विचारपूर्वक काम करके लाभ लें।)

[illegible] नक्षत्र में प्रवेश होगा, उसी दिन मंगल अनुराधा नक्षत्र में भी आ रहा [illegible]। सोना, चांदी, अनाज, रुई, कपास, लाल मिर्च, लाल चन्दन एवं [illegible]

[illegible] नवम्बर [illegible] अशान्त [illegible] का प्रभाव भी सभी बाजारों पर तेजी [illegible] ही काम करें।

२६ नवम्बर को धनु में राहु के साथ बुध का मेल होगा, साथ ही यूरेनस एवं नेपच्यून भी इस राशि में ही हैं, स्पष्ट है कि बुध का सम्बन्ध क्रूर ग्रहों से हुआ है। अतः रुई, कपास, सन, चांदी एवं [illegible] बाजारों में भी [illegible] तेजी [illegible]।

२७ नवम्बर को बुध के धनुराशि में वक्री होने पर २८ दिन के अन्दर घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तेल, तिलहन में तेजी आएगी, इस समय रुई में धमाके की तेजी आ सकती है। व्यापारी ध्यान दें, कि बुध के वक्री होने पर कई बार बाजार पलटा खा जाते हैं, अतः बाजार के रुख को देखकर ही काम करें अन्यथा भारी हानि हो सकती है। परन्तु हमारे विचार से बाजारों में अच्छी तेजी आने की उम्मीद है।

३० नवम्बर को शुक्र तुला में आकर शनि से देखा गया है। इसी दिन अर्थात् ३० नवम्बर को ही वक्री बुध ज्येष्ठ वृश्चिक में आता है, शुक्र पर शनि की नज़र है एवं बुध का मेल वृश्चिक-राशि में मंगल एवं सूर्य के साथ हो गया है। तूफानी तेजी से लाभ लेने का चांस है। इस समय सोना, चांदी, खाद्य तेल, सरसों, बिनौला आदि तेलबीया, अनाजों एवं दालवाना में गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी में जोरदार तेजी आएगी, उत्तम लाभ ले सकते हैं, समय आने पर प्रत्यक्ष मिलें तो अधिक स्पष्ट रूप से खुलासा दे सकेंगे।

(२६ नवम्बर से मासान्त तक बाजार तेजी में रहेंगे, फिर भी बाजार के रुख के अनुसार काम करें।)

दिसम्बर—१ दिसम्बर को बुध पश्चिम में अस्त होगा, लाइन में परिवर्तन आ सकता है। सावधानी से काम करें। रुई में धमाके की मन्दी, चांदी तेज, पाट हैसियन और शेयर मन्दे होंगे। ३ दिसम्बर को सूर्य ज्येष्ठा में आता है, सोना, चांदी, चावल, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड, हींग, रसायन, पारा, गुड़, खाण्ड में तेजी का वातावरण रहे। रुई में पहले मन्दी बाद में तेजी रहे। ६ दिसम्बर को शुक्र स्वाती में आकर गुड़ में तेजी एवं अनाजों में मन्दा बनाएगा। ७ दिसम्बर को गुरु पू. फा. के तीसरे चरण में आकर अनाजों एवं गुड़, खाण्ड में मन्दा करेगा।

८ दिसम्बर को वक्री बुध की सूर्य के साथ अंशात्मक युति हो रही है, जब भी बुध वक्री होकर सूर्य के साथ युति करता है तो बाजारों में तेजी का धमाका होता है, अतः सावधानी से काम करें। हमारे विचार से रुई, कपास, सरसों, मूंगफली, बिनौला, तथा अन्य तेलवाना में, अनाजों में तेजी का बोलबाला रहेगा। ध्यान दें—यह तेजी ठहरेगी नहीं, तेजी आते ही लाभ लेने वाले ठीक रहेंगे, क्योंकि शीघ्र ही मन्दा आने का योग है। ८ दिसम्बर को रविवार को चन्द्रदर्शन पू. षा. नक्षत्र में होगा, अतः बाजार बन्द होने से पहले ही बाजारों में मन्दा आने का भय है—सावधानी से काम करें।

१० दिसम्बर को वक्री बुध के अनुराधा में आने पर सूत, सण, रुई, सोना, चांदी, में सामान्यतः मन्दा रहेगा। ११ दिसम्बर को शनि श्रवण नक्षत्र में दाखिल होगा, रुई, जौ, गेहूं, मोठ, चना, चावल, मूंग, उड़द, मसूर, ज्वार, बाजरा में तेजी बनेगी। शक्कर, गुड़, खाण्ड मन्दे, एवं वर्षा का योग भी बनेगा जिसका बाजारों पर प्रभाव पड़ेगा।

१३ दिसम्बर को मंगल ज्येष्ठा में आता है, एवं इसी दिन बुध का पूर्व में उदय होता है। बाजारों में अस्थिरता रहेगी। रुई में पहले मन्दी होकर बाद में तेजी, गेहूं, चना आदि में अच्छी तेजी का झटका आ सकता है। तिल, घी, लाल मिर्च में तेजी बने।

१६ दिसम्बर सोमवार को धनु संक्रान्ति होगी। धनुराशि में सूर्य-राहु इकट्ठे हो रहे हैं, इन पर बृहस्पति की दृष्टि है। अतः अधिक तेजी का वातावरण न बने, रुई, कपास, सन, तिल तेल, सोना चांदी आदि में कुछ तेजी बने, अनाजों में मन्दा बने। इन दिनों जिन चीजों में तेजी बनेगी, वह ठहरेगी नहीं। १७ दिसम्बर को शुक्र विशाखा में आकर रुई एवं अनाजों में मन्दा बनाएगा।

१८ दिसम्बर तक बाजारों में अस्थिरता रहेगी। मन्दे में खरीदें, तेजी में बेचें, मन्दे तेजी के झटके ही आएंगे, एकतरफा लाइन १८ दिसम्बर तक नहीं बनेगी।

१८ दिसम्बर को बुध मार्गी होगा, बुध एवं मंगल दोनों वृश्चिक-राशि में हैं, वृश्चिक-राशि में बुध एवं मंगल तेजीकारक होता है, अतः इस समय बाजार के रुख को देखकर ही काम करें। हमारे

[illegible] दालवाना में तेजी रहेगी। रुई, तेल, अलसी, [illegible]

[illegible] की अंशात्मक-युति होगी, यह युति वायदा व्यापारियों को तेजी [illegible] दालवाना में तेजी से लाभ मिलेगा। ११ जनवरी को

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ग्रह के वक्री होने पर कई बार बाजार पलटा खा जाते हैं, ... बाजार के रुख को देखकर ही काम करें ... बुध एवं मंगल तेजीकारक होता है, अतः इस समय बाजार ...

विचार से इस समय गेहूं, जौ, चना आदि अनाज एवं दालवाना में तेजी रहेगी। रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला, मूंगफली आदि में मन्दा बनेगा। बाजार के रुख को देखकर काम करें, सोना तेज रहे।

२० दिसम्बर को शनि-राहु के नक्षत्र चार के कारण-कपास, जीरा, सरसों, जौ, ज्वार में उत्तम लाभ होगा।

२४ दिसम्बर को शुक्र एवं प्लूटो की अंशात्मक-युति हो रही है। शुक्र एवं प्लूटो पर शनि की दृष्टि भी है। यह योग बाजारों में अच्छी तेजी आने का योग है। चांदी-सोना, चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर खाने वाले तेलों एवं तिलहनों में तेजी बनेगी।

२५ दिसम्बर के लगभग बुध ज्येष्ठ में आकर घी, गुड़, खाण्ड एवं चावलों में कुछ तेजी करेगा।

२६ दिसम्बर को शुक्र वृश्चिक में आकर मंगल-बुध के साथ राशि सम्बन्ध बनाएगा। ये तीनों ग्रह एक जगह होकर अफवाहों से बाजारों में तेजी का संचार कर देते हैं। गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोठ, बाजरा आदि अनाजों में तेजी से उत्तम लाभ होगा। रुई एवं शेयर बाजारों में कुछ मन्दा आने के बाद तेजी आएगी।

२९ दिसम्बर को सूर्य पू. षा. में एवं शुक्र अनुराधा में दाखिल होगा। तिल, तेल, सरसों, बिनौला, हल्दी, गुग्गल, कपूर, सण एवं चांदी में तेजी रहेगी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं आदि अनाजों में मन्दा रहेगा।

३१ दिसम्बर का दिन विशेष महत्त्वपूर्ण है, इस दिन मंगल-मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में प्रवेश करेगा। धनु राशि में सूर्य एवं राहु पहले ही बैठे हैं। सूर्य-मंगल-राहु ये तीनों धनुराशि में आकर तेजी को ही बढ़ावा देंगे। यद्यपि धनुराशि का मंगल मूलरूप में मन्दा करता है परन्तु क्रूर ग्रहों का सम्पर्क तेजी कारक ही रहेगा। पुनरपि यदि बाजार मन्दे के बनें तो मन्दे का ही काम करें, बाजार के रुख के खिलाफ काम न करें। हमारे विचार से इस समय बड़ी मन्दी की लहर तेलवाना, चांदी, सोना, शेयर एवं रुई में आकर तेजी बनेगी, अन्ततः तेजी का काम करने वाले लाभ में रहेंगे। गुड़-खाण्ड, शक्कर एवं अनाजों में तेजी का योग है।

३१ दिसम्बर को गुरु भी वक्री हो रहा है—गेहूं, जौ, चना, चावल आदि अनाज, अलसी व घी में मन्दा बनेगा। इस समय यदि दालवाना या मोटे अनाजों में मन्दा आए तो स्टाक करें, आगे कुछ मास बाद उत्तम लाभ मिलेगा। सोना-चाँदी के व्यापारी इस समय बाजार का रुख देखकर काम करें, हमारे विचार से इनमें भी मन्दा ही बनेगा।

जनवरी, (सन् १९९२ ई०)—नए साल के प्रारम्भ (१ जनवरी सन् १९९२ ई.) में **सूर्य-राहु की अंशात्मक-युति हो रही है,** इसलिए नए वर्ष का प्रारम्भ दालवाना, अनाज एवं तेल, तिलहन, रुई में तेजी के रिएक्शन से ही होगा। १ से ३ जनवरी तक तेजी का ही बोलबाला रहेगा।

४ जनवरी को मंगल के उदित होने पर उड़द, तिल, तेल अलसी तेज रहेंगे, अनाजों में मन्दा रहेगा। लेकिन ४ जनवरी को शनिवारी अमावस तो तेजी का संकेत देती है, अतः व्यापारी बाजार का रुख देखकर काम करें, अन्यथा हानि भी संभव है। हमारे विचार से तेल तिलहन, सोना-चांदी एवं शेयर-बाजारों में तेजी रहेगी।

५ जनवरी को बुध मूल नक्षत्र एवं धनुराशि में आ रहा है, धनुराशि में पहले ही सूर्य में. रा. बैठे हैं, स्पष्ट है, कि-पापी ग्रहों के साथ बुध का मेल है। रुई, कपास, सूत, गुड़, शक्कर, एवं अनाजों में तेजी रहे, सोना चांदी में भी मन्दा आएगा। ६ जनवरी को चन्द्रवार को उ.षा. नक्षत्र में चन्द्रदर्शन मन्दे का संकेत देता है।

७ जनवरी को सूर्य एवं नेपच्यून की अंशात्मक-युति होगी, यह युति वायदा व्यापारियों को तेजी से लाभ देगी। तेल-तिलहन, खली एवं चना, दालवाना में तेजी से लाभ मिलेगा। ११ जनवरी को मंगल-बुध की युति होगी एवं इसी दिन सूर्य उ. षा. में आएगा। एवं शनि श्रवण २ में पदार्पण करेगा। उड़द, मूंग, चावल, चना, जौ, गेहूं, गुड़, खाण्ड, लाल-शक्कर, सरसों, अलसी में अच्छी खासी तेजी बनेगी, बाजार के रुख को देखकर व्यापार बढ़ाव तभी लाभ होगा।

१३ जनवरी को शनि अस्त होगा, अनाजों, तिलहनों एवं शेयर बाजारों में तेजी का रुख रहे।

१४ जनवरी को मंगलवारी मकर-संक्रान्ति है। सूर्य मकर राशि में आकर महाक्रूर शनि के साथ सम्बन्ध करता है, सूर्य-शनि का सम्बन्ध भयंकर तेजी कारक सिद्ध हो सकता है। सूर्य का प्रभाव प्रत्येक वायदा किंवा हाजर व्यापार पर पड़ता है। रुई, एरण्ड, अलसी, मूंगफली, बिनौला एवं खाद्य तेलों पर, मोटे अनाज एवं दालवाना पर, सोना-शेयर बाजारों काली मिर्च, एवं हल्दी पर सूर्य का विशेष प्रभाव पड़ता है, इस समय इन चीजों में तूफानी तेजी बनेगी, लाभ लें। सरकारी घोषणा किंवा आयात-निर्यात नीति की घोषणा भी व्यापार को प्रभावित करेगी—ऐसा मालूम देता है।

१६ जनवरी को बुध-राहु की अंशात्मक-युति होगी। यह युति वायदा व्यापारियों के लिए तेजी से लाभ देने वाली है। सोना, चांदी, चावल, उड़द, घी, दूध, तिल, तेल, सरसों मूंगफली एवं अनाजों में, तेजी से लाभ लिया जा सकता है। लेकिन १८ जनवरी को पू. षा. राशि में मंगल बाजारों में मन्दे की तरफ इशारा करता है, अतः तेजी में नफा खाकर मन्दे में फिर खरीदें।

१९ जनवरी को **बुध एवं यूरेनस की अंशात्मक युति होगी,** साथ ही २० जनवरी को शुक्र, मूल नक्षत्र एवं धनुराशि में आकर मंगल-राहु के साथ मेल करेगा, लेकिन इन पर गुरु की दृष्टि है, अतः म. रा. श. के द्वारा आने वाली तेजी को यह रोकेगा। स्पष्ट है कि इन दिनों तेजी और मन्दे की रिएक्शन आएंगे। सोना, चांदी में घटाबढ़ी, रुई में पहले मन्दी होकर बाद में तेजी आए। गेहूं, जौ, चना, आदि अनाजों में तेजी बनेगी। लेकिन बाजार का रुख देखकर काम करने से अधिक ठीक रहेगा, हानि से बचे रहेंगे।

२१ जनवरी को मंगल एवं राहु की अंशात्मक-युति होगी, एक दिन की तेजी मन्दी लगाने वाले लाभ में रहेंगे। धमाके की तेजी गुड़, खाण्ड, शक्कर एवं खाद्य तेल-तिलहनों, तांबा, सोना, चांदी में बनेगी, तुरन्त लाभ लें। अन्तिम समय बाजार बन्द तक की प्रतीक्षा न करें।

२२ जनवरी को गुरु वक्री होकर पू. फा. के दूसरे चरण में आ जाता गुड़, खाण्ड, शक्कर गेहूं आदि अनाज मन्दे होंगे, रुई में घटाबढ़ी से मन्दी आएगी। २३ जनवरी को उ. षा. नक्षत्र का बुध भी अनाजों के भावों में मन्दा करेगा। इसी दिन बुध पूर्व में अस्त हो रहा है, बाजारों में जबरदस्त घटाबढ़ी चलेगी। अनाज, घी आदि मन्दे होंगे, रुई में घटाबढ़ी पहले तेज, बीच में मन्दा, अन्त में फिर तेज, सोना में घटाबढ़ी होकर तेजी बनेगी। २४ जनवरी को श्रवण नक्षत्र का सूर्य बाजारों में तेजी का वातावरण बनाएगा। गेहूं, जौ, चावल, चना, रुई, सूत, सण, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, अलसी, सुपारी, लौंग में तेजी बनेगी।

२५ जनवरी को बुध, मकर राशि में प्रवेश करेगा। मकर राशि में बुध का सम्बन्ध शनि एवं सूर्य के साथ होगा। यह योग तेजी का है। रुई, सोना, चांदी, तेज, गुड़, शक्कर, खाण्ड, मक्का, चना, चावल, मूंग, उड़द, आदि दालें तथा खाद्य तेल एवं तिलहन बिनौला आदि में तेजी आएगी।

२८ **जनवरी को मंगल एवं यूरेनस, ३० जनवरी को सूर्य एवं शनि की अंशात्मक युति होगी—यह योग वायदा व्यापारियों के लिए उत्तम लाभप्रद है,** इस समय अनाजों, तेलों, तेलबीया, एवं गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी, आदि में अच्छी तेजी का झटका आएगा—विचारपूर्वक काम करके उत्तम लाभ ले सकते हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

३० जनवरी को शुक्र पू. षा. नक्षत्र में आ रहा है । इसं समय मंगल-शुक्र एवं राहु ये भी पू. षा.
नक्षत्र में ही है–अतः बाजार के रुख को देखकर ही काम करे, अन्यथा हानि में रहेंगे । शु. रा. मं. पर
गुरु की दृष्टि होने से हमें मासान्त मे बाजार मन्दे में लगते हैं । मूंग, मोठ, उड़द, तिल, तेल, सरसों एव
नमक आदि में मन्दा आने का योग है ।

फरवरी १९९२ ई०– मासारम्भ में ही मंगल-नेपच्यून की अंशात्मक-युति होगी । अतः गुड़, तेल
तिलहन में तेजी का वातावरण रहे । गुड़, खाण्ड, अलसी, चना, चावल तेज रहेंगे । लेकिन ३ फरवरी
को सोमवती अमावस मंदे का इशारा करती है ।

४ फरवरी को बुध-शनि एवं राहु-शुक्र की अशात्मक-युति हो रही है–ये युतियां सुनिश्चित रूप
से बाजारों मे तेजी का उफान लाएगी । खाद्य तेलों, तिलहनों, एवं अनाजों, रुई, चांदी, सोना में तेजी से
लाभ मिलेगा ।

५ फरवरी को उ. फा. का मंगल रुई में विशेष तेजी का झटका लाएगा । चावल, चना, गेहूं, उड़द,
गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, सरसों, में तेजी बनाएगा ।

६ फरवरी को शुक्र-यूरेनस की युति एवं इसी दिन धनिष्ठा नक्षत्र का सूर्य सोना, चांदी, मोती, मणि
आदि जवाहरात, मूंग, मसूर आदि अनाज व अलसी रुई मे तेजी का वातावरण बना देगा ।

८ फरवरी को सूर्य-बुध एव शुक्र-नेपच्यून की अंशात्मक-युति एवं बुध का धनिष्ठा में आना
बाजारो को और तेजी की तरफ बढ़ावा देगा । ऐसा विचार है, फिर भी बाजार के रुख को देखकर ही
व्यापार बढ़ावे, अन्यथा हानि संभव है ।

**९ फरवरी को मंगल का मकर राशि में प्रवेश होगा । इस समय मकर राशि में सूर्य-शनि हैं,
यह योग भी तूफानी तेजी का है ।** व्यापारी ध्यान दें कि–दालवाना, अन्य अनाजों, तेलों एवं तिलहनों,
गुड़-शक्कर मे तूफानी तेजी ही चलेगी–**इस समय प्रत्यक्ष मिलें ताजा मशवरा हासिल करें, उत्तम
लाभ होगा ।** हमारे विचार से रुई, सोना, चाँदी, ताँबा, गुड़, खाण्ड, घी, तेल मे तेजी रहेगी । गेहूं आदि
अनाज व अलसी में झटके से तेजी आएगी ।

१० फरवरी को उ. षा. नक्षत्र का शुक्र बाजारों में नरमाई लाएगा । १२ फरवरी को सूर्य-बुध की
अंशात्मक-युति होगी एवं इसी दिन बुध भी कुम्भ राशि में गुरु से देखा गया है अतः बाजारों में तूफानी
तेजी मन्दे के रिएक्शन आयेंगे–होशियारी से काम करें, हमारा विचार मन्दे का अधिक है ।

१३ फरवरी को कुम्भ राशि का सूर्य, बुध के साथ मेल करेगा एवं इन पर बृहस्पति की नज़र है,
तेजी के प्रभाव को गुरु कम कर देता है । अतः बाजार के रुख को ध्यान में रखकर काम करें । हमारा
विचार विशेष तेजी या विशेष मन्दे का नहीं है–बाजार के मुताबिक चलें ।

१३ फरवरी को ही शुक्र भी मकर राशि में आकर सूर्य-बुध के साथ सम्बन्ध करता है–गुड़,
खाण्ड, घी, गेहूं, चना आदि अनाज एवं सोना, चांदी आदि धातुओं मे पहले घटाबढ़ी बाद में कुछ तेजी
बनेगी ।

१६ फरवरी को शनि उदित हो रहा है, रुई, शेयर, अलसी, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली मन्दे हों,
चावल, गुड़, खाण्ड तेज हो रहे । इसी दिन १६ फरवरी को कुछ शतभिषा में आकर चांदी, सोना में
मन्दा एव अनाजों में कुछ तेजी बनेगी ।

१९ फरवरी को शतभिषा का सूर्य एवं इससे पहिले श्रवण नक्षत्र का शनि भी तेजी करे । सोना,
चांदी, सन, सण, कपड़ा, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, बिनौला, आदि तिलहनों में २० फरवरी तक
जोरदार तेजी का झटका आएगा । राहु-केतु नक्षत्र चार से २० तारीख को तिलहनों में जोरदार तेजी का
झटका आएगा ।

२२ फरवरी को मंगल-शुक्र की अंशात्मक युति होगी, इसी दिन वक्री गुरु पू. फा. १ में आता है,
२२ फरवरी को मंगल-शुक्र की अंशात्मक युति होगी, इसी दिन वक्री गुरु पू. फा. १ में आता है,

२२ फरवरी को मंगल-शुक्र की अंशात्मक युति होगी, इसी दिन वक्री गुरु पू. फा. १ में आता है,
अतः गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं आदि अनाज मन्दे, रुई में भी घटाबढ़ी से मन्दी बनेगी ।
२३ को पू. फा. मे बुध एवं श्रवण नक्षत्र में मंगल आएगा । बाजारों में अच्छी घटाबढ़ी चलेगी ।
सोना, चांदी, तांबा, लोहा आदि में मन्दा, रुई में घटाबढ़ी से मन्दी आए । गेहूं आदि अनाजों के भावों में
तेजी-मन्दे के रिएक्शन आएंगे, बाजार के रुख को देखकर काम करें ।

२८ फरवरी को बुध पश्चिम में उदित होगा, वस्त्र रुई शेयरों में १५ दिन में अच्छा मन्दा आ
सकता है ।

२९ फरवरी को शुक्र-शनि की अंशात्मक-युति होगी । इसी दिन बुध मीन राशि में प्रवेश
करेगा । मीन राशि के बुध पर शनि की दृष्टि है, अतः यह चांस तेजी का है, सोना, चांदी, रुई, कपास,
तिल, सरसों, मूंगफली, अलसी, एरण्ड, बिनौला, सोयाबीन, सूरजमुखी आदि के बीज, एवं खाद्य तेलों,
दालवाना में अच्छी तेजी बनेगी, फिर भी बाजार के रुख को ध्यान में रखें ।

मार्च १९९२ ई०–२ मार्च को बुध उ. भा. नक्षत्र में आता है । चांदी में घटाबढ़ी, रुई, गुड़,
खाण्ड, चावल, गेहूं आदि अनाजों का भाव सम रहे । ३ मार्च को पू. भा. का सूर्य एवं धनिष्ठा का शुक्र
रेशम, सोना, चांदी, गेहूं, चना, उड़द, मूंग, मोठ, चना, चावल, ज्वार, बाजरा, घी, सरसों, तिल, तेल,
गुड़, खाण्ड में तेजी बनेगी ।

६ मार्च को शुक्र कुम्भ में आकर सूर्य के साथ राशि-सम्बन्ध बनाएगा । लेकिन इन पर बृहस्पति
की दृष्टि है अतः तेजी को बढ़ावा नहीं मिलेगा । रुई, चांदी, गुड़, खाण्ड, गेहूं, चना, जौ, मूंग, ज्वार,
बाजरा तथा चावलों में मन्दा बनेगा ।

९ मार्च को शनि श्रवण नक्षत्र के चतुर्थ चरण में प्रविष्ट होगा । शनि एवं मंगल दोनों मकर राशि
में एक साथ चल रहे हैं । अतः सोना, चांदी, तांबा, जस्ता, लोहा, तेज होंगे । गुड़, शक्कर, खाण्ड, घी,
रुई, सूत, अनाजों में साधारण तेजी एवं मन्दा बनेगा ।

१२ मार्च को रेवती नक्षत्र का बुध, केसर, मजीठ, कुसुम्ब, लाल मिर्च, लाल चन्दन, गेरू आदि
लाल चीजों में गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, तेल, सरसों, घी, चांदी में मन्दा ही रहे–ऐसा विचार है, आगे
मार्किट का रुख देखकर ही काम करें, तो उत्तम रहेगा । **(१३ मार्च तक बाजार मन्दे रहेंगे)**

**१४ मार्च को शनिवारी मीन संक्रान्ति एवं शतभिषा में शुक्र का प्रवेश बाजारों का रुख तेजी
की ओर करते हैं ।** तिल, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, खाण्ड, गुड़, शक्कर, रुई, सोना में तेजी, प्रत्येक
जाति के अनाजों में पहले कुछ तेजी बाद में मन्दे की तरफ झुकाव रहता है ।

१६ मार्च को बुध के वक्री होने पर घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी, रुई में झटके के साथ अच्छी
तेजी बनेगी परन्तु तुरन्त ही मन्दा आ जाने का योग है, सरसों आदि तिलहन में भी तेजी का कारण
बनेगा । १७ मार्च को सूर्य उत्तरा भाद्रपदा में आकर चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं, तेलों में तेजी को
ही बढ़ावा देता है ।

१९ मार्च को कुम्भ राशि में मंगल आ जाता है, कुम्भ राशि के मंगल एवं शुक्र पर बृहस्पति की
दृष्टि है, अतः बाजारों में लाइन बदल सकती है, । इसलिए बाजार के रुख को देखकर सूझबूझ से काम
करें । शुभग्रह दृष्टि सम्बन्ध होने से हमें रुई, चांदी में काफी घटाबढ़ी गेहूं आदि अनाजों, दालवाना,
गुड़, खाण्ड, सोना में मामूली तेजी बन सकती है । विशेष तेजी नहीं बनेगी ।

१९ मार्च को बुध पश्चिम में अस्त होगा, रुई में मन्दी, चांदी तेज, शेयरों के बाजार मन्दे रहें ।
क्योंकि बुध वक्री होकर अस्त हुआ है, अतः अनाजों में तेजी का ही रुख रहेगा ।
२० मार्च को वक्री गुरु मघा के चतुर्थ-चरण में आ रहा है, गुड़, खाण्ड, सर्वविध अनाज व सोना,

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

झटका आएगा ।

चादी, लोहा मन्दे हों, अलसी में भारी मन्दा आने का योग है, तेजी-मन्दे के रिएक्शन भी आएंगे, सावधानी से काम करें ।

२१ मार्च को वक्री बुध उ. फा. में आकर उड़द, मूंग, मोठ, मसूर, अरहर में कुछ तेजी, रुई में घटाबढ़ी होकर मन्दी, चादी भी मन्दी रहे । २५ मार्च को पू. भा. में शुक्र रुई में तेजी, अनाजों में मन्दा करेगा ।

२६ मार्च को सूर्य एवं वक्री बुध की अंशात्मक-युति हो रही है । जब भी वक्री बुध के साथ सूर्य की युति होती है तो बाजारों में नई-नई अफवाहों से जोरदार तेजी के रिएक्शन आया करते हैं । हमारे विचार से तेल, तिलहन, मोटे अनाज, दालदाना एवं रुई कपास में धमाके की तेजी बनेगी, बाजार के रुख को ध्यान में रखते हुए काम करके उत्तम लाभ वायदा व्यापारी अवश्य ले सकते हैं । यह तेजी ठहरेगी नहीं ।

२८ मार्च को शतभिषा नक्षत्र का मंगल अनाजों के भावों में मन्दा, रुई, सोना, चांदी में पहले मन्दी बाद में तेजी बनेगी । ३० मार्च को रेवती नक्षत्र में सूर्य आ रहा है, अलसी, सरसों, एरण्ड, मूंगफली, लहसुन, मोती, दाख, सज्जी, रुई, गेहूं, जौ, चना, चावल में साधारण तेजी बनेगी ।

स्पष्ट है कि इस मास में बड़ी लाइन का चांस नहीं है, तेजी मन्दी के झटके आते रहेंगे, उनमें अक्लमन्दी से काम लेकर ही लाभ ले सकेंगे। मन्दे में खरीदें, तेजी में बेचकर लाभ लें—यही ढंग लाभ लेने का इस मास में रहेगा, या प्रत्यक्ष मिलकर ताजा मशवरा हासिल करें, हम इनमें भी विशेष नोट आपको दे सकेंगे ।

व्यापारी ताजा मशवरा एवं समय-समय पर अचूक चांस प्राप्त करें

इस साल व्यापार में धन कमाने के कुछ सर्वोत्तम चांस आ रहे हैं, ये चांस हम केवल उन व्यापारियों को ही भेजते हैं, जो ५१ रु० भेजकर अपना नाम हमारे रजिस्टर में दर्ज करवा लेते हैं । साथ ही लाभ होने पर लाभांश का दशमांश भेजने की प्रतिज्ञा भी ईश्वर को साक्षी रखकर करते हैं । ताजा मशवरा प्राप्त करने के लिए ८० पैसे वाला लिफाफा अपना पता लिखकर अवश्य भेजें ताकि तुरन्त जवाब दे सकें । पत्र-व्यवहार हिन्दी में ही करें, अन्यथा उत्तर न मिलेगा । ताजा मशवरा भी उन व्यापारियों को ही भेजेंगे, जिनकी फीस जमा है । **वायदा व्यापारी हरेक मास की ताजा रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए प्रत्येक मास १०१ रुपये भेजें, यह योजना इस अप्रैल १९९० से ही प्रारम्भ कर रहे हैं ।**

नोट—जो व्यापारी लाभ होने पर कोई पत्र नहीं देते व लाभांश नहीं भेजते, उन्हें आगे चांस नहीं भेजे जाते । वायदा व्यापारी प्रत्यक्ष मिलकर अधिक लाभ उठा सकते हैं ।

व्यापार विमर्श लेखक-इन्दु शेखर शर्मा शास्त्री, ज्योतिषाचार्य

पत्र-व्यवहार के लिए पता :—पं. इन्दु शेखर शर्मा शास्त्री, ज्योतिषाचार्य M.A.
(सुपुत्र पं० मुकुन्द बल्लभ जी ज्योतिषाचार्य)
मार्तण्ड ज्योतिष कार्यालय मु०-पो० कुराली (रोपड़), पंजाब ।

२० मार्च को वक्री गुरु मघा के चतुर्थ-चरण में आ रहा है, ...

पृष्ठ४६ का शेष —

इस विधि से अनेकों नवदम्पत्तियों ने सन्तान सुख इच्छानुकूल प्राप्त किया है । आवश्यक मुहूर्त्त के अन्तर्गत "गर्भाधान संस्कार का मुहूर्त" लगभग समस्त पञ्चांगों में उपलब्ध है; उसका विशेषतः ध्यान रखें । अवश्यमेव स्वेच्छा से सन्तान सुख प्राप्त होगा । आशा है, पाठकों को यह लेख पसन्द आयेगा और अपनी प्रतिक्रियायें भेजकर अनुगृहीत करेंगे । बुद्धिजीवी वर्ग से नम्र निवेदन है वे सहयोग दें ।

नोट—सारणी में संकेताक्षर निम्नवत् हैं—

A = पुत्री
B = पुत्र

"सारणी"

स्त्री की आयु	18	19	20	21	22	23	24	25	26	27	28	29	30	31	32
मास															
जनवरी	A	B	A	B	A	B	B	A	B	A	B	A	B	B	B
फरवरी	B	A	B	A	B	B	A	B	A	B	A	B	A	A	A
मार्च	A	B	A	A	B	A	B	B	B	A	B	A	A	B	B
अप्रैल	B	A	B	A	A	B	B	A	A	B	A	A	A	A	A
मई	B	A	B	A	B	B	A	A	A	A	A	B	A	A	A
जून	B	B	B	A	A	A	B	B	B	A	A	B	A	A	A
जुलाई	B	B	B	A	A	B	B	A	A	B	B	B	A	A	A
अगस्त	B	B	B	A	B	A	A	B	B	B	B	B	A	A	A
सितम्बर	B	B	B	A	A	B	A	B	A	B	B	B	A	A	A
अक्टूबर	B	B	A	A	A	B	A	B	A	B	B	A	A	A	A
नवम्बर	B	A	B	A	A	B	A	B	A	A	A	A	B	A	A
दिसम्बर	B	A	B	A	A	A	A	B	A	B	A	A	B	B	B

प्रस्तोता :—
पं० अशोक कुमार जातुकर्ण
(ज्योतिष बृहस्पति, हस्तरेखा विशेषज्ञ,
शास्त्री, रजत पदक विजेता)
मु. पो. गागोर
जिला—मुजफ्फरनगर
पिन—२४७७७८, उ०प्र०

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र साधना के लिए महत्त्वपूर्ण काल

(किन-किन दिनों में कब-कब यन्त्र-मन्त्र आदि सिद्ध करें)

जप एवं यन्त्र-मन्त्र आदि की साधना के लिए शास्त्रों द्वारा बारह सायन संक्रांतियों के पुण्यकाल तथा सूर्य-चन्द्र के क्रान्तिसाम्य (महापात) के काल को ठीक सूर्य-चन्द्र ग्रहण के समान ही महत्त्वपूर्ण माना गया है। संहिता और ज्योतिष ग्रन्थों में इस विषय में अनेक वचन उपलब्ध है। क्रान्तिसाम्य को तन्त्रादि की सिद्धि के लिए ऋषियों ने स्पष्ट रूप से फलप्रद माना है। आचार्य भास्कर ने भी 'सिद्धान्त शिरोमणि' में कहा है; कि—यदि क्रान्तिसाम्य के समय जप अनुष्ठानादि किया जाए तो उसकी वृद्धि होती है;—"पातस्थितिकालान्तर्गतमंगलकृत्यं न शस्यते तज्ज्ञैः। स्नान-जप-होम दानादिकमभीप्सित वृद्धिकृत्॥" यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रों की साधना में विशेष रुचि रखने वाले पाठकों के लिए हम नीचे १ जनवरी १९९१ ई. से ३ अप्रैल १९९२ ई. तक की बारह सायन संक्रांतियों के पुण्यकाल तथा क्रांतिसाम्य के प्रारम्भ और समाप्तिकाल (भा.स्टै.टा.) दे रहे हैं। इन कालों में यन्त्र-तन्त्रों के निर्माण से एवं मन्त्र जाप से वे अभीष्ट सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

सायन संक्रान्ति पुण्यकाल, क्रान्तिसाम्य और सूर्य-चन्द्र ग्रहण के अलावा यन्त्रादि साधनों के लिए अर्धोदय योग, महादेव योग, महावारुणी पर्व, वारुणी पर्व और षडशीतिमुख पुण्यकाल भी महत्त्वपूर्ण माने गये हैं। षडशीतिमुख पुण्यकाल प्रतिवर्ष चार बार घटित होता है, जबकि शेष अर्धोदय योग आदि कभी-कभी आते हैं। नीचे कोष्ठक में साधकों के लिए इन सभी का निर्देश किया गया है।

सावधान—यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रों के प्रयोग को प्रभावशाली रूप से सद्यः फलप्रद बनाने के लिए शास्त्रविहित काल से साधना कीजिए, अन्यथा आगमशास्त्र पर साधक ही निराधार अनास्था होने की पूर्ण आशंका है।

सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल (१ जन. ९१ से ३ अप्रै. ९२ तक)

प्रारम्भ तारीख	प्रारम्भ घं. मि.	समाप्त तारीख	समाप्त घं. मि.
२० जन.	१३/२९	२१ जन.	१/२९
१९ फर.	२/४१	१९ फर.	१४/४१
२१ मार्च	२/१७	२१ मार्च	१५/५
२० अप्रै.	१३/१५	२१ अप्रै.	२/३
२१ मई	१२/३४	२२ मई	१/२२
२१ जून	२०/२६	२२ जून	९/१४
२३ जुला.	७/१७	२३ जुला.	२०/५
२३ अग.	१४/२०	२४ अग.	३/८
२३ सित.	११/५२	२४ सित.	०/४०
२३ अक्तू.	२१/८	२४ अक्तू.	९/५६
२२ नव.	१८/४१	२३ नव.	९/२९
२२ दिस.	७/५८	२२ दिस.	२०/४६
सन् १९९२ ई.			
२० जन.	१८/३८	२१ जन.	७/२६
१९ फर.	८/४९	१९ फर.	२१/३७
२० मार्च	७/५३	२० मार्च	२०/४१

निरयण संक्रान्तियों के पुण्यकाल में भी यन्त्रादि साधना की जा सकती है, लेकिन सायन-संक्रान्तियों के पुण्यकाल इसके लिए अपेक्षाकृत अधिक महत्त्व रखते

क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ और समाप्तिकाल (भा. स्टै. टा.) (१ जन. ९१ से ३ अप्रै. ९२ तक)

प्रारम्भ तारीख	प्रारम्भ घं. मि.	समाप्त तारीख	समाप्त घं. मि.
१० जन.	११/५९	१० जन.	२०/२१
२४ ,,	३/२३	२४ ,,	८/४५
५ फर.	५/२५	५ फर.	१०/५९
१८ ,,	२०/६	१९ ,,	०/३२
३ मार्च	२२/३०	३ मार्च	२६/४६
१६ ,,	११/२३	१६ ,,	१५/२९
२९ ,,	१४/२१	२९ ,,	१८/२८
११ अप्रै.	१/३०	११ अप्रै.	६/०
२३ ,,	२/३८	२३ ,,	७/५०
६ मई	१४/३	६ मई	२०/४०
१८ ,,	१३/५४	१८ ,,	२३/४५
१ जून	३/२०	१ जून	१२/२२
१३ ,,	०/५५	१३ ,,	९/४५
२७ ,,	१६/५६	२७ ,,	२९/४६
७ जुला.	२३/४८	८ जुला.	१४/१२
२० ,,	५/१३	२० ,,	१२/५८
३ अग.	२/४९	३ अग.	८/१४
१५ ,,	०/३४	१५ ,,	५/३७
२८ ,,	१८/११	२८ ,,	२२/४९
९ सित.	११/२७	९ सित.	१५/३३
२३ ,,	१/२९	२३ ,,	५/५५
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

प्रारम्भ तारीख	प्रारम्भ घं. मि.	समाप्त तारीख	समाप्त घं. मि.
१८ ,,	१७/२४	१८ ,,	२१/३५
३१ अक्तू.	०/३५	३१ अक्तू.	५/२३
१३ नव.	२१/९	१३ नव.	७/५८
२५ ,,	१४/१९	२५ ,,	२१/५६
८ दिस	११/५१	९ दिस.	१/३४
१९ ,,	१०/५३	२० ,,	२/५०
सन् १९९२ ई.			
१ जन.	२/५३	१ जन.	१७/१६
१५ ,,	३/१९	१५ ,,	११/५७
२७ ,,	१७/५१	२६ ,,	०/११
१० फर.	१९/४४	९ फर.	१/१८
२१ ,,	१६/११	२१ ,,	२०/४८
६ मार्च	४/१६	६ मार्च	९/५
१८ ,,	४/३१	१८ ,,	८/२९
३१ ,,	१२/३७	३१ ,,	१७/३४

सूर्य और चन्द्रमा की राशियों के अनुसार जाना गया क्रान्तिसाम्य बहुत ही स्थूल होता है। यहाँ दिया गया क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ-समाप्ति काल महापात गणित से जाना गया है, जोकि प्रामाणिक है। यहाँ दिए गए क्रान्तिसाम्य के प्रारम्भ-समाप्ति कालों [illegible]

षडशीतिमुख संक्रान्ति पुण्यकाल (भा० स्टै० टा०)

प्रारम्भ तारीख	प्रारम्भ घं. मि.	समाप्त तारीख	समाप्त घं. मि.
सन् १९९१ ई.			
१० जन.	१७/२७	१० जन.	२३/२७
१० अप्रै.	७/१५	१० अप्रै.	१३/१४
४ जुला.	१०/८	४ जुला.	१६/८
१ अक्तू.	१६/३१	१ अक्तू.	२२/३१
सन् १९९२ ई.			
११ जन.	१/४४	११ जन.	७/४४

महोदय योग १९९२ ई.

प्रारम्भ तारीख	प्रारम्भ घं. मि.	समाप्त तारीख	समाप्त घं. मि.
३ फर.	१०/२४	४ फर.	०/३१

१० घ २४ मि. के बाद व्यतिपात योग भी आ जाता है अतः १० घ २४ मि. के बाद महोदय योग बनेगा क्योंकि इस दिन रविवार न होने से पूर्ण अर्धोदय नहीं बनता।

इस वर्ष वारुणी, महावारुणी पर्व नहीं बनते। माघ की अमा को श्रवण नक्षत्र है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

यन्त्र मन्त्र एवं तन्त्रों का चमत्कार

इस स्तम्भ के अन्तर्गत कुछ यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र गत कई वर्षों से देते आ रहे हैं। मन्त्रों को शुभ मुहूर्त में गुरु-मुख से प्राप्त करें एवं दृढ़ निश्चयी होकर जप अनुष्ठान आदि द्वारा सिद्धि प्राप्त करके यशोलाभ करें। ध्यान रहे—दीपमाला की रात्रि, क्रान्तिसाम्य काल, सायन निरयण सङ्क्रान्तिकाल में या ग्रहण के समय यन्त्रों को लिखकर मन्त्रों को जप पूर्वक सिद्ध करके अविलम्ब ही चमत्कार देख सकते हैं। यन्त्र-मन्त्रों के बल पर ही दैवज्ञ अपने दैवज्ञ में अक्षुण्ण यश को प्राप्त करता है—"सिद्धिर्भवति कर्मजा"

— सम्पादक।

(१) पति-पत्नी में कटुता को दूर करने का यन्त्र

निम्नांकित यन्त्र को भोजपत्रादि पर अष्टगन्धादि से दीपमाला की रात्रि में १०८ बार लिखें। स्त्री या पुरुष एक यन्त्र अपने पास रखे तो परस्पर प्रेम सम्बन्ध बना रहेगा। मांस-मदिरा आदि का सेवन छोड़ दें। अन्यथा सिद्धि न होगी। यन्त्र के नीचे जहां नाम लिखा है, वहां स्त्री या पुरुष (जिससे सम्बन्ध रखना चाहता है, उस व्यक्ति) का नाम लिखें।

	४	२	३	६
यन्त्र	व	न	६	ह
	ल	न	अ	अ

(२) सर्वविध ज्वरनाशक यन्त्र

इस यन्त्र को नागवल्ल के पत्र पर शुद्ध होकर विधिपूर्वक बन्धूर के कांटे या अनार की कलम से लिखकर भगवान् का स्मरण करते हुए खावे, ज्वर शान्त होगा।



(३) सिद्ध आकर्षण विधान

घर में स्त्री, पुरुष या बालक रूठ कर चला गया हो, या विदेशी घर आने का विचार न रखता हो तो निम्नलिखित विधान उस व्यक्ति को लौटाने में अमोघ प्रभावप्रद सिद्ध होता है। कुम्हार के घर से स्वयं जाकर एक नया पक्का घड़ा, जो कहीं से फटा टूटा न हो, ले आइये, और साथ ही एक कसोरा भी। स्मरण रहे, कि — उनमें कहीं भी काला दाग न हो। घड़े के ऊपर और कसोरे के बीच में निम्नलिखित 'नवार्ण मंत्र' का यन्त्र केसर से लिखिये, और साथ ही एक यन्त्र भोजपत्र पर लिखकर उसी घड़े में डाल दीजिये और तांबे के ४ पैसे भी, कम ज्यादा नहीं। कसोरे से ढककर घड़े को बाईं ओर घुमाइये और यह मंत्र पढ़िये—

"ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायैविच्चे" सातबार घुमाकर घड़े को एकान्त में रख दीजिये। ऐसे सात रोज करें। सात दिन में ही वहां से वह व्यक्ति चल पड़ेगा या अपना पता भेज देगा। इस आकर्षण विधान करने से पहले उपरोक्त मन्त्र को ब्रह्मचर्य पूर्वक सवालक्ष जप लेवें और यन्त्र को भी दिवाली की रात में लिखकर चलता कर लेवें, फिर देखें चमत्कार।

ऐं	ह्रीं	क्लीं
डा	मुं	चा
यै	वि	च्चे

(४) मृतवत्सा-दोष शान्ति के लिए अनुभूत प्रयोग

बच्चों का उत्पन्न होकर मर जाना मृतवत्सा दोष या अठरासादि कहलाता है। इसकी शान्ति के लिए अनुभूत विधान लिखते हैं — गर्भवती स्त्री किसी भी कृष्ण पक्ष की रात्रिव्यापनी अमावस्या को सात स्थानों (कूप, नदी, तालाब या नलों) का जल लेकर उसमें सात वृक्षों के हरे पत्ते डाल दे। तदनन्तर श्वेत सरसों को—

ओ३म् शूलेन पाहिनो देवि, पाहि खड्गेन चाम्बिके।
घण्टास्वनेन नः पाहि चापज्यानिः स्वनेन च।।
ओ३म् प्राच्यां रक्ष प्रतीच्यां च चण्डिके रक्ष दक्षिणे।
भ्रामणेनात्मशूलस्य उत्तरस्यां तथेश्वरि।।

इस मन्त्र को २१ बार अभिमन्त्रित करके उस जल में छोड़ देवे। फिर १ पग रात व्यतीत होने पर ग्राम के बाहर एकान्त स्थान में पति के साथ बदरी वृक्ष (बेरी) के नीचे जावें। उस बेरी को लाल मंगल-सूत्र (मौली परांदा) बांधे और फूल, चावल, रोली, गुड़ चढ़ावें। फिर केवल एक वस्त्र पहनकर उसके नीचे जड़ पर बैठकर वह अभिमन्त्रित सरसों वाला जल सिर में डालकर स्नान करें। फिर वह स्नान वाला वस्त्र वहीं छोड़ सूखे वस्त्र धारण करके बेरी को चिपट कर कहे कि "हे बहिन मेरे फल तुम ले लो अपने फल मुझे दे दो। ऐसा कहकर तीन बार बेरी से चिपटे और तीन बार ही बेरी से अलग हो जावें। प्रत्येक बार इसी तरह चिपटकर वही उपरोक्त शब्द कहे।

जब स्त्री बेरी को चिपट रही हो तब वहां उपस्थित पति को चाहिए कि उसके शरीर पर टार्च आदि से ऐसे प्रकाश डाले, कि जिससे बेरी पर उसकी (पत्नी की) छाया पड़ जावे पर बेरी की छाया उसके शरीर पर न पड़े।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

फिर घर आकर रातभर एकान्त में मौन रहे। प्रातः सूर्योदय के बाद ही बोले। उस रात गीले सिर किसी स्त्री व कन्या पर अपनी छाया न पड़ने देवे। तदनन्तर शुक्ल पक्ष के पहले रविवार को निम्नलिखित यन्त्र अनार की कलम से भोजपत्र पर अष्टगन्ध से लिखे। फिर तांबे के ताबीज में सिन्दूर नीचे रखकर ऊपर यंत्र रखे और उसके ऊपर शालिग्राम पर चढ़ी हुई तुलसी का पत्र चढ़ाकर ताबीज का मुह बन्द कर देवे। यह ताबीज कन्या कुमारी के द्वारा काते हुए लाल सूत्र से स्त्री की कमर में धूप देकर बांध दे। फिर ढाई सेर गेहूं के आटे में ढाई पाव मीठा डालकर २१ अपुए (पूआ) शुद्ध घृत से बना श्री माता दुर्गा के समर्पण करके बच्चों को खिला देवे। ऐसा करने से अठराहादि दोष दूर होकर सन्तान चिरजीवी रहेगी। बच्चे के जन्म के बाद यन्त्र को चलते जल में बहा देवे। अठराहे का यन्त्र यह है।

७	१२	१	१४
२	१३	८	११
१६	३	१०	५
९	६	१५	४

नोट : इस यन्त्र को पहले दीपमाला या ग्रहण में १०८ बार अष्टगन्ध से लिखकर सिद्ध कर लेवे।

(५) सन्तान रक्षा यन्त्र

बहुत से व्यक्ति सन्तान प्राप्त होने पर भी सन्तान के न रहने पर अत्यन्त दुःखी रहते हैं, निम्नांकित यन्त्र ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि में विधिपूर्वक लिखा जाने पर अपना प्रभाव दिखाता है।

२	१	०	१
६	३	२२	२२
४	६	८	१
७	६	३	२०

इस यन्त्र को बच्चा होने से पहिले माता के गले में धारण कराए। बच्चे के जन्म के बाद माता के गले से उतार धूप देकर बच्चे के बांधे। चिरायु होगा।

(६) शत्रु में भी मैत्री-भावना उत्पन्न करने के लिए अवधूत मन्त्र

जब शत्रु संकट का कारण बन जायं तो शनिवार के दिन विरोधी व्यक्ति के पैर के तले की मिट्टी, चौराहे की मिट्टी, जहां गधा लेटा हो वहां की मिट्टी लेकर नीचे लिखे मंत्र को २१ बार पढ़कर अभिमन्त्रित कर लें और उसी दिन यानी शनिवार को और अगले शनिवार को चुपके से विरोधी व्यक्ति के सिर में डाल दें। शत्रुता छोड़कर मित्र बन जायगा जो कहोगे वही करेगा। इस मंत्र का प्रभाव प्रत्यक्ष सिद्ध है। दीपावली की रात्रि को जाप करके सिद्ध कर लें।

ॐ नमो धोबी धोती सुरजी धुसी परमेश्वरी जहां लगाऊँ तहां लगे नहीं तो राजा रामचंद्र जी की आन।

(७) रूठे हुए व्यक्ति को अनुकूल करने के लिए मंत्र

जब घर का कोई व्यक्ति रुष्ट हो जाये और कहना न माने तो शुक्ल पक्ष के शनिवार से शुक्रवार तक कुछ चावल लेकर उस मंत्र का ग्यारह हजार जाप करो—शुक्रवार को उन चावलों की खीर बनाओ और उस खीर पर ११ बार मंत्र पढ़कर फूंक मारो फिर खिलाओ और चमत्कार देखो।

मन्त्र : ॐ नमः भगवते 'अमुकं' मे वशं कुरु स्वाहा।

(नोट — मन्त्र में जहां 'अमुक' शब्द का प्रयोग है, वहां जिस व्यक्ति को वश करना हो उसका नाम लें।)

(८) दुकान की बिक्री बढ़ाने का अवधूत यन्त्र

२१	८	२	७
६	६	२५	२९
२७	१२	८	१
६	५	२३	२६

विधि— शुक्ल पक्ष के रविवार को तुलसी के रस से चमेली की कलम से भोजपत्र पर लिखकर आसन के नीचे गाढ़ दो। दुकान की बिक्री बढ़ने लगेगी।

(९) धनदायक्षिणी का अवधूत मन्त्र

वान्तं बिन्दु समारूढ़ं महामायां हरिप्रियाम्।
रतिप्रिये ततः पंचाग्निजायां ततः प्रिये।।
नवाक्षरो महामन्त्रो व्रतं सिद्धिप्रदायकः।।

—गुप्तसाधन पटल

मन्त्र — ह्री ह्रीं श्री रतिप्रिये स्वाहा''।

यह नौ अक्षर का मन्त्र है। इस मन्त्र को जपने से साधक को शीघ्र सिद्धि प्राप्त होती है। इस देवी की आराधना से दारिद्रय दूर होकर रसायन और भूमिगत द्रव्य की प्राप्ति होती है।

कुछ तन्त्र एवं औषध-प्रयोग

तन्त्र विज्ञान का ही अंग है जोकि रहस्यमय एवं गुप्त है परन्तु इसके प्रयोग से तत्काल चमत्कार अनुभव किया गया है।

(१) कुंकुम, गोरोचन और सिंदूर तीनों को आंवले के रस में पीसकर तिलक करे तो जो देखे मोहित हो।

(२) **बांझ स्त्री के सन्तान**—बिना छेद का आधा सच्चा मोती, आधा जायफल, असली आधा मूंगा, इन तीनों का चूर्ण कर खरल कर इतने ही वजन की मात्रा बनाकर मासिक धर्म पश्चात् ३ दिन सेवन करने से गर्भ धारण होगा।

(३) **बालों का गिरना रोकना**—चाय की पत्तियां और त्रिफला समान भाग लेकर कूटकर यदि पाव भर है तो ½ सेर पानी में उबालो जब चार छटांक पानी रह जाय तो उतार कर ठंडा होने पर मल छानकर सिर पर मलो तो बाल गिरना बन्द हों।

मिरगी (अपस्मार) रोग का अनुभूत उपचार

बेलगिरी (बिल्व वृक्ष) के पन्द्रह पत्ते और काली मिर्च के पांच दाने लेकर बारीक पीस लें। तत्पश्चात् इसे १०० ग्राम ताजा पानी में घोल लें। इसमें थोड़ी सी देशी खांड मिला लें और रोगी को पिला दें। इसी प्रकार इतनी ही मात्रा सुबह शाम एक मास तक पिलावें। मिरगी रोग जीवन में कभी नहीं होगा। यह अनुभव है। हर तरह के दौरों के लिए यह दवा अत्युत्तम एवं सफल रही है। उपचार के समय खटाई, लाल मिर्च, तली हुई वस्तु, गुड़, चाय एवं अन्य गर्म वस्तुओं का सेवन बिल्कुल न करें। श्रावण एवं चैत्र में (प्रातः सायं) दोनों वक्त बिल्ववृक्ष के पत्तों का ऊपर लिखी विधि के अनुसार प्रयोग करने से तुरन्त लाभ अनुभव किया गया है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

विशेष लेख –

अशुद्ध वर्षमान के प्रयोग से भारतीय राशिचक्र का विचलन

प्रो. प्रियव्रत शर्मा, अभिजित् ५९/६, पंचकूला (हरियाणा)

[अब भी, जबकि भारत के लगभग ९५ प्रतिशत पञ्चांग संशोधित वेधसिद्ध (दृक्तुल्य) ग्रहगणित के अनुसार बनते हैं, बहुत से फलित ज्योतिषी वर्षफल आदि के निर्माण के लिए प्राचीन परम्परा से चले आ रहे सूर्य सिद्धान्तीय उस वर्षमान (सौर वर्षमान) को ही अपनाते चले आ रहे हैं जोकि वास्तविक दृक्तुल्य शुद्ध वर्षमान से लगभग ८½ पल अधिक है। इस अशुद्ध वर्षमान को हम पिछले लगभग १५०० वर्षों तक प्रयोग में लाते रहे हैं। इसे इतने दीर्घकाल तक प्रयोग में लाते रहने से क्रान्तिवृत्त (सूर्य के भ्रमणवृत्त) पर हमारी राशियों के प्रारम्भ बिन्दु किस प्रकार विचलित हो गए हैं–इसके स्पष्टीकरण के लिए यह लेख अत्यन्त सरल सुबोध शैली में श्रीमार्तण्ड पञ्चांग के पाठकों के लिए लिखा गया है। इससे पाठकों को कई ऐसी आश्चर्यजनक बातें हमारे राशिचक्र के बारे में ज्ञात होंगी, जिनसे वे आज तक अपरिचित रहे हैं।

अशुद्ध वर्षमान के प्रयोग से भारतीय राशिचक्र में पैदा हुए विचलन तथा उसे संशोधित करने एवं रोकने के लिए किए गए प्रयासों को ज्योतिष का साधारण ज्ञान रखने वाला पाठक भी आसानी से समझ सके–इस दृष्टि से यह लेख अध्यापन शैली में सरल व्याख्यात्मक माध्यम से लिखा गया है। दुरूह प्रतीत होने वाले विषय एवं स्थलों को दो-दो, तीन-तीन प्रकारों से पूरी तरह स्पष्ट एवं बुद्धिगम्य बनाने का पूरा प्रयास किया गया है, जिससे कुछ प्रबुद्ध पाठकों को यहां अनेकत्र पुनरुक्ति भी मिलेगी।

चित्रापक्षीय एवं रैवत-पक्षीय पञ्चांगों में क्या अन्तर है–यह भी पाठक को यह लेख पूरी तरह समझा देगा। मेरा विश्वास है–मेरे इस लेख को दत्तचित्त होकर पढ़ लेने के बाद ज्योतिष में रुचि रखने वाला कोई भी पाठक भारतीय पञ्चांगों की गणित में होने वाली विविधता एवं मतभेदों का मूल समझने की स्थिति में आ जाएगा। ऐसे पाठकों के लिए हम भविष्य में इस विषय से सम्बद्ध विवेचनात्मक और भी लेख पञ्चांग में देंगे।

--प्रियव्रत शर्मा]

ग्रहस्थिति एवं तत्सम्बद्ध सभी प्रकार की गणना पद्धति में संशोधन की परम्परा उतनी ही पुरानी है जितना कि सिद्धान्त ज्योतिष (Astronomy) का इतिहास। भारतीय ज्योतिष में उत्तरोत्तर संशोधन की प्रक्रिया हमें वैदिक ज्योतिष से लेकर अद्यतनीन ज्योतिष तक निरन्तर उपलब्ध होती है। हमारे प्राचीन सिद्धान्त ग्रन्थों में तिथ्यादि पञ्चांग, ग्रहस्थिति, ग्रहण आदि सभी ज्योतिः सम्बन्धी गणना प्रक्रियाओं का परम विकास जिस सिद्धान्त ग्रन्थ में मिलता है वह है "सूर्य सिद्धान्त"। यही कारण है–प्राचीन काल से ही भारतीय पञ्चांगकारों एवं लगभग सभी फलित-सिद्धांत के भारतीय ज्योतिषियों ने सभी प्रकार की ज्योतिष-गणना के लिए सूर्य सिद्धान्त के प्रतिपादन को ही सर्वाधिक प्रामाणिकता दी। सूर्य सिद्धान्त का निर्माण काल ईसा की लगभग चतुर्थ शताब्दी माना जाता है। सूर्य सिद्धान्त के निर्माण काल के अनन्तर भी अनेक प्रबुद्ध सिद्धान्तज्ञ विद्वान्, भारतीय ज्योतिष क्षेत्र में आए, जिन्होंने सूर्य सिद्धान्त के मूलांकों में होने वाली स्थूलता के निवारण के लिए पर्याप्त प्रयास किया। लेकिन लगभग १५ शताब्दियों (शक १८००) तक कोई ऐसी रचना भारतीय सिद्धान्त ज्योतिष के क्षेत्र में नहीं उतरी जो सूर्य सिद्धान्त के परम्परा प्राप्त प्रभाव को समाप्त कर सकती, जबकि इस कालावधि में कई महत्त्वपूर्ण कृतियां पञ्चांग संशोधन के लिए ज्योतिष जगत् में आईं, लेकिन वे भी सूर्य सिद्धान्त के प्रति भारतीय पंचांगकारों की दीर्घ परम्परा प्राप्त दृढ़ आस्था को शिथिल करने में बुरी तरह असमर्थ रहीं, क्योंकि सभी भारतीय ज्योतिषी इस ग्रन्थ को सूर्य भगवान की कृति समझ कर अत्यन्त आदरणीय समझते थे। लेकिन हमारी इसी २०वीं शताब्दी में लो.मा. तिलक, छत्रे, दफ्तरी, बा.शं. दीक्षित, गोविन्द सदाशिव आप्टे एवं वेंकटेश केतकर आदि अनेक ज्योतिष विद्वानों ने अपनी रचनाओं तथा अनेक ज्योतिष सम्मेलनों के आयोजनों द्वारा सभी भारतीय ज्योतिषियों तथा पञ्चांगकारों को ग्रहगणित के वेधसिद्ध मूलांकों तथा संस्कारों को स्वीकार करने के लिए बाधित किया। जिसके परिणामस्वरूप आज भारत के लगभग ९५ प्रतिशत पञ्चांग वेधानुसारी दृक्तुल्य ग्रहगणित के अनुसार बनने लगे हैं। अब इन दृक्तुल्य पञ्चांगों के आधार पर व्रतोत्सवों का निर्णय होता है। वेधागत संस्कारों से संस्कृत दृक्पक्षीय ग्रहस्थिति आदि को फलित ज्योतिष में भी फलादेश का आधार बना लिया गया है। फलित सम्बन्धी सभी गणित प्रक्रियाओं का मूल अब आकाश में प्रत्यक्ष दृश्य संशोधित यही ग्रहगणित है।

अब, जबकि फलित क्षेत्र में भी सूर्य सिद्धान्त, ब्रह्म सिद्धान्त आदि प्राचीन ग्रन्थों के अनुसार निर्णीत ग्रह भोगांश (स्पष्ट ग्रह) आदि के स्थान पर संशोधित ग्रह भोगांश आदि का ही प्रयोग होने लगा है, जन्म पत्र एवं वर्षफल के निर्माण के लिए दृक्तुल्य गणित वाले पञ्चांगों का ही आश्रय लिया जा रहा है तब सूर्य के भगण काल (सौर वर्ष मान) के लिए सूर्य सिद्धान्त को ही प्रामाणिक मानते जाना दैवज्ञों की भारी गलती होगी। बहुत से ऐसे फलित ज्योतिषी अब भी भारत में हैं जो वर्षफल आदि की गणित के लिए तो संशोधित ग्रह गणित वाले दृक्तुल्य पञ्चांगों को ही प्रयोग में लाते हैं लेकिन वर्ष फल निर्माण के लिए सूर्य सिद्धान्तीय "वर्ष प्रवेश सारणी" के प्रयोग की परम्परागत प्रवृत्ति से वे अभी तक मुक्त नहीं हुए हैं, क्योंकि उनकी यह भ्रान्त धारणा है कि वर्ष प्रवेश काल के साधन की ताजिकोक्त "गताः समाः पादयुताः....." प्रक्रिया का संशोधित ग्रहगणित से कोई सम्बन्ध नहीं है। उन्हें यह ज्ञात होना चाहिए कि वर्षफल जन्म-पत्र के निर्माण में सूर्य के संशोधित दृक्पक्षीय भोगांश (राश्यादि) लेना और वर्षमान (सौर-वर्षमान) के लिए सूर्यसिद्धान्त को प्रामाणिकता देना–ये दोनों परस्पर विरोधी हैं। सौर वर्ष मान सूर्य का भगणकाल (१२ राशियों में सूर्य जितने समय में घूम जाता है, वह काल) सूर्य सिद्धान्त के मत से ३६५ दिन १५ घड़ी ३१ पल ३० विपल जबकि वेधसिद्ध (आकाश में वेधयन्त्रों द्वारा जाना गया, वास्तविक भगणकाल ३६५ दिन १५ घ. २२ प. ५३ विप. है। किसी भी ग्रह के शुद्ध भोगांश ज्ञात करने के लिए ग्रहगणित की प्रक्रिया में उसके शुद्ध भगणकाल का ही प्रयोग होता है। अतः यह स्पष्ट है कि दृक्तुल्य पञ्चांगों में दिए गए सूर्य के भोगांशों को वर्षफलादि के लिए प्रयोग में लाने वाला दैवज्ञ यदि सूर्य के भगणकाल (सौर वर्ष मान) के लिए दृग् विरोधी सूर्य सिद्धान्त को प्रामाणिक मानता है तो यह उसका अबोध है, वह 'वदतो व्याघात' करता है। वह यदि दृक्तुल्य सौर वर्ष को प्रयोग में नहीं लाता है तो उसके द्वारा निर्मित वर्षफल "भानुमती का कुनबा" ही कहा जाएगा, उसकी गणित "इतोभ्रष्टस्ततो भ्रष्टः" ही होगी।

सूर्य सिद्धान्तीय तथा वेधसिद्ध वर्षमान में अन्तर

सूर्य अपने भ्रमणवृत्त (क्रान्तिवृत्त) में स्थित १२ राशियों (३६० अंशों) को पार करने में जितना समय लेता है– उस समय को ही सौर वर्ष कहा जाता है। दूसरे शब्दों में हम इस प्रकार भी कह सकते हैं कि क्रान्तिवृत्त के किसी भी बिन्दु (Point) से चलकर सूर्य जितने समय में पुनः उसी बिन्दु पर आ जाता है उस समयावधि को सौर वर्ष कहते हैं। सूर्य सिद्धान्तीय सौर वर्ष का मान ३६५ दि. १५ घ. ३१ प. ३० वि. और सौर वर्ष का वास्तविक मान ३६५ दि. २२ प. ५३ विप. है। इस प्रकार स्पष्ट है – सौर वर्ष के शुद्ध वास्तविक मान से सूर्य सिद्धान्तीय सौर वर्षमान लगभग ८½ पल अधिक है। इसका अर्थ यह हुआ कि सूर्य सिद्धान्त के अनुसार सूर्य क्रान्तिवृत्त का पूरा चक्र लगाने (पूरी १२ राशियां पार करने) में ३६५ दि. १५ घ. ३१ प. ३० वि. लेता है, जबकि सूर्य आदि ग्रहों की गतियों का सक्षमता से यथार्थ निर्णय करने वाले आधुनिक वैज्ञानिक यन्त्रों द्वारा उपलब्ध परिणाम बतलाते हैं कि सूर्य को क्रान्तिवृत्त का पूरा भ्रमण करने में लगने वाला वास्तविक काल सूर्य सिद्धान्तोक्त काल से लगभग ८½ पल

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कम है। प्राचीन काल में वेधयन्त्र इतना सूक्ष्म परिणाम नहीं दे सकते थे। काल ज्ञापक यन्त्र भी इतने सूक्ष्म परिणाम देने में समर्थ नहीं थे, जिससे सौर वर्ष के मान में इतनी सी स्थूलता रह जाना स्वाभाविक था।

हमारे प्राचीन अन्य भारतीय ज्योतिष ग्रन्थों में उपलब्ध सौर वर्ष के मानों में भी अनेकत्र विषमता है। उनका ऐतिहासिक क्रम से अध्ययन करने पर स्पष्ट हो जाता है कि हमारे पूर्वज इन नक्षत्रविदों ने उत्तरोत्तर सौर वर्ष मान को वास्तविक (हक्तुल्य) बनाने का भारी प्रयास किया है। हमें इन प्राचीन सिद्धान्त ग्रन्थों में अपेक्षाकृत शुद्ध सौर वर्ष मान सूर्य सिद्धान्त में ही मिलता है। सूर्य सिद्धान्त से पूर्व वर्त्ती ग्रन्थों में तो सौर वर्ष मान ८½ पल से भी अधिक अशुद्धि रखता है। इससे यह स्पष्ट है कि यह गणित सम्बन्धी भारतीय साहित्य में अन्य मूल तत्त्वों के साथ-साथ वर्षमान में भी उत्तरोत्तर संशोधन करने की प्रवृत्ति हमारे प्राचीन नक्षत्रविदों में स्पष्ट रूप से रही है। अतः यदि कोई सूर्य सिद्धान्त का पक्षपाती दैवज्ञ सूर्य सिद्धान्तीय वर्षमान में संशोधन का विरोध करता है तो स्पष्ट है वह हमारे भारतीय ज्योतिष के इतिहास में परम्परा प्राप्त संशोधन प्रवृत्ति से सर्वथा अनभिज्ञ है।

अशुद्ध वर्षमान के प्रयोग से भारतीय राशि चक्र पर क्या प्रभाव पड़ा, अब हम इसका विवेचन करेंगे–

सूर्य सिद्धान्तीय स्थूल वर्षमान् का प्रयोग हमारे पञ्चांगकार ईसा की चौथी शताब्दी से लेकर १९ वीं शताब्दी के लगभग अन्त तक (लगभग १,५०० वर्ष तक) करते रहे। आप्टे, केतकर आदि ज्योतिर्विदों ने १८०० शकाब्द में जब पञ्चाग गणित के संशोधन पर 'सर्वानन्दकरण', 'केतकी ग्रहगणित', 'ज्योतिर्गणित' आदि ग्रन्थों की रचना की तब सभी ग्रहों के भगणकालों के शुद्धमान के साथ सूर्य के भगणकाल (सौर वर्ष) के शुद्ध मान का प्रयोग कुछ पञ्चांगकारों ने प्रारम्भ किया। आज उनका अनुसरण करते हुए भारत के लगभग ९५ प्रतिशत पञ्चांगकार वेधसिद्ध वर्षमान का प्रयोग कर रहे हैं।

सौर वर्ष मान का संशोधन करने में हमारे पञ्चाग संशोधक ज्योतिर्विदों को जिस बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा वह था विचलित राशि चक्र का संशोधन। इस समस्या का विशकलन इस प्रकार है–

क्योंकि सूर्य सिद्धान्तीय वर्षमान वास्तविक वर्षमान से ८½ पल अधिक है इसलिए क्रान्तिवृत्त में स्थित मूल मेषारम्भ बिन्दु (मेषारम्भ के सूर्य सिद्धान्तकालीन बिन्दु) के साथ-साथ अन्य सभी राशियों के मूल (सूर्य सिद्धान्त निर्माण कालीन) प्रारम्भ बिन्दु भी प्रतिवर्ष ८½ विकला आगे-आगे (पश्चिम से पूर्व की ओर) खिसकते रहे। जिसका परिमाण यह हुआ कि सूर्य सिद्धान्त के निर्माण काल लगभग (चौथी शताब्दी) से शकाब्द १८०० तक के



लगभग १५०० वर्षों में सभी राशियों के प्रारम्भ बिन्दु उनके अपने-अपने मूल प्रारम्भ बिन्दुओं से लगभग १२७५० विकला (= ८½ × १५००) अर्थात् लगभग ३½ अंश आगे (पूर्व की ओर) खिसक गए। जिससे इस समय भारतीय ज्योतिष में इस्तेमाल किए जा रहे मेष आदि सभी राशियों के प्रारम्भ बिन्दु उनके मूल (सूर्य सिद्धान्त रचना कालीन) प्रारम्भ बिन्दुओं से भिन्न हैं।

सामान्य पाठक को उपरोक्त विवरण और भी स्पष्ट करने के लिए हम यहाँ क्रान्तिवृत्त का चित्र दे रहे हैं, इसे देखिए –

यह क्रान्तिवृत्त का चित्र है, जिसमें सूर्य अपनी लगभग एक अंश की दैनिक गति से पश्चिम से पूर्व की ओर चलते हुए मेषादि १२ राशियों का उपभोग करता है। मेष आदि १२ राशियां इसी वृत्त में हैं। इस वृत्त पर क, ख, ग आदि अक्षर जिन स्थानों पर लिखे गए हैं, मान लीजिए वे राशियों के मूल प्रारम्भ बिन्दु हैं। अर्थात् जब सूर्य सिद्धान्त का निर्माण हुआ तब (यानी ईसा की लगभग चौथी शताब्दी में, मेष आदि राशियां क्रान्तिवृत्त में क्रमशः क, ख, ग आदि बिन्दुओं (Points) से प्रारम्भ होती थीं। मेष के मूल प्रारम्भ बिन्दु को सूर्य सिद्धान्त में पौष्णान्त बिन्दु (अर्थात् रेवती का अन्तिम बिन्दु) भी कहा गया है। इस बिन्दु पर रेवती नक्षत्र पुंज का अन्तिम तारा, जिसको पाश्चात्य नक्षत्रविदों ने "जीटा पिशियम" कहा है, स्थित है। इस तारे को हम रेवत्यन्त तारा कहते हैं। यह तारा भी अन्य तारों की भांति अपने स्थान पर स्थिर है।

क्योंकि वेधसिद्ध वास्तविक वर्षमान (सौर वर्ष मान) से सूर्य सिद्धान्तीय वर्षमान ८½ पल अधिक है, अतः स्पष्ट है सूर्य सिद्धान्तीय वर्षमान में सूर्य ३६० अंश से लगभग ८½ विकला अधिक चलता है। प्रकारान्तर से इसे ऐसे समझिए कि वास्तविक वर्षमान ३६५ दि. १५ घ. २२ प. ५३ विप. है अर्थात् सूर्य को ३६० अंश चलने में लगने वाला वास्तविक काल यही है। अतः इस वास्तविक वर्षमान से ८½ पल अधिक वाले सूर्य सिद्धान्तीय वर्षमान के काल में सूर्य ३६० अंश से ८½ विकला अधिक चलेगा ही, क्योंकि ८½ पलों में सूर्य लगभग ८½ विकला चलता है। इस चित्र में क्रान्तिवृत्त पर अंकित 'क' वह बिन्दु है जिसे सूर्य सिद्धान्त के निर्माण के समय (लगभग ४०० ई. में) मेष का प्रारम्भ बिन्दु माना गया। अतः उस समय सूर्य के इस बिन्दु पर आने पर मेष संक्रान्ति मानी गई। लेकिन उसके बाद सूर्य सिद्धान्तीय वर्षमान के अनुसार ही प्रतिवर्ष मेष संक्रांति काल का निर्णय करने पर मेष संक्रान्ति स्थान (क्रान्तिवृत्त का वह बिन्दु जहां सूर्य के पहुँचने पर मेष संक्रान्ति मानी जाती है अर्थात् मेषारम्भ बिन्दु) इस 'क' बिन्दु से हर वर्ष ८½ विकला उत्तरोत्तर आगे-आगे (पूर्व की ओर) बढ़ना शुरू हो गया। इस प्रकार सूर्य सिद्धान्त के निर्माण काल (चतुर्थ शताब्दी) से सन् १९०० ई. तक लगभग १५०० सौर वर्षों में सूर्य सिद्धान्तीय स्थूल वर्षमान के अनुसार ही संक्रान्ति काल का निर्णय करते रहने से मेष संक्रान्ति का स्थान (मेषारम्भ बिन्दु) अपने मूल स्थान से १२७५० वि. (८½ × १५०० = १२७५०) यानी लगभग ३½ अंश पूर्व की ओर क्रान्तिवृत में खिसक गया, हम इस पूर्वोक्त विषय को अन्य प्रकार से भी विशकलित करते हैं ताकि और भी स्पष्ट हो जाए–

चित्र देखिए–ई. सन् ४०० में (सूर्य सिद्धान्त का जब प्रयोग प्रारम्भ हुआ तब) 'क' बिन्दु पर सूर्य की स्थिति होने पर मेष संक्रान्ति (सूर्य की मेष के प्रारम्भ बिन्दु पर स्थिति) मानी गई। इसके अनन्तर सूर्य सिद्धान्तीय सौरवर्षमान (३६५ दिन १५ घ. ३१ प. ३० विप.) के बराबर समय बीत जाने पर जब ई. सन्. ४०१ में मेष संक्रान्ति सूर्य सिद्धान्तीय पंचांगों में लिखी गई तब सूर्य 'क' बिन्दु पर नहीं अपितु वह वास्तव में उससे ('क' बिन्दु से) ८½ विकला आगे (पूर्व की ओर) था (अर्थात् तब मेषारम्भ बिन्दु 'क' नहीं, अपितु वह 'क' से ८½ विकला आगे खिसक गया)। इसी प्रकार ई. सन् ४०२ में सूर्य सिद्धान्तीय सौर वर्ष मानानुसार जो मेष संक्रान्ति काल जाना गया, उस समय-सूर्य 'क' बिन्दु से १७ विकला (८½ × २ = १७) आगे चला गया, अर्थात् तब (दो वर्ष बाद) मेषारम्भ बिन्दु 'क' बिन्दु से १७ कला आगे खिसक गया। इसी प्रकार प्रतिवर्ष सूर्य सिद्धान्तीय वर्षमान के अनुसार निर्धारित किए गए मेष संक्रान्ति के समय सूर्य की स्थिति 'क' बिन्दु (मेष राशि के मूल प्रारम्भ बिन्दु) से प्रतिवर्ष उत्तरोत्तर ८½ विकला आगे-आगे (पूर्व की ओर) क्रान्तिवृत्त में खिसकती गई और ४०० ई. से १९०० ई. तक इस स्थूल वर्षमान का प्रयोग करते रहने से क्रान्तिवृत्त में मेष संक्रान्ति का स्थान (मेषारम्भ बिन्दु) 'क' बिन्दु (मेष के मूल प्रारम्भ बिन्दु) से १२७५० विकला (८½ × १५०० = १२७५०) यानी लगभग ३½ अंश आगे (पूर्व की ओर) खिसक गया। इस प्रकार स्पष्ट है कि ई. सन् १९०० में सूर्य सिद्धान्तानुसार। मेष संक्रान्ति के समय सूर्य

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बिन्दु ४०० ई. के मेष सक्रान्ति बिन्दु (सूर्य सिद्धान्त निर्माण क्रान्तिवृत्त में जहाँ स्थित था क्रान्तिवृत्त का वह कालीन मेषारम्भ बिन्दु) से लगभग ३ ½ अंश पूर्व की ओर खिसक गया था। दूसरे शब्दों में हम ऐसा कहेंगे कि सूर्य सिद्धान्त के इस स्थूल वर्षमान के प्रयोग से हमारे राशिचक्र का प्रारम्भ बिन्दु (मेषारम्भ बिन्दु) १९०० ई. तक अपने मूल स्थल से हटकर ३ ½ अंश आगे हो गया। क्योंकि मेषारम्भ बिन्दु ३ ½ अंश आगे खिसक गया, अतः यह अनुकूल ही है कि शेष वृष आदि अन्य सभी राशियों के प्रारम्भ बिन्दु भी साढ़े तीन-साढ़े तीन अंश आगे खिसक गए, क्योंकि मेषारम्भ बिन्दु से ही प्रारम्भ करके क्रान्तिवृत्त में ३०-३० अंशों के अन्तर पर शेष सभी राशियों के प्रारम्भ बिन्दु माने जाते हैं।

अब यहाँ दिया गया चित्र पुनः देखिए -- इस चित्र में क्रान्तिवृत्त पर 'क', 'ख' आदि बिन्दु मेष आदि राशियों के मूल प्रारम्भ बिन्दु हैं। और १, २, ३ आदि अंकों वाले बिन्दु क्रान्तिवृत्त में क्रमशः उन स्थलों को बतलाते हैं, जहाँ सन् १९०० ई. तक मेष आदि राशियों के प्रारम्भ बिन्दु खिसक कर पहुँच गए अर्थात् चित्र में १ अंक १९०० ई० वाला मेष का प्रारम्भ बिन्दु है जो अपने मूल प्रारम्भ बिन्दु 'क' से लगभग ३ ½ अंश आगे है। इसी प्रकार-२ आदि अंक भी १९०० ई. वाले वृष आदि राशियों के प्रारम्भ बिन्दु हैं जो अपने-अपने ख, ग आदि मूल प्रारम्भ बिन्दुओं से ३ ½ अंश आगे चित्र में खिसके हुए अंकित किए गए हैं।

यहाँ यह भी स्पष्ट ही है कि अश्विनी आदि २७ नक्षत्रों के प्रारम्भ बिन्दु भी अशुद्ध वर्षमान के प्रयोग के कारण अपने-अपने मूल (सूर्य सिद्धान्त निर्माण कालीन) प्रारम्भ बिन्दुओं से राशियों के प्रारम्भ बिन्दुओं की ही भाँति साढ़े तीन-साढ़े तीन अंश आगे-आगे खिसक गए हैं, क्योंकि अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि का प्रारम्भ बिन्दु एक ही माना जाता है।

उपरोक्त विवरण से पाठक समझ गए होंगे कि सूर्य सिद्धान्त में 'पौष्णान्त' नाम से वर्णित क्रान्तिवृत्तस्थ वह बिन्दु जहाँ ''रेवत्यन्त तारा' स्थित है, जिसे सूर्य सिद्धान्तकार ने राशि चक्र का मूल प्रारम्भ बिन्दु माना था, सन् १९०० ई. में हमारे राशिचक्र का प्रारम्भ बिन्दु नहीं रहा, अपितु वह हमारे मेषारम्भ बिन्दु से ३ ½ अंश पश्चिम की ओर रह गया। सूर्य सिद्धान्त निर्माण काल में ''रेवत्यन्त तारा'' रेवती नक्षत्र की समाप्ति एवं अश्विनी नक्षत्र और मेष राशि का प्रारम्भ बिन्दु था। अब वह ऐसा (अश्विनी और मेष का प्रारम्भ बिन्दु) नहीं रहा।

सन् १९०० ई. के लगभग लोकमान्य तिलक, छत्रे दफ्तरी, आप्टे, केतकर आदि ज्योतिर्विदों ने वर्षमान की इस अशुद्धि से उत्पन्न राशिचक्र के इस विचलन की ओर भारतीय ज्योतिषियों, पञ्चांगकारों का ध्यान आकृष्ट किया और इसका समाधान करने के लिए ये दो सुझाव रखे--

(१) पहिला सुझाव था कि राशियों के विचलित प्रारम्भ बिन्दुओं को पुनः उनके मूल प्रारम्भ बिन्दुओं पर लौटा कर ले जाया जाए (अर्थात् रेवत्यन्त तारे को ही राशिचक्र का प्रारम्भ बिन्दु बनाया जाए) और इसके साथ ही सौर वर्ष के वास्तविक मान को ही स्वीकार किया जाए ताकि भविष्य में फिर राशिचक्र विचलित न हो सके।

(२) दूसरा सुझाव यह था कि शक सं. १८०० के प्रारम्भ में राशियों के प्रारम्भ बिन्दु जहाँ पर थे (अर्थात् वर्षमान की अशुद्धि के कारण खिसककर जिन-जिन बिन्दुओं पर क्रान्तिवृत्त में वे स्थित थे) उन्हें यथावत् ही स्वीकार कर लिया जाए, उन्हें लौटा कर पुनः उनके मूल प्रारम्भ बिन्दुओं पर न ले जाया जाए और इसके साथ ही सौर वर्ष का वास्तविक मान स्वीकार किया जाए, ताकि भविष्य में राशियों के प्रारम्भ बिन्दु और न खिसकने पाएं। इस सुझाव के अनुसार चित्र में निर्दिष्ट १, २, ३ आदि बिन्दुओं को ही क्रमशः मेष आदि राशियों के प्रारम्भ बिन्दु हमेशा के लिए स्वीकार करने का परामर्श था।

पहिला सुझाव मुख्यतः लो. मा. तिलक की ओर से था। इनका अभिप्राय था कि ''जब हम संशोधन करने ही लगे हैं तब जो त्रुटि आज तक हो चुकी है उसका पूरी तरह मार्जन कर देना ही ठीक है। अतः 'रेवत्यन्त तारा' को ही मेषारम्भ बिन्दु मानकर पञ्चांग का निर्माण किया जाए, तदनुसार ही सूर्य संक्रांतियों का निर्णय किया जाए'' तिलक का यह सुझाव यद्यपि शत-प्रतिशत यथार्थ और पूर्णतया तर्क संगत था, लेकिन इसे कार्यान्वित करना आसान नहीं था। इसे कार्यान्वित करने के लिए सभी सौर संक्रान्तियों के दिनों को तीन या चार दिन पीछे (पहिले) करना पड़ता, जोकि व्यवहारानुकूल नहीं था। स्पष्टता के लिए यूं समझिए -- शक १८०० में मेष संक्रान्ति सूर्य सिद्धान्तानुसार लगभग १३ अप्रैल को घटित होती थी। इस संक्रान्ति को तिलक के इस सुझाव के अनुसार अपने मूल प्रारम्भ बिन्दु के अनुसार बनाने के लिए लगभग ९ अप्रैल पर ले जाना पड़ता, क्योंकि सूर्य की स्थिति लगभग इसी तारीख को मेष के मूलारम्भ बिन्दु पर थी। इसी प्रकार शेष सभी संक्रान्तियों के दिन भी तिलक के सुझाव के अनुसार तीन-तीन या चार-चार दिन पहिले खिसकाने पड़ते। इस तरह के संशोधन को कुछ विद्वान् ज्योतिषी या पञ्चांगकार भले ही स्वीकार कर लेते, लेकिन साधारण जनता पञ्चांग के इन (संक्रान्ति जैसे) महत्त्वपूर्ण तत्त्व में इस प्रकार के परिवर्तन को स्वीकार करने के लिए उद्यत नहीं होती, क्योंकि ऐसा करने से स्पष्ट सूर्य के भोगांशों में सर्वत्र लगभग ३ ½ अंश जोड़ने पड़ते, जिससे सहसा स्पष्ट सूर्य में ३ ½ अंश का अन्तर लोगों को सह्य नहीं होता, अपितु सौर मासों का प्रारम्भ परम्परागत तारीखों से तीन-तीन या चार-चार दिन पहिले हो जाता और जिस दिन परम्परानुसार पहिला सौर प्रविष्टा (गते) होना चाहिए था उस दिन लगभग चौथा प्रविष्टा हो जाता ....इत्यादि ऐसी अनेक बातें हमारे पंचांगों में सहसा उत्पन्न हो जातीं जिन्हें साधारण जन द्वारा स्वीकार्य बना सकना अत्यन्त कठिन था। यह तो पाठक जानते ही हैं कि सौर मास तथा प्रविष्टों (देशी तारीखों) का सम्बन्ध सर्वसाधारण से है और तिलक के सुझाव को लागू करने से सर्वसाधारण में भारी विक्षोभ होता। यही कारण था जिससे तिलक के इस सुझाव को अन्य संशोधन पक्षपाती ज्योतिर्विदों ने व्यवहार प्रतिकूल मानकर स्वीकार नहीं किया। उन्होंने दूसरे सुझाव का ही समर्थन किया। इन विद्वानों ने यही निर्णय लिया कि शक १८०० के प्रारम्भ में राशियों के प्रारम्भ बिन्दु क्रान्तिवृत्त पर जहाँ पर हैं, उन्हें वहीं पर अन्तिम रूप से स्वीकार कर लिया जाए क्योंकि उन्हें उनके मूल प्रारम्भ बिन्दुओं पर लगभग ३ ½ अंश पीछे लौटाकर ले जाना व्यवहारानुकूल नहीं है। भविष्य में राशियों के प्रारम्भ बिन्दुओं में और विचलन न हो सके इसके लिए वेधसिद्ध सौर वर्षमान का ही प्रयोग किया जाए, यह अनिवार्य प्रतिबन्ध तो दूसरे सुझाव में भी था।

इस दूसरे सुझाव के अनुसार बनने वाले पञ्चांगों और प्रचलित सूर्य सिद्धान्तीय पञ्चांगों की सूर्य संक्रान्तियों के दिनों में कोई अन्तर न होने से परम्परानुकूल होने के कारण यह दूसरा सुझाव ही भारतीय पंचांगकारों को अपने पक्ष में खींच लाया। यही कारण है आज कल संशोधित गणित के अनुयायी लगभग शत-प्रतिशत पंचांग इस दूसरे सुझाव का ही अनुसरण करते हैं। (चित्र देखिए) इस सुझाव के अनुसार अब सदा के लिए १, २, ३ आदि बिन्दु ही क्रमशः मेष आदि राशियों के प्रारम्भ बिन्दु रहेंगे क्योंकि शुद्ध वर्षमान को प्रयोग में लाने से अब इनका और विचलन रुक गया है। अब इस पक्ष के अनुयायी पंचांगों में हमेशा १, २, ३ आदि बिन्दुओं पर सूर्य की स्थिति होने पर क्रमशः मेषादि संक्रान्तियां मानी जाती हैं। अतः अब भविष्य में हमेशा मेषादि राशियों के ये १, २, ३ आदि प्रारम्भ बिन्दु अपने-अपने मूल प्रारम्भ बिन्दुओं से ३ ½ अंश के अन्तर पर ही रहेंगे। इनका परस्पर यह अन्तर अब स्थिर रहेगा। हम इसे प्रकारान्तर से इस प्रकार भी कह सकते हैं कि दूसरे सुझाव के अनुयायी पंचांगों में हमारे राशिचक्र का प्रारम्भ बिन्दु (मेषारम्भ बिन्दु) अब हमेशा के लिए 'रेवत्यन्त तारा' से ३ ½ अंश आगे (पूर्व की ओर) ही रहेगा।

इस दूसरे सुझाव के अनुयायी पंचांगों को चित्रा पक्षीय पंचांग'' कहा जाता है क्योंकि इन पंचांगों में जिस क्रान्ति वृत्तीय बिन्दु को मेषारम्भ बिन्दु माना गया है (चित्र में १ अंक वाला बिन्दु) वह 'चित्रा' नामक तारे से १८० अंश पर स्थित है। अर्थात् इन पंचांगों में स्वीकृत मेषारम्भ बिन्दु के अनुसार चित्रा तारा तुला के ठीक प्रारम्भ बिन्दु पर है। (देखिए चित्र)।

वेंकटेश केतकर चित्रापक्ष के प्रमुख समर्थक ज्योतिर्विद थे, जिन्होंने चित्रापक्ष के अनुसार पंचांग निर्माण के लिए केतकी ग्रहगणित एवं ज्योतिर्गणित आदि महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों की रचना की।

यद्यपि लो. मा. तिलक वाले पहिले सुझाव को भारी बहुमत वाले इन चित्रापक्षीय पंचांगकारों एवं ज्योतिर्विदों ने ठुकरा दिया, फिर भी तिलक निराश नहीं हुए। उन्होंने भी दफ्तरी, पटवर्धन आदि ज्योतिर्विदों की सहायता से अपने मत का प्रचार किया, लेकिन चित्रापक्ष तीव्रगति से प्रचलित होने लगा। तिलक ने अपने मतानुसार पंचांग प्रकाशित करने के लिए कई पंचांगकारों को प्रेरित किया। इस पक्ष के पंचांग परिगणित ही हैं। जो महाराष्ट्र में ही प्रचलित हैं। इस पक्ष का प्रमुख पंचांग ''तिलक पंचांग'' है। तिलक के इस पक्ष को ''रैवत पक्ष'' कहा जाता है, क्योंकि तिलक के सुझाव के अनुसार इन पंचांगों में रेवत्यन्त तारे को ही मेषारम्भ बिन्दु (राशि चक्रारम्भ बिन्दु) माना गया है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जैसा कि हम पहिले भी बतला चुके हैं, तिलक के इस मत (रैवत पक्ष) के अनुसार सूर्य संक्रान्तियां परम्परागत (सूर्य सिद्धान्तीय) सूर्य संक्रान्तियों से लगभग ४ दिन पहिले ही घटित होती हैं। तदनुसार रैवतपक्षीय तिलक पंचांग में भी ठीक यही स्थिति है। इस पंचांग में सभी संक्रान्तियां अपने परम्परागत (सूर्य सिद्धान्तीय) दिनों (तारीखों) से ३-४ दिन पहिले ही लिखी रहती हैं क्योंकि चित्रापक्षीय पंचांगों की संक्रान्तियों की तारीखें आजकल अपनी परम्परागत तारीखों के आसन्न ही घटित होती हैं अतः रैवतपक्षीय पंचांगों में निर्दिष्ट संक्रान्तियों की तारीखों से ये ३-४ दिन बाद ही रहती हैं।

चित्रापक्षीय और रैवतपक्षीय पंचांगों की संक्रान्ति तिथियों में अन्तर होने के कारण कई बार अधिक मास क्षयमास के बारे में भी इन दोनों पक्षों के पंचांगों मे मतभेद उत्पन्न हो जाता है, क्योंकि अधिक मास और क्षय मास के निर्णय का आधार सूर्य संक्रान्तियां ही हैं।

ध्यान रहे रैवतपक्षीय पंचांग बहुत ही कम हैं, जोकि अंगुलियों पर गिने जा सकते हैं, इन पंचांगों का क्षेत्र महाराष्ट्र ही है, जबकि चित्रापक्षीय पंचांगो की संख्या भारत में दो सौ से भी अधिक है और ये भारत के प्रत्येक प्रान्त में प्रचलित हैं। भारत सरकार द्वारा बनाई Calendar Reform committee ने भी चित्रापक्ष को ही मान्यता दी। भारत सरकार द्वारा १३ भारतीय भाषाओं में प्रकाशित किए जाने वाले "राष्ट्रीय पंचांग" भी चित्रापक्षीय हैं।

यह विवेचन अभी हम यहीं छोड़ते हैं। हमारा विश्वास है – इस विवेचन को ध्यान मे पढ़ लेने के बाद पाठक इस स्थिति में आ जाएगा कि वह चित्रापक्षीय एवं रैवतपक्षीय अयनांशों एवं सायन तथा निरयण गणना पद्धतियों में अन्तर तथा इनके रहस्य को भी पूरी तरह समझ सकेगा। हम आगामी वर्षों के पंचांगों में भी इस प्रकार के सैद्धान्तिक विवेचन सरल शैली में उपस्थित करते रहेंगे। इस विषय के पाठक को चाहिए कि वह इस लेख के विषय को मननपूर्वक आत्मसात् कर ले क्योंकि अगले वर्ष के पंचांगों में जो हम इस विषय की श्रृंखला के लेख देंगे, वे सभी इस लेख के सन्दर्भ में होंगे। दूसरे शब्दों में यूँ समझिए कि वे लेख इस लेख के पूरक होंगे।

इस लेख के सम्बद्ध अपनी शंकाएं एवं अस्पष्टताएं मुझे "अभिजित् ५९/६ पंचकूला (हरियाणा)" वाले मेरे पते पर भेजिए। उनके अपाकरण का प्रयास करूंगा।

अथ अनावृष्टिशान्तिप्रयोग

गंगा, यमुना आदि महानदी को छोड़ के अन्य किसी नदी के तट पर वा तालाब या वन वा शिव के मन्दिर में जाकर वहां मेघों का आवाहन करें। कमल के आकार का अष्टदल का यंत्र बना के उसमें पर्जन्य सहित सातों मेघों को स्थापन करके कनेर के पीले लाल तथा श्वेत पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य आदि से पूजा करें। (मेघों के नाम और आवाहन मंत्र) ॐ ह्रीं मेघदूताय नमः आगच्छ २ स्वाहा ।।१।। ॐ ह्रीं मेघदूती कमलोद्भवाय नमः आगच्छ २ स्वाहा ।।२।। ॐ ह्रीं महानीलराजाय हिमवद्वासिने मेघराजाय आगच्छ २ स्वाहा ।।३।। ॐ ह्रीं नन्दकेश्वराय जठरनिवासिने मेघराजाय आगच्छ २ स्वाहा ।।४।। ॐ ह्रीं सिंहराजाय कैलाशनिवासिने मेघराजाय आगच्छ २ स्वाहा ।।५।। ॐ ह्रीं कुम्भराजाय वामश्रृङ्गमेरुनिवासाय मेघराजाय आगच्छ २ स्वाहा ।।६।। ॐ ह्रीं नन्दराजाय दक्षिणश्रृङ्गमेरु-निवासाय मेघराजाय आगच्छ २ स्वाहा ।।७।। फिर नाभि मात्र जल में खड़ा होवे ऊपर लिखे मन्त्र को १०००-१००० जपे पश्चात् गुगल, श्वेत चन्दन, अगर, कनेर के पुष्प और बहुत-सी शहद तथा घृत की १०८-१०८ आहुति प्रत्येक मन्त्र से दे तो निश्चय ही वर्षा होवे ।। अतिवृष्टि शान्ति प्रयोग। "ॐ नमो हनुमन्तबीर अंजनी पवन देवता की आण जहू ऐसी मेघ मण्डली वर्षसी इत उत फूट सत खण्ड जावसी।" अति वर्षा के समय इस मंत्र का ७-७ बार जाप करके तीन बार ताली बजाकर आकाश की मुख करके फूंक मारने से अतिवर्षा करते हुए मेघ भी तत्काल फट जावे। इसी मन्त्र को जपता हुआ वर्षते हुए पानी को झाड़ू से दूर करके उस झाड़ू को सीधा खड़ा कर दे तो वर्षा बन्द हो जावे। मन्त्र को पहले दीपमाला में जपकर सिद्ध करले ।।

मास प्रवेश का यथार्थ काल

(वर्ष फलोपयोगी लेख)

लेखक – प्रियव्रत शर्मा

जिस प्रकार जातक की आयु के प्रत्येक वर्ष के आरम्भ (प्रवेश) का समय वार्षिक फलादेश के लिए जानना आवश्यक है उसी प्रकार उसकी आयु के प्रत्येक मास के आरम्भ (प्रवेश) का समय भी मासिक फलादेश के लिए आवश्यक है, क्योंकि फलित-ग्रन्थों (विशेष कर ताज़िक ग्रन्थों) में मास प्रवेश कालीन लग्न कुण्डली के आधार पर मासिक फलादेश लिखा मिलता है।

जातक के जन्म कालिक मध्यम सूर्य की अंश, कला, विकलाओं के समान जब-जब मध्यम सूर्य की अंश, कला, विकलाएं होंगी तब-तब जातक की आयु का मासारम्भ (मास प्रवेश) हुआ करता है। इसके लिए हमें जन्म कालिक मध्यम सूर्य और प्रत्येक राशि में उसके तुल्य अंश, कला, विकलाओं पर पहुंचने का दिन (तारीख) व काल जानने के लिए किसी प्रकार के गणित की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि हम यह जानते हैं कि मध्यम सूर्य को एक राशि पार करने में हमेशा ३० दिन १० घण्टे ३१ मिनट लगते हैं। इससे स्पष्ट है कि जातक के जन्म के बाद प्रत्येक "३० दि. १० घं. ३१ मि." के अन्तराल पर मध्यम सूर्य की वहीं अंश, कला, विकलाएं होंगी जोकि उसके जन्म के समय थीं। अतः जातक के जन्म की तारीख व काल (घं.मि.) अथवा उसके वर्ष प्रवेश की तारीख व काल में ३० दि. १० घं. ३१ मि., ६० दिन. २१ घं. २ मि., ९१ दि. ७ घं. ३२ मि. .... आदि क्रमशः जोड़ने पर जातक के उस वर्ष में क्रमशः द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ आदि मासों के प्रवेश की तारीख व काल ज्ञात हो जाएगा। ध्यान रहे जातक की आयु के प्रथम वर्ष का प्रथम मास जातक के जन्म की तारीख व काल से तथा उसकी आयु के शेष प्रत्येक वर्ष का प्रथम मास उस वर्ष के प्रवेश की तारीख व काल से ही प्रारम्भ हुआ करता है।

जैसा कि ऊपर अभी हमने बतलाया कि जातक की जन्म तारीख व काल और वर्ष प्रवेश की तारीख व काल में मध्यम सूर्य के एक राशि भोग काल (३० दिन १० घं. ३१ मि.) को उत्तरोत्तर जोड़ते रहने से जातक की आयु के प्रत्येक मास के प्रवेश की तारीख व काल ज्ञात हो जाता है। लेकिन ऐसे सतत जोड़ की इस क्रिया से दिनों की संख्या आगे-आगे इतनी हो जाएगी कि उससे हमें मास प्रवेश का मास (जन. फर. आदि) एवं उसकी तारीख का निर्णय करने में काफी परेशानी होगी। अतः हमने इस प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए यहाँ आगे तीन कोष्ठक [कोष्ठक (१), कोष्ठक (२) कोष्टक (३)] दिए हैं जिनकी सहायता से मास प्रवेश की तारीख व काल (भा.स्टैं.टा.) का ज्ञान सरलता से ज्ञात हो जाएगा। इन कोष्ठकों के प्रयोग की सोदाहरण विधि नीचे दी जा रही है–

कोष्ठकों के प्रयोग की विधि बतलाने से पूर्व कुछेक परिभाषिक शब्द यहाँ स्पष्ट कर दें–

जातक की आयु के जिस वर्ष में मास प्रवेश का काल आदि जानना चाहते हैं उस वर्ष को हम यहाँ "अभीष्ट वर्ष" और जिस मास (प्रथम मास, द्वितीय मास....) के प्रवेश काल आदि जानना चाहते हैं उसे हम यहाँ "अभीष्ट मास" कहेंगे।

इन कोष्ठकों से मास प्रवेश काल जानने के लिए अभीष्ट वर्ष के प्रवेश का काल (भा.स्टैं.टा.) व तारीख ज्ञात होनी चाहिए। अभीष्ट वर्ष का प्रवेश जिस मास (जन. आदि) की जिस तारीख को हो रहा है, उस मास और उस मास की तारीख के द्वारा कोष्ठक (१) के प्रथम भाग से दिन संख्या उठा लें। इसे कोष्ठक (२) से प्राप्त अभीष्ट मास (प्रथम, द्वितीय आदि मास) के आगे लिखे दिन.घं.मि. में जोड़ दें। इस जोड़ में अभीष्ट वर्ष के प्रवेश काल के घं.मि. में भी जोड़ दें। इस प्रकार से प्राप्त घं.मि. जातक के अभीष्ट मास के प्रवेश का काल (भा.स्टैं.टा.) होगा। उपरोक्त जोड़ से प्राप्त दिन संख्या को कोष्ठक (१) के दोनों (प्रथम व द्वितीय) भागों में देखिए। यह संख्या इस कोष्ठक में जहाँ पड़ी है उसके बिल्कुल ऊपर कोष्ठक (१) की पहली पंक्ति में लिखा मास और इस संख्या के बाईं ओर पहिले कालम में लिखी तारीख यह बतलाते हैं कि अभीष्ट मास का प्रवेश (प्रारम्भ) इस मास की इस तारीख को होगा। अभीष्ट

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

दीपमाला में जपकर सिद्ध करले।।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

से मिली तारीख यह बतलाते हैं कि अभीष्ट मास का प्रवेश (प्रारम्भ) इस मास की इस तारीख को होगा। अभीष्ट

मास के प्रवेश का काल तो हमें पहिले ही ज्ञात हो चुका है। इस प्रकार अभीष्ट मास के प्रवेश की तारीख व काल ज्ञात हो जाता है। इसके प्रवेश का वर्ष (ई. सन्) वही होगा जोकि अभीष्ट वर्ष के प्रवेश का है। यदि जोड़ से प्राप्त हमारी दिन संख्या कोष्ठक (१) के द्वितीय भाग में हमें प्राप्त हुई है तब अभीष्ट मास प्रवेश का वर्ष अभीष्ट वर्ष प्रवेश के वर्ष से अग्रिम समझना चाहिए।

यहाँ सर्वत्र योग करने पर यदि घण्टे २४ हों या २४ से अधिक हों तो उनमें से २४ घटा कर शेष घण्टे स्वीकार करें और योग से प्राप्त दिन संख्या में १ जोड़ दें।

कोष्ठक (१) को प्रयोग में लाते समय निम्नलिखित तीन बातों का ध्यान रखिए –

(i) यदि अभीष्ट वर्ष के प्रवेश का वर्ष लीप इयर और इसकी तारीख २९ फरवरी के बाद की हो तो कोष्ठक (१) के प्रथम भाग से प्राप्त दिन संख्या में एक जोड़ लेना चाहिए।

(ii) यदि अभीष्ट मास प्रवेश का वर्ष लीप इयर और उसकी तारीख २९ फरवरी के बाद की हो, तो कोष्ठक (१) के प्रथम या द्वितीय भाग से प्राप्त अभीष्ट मास प्रवेश की तारीख में से एक घटा देना चाहिए।

(iii) यदि आपकी अभीष्ट संख्या कोष्ठक (१) के प्रथम भाग में है तो अभीष्ट मास प्रवेश का वर्ष (ई. सन्) वही होगा जोकि अभीष्ट वर्ष प्रवेश का है। यदि वह संख्या इस कोष्ठक के द्वितीय भाग में है तो अभीष्ट मास प्रवेश का वर्ष अभीष्ट वर्ष प्रवेश के वर्ष से एक आगे होगा।

स्पष्टता के लिए अब ये उदाहरण देखिए–

उदाहरण (१) जातक का १३वाँ वर्ष प्रवेश सन् १९७७ ई. की ५ फर. को दिन के १० घ. ३० मि. (भा.स्टैं.टा.) पर हुआ। इसके १३वें वर्ष के षष्ठ (छठे) मास को प्रारम्भ (प्रवेश) का काल तथा तारीख ज्ञात कीजिए?

इस उदाहरण में अभीष्ट वर्ष १३वाँ और अभीष्ट मास छठा है। उपरोक्त निर्देशानुसार अभीष्ट वर्ष प्रवेश के मास (फर.) और तारीख ५ द्वारा कोष्ठक (१) के प्रथम भाग में ३६ संख्या मिली। इसे कोष्ठक (२) से अभीष्ट मास षष्ठ (छठे) द्वारा प्राप्त १५२ दिन ४ घ. ३४ मि. में जोड़ने पर १८८ दिन ४ घं. ३४ मि. हुए। इसमें अभीष्ट वर्ष प्रवेश काल के १० घ. ३० मि. जोड़ देने पर १८८ दि. १५ घ. ४ मि. बने। ये १५ घं. ४ मि. अभीष्ट मास प्रवेश का काल (भा.स्टैं.टा.) है। इस जोड़ से प्राप्त दिन संख्या १८८ को कोष्ठक (१) में ढूंढ़ा तो यह इस कोष्ठक के प्रथम भाग में ७ जुलाई वाले खाने में मिली। इसका अभिप्राय यह हुआ कि जातक के अभीष्ट मास का प्रवेश ७ जुलाई को होगा। क्योंकि १८८ संख्या हमें कोष्ठक (१) के प्रथम भाग में मिली है अतः अभीष्ट मास प्रवेश का वर्ष अभीष्ट वर्ष प्रवेश वाला (सन् १९७७ ई.) ही है। इस तरह अभीष्ट मास प्रवेश की तारीख ७ जुलाई सन् १९७७ ई. हुई। अभीष्ट मास प्रवेश काल हमें पहिले ही ज्ञात हो चुका है जोकि १५ घं. ४ मि. (भा.स्टैं.टा.) है। इस तरह यह स्पष्ट हो गया कि जातक के १३वें वर्ष का छठा मास ७ जुला. १९७७ ई. को १५ घ. ४ मि. (भा.स्टैं.टा.) पर प्रारम्भ होगा।

उदाहरण (२) जातक के २०वें वर्ष का प्रवेश सन् १९७६ ई. की ५ जन. को २१ घं. ४५ मि. (भा.स्टैं.टा.) पर हुआ। इसके २०वें वर्ष के द्वितीय मास का प्रारम्भ कब होगा – यह जानना है।

यहाँ अभीष्ट वर्ष २०वाँ और अभीष्ट मास द्वितीय है। अभीष्ट वर्ष प्रवेश के मास जनवरी और तारीख ५ से कोष्ठक (१) के प्रथम भाग में ५ दिन संख्या मिली। क्योंकि अभीष्ट वर्ष प्रवेश की तारीख (५ जनवरी) २९ फर. से पहिले पड़ती है अतः अभीष्ट वर्ष प्रवेश का वर्ष लीप इयर होने पर भी उपरोक्त नियमानुसार कोष्ठक (१) के प्रथम भाग से प्राप्त दिन संख्या (५) में एक नहीं जोड़ा गया। अब इस ५ संख्या को कोष्ठक (२) से अभीष्ट मास (द्वितीय) द्वारा प्राप्त ३० दिन १० घं. ३१ मि. में जोड़ने पर ३५ दिन १० घं. ३१ मि. मिले। इसमें अभीष्ट वर्ष प्रवेश काल के २१ घ. ४५ मि. भी जोड़े तो ३६ दिन ८ घं. १६ मि. हुए। इससे पता चला कि अभीष्ट मास के प्रवेश का समय ८ घं. १६ मि. (भा.स्टैं.टा.) है। अब जोड़ से प्राप्त दिन संख्या (३६) को कोष्ठक (१) में ढूंढ़ा तो यह इस कोष्ठक के प्रथम भाग में ही ५ फर. वाले खाने में मिली। अतः यह स्पष्ट हो गया कि जातक के २०वें वर्ष का दूसरा मास ५ फरवरी को ८ घं. १६ मि. (भा.स्टैं.टा.) पर प्रारम्भ होगा। क्योंकि हमें जोड़ से प्राप्त दिन संख्या कोष्ठक (१) के प्रथम भाग में ही मिली है अतः अभीष्ट मास प्रवेश का वर्ष भी वही (१९७६ ई.) है जोकि अभीष्ट वर्ष प्रवेश का है। इस प्रकार यह ज्ञात हो गया कि जातक के २०वें वर्ष के दूसरे मास का प्रवेश ५ फर. १९७६ ई. को ८ घं. १६ मि. (भा.स्टैं.टा.) पर होगा।

ध्यान दें – उपरोक्त उदाहरण में यद्यपि अभीष्ट मास प्रवेश का वर्ष (१९७६ ई.) लीप इयर ही है। फिर भी इसके प्रवेश की तारीख ५ फर. (जो हमें कोष्ठक (१) से प्राप्त हुई है) में से एक घटाया नहीं गया है, क्योंकि उपरोक्त नियमानुसार २९ फर. से पहिले की तारीखों में एक घटाया नहीं जाता।

उदाहरण (३) जातक के ५०वें वर्ष का प्रवेश सन् १९८८ ई. की १५ अप्रै. को २० घं. २० मि. (भा.स्टैं.टा.) पर हुआ। इसके इस ५०वें वर्ष का सप्तम मास कब प्रारम्भ होगा? ज्ञात करें।

यहाँ अभीष्ट वर्ष ५०वाँ और अभीष्ट मास सप्तम है। अभीष्ट वर्ष प्रवेश के मास (अप्रै.) व तारीख (१५) द्वारा कोष्ठक (१) के प्रथम भाग से १०५ दिन संख्या मिली, इसमें १ जोड़ने पर यह १०६ हुई (यहाँ अभीष्ट वर्ष प्रवेश का वर्ष लीप इयर और इसकी तारीख २९ फरवरी के बाद की है अतः ऊपर बतलाए नियमानुसार कोष्ठक (१) के प्रथम भाग से प्राप्त तारीख में एक जोड़ लिया गया है।) इस संख्या (१०६) में कोष्ठक (२) से अभीष्ट मास (सप्तम) द्वारा प्राप्त १८२ दिन १५ घ. ५ मि. जोड़ने पर २८८ दिन १५ घ. ५ मि. हुए। इसमें अभीष्ट वर्ष प्रवेश काल के २० घं. २० मि. भी जोड़ दिए तो २८९ दि. ११ घं. २५ मि. बने। इससे अभीष्ट मास प्रवेश का काल ११ घ. २५ मि. (भा.स्टैं.टा.) ज्ञात हुआ। अब प्राप्त दिन संख्या २८९ को कोष्ठक (१) में ढूंढ़ने पर यह इस कोष्ठक के प्रथम भाग में ही १६ अक्तू. के खाने में मिली। यह संख्या कोष्ठक (१) के प्रथम भाग में ही है अतः स्पष्ट है – अभीष्ट मास प्रवेश का वर्ष भी अभीष्ट वर्ष प्रवेश वाला (सन् १९८८) ही है। क्योंकि अभीष्ट मास प्रवेश का यह वर्ष भी लीप इयर है और अभीष्ट मास प्रवेश की तारीख भी २९ फर. के बाद की है। अतः जोड़ से प्राप्त दिन संख्या २८९ द्वारा कोष्ठक (१) से मिली तारीख (१६ अक्तू.) में से एक घटाया तो १५ अक्तू. हुआ। यह अभीष्ट मास प्रवेश की तारीख हुई। इस प्रकार सारांश यह निकला कि जातक के ५०वें वर्ष के सप्तम मास का प्रारम्भ सन् १९८८ ई. के १५ अक्तूबर को ११ घं. २५ मि. (भा.स्टैं.टा.) पर होगा।

मैं समझता हूं – ये तीन उदाहरण मास प्रवेश की प्रक्रिया को स्पष्ट करने के लिए पर्याप्त हैं।

यहाँ एक यह बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि नीलकण्ठ दैवज्ञ (ताजिक नीलकण्ठी के प्रणेता) ने मास प्रवेश का निर्णय स्पष्ट सूर्य की राश्यादि के अनुसार किया है। लेकिन मेरा मत है कि इसका निर्णय मध्यम सूर्य के अनुसार ही होना चाहिए, क्योंकि आयुर्दाय एवं दशा साधन आदि की गणित प्रक्रियाएं स्पष्ट सूर्य से मास प्रवेश का समर्थन नहीं करती हैं।

अब इस लेख को स्थानाभाव के कारण यहीं समाप्त करते हैं। यहाँ दिए गए कोष्ठक (३) का हमने कोई प्रयोग इस उक्त गणित प्रक्रिया में नहीं किया है। इस कोष्ठक (३) से मास प्रवेश के काल एवं तारीख का ज्ञान अत्यन्त सरलता से हो जाता है – इसका विवेचन हम अगले वर्ष के पंचांग के लिए छोड़ देते हैं। वैसे – यह कोष्ठक (३) दृग्गणितानुसारी "वर्ष प्रवेश-सारणी" ही है। जो दैवज्ञ शुद्ध वर्ष प्रवेश काल जानना चाहते हैं – वे इसका प्रयोग कर सकते हैं।

–: मध्य प्रदेश के नगरों के अक्षांश आदि :–

पाठक क्षमा करेंगे। विगत वर्ष के पंचांग में की गई घोषणा के अनुसार मध्य प्रदेश के नगरों के अक्षांश, रेखांश, लग्न व सूर्योदयास्त काल इस वर्ष (सं. २०४८ वि.) के पञ्चांग में प्रकाशित करने चाहिए थे। लेकिन ऐसा नहीं किया जा सका, क्योंकि मुझे अपनी पत्नी की चिकित्सा हेतु जून से अगस्त ९० तक कैलिफोर्निया (U.S.A.) में रहना पड़ा, जिससे मानसिक अशान्ति और व्यग्रता के कारण यह सामग्री इस वर्ष के पञ्चांग में प्रस्तुत नहीं की जा सकी। अगले वर्ष (वि.सं. २०४९) के पञ्चांग में यह पाठकों तक अवश्य पहुँचेगी।

– प्रियव्रत शर्मा

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ज्योतिष शास्त्र की उपयोगिताएं–

ताराओं से काल का ज्ञान

–शक्तिधर शर्मा

ताराओं की दैनिक गति से समय का ज्ञान करना बहुत आवश्यक है। कई बार रात्रि के समय घड़ी नहीं होती। कई बार युद्धों के समय में रात्रि के वक्त प्रकाश में देखना खतरनाक होता है। समय पर अभियान तथा प्रहरियों के कार्यों तथा विश्राम समयों एवं अभियानों की अन्य आवश्यकताओं के लिये ताराओं की गति से समय ज्ञान की पद्धति आना बहुत लाभप्रद है।

हमें पता ही है कि पृथ्वी लगभग २३ घ. ५६ मि० में एक बार अक्षभ्रमण पूरा करती है। अगर किसी तारे की स्थिति का हमें ज्ञान है तो ध्रुव के सापेक्ष इसकी भ्रमणगति के साधारण अध्ययन से ही हमें काल का व्यवहारार्थ स्वल्पान्तरित ज्ञान तो सरलता से ही हो सकता है। इस पद्धति में गणित साधारणतया बौद्धिक रूप में ही की जा सकती है–कापी पैंसिल की भी आवश्यकता नहीं।

यहां हम पहले उत्तरी गोलार्द्ध में समय ज्ञान का विचार करेंगे। रात्रि के वक्त केवल काल ज्ञान के लिए कुछ विशेष तारों का प्रयोग किया जाता है। वे ये हैं–

(१) ध्रुव तारा

(२) सप्तर्षियों में दो तारे जो सूचक (Pointer) का काम करते हैं। ध्रुव के पास का Pointer का तारा (Ursae Majoris) स$_1$ प्रयोग में लाया जाता है।

(३) जिन स्थानों पर "स$_1$" तारा पृथ्वी के नीचे भी चला जाता है इन स्थानों के लिये कश्यप मण्डल (cassiopeiae) का मध्यतारा प्रयोग में लाया जाता है। इस मण्डल की आकृति अंग्रेजी के अक्षर W जैसी है। मध्य का तारा W के ऊपर के दो तारों से नीचे मध्य में है। इसे हम तारा स$_2$ कहेंगे।

नीचे चित्र में ध ध्रुव है जिसके चारों तरफ तारा स$_1$ घूमता है। क एवं ख पश्चिम एवं पूर्व दिशाओं में बिन्दु है तथा उ ऊपर का बिन्दु एवं न नीचे का बिन्दु है।



(चित्र नं. १)

(उत्तरी गोलार्द्ध में काल ज्ञान के लिये सप्तर्षिमण्डल के प्रथम तारे स$_1$ का प्रयोग होता है।)



(चित्र नं. २)

(यदि सप्तर्षि न दीखते हों तो कश्यप मण्डल ...

स$_1$ तारा लगभग २४ घण्टों में एक चक्कर लगाता है–यदि स$_1$ बिन्दु "उ" पर हो तो इसे "क" पहुँचने के लिये ६ घण्टों का समय लगेगा। आगे "न" बिन्दु पर पहुँचने के लिये और ६ घण्टे (लगभग) लगेंगे। २१ जून के दिन स$_1$ तारा लगभग १७ घं०-००मि० (स्थानीय समय) पर उ बिन्दु पर होगा। वस्तुतः २३ जून को यह स्थिति होती है–२१ जून को तो यह घ १७-०६ मि. पर "उ" बिन्दु पर होता है। हम याद रखने में सरलता के लिये सबसे बड़ा दिन (२१ जून) ले सकते हैं। बस केवल मात्र यह जानकर कि तारा स$_1$ लगभग १७-०० पर "उ" बिन्दु पर होता है–काल का ज्ञान बड़ा सरल है। फर्ज करो कि किसी समय तारा स$_1$ ऐसे बिन्दु पर है जोकि बिन्दु "न" से लगभग ३०° "ख" की तरफ है। यह स्पष्ट है कि "क" पर यह २३-०० पर पहुंचा होगा। और "न" बिन्दुपर ५-०० पर होगा। स$_1$ बिन्दु पर यह ३०×६/९०=२ घंटा बाद होगा। अतः इस स्थिति में समय ७ घ. ०० मि. होगा। इस प्रकार अनुपात से समय ज्ञान बहुत सरल है।

उत्तरी गोलार्द्ध के लिये निम्नलिखित नियम याद रखने पर्याप्त होंगे –

(१) स$_1$ २१ जून को "उ" बिन्दु पर होगा।

(२) इस तारीख के बाद प्रतिमास स$_1$, "उ" बिन्दु पर २ घंटा बाद पहुँचता है। एक दिन से दूसरे दिन में ४ मिनट का अन्तर पड़ता जाता है।

(३) प्रतिदिन स$_1$ ६ घण्टे में ९०° (एक पद) चलता है। अनुपात से १५° को १ घण्टे में तय करता है और १° चार मिनट में तय होती है।

(४) यदि किसी स्थान पर स$_1$ पृथ्वी के नीचे भी जाता हो तो वहां कश्यप मण्डल के मध्य तारे स$_2$ को ही स$_1$ के स्थान पर लें और गणित करें। कश्यम मण्डल के मध्य का तारा स$_1$ से लगभग १० घं० आगे है। अतः स$_1$ से स्थान पर स$_2$ तारा लेने से आए समय में से १० घण्टे घटा दें।

यहां हमने स्थानीय एवं स्पष्ट समय में अन्तर नहीं माना। इस की प्रामाणिक रेखा (Standard Meridian) से 2° तक उपेक्षा की जा सकती है क्योंकि–इस स्थूल पद्धति में पहले ही हमने मध्यम एवं स्पष्ट समय के अन्तर से अधिक अन्तर तुल्य भ्रमणकोण की उपेक्षा कर दी है। प्रमाणिक रेखा से अधिक अन्तर होने पर स्टैण्डर्ड संस्कार देना होगा। इस समय का मान व्यवहारार्थ पर्याप्त सूक्ष्म है। इसे स्टैण्डर्ड टाइम में व ग्रीष्म समय में परिवर्तित किया जा सकता है।

दक्षिणी गोलार्द्ध में दक्षिणी ध्रुव सिग्मा आक्टैन्टी (Sigma-octanti) का प्रयोग किया जाता है। यह बहुत मन्द है– यह पूर्ण चन्द्रमा के समय दिखाई नहीं देता। इसकी स्थिति का कुछ तारों से अनुमान लगाना पड़ता है। दक्षिणी क्रास (southern cross) के एक तारे की सहायता से इसे पहचाना जा सकता है। सूचक (Pointer) के लिये दक्षिणी ध्रुव एवं आल्फा सैन्टुरी को मिलाने वाली रेखा ली जाती है। (देखें चित्र नं. ३) (Centuri बहुत प्रकाशमान तारा है) दक्षिणी Cross के प्रथम तारे को हम स$_3$ कहेंगे। यह अप्रैल ३०–मई १ को मध्य रात्रि के समय दक्षिणी ध्रुव से बिल्कुल ऊपर होता है। उससे समय ज्ञान उन्हीं नियमों अनुसार सम्भव है जो पहले बतलाए गए हैं।

यदि स$_3$ किन्हीं स्थानों पर कभी पृथ्वी के नीचे जाने पर दृश्य न हो तो यमुना-नदी मुख तारा (Acherner–का– तेरिडानी) का प्रयोग किया जाता है। यह तारा यद्यपि प्रथम प्रकाश वर्ग का है

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



(चित्र नं. ३)

दक्षिणी गोलार्द्ध में दक्षिणी क्रास के तारे म. का प्रयोग होता है।



(चित्र नं. ४)

यदि दक्षिणी क्रास कहीं दिखाई न दे तो यमुना तारा मण्डल के प्रथम तारे म. का प्रयोग किया जाता है।

परन्तु केवल तारों के बीच में होने से सा धारणतया पहचाना नहीं जा सकता। यह अगस्त्य एवं फोमल्हाट तारों के मध्य में गुजरने वाली रेखा को लगभग आधे पर काटता है। यह म. तारा से ११ घण्टा पीछे उ. पर आता है। अतः इस तारे को म. मान कर जो समय ज्ञात होगा उसमें ११ घण्टे जोड़ने से वास्तविक समय ज्ञात होगा। चित्र नं. ४ में इस म. मण्डल से बतलाया गया है।

इस प्रकार तारों की सहायता से रात्रि के समय की स्थूल रूप से सरलता से बिना कापी पेंसिल के अनुमानतः ही समय का बोध हो सकता है।

आभार-प्रदर्शन

इस पञ्चांग के प्रूफ पढ़ने, शुद्ध करने में चि. प्रेमचंद शर्मा, फतह चंद शर्मा ने सहायता की। इस कार्य में सहयोग के लिए हम इनको हार्दिक आशीर्वाद देते हैं और इस पञ्चांग के प्रकाशन में सभी सम्भव सहायता करने के लिए श्री आर. के. सब्बरवाल जी तथा अन्य एम०बी०डी० स्टाफ के कार्यकर्ताओं का हार्दिक धन्यवाद।

शक्तिधर शर्मा

फलित शास्त्र के गूढ़ रहस्य

फलितशास्त्र की प्रामाणिकता एवं वैज्ञानिकता इन शास्त्र के गूढ़ रहस्यों के बिना सिद्ध नहीं की जा सकती। गूढ़ रहस्यों को हृदयंगम कर लेने पर ही दैवज्ञ अव्यभिचरित भविष्य कथन में समर्थ हो सकता है—यह तथ्य है। इसी दृष्टिकोण से हम फलित जिज्ञासु-सज्जनों के लिए प्रतिवर्ष इस स्तम्भ के अन्तर्गत फलित-शास्त्र का कोई एक मार्मिक रहस्य दिया करेंगे। जिज्ञासु पाठक लाभान्वित होंगे;—ऐसा विश्वास है।

फलित में नवांश व वर्गोत्तमी ग्रह-भाव का महत्व

बहुधा देखने में आता है, कि किसी व्यक्ति की कुण्डली में विशिष्ट राजयोग पड़ा हुआ है, परन्तु उसका जीवन गिरी हुई हालत में ही गुजरता है, ऐसे ही किसी की कुण्डली में अधिकांश ग्रह या विशिष्ट ग्रह नीच के हैं, परन्तु वह महाभाग्यवान् है। इसका कारण नवांश-गत-ग्रहों की परिस्थिति है। क्योंकि फलादेश-कथन में नवांश-कुण्डली व वर्गोत्तमी ग्रहभाव का विशेष महत्व है। नवांश कुण्डली के बिना फलादेश कहना लंगड़े की दौड़ के समान ही है। क्योंकि, विशेष विचारों में जन्म कुण्डली से भी अधिक विशेष महत्व नवांश कुण्डली का होता है, तथा—"स्वोच्चे नीचांशके दुःखी नीचे स्वोच्चांशके सुखी। स्वांशे वर्गोत्तमे भोगी राजयोगी भविष्यति॥"

जैसे जन्म कुण्डली में कोई ग्रह अपनी उच्च राशि का है और वही ग्रह नवांश कुण्डली में नीचराशिगत है तो उसकी राशिगत उच्चता निरर्थक है। नवांश की स्थिति को देखते हुए वह ग्रह नीच ही समझा जाएगा। इस के विपरीत यदि कोई ग्रह जन्म कुण्डली में नीचस्थ है और वही ग्रह नवांश कुण्डली में उच्च का है तो उसका नीचत्व भंग हो जाता है। वह ग्रह उच्च सदृश फलप्रद रहेगा। विशेष यह भी समझ लें, कि-जन्म कुण्डली में नीचस्थ ग्रह यदि नवांश कुण्डली में भी नीच का ही रहे, तो वह ग्रह वर्गोत्तमी समझा जाएगा और अपनी वर्गोत्तम-स्थिति के कारण अशुभ फल न देकर शुभफल ही देगा; उसकी राशिगत नीचता लुप्त हो जाएगी।

इसी तरह यदि कोई ग्रह शत्रु क्षेत्रवर्ती है, लेकिन नवांश कुण्डली में भी उसी राशिगत है तो वह वर्गोत्तमी एवं स्वक्षेत्री ही समझा जाएगा, अतः शुभ फलप्रद रहेगा।

चन्द्र एवं गुरु का केवल वर्गोत्तम होना राजयोगप्रद है। शुक्र भी वर्गोत्तमी होकर शुभ उत्तम भाग्य योग बनाता है। लग्न का वर्गोत्तमी होना विशेष लाभप्रद है। वर्गोत्तम लग्न-गत चन्द्र या स्वनवांशगत-चन्द्रमा शुभ सौभाग्यप्रद कहा है। शुभग्रह किंवा पाप ग्रह भी वर्गोत्तम स्थिति में शुभ फलप्रद ही सिद्ध होता है। वर्गोत्तम-लग्नेश यदि वक्री हो साथ ही आत्मकारक ग्रह के साथ हो तो उसे अधिक बलशाली एवं श्रेयस्कर समझना चाहिए।— इस प्रकार ग्रहस्थिति को दृष्टि में रखते हुए भविष्य कथन में आश्चर्यजनक रूप से सफलता मिलती है—यह अनुभव है।

नोट—अगामी वर्ष (सं. २०४८ वि.) में हम जातक की कुण्डली के आधार पर जातक के सम्बन्धी विशेष किंवा जातक की दुर्घटना की भविष्यवाणी कैसे की जा सकती है ?—यह देंगे।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

शास्त्र संरक्षण योजना के अन्तर्गत —

मणित्थ ताजिक

—शक्तिधर शर्मा

मणित्थ ताजिक वर्ष फल सम्बन्धी एक लघु ग्रन्थ है, जिसे एक यवन आचार्य मणित्थ ने लिखा था। इसका एक प्रकाशन वि सं २००० में सोलन निवासी श्री विद्याधर विद्यालङ्कार जी ने किया। यह ग्रन्थ अपूर्ण है इसमें काफी श्लोक मिलते नहीं। कुल श्लोक संख्या १०४ प्रतीत होती है। इसकी वर्ष फल के योग आदि ताजिक नीलकण्ठी से मिलते हैं। इसके लगभग १४ श्लोक लुप्त हैं इन्हें प्राप्त करने के लिए लाइब्रेरियों में खोज जारी है। यहां इस ग्रन्थ का प्रारम्भिक विषय वर्षफल गणित प्रकरण दिया जाता है। बाद में फलादेश सम्बन्धी विषयों का विवेचन होगा—

अथमङ्गलाचरणम्—

पूर्वं प्रणम्येश्वर पाद-पद्मं ततो भवानी गण नायक च।
करोति रम्य फलमत्र हायनं भवन्ति तज्ज्ञाः विदितेन येन ।।१।।

पहले मैं (मणित्थाचार्य) परमेश्वर के चरणों में नमस्कार करता हूँ तदनन्तर श्री गणेश जी तथा श्री पार्वतीजी को प्रणाम करता हुआ मनोहर वर्षफल वर्णन करता हूँ। जिसे जानने से लोग ज्योतिर्विद् बनते हैं।

वर्ष प्रवेश-साधनम्—

गताब्द वृन्दाः मुनिखाभ्रचन्द्रैः निघ्नाः नभो व्योम गजैश्च भक्ताः।
१००७ ८००
त्रिधा फलं वार घटी पलानि स्युर्जन्मवारादि युतानि तानि ।।२।।

गत वर्ष संख्या को १००७ से गुणा करें ८०० से भाग दें। यहां लब्धि में तीन फल लें (बार घड़ी पल) इनमें जन्म के वार इष्ट घड़ी पल जोड़ दें तो वर्ष प्रवेश के वार एवं इष्ट घड़ी पल होंगे। इस सूत्र की उपपत्ति स्पष्ट है। +

वर्ष प्रवेश तिथि साधनम् :—

द्विःस्थाः गताब्दाः गुणयेच्च रुद्रैः अधः खसप्तेन्दुभिः लब्धयुक्ताः।
युक्ता स्तथा जन्मगतै र्दिनैश्च खराम भक्ताश्च तिथिरत्र शेषम् ।।३।।

गतवर्षों की संख्या को दो जगह रखकर ११ से गुणा करें। एक गुणन फल को १७० से भाग देकर दूसरी गुणनफल संख्या में जोड़ दें। योगफल को ३० से भाग देकर जो शेष रहे उसमें जन्म की तिथि शुक्ल—प्रतिपदा से गिनकर जोड़ें, तो वर्ष प्रवेश की तिथि आ जाती है।

यहाँ दिये गए सूत्र की उपपत्ति सौर एवं चान्द्र वर्ष मानों को देखने से स्पष्ट है। ★

अथ वर्ष-प्रवेश-समये नक्षत्र-ज्ञान-प्रकारमाहः—

शेषे तिथेर्न्नामिते गतवर्ष-पिण्डे दिक्संगुणे जनन-धिष्ण्य-युते हृते च।
भूभृद् विलोचन-मितैरनुमान-युक्त धिष्ण्यस्य ताजिक-रसामृतपान-तृप्तैः ।।४।।

तिथि के शेषमान का (ऊपर दी गई गणित में भिन्नात्मक शेषमान द्वारा) अनुमान लगाने के बाद, ताजिकशास्त्र के रसामृत पान से तृप्त विद्वान् गतवर्ष संख्या को दस से गुणा करें। इसमें जन्म नक्षत्र की संख्या जोड़ कर २७ से भाग देने पर जो लब्धि हो वह नक्षत्र की संख्या होगी। इसमें भी (भिन्नात्मक शेषमान से) नक्षत्र के मान का अनुमान लगाया जा सकता है। ध्यान रहे इन सभी गणित में ± १ दिन का अन्तर हो सकता है।•

+सूर्य सिद्धान्तीय सौरवर्षमान—३६४= १।१५।३१।३० = १।१५।३१ + ३०/६०
= १।१५।३१ १/२ = १।१५ + ६३/(२×६०)
= १।१५।२१/४० = १।६२१/४०
= १+६२१/(४०×६०)= १।२०७/८०० = १००७/८००

अतः इस सूत्र में सूर्य सिद्धान्तीय वर्ष मान से ही अनुपात पद्धत्या वर्ष प्रवेश का इष्ट साधित किया है। इसमें विपलान्न सौरवर्ष मान लिया है। ताजिक नील घडी में एतद्विषयक सूत्र इससे भिन्न है।

★ सावन सौर वर्ष एवं चान्द्र वर्ष का अन्तर लेकर उसे अनुपात से तिथ्यात्मक बनाकर एक सौर वर्ष में अधिक तिथि-मान ज्ञात किया जा सकता है—

सौरवर्ष मां—चान्द्रवर्ष मान = १० दि। ५२ घ। ३० प सावन दिन = १०.८७५ सावन दिन = ११.०७ तिथियां = ११+११/१७० तिथियां

इस प्रकार अंकोत्पादन स्पष्ट है। अब अनुपात से गत—सौरवर्षों में अधिक तिथि—मान ज्ञातकर ३० से भाग देने पर शेष में जन्म वर्ष के शुक्ल प्रतिपदा से जन्मदिन तक की तिथियां जोड दी जाएं तो स्पष्ट है कि हमें वर्ष प्रवेश कालीन तिथि प्राप्त होगी। शेष के भिन्नात्मक मान से मध्यम तिथि के बाकी भाग का अनुमान भी लगाया जा सकता है। ध्यान रहे इन सूत्रों से प्राप्त परिणामों में वास्तविक परिणामों से एक दिन तक का अन्तर पड सकता है।•

हमारे विचार से यहां उपपत्ति नाक्षत्र मास एवं सौर वर्ष के मानों से स्पष्ट हो जाती है—

१३ नाक्षत्र मास—१ सौरवर्ष = १० दिन ८ घ. सावन दिन
= १०.०७ नक्षत्र

अतः गतवर्ष संख्या को १० से गुणा करने पर अधिक नक्षत्र संख्या प्राप्त होगी। जन्म नक्षत्र जोडने पर २७ से भाग देने से वर्ष प्रवेश के समय का नक्षत्र प्राप्त होगा यह स्पष्ट ही है। इस गणित में अशुद्धि करक अधिक होगी। यह मत इस ग्रन्थ में भी [illegible] है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

है। इसमें विपलान्त सौरवर्ष मान लिया है। ताजिक नील...

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

अथेदानीं लग्न-ग्रह स्पष्ट-संख्या-वर्षेशादि-विषयं आह –
ततश्च लग्नं गतवर्षाण्यवाप्ता: स्पष्टाश्चकाया सकलाश्च खेटा: ।
द्विचन्द्रभक्ते च गताब्द पिण्डे शेषं मितं स्यादथ जन्मलग्नात् ।।५।।
क्रमेण यवना मथवा प्रमाणं शुभाशुभस्यापि निरूपणाय ।
दिवा विलग्ने र्यवनायका ये रात्रौ शशी जन्मविलग्नपश्च ।।६।।
वर्ष प्रवेशे-तनुपश्च पश्चात् त्रिराशिनाथ: कथितोऽधिकारी ।
एषां बले सर्वबलाधिकेन खेट: समर्थ: स च हायनेश: ।।७।।
वर्षाधिपे पुनबले ऽस्मिन् सिध्यन्ति कार्याणि अभीप्सितानि ।
बलाबलं ज्ञानं विना कदाचित विवेचनं नैव शुभाशुभं न ।।८।।

इस प्रकार वर्षारम्भ साधन करके तात्कालिक लग्न एवं राश्यादि ग्रह साधन करें। गत वर्ष संख्या को १२ से भाग देकर शेष को जन्मलग्न में जोड़ने से क्रमश: (गणना करने पर) मुथहा होतीहै।

यदि दिन का लग्न हो तो सूर्य वर्षेश होता है। यदि वर्ष प्रवेश रात्रिकाल में हुआ हो तो चन्द्रराशीश, जन्म लग्नपति, वर्षलग्नपति, त्रिराशिपति (सूर्यश) इनमें से जो भी अधिक बलवान् हो वह वर्षेश होता है। यदि वर्षेश बली हो तो सभी अभीष्ट कार्य सिद्ध होते हैं। बलाबल के ज्ञान के बिना शुभाशुभ फल का विवेचन नहीं हो सकता।

अथ यवनाचार्यानुसार बलाबल विचारमाह –
तत: प्रवक्ष्ये यवनानुसाराद् बलाबलं यद् ग्रह सम्भवं च ।
त्रिकोण संस्थे फलमत्र पाद-हीनं भवेत्स्वे भवनेऽधमित्रे ।।९।।
त्रिसप्तभावे सुहृदश्च गेहे समश्च गेहे कथितो हि भाग: ।
एवं परस्यापि परस्य गेहे तथा कथयोग प्रवदामि चिन्त्यम् ।।१०।।

यवनाचार्य के मतानुसार से ग्रहों के स्थानादिवश सम्भव बलाबल बतलाता है। त्रिकोण (पञ्चम एवं नवम) में ग्रह का फल अपने क्षेत्र (अपनी राशि) में एवं मित्रग्रहकी राशि में होने वाले फल की अपेक्षा एक पाद कम होता है।।९।।

तृतीय तथा सप्तम भाव में एवं मित्र राशि में ग्रह के फल भाग बराबर ही होते हैं और शत्रु के क्षेत्र में कुफल होता है।।१०।।

इसके बाद फलादेश के लिये बहुत से श्लोक हैं और अन्य विषय भी हैं। इस पुस्तक की ताजिक नील कण्ठी के साथ तुलना करने पर यह स्पष्ट होता है – ताजिक नीलकण्ठी बहुत बड़ा ग्रन्थ है इसमें योग कयोग बहुत हैं जोकि इस ग्रन्थ में नहीं हैं। इस ग्रन्थ के अन्य विषयों का विश्लेषण बाद में अग्रिम प्रकाशनों में किया जाएगा। इसकी लिपिक द्वारा की अशुद्धियों को ठीक करना आवश्यक है।

ऊपर के अनूदित व व्याख्यात श्लोकों में परिश्रम से गणितीय विसंगतियों का निवारण करते हुए व्याकरण दोष हटाने पड़े। कुछ जगह पर अभी भी छन्दोभंग दोष हैं – एवं व्याकरण की दृष्टि से कुछ अशुद्धियां हैं। व्याकरण एवं गणितीय सामंजस्य देखते हुए इनकी उपेक्षा करनी पड़ी। अग्रिम प्रकाशन में संशोधन एवं लुप्त भावों को प्राप्त कर के व्याख्या पूरी करने का प्रयत्न किया जाएगा।

पूर्णिमाश्राद्ध

पिछले कई वर्षों से पण्डितों में पूर्णिमा तिथि के श्राद्ध के विषय में काफी चर्चा चलती रही है। कुछ सर्व पितृ-अमा के दिन ही पूर्णिमा श्राद्ध लिखते हैं तो कुछ प्रोष्ठपदी पूर्णिमा के दिन। हमने इस वर्ष प्रोष्ठपदी पूर्णिमा के दिन पूर्णिमा तिथि का श्राद्ध लिखा है। हम भी पिछले वर्षों में सर्वपितृ अमा के दिन ही पूर्णिमा श्राद्ध–लिखते रहे हैं। यद्यपि सर्व पितृ अमा को तो सभी पितरों के श्राद्ध हो सकते हैं। (अत: हमारे पीछे लिखने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये) परन्तु फिर भी शास्त्रीय प्रमाणों को देखते हुए यह स्पष्ट होता है कि–पूर्णिमा का श्राद्ध प्रोष्ठपदी (भाद्रपद शुक्ल) पूर्णिमा को करना विहित है। इस विषय में शताब्दी पंञ्चांग-कर्ता पं० श्री ईश्वरी दत्त जी की जगद्गुरु शंकराचार्य पुरी जी से शास्त्र चर्चा हुई। जिसमें पण्डित जी ने सप्रमाण सिद्ध किया-कि-पूर्णिमा तिथि का श्राद्ध भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा को ही करना चाहिए। इस विषय में पारस्कर गृह्य सूत्र में कातीय श्राद्ध सूत्र की श्राद्ध काशिका व्याख्या में लिखा है –
"तर्हि पौर्णमास्यां मृतस्य कस्यां तिथौ ? इति। तत्रामावास्यायामित्येके, तत्र तिथ्याश्रयाभवात्। दर्श मृतस्यैव तत्रोचितत्वात् अत: भाद्रपद्यामेव युक्तम्"... इत्यादि। मातामह श्राद्ध के दिन को छोड़ कर भी पितृपक्ष को षोडश तिथिपक्ष माना गया है। किञ्च भाद्रपदी पूर्णिमा को "अनुमति" कहा गया है। इसमें चन्द्रमा की एक कला हीन होती है। अत: इसी दिन यह श्राद्ध विहित है।

....शक्तिधर

पञ्चांग, सिद्धान्त-ज्योतिष प्रेमियों के लिए संग्रहणीय ग्रन्थ

(१) "काशी मान मन्दिर वेधालय वर्णनम्" (Observatory of Kashi) श्री बापू देव शास्त्री द्वारा लिखित, डा. शक्तिधर शर्मा द्वारा अंग्रेजी में अनूदित एवं टीकित। मूल्य ३६)

(२) "प्रतोद यन्त्रम्" श्री गणेश दैवज्ञ कृत, टीका (अंग्रेजी में) डा. शक्तिधर शर्मा द्वारा– मूल्य १२)

(३) "शास्त्रीय पञ्चाग मीमांसा" पञ्चांग-विवाद एवं सैद्धान्तिक दृष्टि से मान्य पञ्चाग पद्धति का समर्थक प्रकाशन। प्रो. प्रियव्रत शर्मा एवं डा. शक्तिधर शर्मा द्वारा विरचित। प्राप्ति का स्थान :– मूल्य १२५)

डॉ० शक्तिधर शर्मा

मार्त्तण्ड भवन
पो० कुराली (रोपड़),
पंजाब

अथवा

C/o फिजिक्स विभाग
पंजाबी विश्व विद्यालय
पटियाला (पंजाब) १४७००२

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्राग् वैदिक-काल का नक्षत्र चक्र

शक्तिधर शर्मा

इस लेख में नक्षत्र चक्र के विकास की तीन परम्पराओं का विवेचन किया गया है प्राचीनतम परम्परा में नक्षत्र चक्र में २४ नक्षत्र ही थे–तीनों उत्तरा पूर्वा नक्षत्र युग्म नक्षत्र रहे फाल्गुनी, आषाढ़ा एवं भाद्रपदा । दूसरे विकास क्रम में असम विभाग परम्परा आई । बाद में नक्षत्र सम विभाग वाले लिये जाने लगे । यह भी स्पष्ट किया गया है कि भगवान् रामचन्द्र आदि की वर्तमान पद्धति से बनी कुण्डलियों के विषय में इन प्राचीन परम्पराओं की उपेक्षा करते हुए विवेचन तर्क संगत नहीं है ।

पूर्व वेदांग ज्योतिष-काल में चन्द्रमा के नक्षत्र-पथ का निर्धारण करने में ज्योतिषज्ञों को बहुत समय लगा होगा । इस विकास क्रम मे हजारों वर्ष लगे होंगे । तभी वेदांग ज्योतिष की नींव पड़ी होगी । उस समय तो चन्द्रमा की गति से नक्षत्रों का परिचय करने में काफी कठिनाईयां आई ।

नक्षत्र चक्र का स्वाभाविक विभाजन तुल्य भागों में नहीं हो सकता था । क्योंकि चन्द्रमा की गति में काफी वैषम्य आता रहा है । यह प्रतिदिन ११° से १५°-३०'° तक सम्भव है । इसके अतिरिक्त यह भी सम्भावित है– कि चन्द्रमा को एक दिन में नक्षत्र चक्र में कोई भी तारीख युति या सान्निध्य के लिये प्राप्त न हो । कभी यह भी सम्भव है कि चन्द्रमा एक ही दिन में दो योग ताराओं (युतियोग्य ताराओं) से सान्निध्य या युति कर सके । इस प्रकार यह स्पष्ट है कि चन्द्रमा की गति द्वारा नक्षत्र चक्र का अंकन कठिन कार्य है । यदि अंकन होगा भी तो सम-विभाजन नहीं होगा, विषम अंकन ही सम्भव होगा । ताराओं के अतिरिक्त आकाश में विभाजक मापदण्ड अन्य कुछ भी नहीं । ये ही चन्द्रमा को मार्ग में विभाजक माइल-प्रस्तर (Milestones) का काम करते हैं ।

वैदिक साहित्य में चन्द्रमा की नक्षत्रों के साथ युति की घटनाएं यत्र तत्र बहुत स्थलों पर मिलती हैं । सूर्य प्रज्ञप्ति आदि जैन ग्रन्थों में तो इनका संग्रह करके विवेचन किया गया है और इनके विश्लेषण से महत्त्वपूर्ण परिणाम प्राप्त किये गए । इस ग्रन्थ में नक्षत्र योग ताराओं की युति योग्यता व सम्भव सान्निध्य के आधार पर वर्गीकरण किया गया । कुछ तारे बहुधा युति (Occultations-overlaps) में आते रहते हैं । कुछ तारों को चन्द्रमा उत्तर को छोडकर ही निकलता है परन्तु युति नहीं होती सान्निध्य मात्र होता है । कुछ तारे इससे दक्षिण की तरफ ही रहते हैं इत्यादि । ये सब स्थितियाँ सम्भव हैं–आज राहु केतु की गति के आधार पर इनकी व्याख्या सम्भव है । कुछ तारों के साथ चन्द्रमा काफी वर्षों बाद कुछ मासों के लिए युति करता है । इत्यादि सभी परिणाम पूर्व-वेदांग-ज्योतिष काल में पहले ज्ञात हुए होंगे । नक्षत्रों से परिचय चन्द्रयुतियों द्वारा हुआ होगा और बाद में ही नक्षत्र चक्र का विकास हुआ । रोहिणी शकट भेद तथा चित्रा के साथ छत्राति–छत्रयोग* आदि घटनाओं ने बिना यंत्रों की सहायता के केवल खुली आंख से वेध करने वाले आचार्यों ऋषियों को आकृष्ट किया होगा जिसके परिणामस्वरूप इस साहित्य की सृष्टि हुई और ये सभी प्रकृति-नियम बाद में ग्रन्थ रूप में बद्ध किये गए । इन सभी श्रुतियों को लिपिबद्ध किया गया । इन अध्ययनों से सूर्य एवं चन्द्रमा के गति एवं कक्षाओं के परामिति-स्थिरांक (Parameters) निर्धारित हुए । जिससे ऋषि लगध के वेदांग-ज्योतिष की आधारशिला बनी । चन्द्रमा के नक्षत्र चक्र के विकास के इतिहास को तीन विभागों में विभक्त किया जा सकता है :–

(१) प्राग्-वेदांग ज्योतिषकाल–जिसमें चन्द्रमा के गति नियमों के अध्ययन चल रहे थे । नक्षत्र योग ताराओं से परिचय बढ़ रहा था । इन प्रयत्नों के परिणामस्वरूप पहले २४ योग ताराओं की लिस्ट बनी

*जैन ग्रन्थों में चन्द्रमा की चित्रा के साथ युति बड़े रोचक ढंग से वर्णित है इसे छत्रातिछत्रयोग कहा गया है

नक्षत्र-सारणी (कृत्तिकादि गणना)

नक्षत्रों के असम विभाग (मुहूर्तों) में और इनके योगताराओं के सायन भोगांश शर तथा चाक्षक्ष्य वर्ग (Magnitude)

नक्षत्र नाम	असम विभाग (मुहूर्त)	योगतारा नाम	सायन भोगांश	शर (अंश)	चाक्षक्ष्य वर्ग	
कृत्तिका	३०	η Tauri	५९°	+ ४	३	युतिदृश्य
रोहिणी	४५	α Tauri	६९°	– ५	१	युतिदृश्य
मृगशिर	३०	λ Orionis	८३°	– १३	४	– –
आर्द्रा	१५	α Orionis	८८°	– १६	१	– –
पुनर्वसु	४५	β Geminorium	११३°	+ ७	१	– –
पुष्य	३०	δ Cancri	१२८°	०°.१	४	युतिदृश्य
आश्लेषा	१५	ε Cancri	१३२°	– ११	३	– –
मघा	३०	α Leonis	१४९°	–०°.५	१	युतिदृश्य
पूर्वाफाल्गुनी	३०	δ Leonis	१६०°	+ १२	३	– –
उत्तरा फाल्गुनी	४५	β Leonis	१७१°	+ १२	२	– –
हस्त	३०	δ Corvi	१९३°	– १२	३	– –
चित्रा	३०	α Virginis	२०३°	– २	१	युतिदृश्य.
स्वाती	१५	α Bootis	२०४°	+ ३१	१	– –
विशाखा	४५	α Librae	२२४°	– ०.३	५	युतिदृश्य
अनुराधा	३०	δ Scorpii	२४२°	– २	२.५	युतिदृश्य
ज्येष्ठा	१५	α Scorpii	२४९°	– ५	१.२	युतिदृश्य
मूल	३०	λ Scorpii	२६४°	– १४	२	– –
पूर्वाषाढ़ा	३०	δ Sagittari	२७४°	– ६.५	३	– –
उत्तराषाढ़ा	४५	σ Sagittari	२८२°	– ३.५	२	युतिदृश्य
अभिजित्	१ २७/६७	α Lyrae	२८४°	+ ६२	१	– –
श्रावण	३०	α Acquilae	३०१°	+ २९	१	– –
धनिष्ठा	३०	β Delphini	३१६°	+ ३२	३.५	– –
शतभिषा	१५	λ Acquilae	३४१°	०°.४	४	युतिदृश्य
पूर्वाभाद्रपदा	३०	α Pegasi	३५३°	+ १९	३	– –
उत्तराभाद्रपदा	४५	γ Pegasi	८°	+ १३	२	– –
रेवती	३०	ζ Piscium	१९°.	– ०.२	५	युतिदृश्य
अश्विनी	३०	β Arietis	३३°	+ ८	३	– –
भरणी	१५	41 Arietis	४८°	+ १०	४	– –

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

(Overlap of rays) सम्भव होगा । केवल उत्तराषाढ़ा योगतारा की युति सम्भव है । सूर्य प्रज्ञप्ति में

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

*जैन ग्रन्थों में चन्द्रमा की चित्रा के साथ युति बड़े रोचक ढंग

होगी। इस समय पूर्वा फाल्गुनी एवं उत्तरा फाल्गुनी दोनों एक ही नक्षत्र विभाग में थे इसको नाम फाल्गुनी नक्षत्र था। इसी प्रकार पूर्वाषाढ़ा एवं उत्तराषाढ़ा भी तथा पूर्वा भाद्रपदा एवं उत्तरा भाद्रपदा एक-एक युग्म नक्षत्र रहे होंगे। उस समय चन्द्रमा की एक दिन की गति के आधार पर विभाजन शुरू नहीं हुआ था। इस प्रकार उस समय २७ नक्षत्र नहीं थे २४ रहे होंगे। चीन की परम्परा में भी पहले २४ नक्षत्र थे।

(२) दूसरा प्राग्वेदांग ज्योतिष काल—नक्षत्र चक्र के विकास की वह कड़ी है जिसमें चन्द्रमा की दैनिक गति के आधार पर नक्षत्र चक्र के विभाजन के प्रयत्न किए गए। क्योंकि सम विभाजन अस्वाभाविक एवं अप्राकृतिक था। अतः योगताराओं के आधार पर नक्षत्र प्रदेशों, गगन खण्डों के नामकरण करते समय वे असम विभाजन स्वीकार करने के लिए बाधित हुए क्योंकि उन्हें अपने विभाजन में एक एवं केवल एक मात्र योगतारा लेनी थी जिससे उन छोटे व बड़े नक्षत्रों के नाम पड़ते। चन्द्रमा मध्यम मान से एक दिन में यानी ३० मुहूर्त्त में (१ मुहूर्त्त = २ घड़ी = ४८ मिनट) लगभग १३.१/३° चलता है। योगताराओं को बीच में लेने के लिए नक्षत्रों के तीन प्रकार से वर्गीकरण करने पड़े। १५ मुहूर्त्त के नक्षत्र, ३० मुहूर्त्त के नक्षत्र तथा ४५ मुहूर्त के नक्षत्र। १५ मुहूर्त के नक्षत्र वे नक्षत्र हैं जिनमें आधे से कम दिन में ही अग्रिम योगतारा प्राप्त हो जाता है। ३० मुहूर्त वाले वे नक्षत्र हैं, जिनमें एक दिन (= ३० मुहूर्त्त) में एक योगतारा से युति व सान्निध्य संभव है। ४५ मुहूर्त्त वाले वे नक्षत्र हैं जिनमें एक दिन से अधिक लगभग १.१/२ दिन तक योगतारा प्राप्त होती है। यहां संलग्न सारणी में कृत्तिकादि नक्षत्र परिगणना लेकर असम विभाजन के मुहूर्त्तांक, योगताराओं के नाम, उनके सायन भोगांश एवं शर तथा चाक-चक्य प्रकाश वर्ग (magnitude) दिये गए हैं। जिस तारे का चाकचक्य वर्ग अधिक होता है—वह मन्द होता है। लगभग पाञ्च चाक चक्य वर्ग वाले तारे खुली आंख से देखे जा सकते हैं। अतः इससे अधिक चाक चक्य वर्ग वाले तारों के साथ युति देखी ही नहीं जा सकती। किञ्च—चन्द्रमा का शर लगभग ±५° सम्भव है अतः इससे अधिक शर वाले योग ताराओं के साथ युति सम्भव नहीं केवल सान्निध्य सम्भव हो सकता है। इस सारणी में ६ नक्षत्र ४५ मुहूर्तों के हैं—जिनका विवेचन आगे किया जाएगा।

(३) नक्षत्र चक्र की तीसरी स्टेज वह है जिसमें सौ विध्य के लिये नक्षत्र चक्र के समविभाग स्वीकार कर लिये गए। इस वर्गीकरण को आगे वेदांग ज्योतिष ने भी स्वीकार किया। बाद में सिद्धान्त ज्योतिष में भी यही परिपाटी स्वीकृत हुई। ध्यान रहे यदि किसी प्राचीन ग्रन्थ में महाराज अशोक या भगवान् बुद्ध आदि के समय तक या इससे पूर्व किसी घटना में नक्षत्र का उल्लेख है तो यह विचारणीय होगा कि वह नक्षत्र किस परम्परा के अनुसार किस कोटि की नक्षत्र गणना के अनुसार है। वर्तमान नक्षत्र-गणना की परिपाटी के अनुसार उन वाक्यों की गणितीय व्याख्या करना संगत नहीं होगा।

अब हम यह विचार करते हैं कि सर्वप्रथम प्राचीनतम स्टेज में नक्षत्र २४ कैसे थे? सारणी से स्पष्ट है कि तीनों उत्तरानक्षत्र (उत्तरा फाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा एवं उत्तरा भाद्रपदा) ४५ मुहूर्तों के हैं, और आगे पीछे ३० मुहूर्त्त के नक्षत्रों के मध्यगत हैं। इस विवेचन में अभिजित् नक्षत्र नहीं लेना होगा—क्योंकि इसका शर बहुत अधिक है और यह बाद में लिस्ट से निकाल भी दिया गया। अतः उत्तराषाढ़ा के सान्निध्य में श्रवण नक्षत्र ही लिया जाना चाहिये।

ध्यान रहे—तीनों पूर्वानक्षत्रों के योगताराओं के साथ चन्द्रमा की युति सम्भव नहीं है—क्योंकि इन सभी के शर ५ अंश से अधिक है। भले ही वे प्रकाश वर्गांक के अनुसार कोरी आंख से दृश्य हैं। चन्द्रमा इनकी सन्निधि में आ सकता है युति नहीं कर सकता। पूर्वाभाद्रपदा एवं पूर्वाफाल्गुनी के योगतारा काफी दूर रहेंगे। परन्तु पूर्वषाढ़ा का योगतारा इनकी तुलना में चन्द्रमा के काफी पास आ सकता है फिर भी युति सम्भव नहीं। लम्बन संस्कार करने पर भी युति तो नहीं बनेगी—काफी सान्निध्य या अंशमर्द युति (Overlap of rays) सम्भव होगा। केवल उत्तराषाढ़ा योगतारा की युति सम्भव है। सूर्य प्रज्ञप्ति में इस युति का विशेष विवेचन उपलब्ध होता है। इन युग्म नक्षत्रों के क्रमागत पहिले एवं आगे के युतियोग्य योगताराओं से अन्तर इतने ज्यादा हैं कि ये अन्तर अधिकांशतः दो तीन दिनों में भी कोरी आंख से स्पष्ट दृश्य ताराओं से बिना युति ही परमचन्द्रगति से लंघित होते हैं। अतः इन प्रदेशों में ३०, ३० मुहूर्त के नक्षत्रों के मध्य ४५ मुहूर्त के नक्षत्र मानने पड़े। युग्म नक्षत्रों के "पूर्वा" नक्षत्र ३० मुहूर्त के हैं और "उत्तरा" नक्षत्र ४५ मुहूर्त के हैं। इस "पूर्वा", "उत्तरा" विभाजन का संबंध आकृति संस्थान से भी होगा। यह विषय विचारणीय है। प्राग्वैदिक परम्परा में इन युग्म नक्षत्रों के लिए एक-एक ही नाम था, पूर्वा और उत्तरा विभाग नहीं थे—इसमें संदेह नहीं।

इन ४५ मुहूर्त के नक्षत्रों के अतिरिक्त तीन और नक्षत्र रोहिणी पुनर्वसु एवं विशाखा भी ४५ मुहूर्ती हैं। इनके पूर्ववर्ती एवं अग्रिम नक्षत्र—योगताराओं के शर एवं चाकचक्य—वर्ग देखने से भी यही बात स्पष्ट होती है कि इनमें डेढ़ दिन तक या इससे भी अधिक समय में चन्द्रयुति व सान्निध्य नहीं होता। अतः इन नक्षत्रों को भी ४५ मुहूर्तों के नक्षत्रों की लिस्ट में लेना तर्कसंगत है।

४५ मुहूर्त के ६ नक्षत्रों में चान्द्रनक्षत्र मास के प्रतिनक्षत्र के भागों से काफी अधिक भाग आ गए। इसके विपरीत ४५ मुहूर्त के नक्षत्रों में कम भाग ही गणना में आए। १५ मुहूर्त नक्षत्र भी ६ हैं इनमें से चार नक्षत्रों के योगताराओं के पूर्ववर्ती योगताराओं से अन्तर ७° से कम है। आर्द्रा योगतारा का मृगशिर योगतारा से अन्तर ५°, आश्लेषा योगतारा का पुष्य योगतारा से अन्तर ५°, स्वाती योगतारा का चित्रा योगतारा से अन्तर १°, और ज्येष्ठा योगतारा का अनुराधा योगतारा से अन्तर ७° है। बाकी १५ मुहूर्त के दो नक्षत्र भरणी एवं शतभिषा इस संदर्भ में अपवाद प्रतीत होते हैं। भरणी योगतारा का अश्विनी योगतारा से अन्तर १६° और अग्रिमवर्ती युतियोग्य कृत्तिका योगतारा से अन्तर ११° है। शायद कृत्तिका के सापेक्ष तुलना में इसे १५ मुहूर्ती लिया गया। शतभिषा योगतारा का धनिष्ठा योगतारा से अन्तर १६° और पूर्वा भाद्रपदा योगतारा से अन्तर १२° है। ये दोनों पूर्ववर्ती व अग्रिम योगतारा कोरी आंख से अदृश्य हैं। किञ्च इस योगतारा के विषय में मतभेद ही है। अतः यह स्पष्ट है कि नक्षत्र चक्र की सम विभाग परम्परा से पूर्व विषम विभाग की परिपाटी प्रचलित थी और वही अधिक तर्क संगत कही जा सकती है। सिद्धांत ग्रन्थों तथा अब की परम्परा में स्वीकृत सम विभाग पद्धति काल्पनिक (Fictitious) विभाजन पद्धति है और इसे व्यवहारार्थ स्वीकृत किया गया है।

ऊपर के विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि प्राचीन काल के जातक नक्षत्र आदि के उल्लेखों में आधुनिक परिपाटी का प्रयोग तर्क संगत नहीं होगा। यही नहीं प्राचीन तिथियां भी ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार चन्द्रोदय से चन्द्रोदय तक सायन चन्द्रदिन के रूप में परिभाषित रही हैं। इस परम्परा के बाद वेदांग ज्योतिष की पञ्च संवत्सर गणना पद्धति प्रचलित रही। जिसके अनुसार तिथि मान वर्तमान परिभाषा से प्राप्त मानों से भिन्न रहे हैं। अतः प्राचीनतम साहित्य में यदि तिथि नक्षत्र का उल्लेख हो तो उसकी व्यवस्था वर्तमान पद्धति से करना उचित नहीं। तब पञ्चांग में तिथि और नक्षत्र दो ही अंग थे। उस समय में ग्रह स्थिति आदि का उल्लेख भी नहीं होता था। अतः यह स्पष्ट है कि भगवान् रामचन्द्र आदि की जन्म कुण्डलियां अर्वाचीन फलित शास्त्रियों ने श्रद्धावश अब प्रचलित पद्धतियों से बनाईं। इसमें सन्देह नहीं कि जीसस क्राइस्ट, मुहम्मद तथा हिन्दु अवतारों की जन्म कुण्डलियां ग्रहस्थिति आदि सब बहिर्न्यास पद्धति (Extrapolation-method) से बनाई गई हैं। ये तो केवल मात्र नष्ट जातक पद्धति से ज्ञात की गई। एवं इन में उच्चस्थ ग्रहयोग आदि इन विद्वानों ने अपनी श्रद्धावश अथवा फलित शास्त्र में प्रमाणिकता की धारणावश दिए होंगे। ये सब इन विद्वानों द्वारा नष्टजातक पद्धति के प्रयोग मात्र हैं इसमें संदेह नहीं। इनके विवेचन तो वस्तुतः प्राचीन परम्परागत तत्कालीन पद्धति से ही करने चाहिएं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अंग्रेजीं तारीख को हिज़री तारीख में बदलने की विधि

शक्तिधर शर्मा

पिछले वर्ष हमने मुस्लिम हिज़री तारीख को अंग्रेजी तारीख में बदलने की विधि बतलाई । अब हम उसकी विपरीत प्रक्रिया बतलाते हैं । इसके लिये हमे पिछले वर्ष दी गई सारणी (ख) (ग) (घ) की आवश्यकता है । इन्हें यहा पुन: दिया गया है । प्रक्रिया निम्नलिखित है–

(१) दी गई अंग्रेजी तारीख की वर्ष संख्या में से ६२१ घटाए, और प्राप्त शेष (मध्यवर्ती) वर्षों को ३६५ से गणा करें ।

(२) शेष को ४ से भाग दे – पूर्णांक लब्धि प्लुत दिनों (Leapdays) की संख्या होगी । इसे (१) प्रक्रिया में प्राप्त गुणनफल के नीचे लिखे ।

(३) अंग्रेजी A.D. वर्ष के प्रारम्भ से दी गई तारीख तक के (जन. १ के बाद की) दिनों की संख्या गिनकर या सारणी "घ" से प्राप्त संख्या को भी गुणनफल के नीचे लिखें । ध्यान रहे – इस तारीख तक के दिनों की गिनती में यदि फरवरी का प्लुत दिन भी आ रहा हो तो उसे भी बीच में गिनें ।

(४) प्रक्रियाए (१), (२), (३) के प्राप्त अंकों को जोडकर ५६१ दिन घटाए ।

(५) यदि A.D. वर्ष नई परिपाटी (अर्थात् २ सित. १७५२ ई. जब पोप ने ११ दिन बढ़ाए थे) के बाद का हो तो १८ वी शती में ११ दिन १९वी शती में १२ दिन २०वी एव २१वीं शती में १३ दिन, २२वी शती में १४ दिन घटाए । शेष को श कहे ।

(६) 'श' में से सारणी "ख", "ग" की सहायता से यथा सम्भव घटने योग्य दिनो को घटाते जाए साथ-साथ हिज़री वर्ष लिखते जाए (या सारणियो ख और ग से प्राप्त संख्याओं से अंकों के जोड को 'श' में से घटाए) इसके बाद हिज़री तारीख तक के दिनों की संख्या (सारणी 'घ' की सहायता से) जहां तक घट सके घटाए । शेष दिन संख्या अग्रिम हिजरी मास की तारीख होगी । सारणियो "ख", "ग" से प्राप्त हिज़री वर्ष संख्याओं को जोड़ कर १ जोड़ने से वर्तमान हिज़री वर्ष (अंग्रेजी वर्ष के मुताबिक हिजरी वर्ष) प्राप्त होगा । यह सब नीचे लिखे उदाहरण से स्पष्ट हो जाएगा ।

प्राप्त हिज़री तारीख को वार जानने के लिए सूत्र निम्नलिखित है–

(इतवार = १) $\frac{\text{श} + ६}{७}$ भाग देने में शेष संख्या = वार

उदाहरण–हम यहा उदाहरण के रूप में सन् १९१९ की ३१ मई को हिज़री तारीख प्राप्त करेंगे । गणित न्यास निम्नलिखित है–

(१) १९१९-६२१ = १२९८ = क्रिश्चियन एव हिज़री वर्षों की मध्यवर्ती संख्या

(२)	(अ)	१२९८ × ३६५	= ४७३, ७७०
	(आ)	पूर्णांक १२९८/४	= ३२४ लीप दिन
(३)		जन. १ से मई ३१ तक के दिन सारणी (घ)	= १५०
		योग	= ४७४, २४४
(४)		घटाए स्थिरांक ५६१	– ५६१
			४७३६८३
(५)		शती संस्कार (२० वीं शती)	–१३
		शेष	४७३६७०
(६)		सारणी "ख" १२०० वर्ष (हिजरी)	–४२५,२४०
		" १२० अन्तर	=४८,४३०
			–४२,५२४
		अन्तर	= ५,९०६
		सारणी "ग" १६ वर्ष	५,६७०
			२३६
		मुहर्रम १ से शाबान के अन्त तक (सारणी घ)	२३५
		रमजान	१

हिजरी वर्षों का योग
= १३३६
१ जोड़े + १
वर्तमान हिजरी वर्ष १३३७

अत: ३१ मई १९१९ ई. को १ रमजान १३३७ हिजरी था ।

वार = (४७३६७० + ६)/७ – शेष = ० = शनिवार

कभी-कभी वार में फर्क आ सकता है अत: तदनुसार हिजरी तारीख एक आगे या पीछे कर लें ।

सारणी (ख)

हिज़री चक्रों के लिये दिन व क्रिश्चियन वर्ष, दिन तथा वारों में वृद्धि

चक्र	हिज़री सन् वर्ष	हिज़री सन् दिन	क्रिश्चियन सन् वर्ष	क्रिश्चियन सन् दिन	वार
१	३०	१०६३१	२९	४६	५
२	६०	२१२६२	५८	९२	३
३	९०	३१८९३	८७	१३८	१
४	१२०	४२५२४	११६	१८४	६
५	१५०	५३१५५	१४५	२३०	४
६	१८०	६३७८६	१७४	२७६	२
७	२१०	७४४१७	२०३	३२२	०
८	२४०	८५०४८	२३३	३	५
९	२७०	९५६७९	२६२	४९	३
१०	३००	१०६३१०	२९१	९५	१
२०	६००	२१२६२०	५८२	१९०	२
३०	९००	३१८९३०	८७३	२८५	३
४०	१२००	४२५२४०	११६५	१५	४
५०	१५००	५३१५५०	१४५६	११०	५

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सारणी (ग)

हिजरी कैलेण्डर के अतिरिक्त वर्षों के लिये क्रिश्चियन वर्ष दिन वारों में वृद्धि

हिजरी वर्ष	हिजरी दिन	क्रिश्चियन वर्ष	क्रिश्चियन दिन	हिजरी वार	हिजरी वर्ष	क्रिश्चियन दिन	क्रिश्चियन वर्ष	क्रिश्चियन दिन	वार
१	३५४	०	३५४	४	१६*	५६७०	१५	१९५	०
२*	७०९	१	३४४	२	१७	६०२४	१६	१८४	४
३	१०६३	२	३३३	६	१८*	६३७९	१७४	२	
४	१४१७	३	३२२	३	१९	६७३३	१८	१६३	६
५*	१७७२	४	३१२	१	२०	७०८७	१९	१५२	३
६	२१२६	५	३०१	५	२१*	७४४२	२०	१४२	१
७*	२४८१	६	२९१	३	२२	७७९६	२१	१३१	५
८	२८३५	७	२८०	०	२३	८१५०	२२	१२०	२
९	३१८९	८	२६९	४	२४*	८५०५	२३	११०	०
१०*	३५४४	९	२५९	२	२५	८८५९	२४	९९	४
११	३८९८	१०	२४८	६	२६*	९२१४	२५	८९	२
१२	४२५२	११	२३७	३	२७	९५६८	२६	७८	६
१३*	४६०७	१२	२२७	१	२८	९९२२	२७	६७	३
१४	४९६१	१३	२१६	५	२९*	१०२७७	२८	५७	१
१५	५३१५	१४	२०५	२	३०	१०६३१	२९	४६	५

दिन एवं वारों में प्रतिमासान्त वृद्धि

सारणी (घ)

हिजरी वर्ष			क्रिश्चियन वर्ष		
१ मह. के बाद मासान्त तक	दिन	वार	१ जन. के बाद मासान्त तक	दिन	वार
महर्रम	२९	१	जनवरी	३०	२
सफर	५८	२	फरवरी	५८	२
रबी उल अव्वल	८८	४	मार्च	८९	५
रबी उलाखीर	११७	५	अप्रैल	११९	०
जमद उल अव्वल	१४७	०	मई	१५०	३
जमद उलाखीर	१७६	१	जून	१८०	५
रजब	२०६	३	जुलाई	२११	१
शाबान	२३५	४	अगस्त	२४२	४
रमजान	२६५	६	सितम्बर	२७२	६
शव्वाल	२९४	०	अक्तूबर	३०३	२
जिल्काद	३२३	१	नवम्बर	३३३	४
जिल्हिज	३५३	३	दिसम्बर	३६४	०

नोट : *से चिन्हित वर्ष प्लुत वर्ष है जिनमें जिल्हिज्ज का महीना २९ दिन की बजाए ३० दिन का है।

शाक वर्ष की सौर तारीख (प्रविष्टे) को हिजरी में बदलने की विधि

सौर शाक तारीख को हिजरी में बदलने के लिये पहिले सौर शाक मेष सक्रान्ति के दिन हिजरी वर्ष का गत अंशात्मक भाग निकालना आवश्यक है। सर्वादि के समय भिन्नात्मक हिजरी वर्ष ज्ञात करने के लिये निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग करें –

$$हि = शा - ५१८ + \frac{शा - १३६८}{३२.५६}$$

जहां हि = हिजरी वर्ष, शा = शाक वर्ष

तारीख परिवर्तन की पूरी विधि निम्नलिखित उदाहरण से स्पष्ट हो जाएगी –

उदाहरण—पहिले उदाहरण रूप में हम १८४१ शाक वर्ष के मेष सक्रान्ति के दिन गत भिन्नात्मक हिजरी वर्ष ज्ञात करते हैं—

$$हि = १८४१ - ५१८ + \frac{१८४१ - १३६८}{३२.५६} = १३३७.५४$$

= १३३७ वर्ष ६.५ मास गत

अतः ७वें मास रजब की कोई तारीख शाक १८४१ की मेष सक्रान्ति के दिन थी। अर्थात् मेष सक्रान्ति के दिन रजब मास चल रहा था। क्योंकि लगभग ०.५ मास = १५ दिन गत हैं – अतः मध्यम मान में लगभग रजब मास का मध्य मेष सक्रान्ति के दिन था। इस विधि से ठीक तारीख ज्ञात नहीं की जा सकती – क्योंकि ये सब मध्यम अधिमास पर आधारित है। अतः कई बार एक मास तक अन्तर आ सकता है। ऐसी स्थिति में विगत समीपतम अधिमास को ध्यान में रखते हुए संस्कार कर लेना पड़ेगा।

इस तरह मेष सक्रान्ति के दिन हिजरी वर्ष मास ज्ञात हो जाने पर आगे के महीनों की सक्रान्तियों के दिन हिजरी वर्ष मास की स्थूल तारीख ज्ञात हो जाएगी सौर तारीखों एवं मासों के तुल्य चान्द्र तिथि एवं मास लेकर गणना करने पर ही वास्तविक तारीख का ज्ञान होगा उसमें भी एक दिन का अन्तर हो सकता है।

हिजरी तारीख को शाक सौर तारीख (प्रविष्टे) में बदलने की विधि

हिजरी तारीख को शाक सौर प्रविष्टे में बदलने के लिये महर्रम १ से सम्बद्ध चन्द्रदर्शन की तारीख को शाक मास की भिन्नात्मक गत तारीख करनी होगी। उसके ज्ञान के लिये सूत्र निम्नलिखित है –

$$शा = हि + ५१८ - \frac{हि - ८५०}{३३.५४}$$

निम्न उदाहरण से सम्पूर्ण प्रक्रिया स्पष्ट हो जाएगी –

उदाहरण— उदाहरण के रूप में हम पहिले हिजरी १३३७ के प्रारम्भ (महर्रम मास के प्रारम्भ) के दिन शाक मास का गत ज्ञात करेंगे—

$$शा = १३३७ + ५१८ - \frac{१३३७ - ८५०}{३३.५४}$$

= १८४०.५०

= १८४० शाक वर्ष के छठे मास का लगभग प्रारम्भ

यदि हम १८४१ शाक वर्ष में ज्येष्ठ के प्रारम्भ की लगभग हिजरी तारीख जानना चाहते हैं – तो निम्न ढंग से जान सकते हैं—

शा १८४० का ७वां मास	हिजरी १३३७ का पहिला मास
+ ८ मास	+ ८ मास
१८४१ शाक का ज्येष्ठ मास	हिजरी १३३७ के ९वें मास रमजान के साथ चल रहा होगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

"गर्भ में पुत्र है अथवा पुत्री, जन्म कब होगा ?

यह पूर्व ही कहा जा चुका है कि भारतीय ज्योतिष का प्रयोजन आत्मकल्याण के साथ लोक व्यवहार सम्पन्न करना है। लोक व्यवहार के निर्वाह के लिए ज्योतिष के दो सिद्धांत हैं—गणित एवं फलित। गणित ज्योतिष के शुद्ध गणित के अतिरिक्त करण, तन्त्र एवं सिद्धान्त ये तीन भेद तथा फलित के जातक, ताजिक, मुहूर्त, प्रश्न एवं शकुन ये पाँच भेद किये गये हैं। फलित के अन्तर्गत 'प्रश्न' भेद का उल्लेख इस लेख में किया जा रहा है।

आज इस वैज्ञानिक युग में गर्भगत सन्तान के बारे में जिज्ञासु व्यक्ति अल्ट्रासाउन्ड एक्स-रे आदि कराते हैं। किन्तु इस लेख को पढ़ने के बाद शायद उसकी आवश्यकता आप अनुभव नहीं करेंगे, ऐसी आशा है। ज्ञात सारणी की सहायता से एक साधारण व्यक्ति भी अपनी उत्पन्न होने वाली भावी सन्तान के बारे में जान सकेगा कि गर्भगत सन्तान पुत्र होगा या पुत्री होगी तथा कब उत्पन्न होगी ? कलियुग में निरन्तर ज्योतिष शास्त्र से मानव जाति का विश्वास उठता जा रहा है। ये आस्थारहित मानव ज्योतिष के सूक्ष्म गणित पर तो विश्वास रखते हैं अपितु ज्योतिष फलित पर नहीं। मैंने अपने अल्प अनुभव एवं पूज्य पिताश्री के दीर्घ अनुभव, शोध आदि को एकत्रित करके तथा इस एकत्रित सारणी का अनुभवी चिकित्सकों द्वारा भी परिणाम प्राप्त करके; जिज्ञासु पाठकों के लाभार्थ प्रकाशित कराया है।

जैसे "यह कुण्डली पुरुष की है या स्त्री की है" के प्रश्न का उत्तर सुगमता से नहीं दिया जा सकता; ठीक इसी भांति गर्भगत सन्तान लिंग एवं सन्तानोत्पत्ति काल स्पष्ट करना कठिन होता है। ऐसे प्रश्नों का उत्तर देना आचार्य श्रेष्ठ हेतु समस्या बन जाती है। परन्तु आप इस सारणी के माध्यम से छोटा सा गणित करके ही उक्त प्रश्न का उत्तर सटीक देने में समर्थ हैं।

क्या ज्योतिष शास्त्र का फलित निराधार है ? जी नहीं, ऐसा नहीं है। यदि आपके प्रश्न का उत्तर गलत मिलता है तो वह ज्योतिष गणित अथवा ज्योतिष फलित का दोष नहीं है अपितु भविष्यवक्ता द्वारा ग्रह परिशीलन का दोष है। इसका अर्थ ये तो नहीं, कि ज्योतिष असत्य है। यदि बुद्धिजीवी वर्ग इस ओर थोड़ा भी अमूल्य समय दें तो बड़े-बड़े चमत्कृत फल एवं शोधकार्य होने सम्भव हैं।

उपरोक्त प्रश्न का उत्तर देने से पूर्व कुछ निम्नवत् बातें विशेष रूप से ध्यान में रखना नितान्त आवश्यक हैं—

(१) गर्भवती स्त्री की वास्तविक "जन्म तिथि" होनी चाहिए।
(२) गर्भवती स्त्री की "गर्भ तिथि" होनी चाहिए।

"गर्भ तिथि" का निर्णय करना महाकठिन कार्य है। यह तो कोई दैविक शक्ति ही स्पष्ट कर सकती है। सामान्य व्यक्ति या गणित निर्णय नहीं कर सकता कि अमुक स्त्री, अमुक तिथि में गर्भवती हुई है। ऐसा तो मात्र आचार्य वराहमिहिर ने अपनी विख्यात पुस्तक "वराहसंहिता" में गर्भ शोधन पद्धति को विस्तार से समझाया है; किन्तु यह विधि तभी व्यवहार में सफल हो सकती है जब हमें गर्भधारण क्षण का ज्ञान हो; जो कि श्रमसाध्य कार्य है एवं कठिन भी है।

"गर्भ तिथि निर्णय"—यह तो सर्व विदित है कि मासिक धर्म यदि निश्चित तिथि पर न हो तो उस मास गर्भधारण स्वीकार कर लिया जाता है। माना किसी स्त्री को मासिक धर्म ९ दिसम्बर, १९९० को होना था किन्तु निर्धारित तिथि पर उस स्त्री को रजो धर्म नहीं हुआ अर्थात् उस स्त्री को गर्भ ठहर गया है यानि कि वह गर्भवती हो चुकी है। इस का तात्पर्य है कि अमुक स्त्री गत ९ नवम्बर, १९९० से ९ दिसम्बर, १९९० के कालखण्ड में किसी तिथि में गर्भवती हो चुकी है। सर्वसाधारण जानते ही हैं कि चन्द्रमा के भगणकाल का स्त्री के मासिक धर्म से साक्षात् सम्बन्ध है। अतः उक्त ९ दिसम्बर, १९९० को गर्भवती स्त्री एक मास व्यतीत कर चुकी होती है; ऐसा हमने मान लिया है अर्थात् स्त्री ने ९ नवम्बर, १९९० को ही गर्भधारण कर लिया, ऐसा मान लेते हैं जबकि ऐसा अनिवार्य नहीं है। क्योंकि हमने सारणी इसी गणित के माध्यम से बनायी है। यानि कि "गर्भ तिथि" ९ नवम्बर, १९९० निश्चित हुई।

गणित प्रक्रिया—माना किसी स्त्री की जन्म तिथि १५.१२.१९६७ ई० है तथा "गर्भ तिथि" ९ नवम्बर, १९९० ई० है।

नोट—गर्भवती स्त्री की "गर्भ तिथि" में से उसकी "जन्म तिथि" को घटायें। फिर सारणी में प्राप्त गणित से फल देखें। इससे स्पष्ट होगा कि गर्भगत् सन्तान पुत्र है अथवा पुत्री। सन्तान का जन्म कब होगा ? इसके लिए प्राप्त "गर्भ तिथि" में २७० दिन जोड़ दें। सन्तोनोत्पत्ति काल ज्ञात हो जायेगा। इस काल में एक सप्ताह का अन्तर कभी-कभी आता है। अतः ज्योतिष प्रेमी ध्यान रखें एवं स्वयं का भी मस्तिष्क प्रयोग करें।

गर्भ तिथि—	९.११.१९९०
जन्म तिथि—	१५.१२.१९६७
(घटाया)	२४.१०.२२

लब्धि २२ वर्ष १० मास २४ दिन आई। सारणी में २३वें वर्ष के नीचे ११वें मास यानि नवम्बर मास का फल देखेंगे। यही अभीष्ट उत्तर मिला अर्थात् पुत्र होगा।

गर्भ तिथि—	९.११.१९९०
(२७० दिन के मास बना कर जोड़ें)	०. ९. ०
(जोड़ा)	९. ८.१९९१

अर्थात् भावी सन्तान ९ अगस्त, १९९१ में जन्मेगी। इस तिथि में ७ दिन का अन्तर आ सकता है।

उत्तर—"९ अगस्त, १९९१ में अमुक स्त्री को पुत्र रत्न की प्राप्ति होगी।"

इस सारणी के माध्यम से इच्छानुसार सन्तान भी प्राप्त की जा सकती है। इसका गणित निम्नवत् है—

माना अमुक स्त्री की जन्म तिथि २० जनवरी, १९६९ ई० है, तथा वह इच्छानुसार अगस्त, १९९० ई० में सन्तान हेतु गर्भधारण करना चाहती है। यदि वह इस मास गर्भवती होती है तो क्या सन्तान उत्पन्न होगी ?

माना अमुक स्त्री को रजोधर्म १३ अगस्त, १९९० को हुआ है। इस तिथि को ही आप "गर्भ तिथि" स्वीकारें।

गर्भ तिथि—	१३.८.१९९०
जन्म तिथि—	२०.१.१९६९
(घटाया)	२३.६.२१

फल—सारणी में २२ (बाइस) व वर्ष के नीचे ७वें मास अर्थात् जुलाई के सामने देखा पुत्री लिखा है। यदि अमुक स्त्री इस मास गर्भ धारण करेगी तो पुत्री प्राप्त होगी। जन्मतिथि भी उक्त नियमानुसार प्राप्त कर लें।

शेष पृ.२९ पर

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

१९९० के कालखण्ड में किसी तिथि में गर्भवती हो चुकी है । सर्वसाधारण जानते हो है कि चन्द्रमा के भगणकाल का स्त्री के मासिक धर्म से साक्षात् सम्बन्ध है । ... अमुक स्त्री इस मास गर्भ धारण करेगी तो पुत्र प्राप्त होगा । जन्मतीय भी उक्त नियमानुसार प्राप्त शेष पृ. २९ पर

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

: समस्याएं और समाधान :

प्रियव्रत शर्मा

[जैसा कि हम पहिले भी पाठकों को बतला चुके हैं – इस स्तम्भ में हम उनकी फलित (मुहूर्त, जातक, ताजिक आदि) एवं सिद्धान्त ज्योतिष (ग्रहों की गति, स्थिति आदि) से सम्बद्ध समस्याओं का समाधान करते हैं । भारतीय पंचाग से सम्बद्ध धर्मशास्त्र सम्बन्धी समस्याओं का समाधान भी यहाँ किया जाता है । अत: पाठक इन्हीं विषयों से सम्बद्ध समस्याएं ही हमें भेजा करें । फलित ज्योतिष सम्बन्धी ऐसी समस्याएं जो किसी जातक विशेष से सम्बद्ध हों एवं धर्मशास्त्र आदि से सम्बन्ध रखने वाली वे समस्याएं जिनका पंचाग या ज्योतिषशास्त्र से कोई वास्ता नहीं है – ऐसी समस्याओं के समाधान हम इस स्तम्भ में नहीं देते । क्योंकि इस स्तम्भ के लिए प्रतिवर्ष पाठकों की अनेक समस्याएं हमें प्राप्त होती हैं अत: हम उनमें से ऐसी समस्याओं को ही समाधानार्थ चुनते हैं जिनसे अन्य पाठकों का भी ज्ञानवर्धन होता है । स्थानाल्पता के कारण हम प्रतिवर्ष प्राप्त होने वाली सभी समस्याओं का समाधान एक ही वर्ष के पंचाग में नहीं दे सकते, अत: हम इनमें से अनेक समस्याओं को आगामी वर्ष या वर्षों के पंचागों में प्रकाशित करने के लिए बाधित हैं ।
प्रियव्रत शर्मा]

समस्या—जन्मकालिक महादशा के भुक्त या भोग्यकाल जानने के लिए तात्कालिक नक्षत्र के भुक्त या भोग्यकाल को जन्मकालिक ग्रहदशा के वर्षों से गुणा करके भभोग से भाग दे कर लब्धि वर्ष, शेष को १२ से गुणा करके भभोग से भाग देकर लब्धि मास एवं पुन: शेष को ३० से गुणा करके भभोग से भाग देकर लब्धि दिन होते हैं । क्या इस प्रक्रिया से यह प्रकट नहीं होता कि ग्रहदशाओं के वर्ष जो पचांगों तथा ज्योतिष ग्रन्थों में दी गई महादशा और अन्तर्दशा सारणियों में निर्दिष्ट हैं, ३६० दिन के होते हैं, ३६५¼ दिन के नहीं ?

– अभिनिवेश बड़ीच ....(राजस्थान)

समाधान— यहाँ जन्मकालिक महादशा का भुक्त या भोग्यकाल निकालने की प्रक्रिया में मासों को ३० दिन का माना गया है – यह ठीक है लेकिन ये ३० दिन सावन नहीं; अपितु सौर हैं । यहाँ ३० दिन का अभिप्राय, सूर्य द्वारा ३० अंशों का भोगकाल है अर्थात् सौरमान से एक दिन वह काल है जिसमें सूर्य एक अंश चलता है । जितने समय में सूर्य ३० अंश या एक राशि पार करता है उस समय को एक सौर मास कहा जाता है । जितने समय में सूर्य ३६० अंश (१२ राशियां) पार करता है उस कालावधि को ३६० सौर दिन या एक सौर वर्ष कहा जाता है । इस प्रकार सौर वर्ष में जो ३६० दिन माने गए हैं वे सावन दिन नहीं, अपितु सौर दिन हैं ।

सूर्योदय से सूर्योदय तक के काल को "सावन दिन" कहा जाता है ।

समस्या—पृथ्वी पूरे २४ घण्टों में अपने अक्ष पर पश्चिम से पूर्व की ओर ३६० अंश घूम जाती है, और सूर्य इतने ही समय में (२४ घण्टों में) लगभग एक अंश पश्चिम से पूर्व की ओर अपने भ्रमणवृत्त में खिसक जाता है । इस स्थिति में सूर्य का पूर्वी क्षितिज पर उदय प्रतिदिन २४ घण्टा ४ मिनट बाद होना चाहिए । लेकिन वह लगभग २४ घण्टे बाद ही पूर्वी क्षितिज पर आ जाता है - इसका कारण क्या है ? —विनायक शाह ....बम्बई

समाधान— पृथ्वी अपने अक्ष पर पश्चिम से पूर्व की ओर ३६० अंश घूमने में २४ घण्टा लेती है यह साधारणतया कहा जाता है लेकिन वास्तविकता यह है कि वह अपने अक्ष पर पूरा (३६० अंश का) चक्र लगाने में लगभग २३ घं. ५६ मि. ही लेती है । यही कारण है प्रतिदिन १ अंश पूर्व की ओर खिसका हुआ सूर्य पृथ्वी के पूर्ण भ्रमण के लगभग ४ मिनट बाद (यानी कुल २४ घण्टा बाद) पूर्वी क्षितिज पर आता है । यदि वह (सूर्य) १ अंश पूर्व की ओर खिसका न होता तो वह पृथ्वी के पूर्ण भ्रमण होते ही (२३ घं. ५६ मिनट बाद ही) पूर्वी क्षितिज पर आ जाता ।

पृथ्वी जितने समय में अपने अक्ष पर ३६० अंश घूमती है उसे नाक्षत्र दिन (Sidereal day) कहा जाता है । जो तारा इस समय आपको अपने स्थानीय पूर्वी क्षितिज पर लगा दिखाई देता है वह लगभग २३ घं. ५६ मि. बाद आपके पूर्वी क्षितिज पर पुन: आकर लग जाएगा क्योंकि वह स्थिर है, सूर्य की भान्ति वह चलता नहीं है । इसी प्रकार क्रान्ति वृतस्थ १२ राशियों के प्रारम्भ बिन्दु भी स्थिर हैं । इसीलिए इनमें से प्रत्येक बिन्दु भी किसी स्थानीय पूर्वी क्षितिज पर अपने पहिले उदय के २३ घं. ५६ मि. बाद ही आ जाता है, अर्थात् किसी भी राशि या लग्न का किसी स्थानीय क्षितिज पर उदय अपने पहिले उदय के लगभग २३ घ. ५६ मि. बाद होता है । इस प्रकार स्पष्ट है–बारह राशियों (लग्नों) का किसी स्थानीय क्षितिज पर उदयकाल (अर्थात् उनके स्वोदय कालों का योग) लगभग २३ घं. ५६ मि. ही होता है ।

यहाँ यह भी जान लेना चाहिए कि किसी भी स्थल पर दो सूर्योदयों का मध्यवर्ती काल हमेशा २४ घण्टे नहीं होता । वह एक सौर वर्ष में कम से कम २३ घण्टे ५९ मि. ३५ से. और अधिक से अधिक २४ घं. ० मि. २६ से. का होता है । मध्यम मान से वह पूरे २४ घण्टे का होता है ।

दो सूर्योदयों के मध्यवर्ती काल को सावन दिन कहा जाता है । उक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि मध्यम मान से सावन दिन २४ घण्टे का और स्पष्ट मान से इसका न्यूनतम मान २३ घ. ५९ मि. ३५ से. और अधिकतम मान २४ घं. ० मि. २६ से. है ।

समस्या—श्री मार्त्तण्ड पंचाग के तिथि, नक्षत्र आदि के समाप्ति काल को अन्य किसी अभीष्ट नगर का काल कैसे बनाया जाए ?

श्री बी.ऐल. आदित्य
हज़रतपुर P.O कालिब
(बुलन्दशहर) उ.प्र.

समाधान— मार्त्तण्ड पंचांग में तिथि नक्षत्र आदि का समाप्तिकाल घड़ी पलों में तो दिया ही जाता है । साथ ही यह भा.स्टैं.टा. में घण्टा मिनटात्मक भी दिया रहता है । यहाँ दिया गया घड़ी पलात्मक काल चण्डीगढ़ के सूर्योदय से सम्बद्ध है । अर्थात् ये घड़ी पल यह बतलाते हैं कि अमुक तिथि नक्षत्र आदि की समाप्ति चण्डीगढ़ के उस दिन के सूर्योदय के बाद इतने घड़ी पल बीतने पर होगी । स्पष्ट है इन घड़ी पलात्मक समाप्ति कालों को चण्डीगढ़ के अतिरिक्त अन्य किसी भी नगर के लिए प्रयोग में नहीं लाया जा सकता । (ध्यान रहे—चाहे कोई भी पंचांग हो बनारस का, बम्बई का या जयपुर का, यदि वहाँ तिथि आदि के लिए घड़ी पल लिखे गए हैं तो उनका प्रयोग उसी नगर के लिए हो सकेगा, जहाँ के लिए वह पंचाग बनाया गया है ।) यदि हम मार्त्तण्ड पंचांग के इन घड़ी पलों को अपने किसी अन्य नगर के लिए बनाना चाहते हैं तो हमें इनमें चण्डीगढ़ और अपने अभीष्ट नगर के तद्दिनीय सूर्योदय कालों के अन्तर से संस्कृत करना होगा । यदि उस दिन आपके अभीष्ट नगर का सूर्योदय चण्डीगढ़ के सूर्योदय से पहिले हो रहा हो तो दोनों नगरों के सूर्योदयकाल के घड़ी पलात्मक अन्तर को पंचांगस्थ घड़ीपलों में जोड़ना होगा । अन्यथा (अभीष्ट नगर का सूर्योदय चण्डीगढ़ के सूर्योदय के बाद हो रहा हो तो) इस घड़ी पलात्मक अन्तर को पंचांगस्थ इन घड़ी-पलों में से घटाना होगा, इस प्रकार आपके अभीष्ट नगर में उस तिथि, नक्षत्र आदि का समाप्ति काल घड़ी पलों में ज्ञात हो जाएगा । यही विधि भद्रा, पंचक आदि के प्रारम्भ-समाप्ति काल, चन्द्रराशि प्रवेश, ग्रहों के राशि-नक्षत्र प्रवेश काल आदि के घड़ी पलों को भी अभीष्ट नगरीय बनाने के लिए अपनाइए । इस पद्धति को "पंचांग परिवर्तन पद्धति" कहा जाता है ।

उपरोक्त पंचांग परिवर्तन पद्धति का प्रयोग आजकल के स्टैण्डर्ड टाईम वाले युग में अर्थहीन है । अब सर्वत्र स्टै.टा. का ही प्रयोग में लाया जा रहा है । प्रत्येक व्यक्ति की कलाई पर और उसके घर की दीवार पर या उसके

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

टेबल पर आधुनिक घड़ियां (Watches) हैं, जो स्टैं.टा. ही बतलाती हैं। स्टैं. टा. ऐसा समय है जो एक देश या क्षेत्र में सर्वत्र एक ही रहता है। स्थान भेद से उसमें परिवर्तन की आवश्यकता नहीं रहती। इसी बात को दृष्टि में रखते हुए श्री मार्तण्ड पंचांग में घड़ी पलात्मक तिथ्यादि वाले २४ पक्षों के पृष्ठों के तुरन्त बाद भारतीय स्टैण्डर्ड टाइम में तिथ्यादि, भद्रा, चन्द्रराशि प्रवेश और ग्रह नक्षत्र-राशि प्रवेश का काल बतलाने वाला पंचांग भी प्रतिवर्ष दिया रहता है। तिथ्यादि, भद्रा आदि का जो काल भा.स्टैं. टा. में यहां दिया गया है वह समस्त भारत के समस्त नगरों के लिए "पंचांग परिवर्तन पद्धति" के प्रयोग के बिना ही ज्योतिषी लोग प्रयोग में ला सकते हैं। अर्थात्, भारत के सभी स्थलों पर इस भा.स्टैं.टा. को इसी रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। उदाहरणार्थ—२१ फर. ९१ को फाल्गु. शु. सप्तमी तिथि भा.स्टैं.टा. के अनुसार दिन के १७ घ. २७ मि. पर समाप्त हो रही है। इस तिथि का समाप्ति काल चण्डीगढ़, दिल्ली, कानपुर आदि सभी शहरों में यही होगा, इसमें "पंचांग परिवर्तन पद्धति" के प्रयोग की आवश्यकता नहीं है।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि, तिथ्यादि के लिए घड़ी पलों के स्थान पर भा.स्टैं.टा. को प्रयोग में लाने में भारी लाघव है।

ध्यान दें—तिथि, नक्षत्र, योग, करण भद्रा व पंचक की समाप्ति एवं [illegible] चन्द्र राशि प्रवेश, सूर्यादि ग्रहों के नक्षत्र-चरण-राशि प्रवेश, ग्रहों के वक्र-मार्ग एवं चन्द्रग्रहण की प्रारम्भ समाप्ति तथा स्पष्ट ग्रहों के राश्यादि क्रान्ति, शर और अयनांश के मान को बतलाने वाला स्टैण्डर्ड टाइम देश के सभी स्थलों के लिए एक सा ही होता है। लेकिन सूर्य, चन्द्र एवं अन्य सभी ग्रहों के उदय-अस्त, लग्नों की प्रारम्भ-समाप्ति तथा सूर्य ग्रहण के प्रारम्भ तथा समाप्ति को बतलाने वाला काल भले ही स्टैण्डर्ड टाइम में क्यों न हो, वह स्थानीय (जिस नगर के लिए वह लिखा गया है उसी नगर के लिए) माना जाएगा और इनके घ.मि. को आप अन्य नगरों के लिए प्रयोग में नहीं ला सकते।

समस्या (i) "नाडी दोषस्तु विप्राणाम् ...." यह वाक्य नाडी दोष को ब्राह्मणों के लिए वर्जित कहता है, यहां पर "विप्र" शब्द ब्राह्मण जाति वाले वर-कन्या के लिए प्रयुक्त है, अथवा ब्राह्मण राशि वाले वर-कन्या के लिए ?

(ii) पंचांगों में चैत्र शुक्ल के बाद चैत्र कृष्ण न लिखकर वैशाख कृष्ण लिखा रहता है, और चैत्र कृष्ण वर्षान्त में होता है। ऐसा क्यों ?

—श्री राजेन्द्र बड़कुलिया
कठुआ (कश्मीर)

समाधान (i) इस वाक्य को हमारे प्रामाणिक मुहूर्त ग्रन्थकारों ने स्वीकार नहीं किया है। अष्टकूटों का विवेचन एवं उनका परिहार बतलाने वाले संहिता ग्रन्थों में भी इसकी चर्चा नहीं है। अतः मिलान में इसे प्रामाणिकता प्राप्त नहीं है। वैसे—'मुहूर्त मार्त्तण्ड'कार ने इसकी चर्चा की है, उसने 'विप्र' शब्द से वर-कन्या की जाति ली है।

(ii) चान्द्रमास पक्षों के विन्यास क्रम की दृष्टि से दो प्रकार का माना गया है—(i) कृष्णादि। (ii) शुक्लादि। कृष्णादि चान्द्रमास उसे कहते हैं जहाँ पहिले कृष्ण और बाद में शुक्ल पक्ष आता है। इसे "पूर्णिमान्त मास" भी कहा जाता है। इस प्रकार के चान्द्रमास उत्तरी भारत में प्रचलित हैं। शुक्लादि चान्द्रमास उसे कहा जाता है जिसमें पहिले शुक्ल और बाद में कृष्ण पक्ष आए। इसे "अमान्त मास" भी कहते हैं। इस प्रकार के चान्द्रमासों का प्रयोग महाराष्ट्र एवं समस्त दक्षिण भारत में होता है। कृष्णादि चान्द्रमास वाले पंचांगों में पक्षों का क्रम इस प्रकार होता है—चैत्र शु. वैशा. कृ. वैशा. शु. ज्ये.कृ., ज्ये. शु. इत्यादि। शुक्लादि चान्द्रमास वाले पंचांगों में पक्षों का क्रम इस प्रकार रहता है चैत्र शु. चैत्र कृ. वैशा. शु. वैशा. कृ. ज्ये. शु. ज्ये. कृ. .... इत्यादि। इस तरह यह समझ लेना चाहिए कि कृष्णादि चान्द्र मासों वाले पंचांगों में जो चैत्र शु. वैशा. शु. ज्ये. शु. आदि शुक्ल पक्ष हैं वे शुक्लादि चान्द्रमास वाले पंचांगों में भी ठीक इसी प्रकार चैत्र शु. वैशा. शु. ज्ये. शु. आदि ही हैं। लेकिन कृष्णादि चान्द्रमास वाले पंचांगों में जो वैशा. कृ. ज्ये. कृ. आषा. कृ. .... आदि हैं उन्हें शुक्लादि चान्द्रमासों वाले पंचांगों में क्रमशः चैत्र कृ., वैशा. कृ., ज्ये. कृ. आदि लिखा जाता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि हमारे उत्तर भारतीय (कृष्णादि चान्द्रमास वाले) पंचांगों में जो चैत्र कृष्ण पक्ष है। वह दक्षिण भारतीय (शुक्लादि चान्द्रमास वाले) पंचांगों में फाल्गुन कृष्ण पक्ष है।

शुक्लादि चान्द्रमास पद्धति के समर्थकों का मत है कि जब से चन्द्रमा की कलाएं बढ़नी प्रारम्भ होती हैं तभी से चान्द्रमास का आरम्भ मानना चाहिए। सूर्य सिद्धान्त आदि ग्रन्थों के अनुसार सृष्टि का आरम्भ भी चैत्रशुक्ल प्रतिपदा से हुआ। इनके अनुसार भी शुक्ल पक्ष ही मासारम्भ में होना चाहिए। कृष्णादि चान्द्रमास पद्धति के अनुयायियों का कहना है कि चान्द्रमास का अन्त तभी मानना चाहिए जबकि चन्द्र की सब कलाएं पूर्ण हों (अर्थात् जब पूर्णिमान्त हो)। इस पक्ष का समर्थन 'पूर्णमासी' शब्द से भी होता है, जिसका अर्थ है मासान्त तिथि (वह तिथि जहाँ मास पूर्ण हो जाता है)।

ये दोनों पक्ष प्राचीन काल से ही चले आ रहे हैं। लेकिन शास्त्रकारों ने शुक्लादि चान्द्रमासों का मुख्य और कृष्णादि चान्द्रमासों को गौण (अप्रधान) माना है (शुक्लादिः मुख्यः, कृष्णादिः गौणः) अधिक मास और क्षय मास का निर्णय करने के लिए शुक्लादि चान्द्रमास पद्धति को ही आधार माना जाता है।

भले ही कृष्णादि पद्धति वाले पंचांग पूर्णिमा पर मासान्त मानते हैं लेकिन वे भी अमावस्या तिथि के लिए ३० (तीस) अंक का प्रयोग करते हैं। इस प्रकार अमावस्या को वे भी ३० वीं (मासान्त की) तिथि मानते हैं।

हमारे पुराणों में इन दोनों पद्धतियों का निर्देश मिलता है।

समस्या—एक पंचांग में मैंने पढ़ा है कि इष्ट काल में वेलान्तर संस्कार करना चाहिए।

पं. पुरुषोत्तम शर्मा
१७ मुकर्जी नगर
श्रीगंगानगर (राज.)

समाधान—इष्टकाल का अर्थ है स्थानीय सूर्योदय से बीता काल। अमुक घटना आज के सूर्योदय के जितने घड़ी-पल बाद घटी है वह घड़ी-पलात्मक काल ही उस घटना का इष्ट काल है। यह इष्ट काल तो स्वयं स्पष्ट काल है। इसमें किसी संस्कार की आवश्यकता क्या है ? वेलान्तर संस्कार स्पष्ट और मध्यम काल का अन्तर ही तो है। हमें जातक का जन्मकाल आजकल स्टैं.टा. में ही तो ज्ञात होता है। पंचांगों में सूर्योदय काल भी स्टैं. टा. में ही दिया रहता है। जन्मकाल और स्थानीय सूर्योदय काल का मध्यवर्ती घण्टा मिनटात्मक अन्तर निकालकर उसे घड़ी-पलों में बदल लीजिए। बस इतने मात्र से आपको जातक जन्म का इष्ट काल ज्ञात हो जाता है। जन्म काल और स्थानीय सूर्योदयकाल—दोनों यदि स्टैं.टा. में नहीं है, इनमें से कोई एक स्थानीय मध्यम काल या स्थानीय स्पष्ट काल में है, तो इष्टकाल जानने के लिए इन दोनों का अन्तर करने से पहिले यह आवश्यक है कि इन दोनों को एक जातीय बना लें (दोनों को स्टैं.टा. में, स्थानीय मध्यमकाल में या स्थानीय स्पष्ट काल में बदल लें)। अन्यथा दोनों का अन्तर करना अनुचित होगा। जब सूर्योदय और जन्म काल में से एक स्थानीय स्पष्ट काल और दूसरा स्थानीय मध्यकाल हो तब वेलान्तर संस्कार द्वारा दोनों को स्थानीय स्पष्ट काल या स्थानीय मध्यम काल बनाकर ही इन का अन्तर करके इष्ट काल बनाया जा सकता है। इन्हें एक जातीय बनाए बिना ही इनका अन्तर करके उसमें (अन्तर में) वेलान्तर संस्कार देने की बात करना गणित के विरुद्ध है, क्योंकि विजातीय राशियों का योग और अन्तर नहीं होता।

साराश यह है—आजकल जन्मकाल एवं सूर्योदकाल दोनों भा.स्टैं.टा. में ही दैवज्ञ को उपलब्ध होते हैं, अतः इनसे ज्ञात इष्टकाल में वेलान्तर संस्कार की बात सोचना बुद्धिमत्ता नहीं है। जो इस प्रकार की बात सोचता है उसे इष्टकाल की भी परिभाषा नहीं आती।

समस्या (i) किसी जातक की जन्मकुण्डली में षष्ठभावस्थ मंगल यदि भावकुण्डली में सप्तमस्थ हो जाए तो क्या वह मंगलीक माना जाएगा ?

(ii) स्वराशि अथवा स्वोच्चराशि में स्थित ग्रह वक्री हो तो वह निर्बल माना जाता है—ऐसा कुछ ग्रन्थों में मैंने पढ़ा है। इसके अनुसार शत्रु राशिस्थ व मित्र राशिस्थ शुभ या अशुभ ग्रह वक्री हो तो उसका फल कैसा होगा ?

— श्री [illegible] शर्मा
पो. [illegible] (अर्नी) (हि.प्र.)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वैसा कू, ज्यू कू आदि लिखा जाता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि हमारे उत्तर भारतीय (कुमाऊँ [illegible])

— श्री [illegible] शर्मा
पो. बातल (अर्की) (हि.प्र.)

समाधान (i) ग्रह किस भाव का कितना फल देगा—इसका वास्तविक निर्णय तो भाव के मध्यबिन्दु से पहिले या आगे स्थित ग्रह के अन्तर पर निर्भर करता है। भाव मध्य बिन्दु पर स्थित होने पर ग्रह उस भाव का शत-प्रतिशत फल देता है और वह भाव मध्य बिन्दु से जितना आगे या पीछे होता है उसका फल उतना ही घटता जाता है। पूर्व एवं परवर्ती भावसन्धियों पर भावफल शून्य हो जाता है। ग्रह के भावफल की मात्रा के ज्ञान के लिए श्रीपति केशव आदि द्वारा प्रणीत जातक पद्धतियों में "भावप्रवृत्तौ हि फलं प्रवृत्तिः ......" आदि गणित प्रक्रिया लिखी है, जिसके अनुसार ग्रह का भावफल कलाओं अथवा प्रतिशत में प्राप्त हो जाता है। "ताजिक नीलकण्ठी" आदि द्वारा निर्दिष्ट भावकुण्डली या चलित कुण्डली में निर्णीत भावफल तो काफी स्थूल होता है, क्योंकि वहां भाव को मोटे-मोटे तीन भागों (पूर्वसन्धि, भाव एवं परसन्धि) में ही विभाजित किया जाता है। अतः वह इतनी सूक्ष्मता से भावफल का निर्धारण नहीं कर सकती। इस प्रकार की चलित कुण्डली में यदि मंगल सप्तम में भी चला जाता है तो भी यह आवश्यक नहीं कि वह वहां सप्तम भाव का पूरा फल देगा, और जातक को पूरा मंगलीक बना ही देगा। सारांश यह है—चलित कुण्डली द्वारा ग्रह का भावफल पूरी तरह स्पष्ट नहीं होता, इसके लिए "जातक पद्धति" निर्दिष्ट प्रकार को ही प्रामाणिक माना जाता है।

(ii) ग्रह मार्गी हो या वक्री वह स्वराशि और स्वोच्च में होने पर बलवान् ही माना जाता है सभी जातक ग्रन्थों का यही प्रतिपादन है। स्वराशि एवं स्वोच्चस्थ शुभ और अशुभ दोनों प्रकार के ग्रहों को वक्री एवं मार्गी दोनों स्थितियों में हमारी जातक पद्धतियों में भी बलवान् ही बतलाया गया है। कतिपय वाक्य तो ऐसे भी उपलब्ध हैं, जहां वक्री ग्रह को बलवान् लिखा है। क्रूर ग्रह वक्री होने पर महाक्रूर हो जाते हैं—ऐसा वाक्य भी है—"क्रूरा वक्रा महाक्रूराः।"

जातक ग्रन्थों में जहां तक मैं जानता हूँ, आयुसाधन प्रक्रिया में शत्रुगृह में बैठे सभी मार्गी ग्रहों द्वारा दी जाने वाली आयु का तृतीया भाग नष्ट हो जाने का जहां निर्देश है, वहां वक्री ग्रह होने पर उस द्वारा दी जाने वाली आयु का तृतीय भाग नष्ट न होने का निर्देश भी है - "हित्वा वक्रं रिपुगृहगतैः ह्रीयते स्वत्रिभागः" (बृहज्जातक)। इससे यह संकेत तो मिलता है कि शुभ एवं अशुभ दोनों प्रकार के ग्रह वक्री होने पर बलवान् होते हैं। लेकिन आश्चर्य यह है कि आयुसाधन की इस प्रक्रिया के अलावा अन्य किसी भी स्थल पर हमारे जातककारों एवं जातकपद्धतिकारों ने ग्रहों के षड्बलों का निर्धारण करने के प्रसंग में ग्रह की वक्रता के बल का विचार नहीं किया है।

समस्या (i) अभिजित् नक्षत्र में उत्पन्न जातक का नाम उ.षा. के चतुर्थ चरण तथा श्रवण के प्रथम चरण के वर्णों के अनुसार ही रख दिया जाता है। क्या अभिजित् के अपने वर्णों का वहां ग्रहण ठीक नहीं है?

(ii) राहु केतु का कोई आकार नहीं है। इनका जीवन पर प्रभाव किस आधार पर फलित शास्त्र में माना है? इनकी स्वराशि स्वोच्च आदि के बारे में भी एकमत्य नहीं है। ऐसा क्यों?

(iii) एक ज्योतिषी का मत है कि नव ज्ञात ग्रहों (यूरे. नेप्च्यून व प्लूटो) के दशा वर्ष क्रमशः २२, २५, २८ हैं, जिन्हें विंशोत्तरी दशा वर्षों में जोड़ कर कुल दशा वर्ष १९५ मान लेने चाहिए। उनका कहना है—ऐसा मानने पर उन्होंने फलादेश यथार्थ रूप से घटित होता पाया है। क्या आप इसे संगत मानते हैं?

— श्री हंसराज 'सुमन' M.A.
मुहल्ला तबेला, मुरादाबाद

समाधान (i) अभिजित् नक्षत्र उ.षा. और श्रवण नक्षत्रों के बीच क्रान्तिवृत्त (राशिवृत्त) से बहुत दूर उत्तर की ओर स्थित है। इसका शर लगभग ६२ अंश (उत्तर) है। क्रान्तिवृत्त से इतनी दूरी (६२ अंश) पर स्थित तारे को यद्यपि राशि वृत्त में स्थान नहीं मिलना चाहिए था, पुनरपि इसे भारतीय ज्योतिषियों ने उत्तरी गोलार्द्ध का सर्वाधिक चमकदार तारा होने के कारण उपनक्षत्र के रूप में स्वीकार कर लिया। अभिजित् (Vega) का वर्ग ०.१८ है और यह उ. ध्रुव तारे से लगभग छ गुना अधिक चमकदार है। ध्यान रहे—अभिजित् से कहीं ज्यादा चमकदार लुब्धक (Sirius) और अगस्त्य (Canopous) हैं, जिनके वर्ग क्रमशः –१.५८ और –०.८६ हैं। लुब्धक तो अभिजित् की अपेक्षा क्रान्तिवृत्त के अधिक समीप भी है। पुनरपि इन्हें नक्षत्रमण्डल में भारतीय ज्योतिषियों ने स्थान नहीं दिया। यहां यह सम्भव है कि उत्तरदिशा से उन्हें ज्यादा लगाव रहा है। ये दोनों तारे दक्षिण गोलार्द्ध में हैं, इन्हें शायद इसी लिए उत्तरीगोलार्द्ध में स्थित अभिजित् की भान्ति नक्षत्रमण्डल (राशिवृत्त) में स्थान नहीं दिया गया। फलित शास्त्रियों का तो यही कहना है कि अभिजित् को क्रान्तिवृत्त से सुदूर रहने पर भी 'नक्षत्र' का पद इसलिए दिया गया क्योंकि हमारे पूर्वज ज्योतिर्विदों ने मानव जीवन पर अन्य नक्षत्रों की ही तरह इसके प्रभाव का भी अध्ययन किया।

स्वर शास्त्र में अभिजित् नक्षत्र के चारों चरणों को शतपद चक्रानुसार अन्य नक्षत्रों की ही तरह क्रमशः जू, जे, जो, खा, ये वर्ण दिए हैं। इससे यह स्पष्ट है कि अभिजित् में उत्पन्न जातक के नाम का आदि अक्षर इसके चरणों के अनुसार होना चाहिए। गृह्यपरिशिष्ट का वचन है—"तदक्षरादिकं नाम धिष्ण्ये तदक्षरम्।" लेकिन अभिजित् स्वतन्त्र नक्षत्र नहीं है। यह उ.षा. के चतुर्थ चरण और श्रवण के प्रथम चरण के कुछ भाग से ही बनाया गया है। अतः साधारण दैवज्ञ यहां इस दुविधा में रहता है कि अभिजित् नक्षत्र वाले जातक के नाम का आदि अक्षर अभिजित् के चरण के अक्षर से लिया जाए अथवा उ.षा. के चतुर्थ चरण या श्रवण के प्रथम चरण के अक्षर से? इसका उत्तर स्पष्ट है कि यहां जातक के माता पिता या दैवज्ञ के लिए विकल्प है। अभिजित् में उत्पन्न बालक के नाम का आदि अक्षर अभिजित् के चरणाक्षर के अनुसार यदि रखना चाहें तो भी ठीक है, उ.षा. के चतुर्थ एवं श्रवण के प्रथम चरण के अनुसार भी उसके नाम का आदि अक्षर चुना जा सकता है। इस विकल्प की पुष्टि में तर्क यह है कि यदि अभिजित में उत्पन्न जातक के नाम का आदि अक्षर अभिजित् के अक्षरों (जू, जे, जो खा) से ही लेने का दृढ़ नियम हो तो उ.षा. के चतुर्थ चरण का अक्षर (जी) नाम का आदि अक्षर कभी नहीं बन सकेगा। (श्रवण के प्रथम चरण के अक्षर का प्रयोग तो फिर भी हो सकेगा। क्योंकि अभिजित् में श्रवण के प्रथम चरण का चतुर्थांश ही समाविष्ट है), यदि उ.षा. के चतुर्थ चरण और श्रवण के पहिले १५ वें भाग (अभिजित् वाले भाग) में उत्पन्न बालक के नाम का आदि अक्षर उ.षा. के चतुर्थ तथा श्रवण के प्रथम चरणों के अनुसार ही लेने का दृढ़ नियम बना दिया जाए तब अभिजित् के चरणाक्षर (जू जे जो खा) नाम के आदि अक्षर बन ही नहीं, सकेंगे। अतः अभिजित् नक्षत्र वाले जातक के नाम के आदि अक्षर का चयन करने में हम स्वतन्त्र हैं, क्योंकि यहां एक को ही स्वीकार करने से दूसरा निरर्थक हो जाता है। अतः "व्यर्थं सत् किंचिज् ज्ञापयति" नियमानुसार यहां विकल्प तर्क संगत है। अपिच मीमांसा का यह नियम भी है कि जहां शास्त्र द्वारा व्यवस्था न हो वहां मनुष्य स्वेच्छया प्रवृत्त हो सकता है—"असति व्यवस्थापके शास्त्रे पुरुषेच्छया प्रसारः।"

(ii) राहु-केतु दोनों सूर्य चन्द्र के भ्रमण वृत्तों के सम्पात बिन्दु हैं जो मध्यममान से लगभग ३ क. ११ वि. की दैनिक वक्र गति से चलते हैं। ये दोनों ज्यामितीय बिन्दुमात्र हैं। इनके कोई पिण्ड नहीं हैं। यद्यपि भौम आदि अन्य सभी ग्रहों के भ्रमण वृत्तों के सूर्यभ्रमणवृत्त (क्रान्तिवृत्त) से उत्पन्न सम्पात बिन्दु भी गतिशील है लेकिन उन्हें राहु केतु की भान्ति ग्रहों के रूप में हमारे ज्योतिषियों ने स्वीकार नहीं किया है। इसका कारण फलितविदों ने यही बतलाया है कि हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने राहु-केतु (सूर्य चन्द्र के भ्रमणवृत्तों के सम्पात बिन्दुओं) का ही जीवन पर प्रभाव देखा, अन्य सम्पात बिन्दुओं का नहीं। द्रव्यमान रहित काल्पनिक अदृश्य सम्पात बिन्दु रूप इन 'तथाकथित' ग्रहों (राहु केतु) का जीवन पर प्रभाव कैसे सम्भव है—इसका उत्तर देना तब तक सम्भव नहीं है जब तक हम सूर्य आदि के इन द्रव्यपिण्डरूप ग्रहों के जीवन पर प्रभाव का वैज्ञानिक विश्लेषण नहीं कर लेते। निर्जीव ग्रह पिण्डों द्वारा मानव के मस्तिष्क, हृदय तथा जीवन की अन्य सभी प्रकार की गतिविधियों पर उस अद्भुत नियन्त्रण का जिसका निर्देश हमारे फलित ग्रन्थों में मिलता है, तार्किक विश्लेषण भी तो अभी तक हम नहीं कर पाए हैं, राहु-केतु जैसे काल्पनिक बिन्दुओं के प्रभाव का विश्लेषण तो बहुत दूर की बात है। जब हम फलित के आधारभूत इन प्रचलित सिद्धान्तों का वैज्ञानिक प्रतिपादन कर पाएंगे तब तक प्राचीन ज्ञान की इस शाखा को हम अनेक लोगों की सन्देह दृष्टि से मुक्त नहीं कर सकते। आज तक फलित शास्त्र पर हमारी आस्था का मूल आगम-प्रामाण्य है। वराह ने भी फलित ज्योतिष शास्त्र में उपलब्ध वैमत्य के निवारण के लिए तर्क या उपपत्ति को अकिंचन मानकर बहुमत को ही अपनाने का निर्देश बृहज्जातक में किया है।

अकेले राहु-केतु ही फलित में ऐसे अदृश्य काल्पनिक बिन्दु नहीं हैं जिनका हमारी फलित, ज्योतिष में फलादेश के लिए प्रयोग है। इसी तरह के आकार शून्य अनेक गणितीय बिन्दुओं को हमारे फलित में प्रयुक्त किया जा रहा है जिनका विस्तृत भाव फलादेश हमारे जातक ग्रन्थों में उपलब्ध है। इन बिम्ब रहित ग्रहों को अप्रकाश

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

(अदृश्य) ग्रह की संज्ञा दी गई है। ये हैं–धूम, व्यतीपात, परिवेश, इन्द्रचाप, केतु मान्दि। वर्षफल में प्रयुक्त होने वाली सहमा तथा प्रश्नतन्त्र के पुण्य आदि सहम भी तो इसी प्रकार के गणितागत काल्पनिक बिन्दु ही हैं। पंचांग गत विष्कम्भ आदि योग भी तो कोई बिम्ब नहीं रखते इनकी केवल गणितीय परिभाषा ही है। आकाश में राशि एवं नक्षत्रों तथा नक्षत्र चरणों (नवांशों) को विभाजित करने वाली काल्पनिक रेखाओं का भी तो हमारे फलित में महत्त्वपूर्ण स्थान है जो अपने-अपने क्षेत्र में हमारी संहिताओं द्वारा प्रतिपादित फल विशेषों को समेटे पड़ी हैं। लग्न एवं अन्य द्वितीय आदि भाव भी तो क्षितिज आदिवृत्त एवं क्रान्तिवृत्त के सम्पात बिन्दुओं की ही उपज हैं। सारांश यह है इस प्रकार के काल्पनिक निराकार तत्त्वों से हमारा फलित ज्योतिष भरा पड़ा है। जिनकी प्रभावकता का वैज्ञानिक प्रतिपादन अभी तक सम्भव नहीं हो सका है। यदि कभी यह सम्भव हुआ तो इस ज्ञान शाखा को परिपूर्ण विज्ञान के क्षेत्र में प्रविष्ट होने से कोई रोक नहीं सकेगा।

राहु केतु की स्वराशि स्वोच्चराशि आदि के बारे में अधिकतर मूल ग्रन्थ सर्वथा मौन हैं। जिन ग्रन्थों ने इनकी चर्चा की है इस विषय में वे लगभग सभी परस्पर भारी वैमत्य रखते हैं। जिससे दैवज्ञ लोग बुरी तरह संशयग्रस्त एवं भ्रान्त हैं। लघुपाराशरीकार इनकी कोई राशियां नहीं मानता। वराहमिहिर आदि के बृहज्जातक आदि ग्रन्थों में तो इनके फलादेश की चर्चा तक नहीं है। केशव, श्रीपति आदि जातक पद्धतियों में केवल सूर्य आदि सात ग्रहों के ही षड्बलों का साधन है। राहु-केतु के बलों का साधन किसी पद्धतिकार ने नहीं किया है। क्योंकि बल साधन के लिए ग्रहों की स्वराशि स्वोच्चराशि, मूलत्रिकोण, शत्रु मित्र आदि ग्रहों की अपेक्षा होती है और राहु केतु के ये तत्त्व अनिर्णीत हैं। स्पष्ट है जब सूर्य आदि सात ग्रहों की स्वराशि उच्च राशि आदि का निर्धारण हुआ तब राहु-केतु को ग्रहों के रूप में नहीं माना जाता था। राहु-केतु को वारों का स्वामित्व भी प्राप्त नहीं है जिससे ये कभी न तो वारेश हो सकते हैं और न ही वर्षेश। वारेश और वर्षेश हुए बिना ग्रह का षड्बल अपूर्ण रहता है। अन्य कई कारणों से राहु-केतु के षड्बल आदि का निर्णय असम्भव है, जिससे इन्हें सूर्य आदि सात ग्रहों के समकक्ष मानने में अनेक फलित शास्त्रियों ने संकोच किया है। ध्यान रहे–हमारे सूर्य सिद्धान्त आदि प्राचीन सिद्धान्त ग्रन्थों में सूर्य-चन्द्र के भ्रमण मार्गों के सम्पात बिन्दुओं को ग्रह के रूप में बिल्कुल नहीं माना है। आश्चर्य तो यह है कि इन ग्रन्थों में इन्हें राहु-केतु के नाम से भी नहीं पुकारा गया। वहां इन्हें केवल 'पात' नाम से ही चर्चित किया है। इन दोनों पातों को पहिले केवल 'राहु' संज्ञा ही दी गई। जिसे आजकल केतु कहा जाता है उसे (अर्थात "राहु + १८० अंश" को) भी हमारी प्राचीन वसिष्ठ आदि की सभी संहिताओं में राहु ही कहा गया है। इन संहिताओं में "केतु" शब्द का प्रयोग सर्वत्र धूमकेतु (Comet) के लिए ही किया गया है। सारांश यह है–राहु केतु ग्रहों के रूप में इन सम्पात बिन्दुओं की कल्पना परवर्ती चिन्तन का फल है जिससे इनकी स्वराशि स्वोच्च राशि तथा इनके मित्र शत्रु ग्रहों के निर्धारण में हमारे फलिताचार्य अभी तक अनिश्चय की स्थिति में हैं। स्व राशि स्वोच्चराशि एवं मित्र, शत्रु ग्रहों के निर्धारण की कोई तर्क युक्त विधि या उपपत्ति फलित वेत्ताओं के पास अभी तक नहीं है इसी लिए राहु-केतु की स्वराशि स्वोच्चराशि आदि के बारे में जातक ग्रन्थकारों की ऐच्छिक प्रवृत्ति पर कोई अंकुश नहीं लगाया जा सकता। किञ्च राहु केतु की स्वराशि आदि का निर्णय बहुमत आदि के आधार पर अन्तिम रूप से कर लेने पर भी हमारे अनेक प्रामाणिक फलित ग्रन्थों में निर्दिष्ट राहु-केतु के फल-कथन के मूल आधारों पर भी असह्य आघात होगा।

(iii) विंशोत्तरी दशा में तीन नवज्ञात ग्रहों (यूरेनस, नेप्च्यून, प्लूटो) के स्वकल्पित दशा वर्ष जोड़कर उसे १९५ वर्ष की दशा बनाने वाले इस दैवज्ञ महानुभाव से यह पूछना चाहिए कि यदि उनके अनुभवानुसार १९५ वर्ष की दशा द्वारा ही दशाफल यथार्थ मिलता है तब विगत सैकड़ों वर्षों से विंशोत्तरी दशा के आधार पर लगभग सभी भारतीय दैवज्ञों द्वारा आजतक बतलाया जा रहा फलादेश क्या प्रवञ्चनामात्र था? यदि यू.ने. प्लू. के दशा वर्षों के समावेश से ही यह दशाफल रामबाण की तरह अचूक मिलता है, तब स्पष्ट है इनके ७५ दशा वर्षों के समावेश के बिना इस परम्परागत विंशोत्तरी दशा का फल पदे-पदे व्यभिचरित होना चाहिए, क्योंकि विंशोत्तरी में ७५ वर्षों की तीन महादशाओं के समावेश से महादशाओं के अन्तर एवं प्रत्यन्तरदशाओं के परम्परीण क्रम में बुरी तरह उथल-पुथल अनिवार्यतः होगी। इसका परिणाम होगा दशाफलों के आधारभूत "लघुपाराशरी" आदि ग्रन्थों में प्रतिष्ठापित मारक-कारक आदि का निर्णय करने वाले सभी सिद्धान्तों का मूलतः उच्छेद हो जाएगा। उनके फलादेशक्रम में व्यत्यय आदि अनेक असाध्य समस्याएं हमारे भारतीय फलित ज्योतिष में उपस्थित होंगी। षड्बल साधन, अष्ट वर्ग निर्धारण आदि भारतीय फलित ज्योतिष की सभी प्रक्रियाएं इससे बुरी तरह प्रभावित होंगी। मुझे नहीं मालूम इन दैवज्ञ महोदय ने यू.ने.प्लू. के स्वकल्पित इन (२२, २५, २८) दशावर्षों का निर्धारण किस उपपत्ति के आधार पर किया है। यदि वे इस निर्धारण की उपपत्ति बतलाते हैं तब यह आवश्यक है कि वही उपपत्ति सूर्यादि ग्रहों के विंशोत्तरी दशा वर्षों पर भी घटित होनी चाहिए। अन्यथा विभिन्न उपपत्ति वाले इन दशावर्षों का विंशोत्तरी दशा वर्षों में समावेश किसी भी दृष्टि से तर्कसंगत नहीं होगा। ध्यान रहे–विंशोत्तरी दशापद्धति में ग्रहों की दशाओं के क्रम, अवधिकाल एवं उद्गम की उपपत्ति अभी तक अज्ञात ही है।

ये दैवज्ञ महोदय जो १९५ वर्ष की दशा का समर्थन करते हैं, उनकी अपनी ही एक पुस्तक में उन्होंने विंशोत्तरी दशा को सर्वोत्तम दशा लिखा है। उस पुस्तक से इस बारे में लिखा उनका वाक्य अविकल रूप में यहां उद्धृत करता हूं–

"मेरा ऐसा विचार है कि जातक के शुभाशुभ का ज्ञान विंशोत्तरी दशा से ही करना चाहिए। अनुभव के आधार पर विंशोत्तरी दशा के फल पूर्णतः सही उतरे हैं।"

"करणों का उद्भव"

शक्तिधर शर्मा

पञ्चांग का एक अंग "करण" सम्भवतः प्राचीन वैदिक परम्परा की "तिथियों" के अनुसार अधिक महत्त्वपूर्ण था। आजकल की "तिथि परिभाषा के अनुसार यह प्रायः अर्थहीन सा हो गया है। इनके रहस्यमय नाम तथा इनके फलादेश बहुत ही अनसुलझी गुत्थी हैं। इनके विषय में बहुत से जिज्ञासुओं ने प्रश्न किये और विगत दस वर्षों से भी अधिक समय से इस विषय में चिन्तन एवं अध्ययन से जो कुछ हमें ज्ञात हुआ–यद्यपि वह अभी भी अधूरा ही है परन्तु साधारण पञ्चांग कर्ता जिज्ञासुओं के लिये चिन्तन धारा निर्धारित कर सकता है। अतः उनके हितार्थ एवं इस विषय में अन्य विद्वज्जनों के चिन्तन अध्ययन के परिणामस्वरूप प्राप्त तथ्यों को जानने के लिये यहां अब तक प्राप्त विषयवस्तु का कुछ विवेचन करते हैं, आशा है विद्वज्जन इस विषय पर अपने विचार भी लिखने का प्रयत्न करेंगे।

आजकल की परिभाषा के अनुसार तिथि सूर्य एवं चन्द्रमा के भोगांशों का अन्तर है। "तिथि" की समयावधि के रूप में परिभाषा चन्द्रमा के भोगांशों में सूर्य के भोगांशों से १२° तुल्य अन्तर होने में लगे समय पर आधारित है। इसका आधा ही करण का कालात्मक मान है, अर्थात् चन्द्रमा के भोगांशों में सूर्य के भोगांशों के सापेक्ष ६° तुल्य अन्तर अधिक होने में जितना समय लगता है वही करण का मान है। अमावास्या से अमावास्या तक एक मास में ३० तिथियां या ६० करण होंगे। अमावास्या से करणों की गिनती प्रारम्भ करने पर हमें तब तक तिथि परिभाषा से अधिक तथ्य-संकेत नहीं मिलते, जब तक करणों के नामों को साथ न लिया जाए। तिथियों के तो संख्यात्मक नाम ही हैं, परन्तु करणों के नाम कुछ गूढ़ रहस्य लिये हुए हैं। नीचे तालिका में इनके नाम दिये गए हैं। इनमें सात करण बव, बालव, कौलव, तैतिल, गर, वणिज, विष्टि चल हैं। ये पुनरावृत्ति लेते हुए एक मास में ४ चक्र पूरे करते हैं और अमावास्या के दो करण चतुष्पद एवं नाग तथा अमावास्या से पूर्व कृष्ण चतुर्दशी का द्वितीय करण (शकुनि) तथा अमावास्या के बाद की शुक्ल प्रतिपदा का प्रथमकरण (किंस्तुघ्न) ये चार करण स्थिर माने जाते हैं। इनकी चल स्थिर प्रकृति का रहस्य वैदिक परम्परा के परिशीलन से स्पष्ट होता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

फलादेशक्रम में व्यत्यय आदि अनेक असाध्य समस्याएं हमारे भारतीय [illegible] ज्योतिष में [illegible] चल स्थिर प्रकृति का रहस्य वैदिक परम्परा के परिशीलन से स्पष्ट होता है।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

करण-सारणी

तिथि	शुक्लपक्ष		कृष्णपक्ष	
संख्या	दिन के करण	रात के करण	दिन के करण	रात के करण
१	किंस्तुघ्न	१(१) बव	३०(२) बालव	३१(३) कौलव
२	२(२) बालव	३(३) कौलव	३२(४) तैतिल	३३(५) गर
३	४(४) तैतिल	५(५) गर	३४(६) वणिज	३५(७) विष्टि
४	६(६) वणिज	७(७) विष्टि (भद्रा)	३६(१) बव	३७(२) बालव
५	८(१) बव	९(२) बाल्वा	३८(३) कौलव	३९(४) तैतिल
६	१०(३) कौलव	११(४) तैतिल,	४०(५) गर	४१(६) वणिज
७	१२(५) गर	१३(६) वणिज	४२(७) विष्टि	४३(१) बव
८	१४(७) विष्टि	१५(१) बव	४४(२) बालव	४५(३) कौलव
९	१६(२) बालव	१७(३) कौलव	४६(४) तैतिल	४७(५) गर
१०	१८(४) तैतिल	१९(५) गर	४८(६) वणिज	४९(७) विष्टि
११	२०(६) वणिज	२१(७) विष्टि	५०(१) बव	५१(२) बालव
१२	२२(१) बव	२३(२) बालव	५२(३) कौलव	५३(४) तैतिल
१३	२४(३) कौलव	२५(४) तैतिल	५४(५) गर	५५(६) वणिज
१४	२६(५) गर	२७(६) वणिज	५६(७) विष्टि	शकुनि
	पूर्णिमा २८(७) विष्टि	२९(१) बव	(अमावस) चतुष्पद	नाग

अथर्ववेदांग ज्योतिष तथा प्राचीन जैन ग्रन्थों में करण दिन एवं रात्रि से सम्बद्ध रूप में परिभाषित किये गए हैं।

ऊपर दी गई सारणी से यह स्पष्ट है कि चल करण पुनरावृत्ति करते हुए ८ चक्र लगा देते है जबकि **स्थिरकरण** पुनरावृत्त नहीं होते। ऊपर सारणी में करणों के दो प्रकार लिखे हैं – दिन के करण एवं रात्रि के करण। यह वर्गीकरण प्राचीन वैदिक परम्परा की परिभाषा के अनुसार है। अथर्ववेदांग ज्योतिष में शुक्ल पक्ष प्रतिपदा की रात्रि के समय बव करण और शुक्ल पक्ष द्वितीया के दिन में बालव करण होता है, ऐसा लिखा है। आजकल की परिभाषा के अनुसार तो करणों का वर्गीकरण तिथियों के पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध के रूप में ही होता है। प्राचीन जैन ग्रंथ जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति आदि में तैतिल के स्थान पर "स्त्री विलोचन" तथा गर के स्थान पर "गराबि" वणिज के स्थान पर वणिज्य शब्द का प्रयोग होता रहा है। किंस्तुघ्न के स्थान पर कौस्तुभ शब्द का प्रयोग भी पाया जाता है। ऊपर सारणी में चलकरणों की पुनरावृत्ति में प्राप्त संख्या कोष्ठक (   ) में दी है और कुल संख्या (   ) से बाहर पहले लिखी है। स्थिरकरणों को नम्बर नहीं दिये।

करणों की वैदिक परम्परागत परिभाषा

जैसा ऊपर सारणी में करणों का वर्गीकरण दिनकरण तथा रात्रिकरण के रूप में किया गया है इसका क्या रहस्य है? ऐसा जानने के लिये हमें ऐतरेय ब्राह्मण में परिभाषित तिथि पर ध्यान देना होगा। जैसे सूर्योदय से सूर्यास्त तक सौर दिन और सूर्यास्त से सूर्योदय तक रात्रि कहलाती है और सूर्योदय से अग्रिम सूर्योदय तक का समय ही सौर सावन दिन होता है उसी प्रकार यह स्वाभाविक था कि तिथि (चान्द्र दिन) की पहली परिभाषा चन्द्रोदय से चन्द्रोदय तक का समय माना जाता। इस प्रकार चन्द्रोदय से चन्द्रास्त तक का समय चान्द्र सावन दिन तथा चान्द्र सावन रात्रि मान लेना बहुत स्वाभाविक एवं अर्थ संगत था। ऐतरेय ब्राह्मण की यही तिथि परिभाषा अथर्ववेदांग ज्योतिष तथा प्राचीन जैन ग्रन्थों में पाई जाती है। प्राचीन परिभाषा के अनुसार करणों की परिभाषा बहुत संगत है। वस्तुतः आजकल की "करण" की परिभाषा कृत्रिम भी है और इतनी अर्थसंगत भी नहीं। इसी परिभाषा से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि बवादि चलकरण पुनः पुनः आवृत्त होते हैं। "कृष्णपक्ष की चतुर्दशी का द्वितीय करण अमावास्या के दो तथा शुक्ल प्रतिपदा को प्रथम करण ये चारों पुनरावृत्ति में नहीं आते। किंस्तुघ्न शुक्ल प्रतिपदा के दिन में तथा अमावास्या को चतुष्पद नाग एवं कृष्ण चतुर्दशी का द्वितीय चरण तिथि ये चार स्थिर करण हुए जोकि दिन या रात्रि में ही होते हैं। जो रात्रि में होता वह दिन में नहीं आता इत्यादि। इन करणों में चन्द्र दृश्य नहीं होता।

करणों के नाम– अब यह स्पष्ट है कि पञ्चांग के पांच अंगों के विकास क्रम में करणों की वैदिक परिभाषा प्राचीन है। सौर चान्द्र दिनों में अनुनाद (Consonance) न होने से ये दिन एवं रात्रि में आते रहते हैं। इनके नामकरण से इन्हें सम्बोधित करना भी आवश्यक था अन्यथा तो यह पता नहीं चल सकता था कि यह करण विशेष अब दिन में है या रात्रि में? करणों के नामों से यह भ्रान्ति तो दूर हो जाती है? परन्तु इन नामों के अर्थ क्या है? यह स्पष्ट नहीं। श्री तिलक आदि के अनुसार ये नाम शायद विदेश से आए। हमारे प्रयत्न करने पर ज्ञात हुआ कि अरब परम्परा में बव का अर्थ गधे के शरीर के ऊपर का खोल (चर्म) होता है। परन्तु ऐसे अर्थों से कुछ भी समस्या का समाधान नहीं होता। केवल बव, कौलव, बालव तथा तैतिल शब्द अधिक रहस्यपूर्ण हैं। इसके अतिरिक्त भद्रा को विष्टि किस अर्थ में कहा गया? यह स्पष्ट नहीं। भद्रा के मुख, पुच्छ आदि का वास्तविक तात्पर्य क्या है? एवं सक्रान्ति आदि के साथ करणों का सम्बन्ध तथा संक्रान्ति वाहन आदि के विवेचन सांकेतिक रूप से किन तथ्यों के द्योतक हैं? यह स्पष्ट नहीं। इन करणों के देवताओं के भी उल्लेख मिलते हैं – ये सम्बन्ध किस प्रकार स्थापित किये गए थे? इत्यादि सभी अनुत्तीर्ण प्रश्न हैं।

अरब देश के विद्वान् अल्बेरूनी तथा अलकिन्दी में करणों के विषय में मतभेद–यद्यपि ऊपर लिखी समाधान रहित समस्याएं अधिक है परन्तु वैदिक परम्परागत परिभाषाओं से करणों की प्राचीनता तथा इनका चन्द्रोदयों चन्द्रास्तों के साथ सम्बन्ध स्पष्ट हो जाते हैं। यहां यह बता देना आवश्यक है कि अरब के विद्वान अल-बे-रूनी ने। (लगभग ११ वी सदी A.D. से पूर्व) भारत में आकर ज्योतिष सम्बन्धी ज्ञान प्राप्त किया और उसे अरब तक पहुंचाया। उस समय उसे यहां से सैद्धान्तिक करण परिभाषा सूर्य चन्द्र भोगांशान्तर के रूप में मिली। अरब देशों में पहिले ही अथर्ववेदांग ज्योतिष में प्राप्त परिभाषा प्रचलित थी। अतः अल्बेरूनी भी भ्रान्त हो गए। अरब में पुरानी प्रचलित परिभाषा को अलकिन्दी का समर्थन प्राप्त था। अल्बेरूनी ने करणों के विषय में एक अलग ग्रन्थ लिखा था। इसकी अरब देशों की लाइब्रेरियों में खोज की जा रही है। अभी तक हमें यह ग्रन्थ उपलब्ध नहीं हुआ। अतः इन दो परिभाषाओं ने अरब विद्वानों में भ्रान्ति पैदा कर दी। अब हमारे विश्लेषण के अनुसार यह स्पष्ट है कि वेदांग ज्योतिष की एवं बाद की सैद्धान्तिक करण परिभाषा दोनों भिन्न भिन्न समयों में अरब में पहुंची। इस प्रकार कृत्रिम सैद्धान्तिक परिभाषा का वेदांग कालीन स्वाभाविक चान्द्र सावन दिन (रात्रि) के रूप में प्राप्त परिभाषा से विरोध हो गया। इस प्रकार करणों के विषय में इन भ्रान्तिओं का समाधान हो गया फिर भी बहुत से प्रश्नों के उत्तर नहीं मिल रहे। इस विषय में यदि विद्वान् अपने चिन्तन व अध्ययन का विवरण देते हुए लिखें तो शायद इन समस्याओं के समाधान भी हो जाएं।

सूचना

कुछ सज्जन जन्मपत्र, कुण्डली-मिलान एवं प्रश्न आदि के लिए पंचकूला के पते पर मुझसे पत्र-व्यवहार किंवा व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क स्थापित करते हैं, उनसे विनम्र निवेदन है कि वे जन्मपत्र एवं फलादेश सम्बन्धित कार्य के लिए पं. इन्दुशेखर शास्त्री, ज्योतिषाचार्य, मार्तण्ड ज्योतिष कार्यालय कुराली (रोपड़, पंजाब) से ही पत्र व्यवहार करें। हाँ, जन्मपत्र किंवा फलादेश सम्बन्धी विषय को छोड़कर ज्योतिष शास्त्रीय विशेष समस्या के समाधानार्थ आप मुझे लिख सकते हैं, जिसका उत्तर आगामी पञ्चांग में किंवा समयानुसार मिलेगा।

–प्रियव्रत शर्मा,
अभिजित, ५९/६, पंचकूला (हरियाणा)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्रसूति-लग्न विचार

मेष—जन्म समय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में सिर, उपसूतिका दो या तीन, प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवं मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल मलिन। ४।६।१।१६।४४।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप करवाना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

वृष—माता का दक्षिण में सिर, उपसूतिका ३ या ४, जन्मोपरान्त दो और आईं, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया, गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर के पूर्व हिस्से में सूतिका स्थान, श्वेत-स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया, १।२८।३३।४४।६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय का जप और ब्राह्मण भोजन करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ६० वर्ष जीवे।

मिथुन—माता का सिर पश्चिम में उपसूतिका ३ या ५, माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, सिर से प्रसव, मुख ऊपर को, जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था, घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विधिवाल्प भोजन किया, दूध कम उतरे, ४।१०।१४।३८।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवायें। यदि इन वर्षों से बचे तो ८९ वर्ष जीवे।

कर्क—माता का उत्तर में सिर, उपसूतिका ५ या ४, बालक जन्मते ही छींका, नाल छूटा, भूमि पर जन्म, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, माता के वस्त्र श्वेत व लाल, माता ने प्रसव के पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया, बालक के वामांग में लहसन आदि का चिन्ह, देर से रोया, ५।२५।४०।५८।६२ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों में प्रवेशसमय तुलादान, छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना-कल्याणप्रद है।

सिंह—माता का पश्चिम या पूर्व में सिर, मलीन सा लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा भोजन किया था, जन्म समय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, ५।१३।२८।३६।४८ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो ६७ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश होते ही श्रीसूर्य नारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा।

कन्या—माता का दक्षिण में सिर, रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्टान्न बासी-चीज या बड़े आदि का भोजन, जन्म समय स्त्री ३ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द किया। घर के नैऋत कोण में सूतिका-स्थान, ४।१६।२१।३६।५५ वर्ष कष्टकारक हैं। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

तुला—माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, श्वेत जीर्ण वस्त्र, भुना हुआ अन्न, ठंडा जल या कोई मामूली चीज क्रोधपूर्वक खाई थी, जन्म समय स्त्री ३ या ६, वहां एक कन्या भी हो, दीपक उठाया गया, बालक जन्म समय कुछ ठहर कर अर्द्ध शब्द करके रोया, घर के पश्चिम भाग में सूतिका-स्थान, ८।१५।३१।३५।६२।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रह का दान, हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे।

वृश्चिक—माता का दक्षिण या उत्तर में सिर, रक्त या श्वेत वस्त्र, कष्ट अधिक मधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ३, पीछे से भी दो आईं, दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, छींक भी किया, दीर्घकेश, घर के पश्चिम भाग में प्रसवस्थान, ११।२८।३८।५२।६२ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

धनु—माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, पीत वा रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्म समय स्त्री १ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया, और छींक भी किया, घर के वायव्यकोण में सूतिकास्थान, २।१०।१८।३१।३८।४२।६७ इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप, ब्राह्मण भोजन श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर—माता का सिर दक्षिण में, ऊपर काला वा जीर्ण कमजोर वस्त्र, गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जल पान किया था। जन्म समय स्त्रियां २, पीछे से १ आई, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तर भाग में पुराना सूतिकास्थान, ५।१३।२७।३६।५७।६३।८७ इन कष्टकारक वर्षों से बचे, तो ६५ वर्ष जीवे।

कुम्भ—माता का शिर पश्चिम को, जीर्ण, धूम्रवर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर शीत शाकादि कुभोजन, कष्ट अधिक, जन्म समय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आईं। उनमें एक स्त्री गर्भिणी भी हो। दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोतर अर्द्ध शब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तर भाग में सूतिका-गृह, २।२८।३३।४८।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप हितकारक है, इन वर्षों से बचे तो ६० वर्ष जीवे।

मीन—माता का सिर उत्तर में, पीत या मलिन वस्त्र, विचित्र सा अल्प भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका-स्थान, १।८।१३।२६।४८ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह-शान्ति हवन मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे।

स्मरण रहे, कि अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिलें-वही बालक का जन्मलग्न जानना, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

सुता जन्म सिंहराशि में, धन-मृग जन्मे बाल। अर्ध-शब्द शिशुकरत भयो भाषत बुद्धि रसाल ॥

पितृपरोक्ष ज्ञान—(१) जन्म लग्न को चन्द्रमा न देखे, (२) बुध-शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो, (३) लग्न में शनैश्चर चन्द्रमा से अदृष्ट हो, (४) भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो, इन चार योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना।

जहां राहु शैय्या तहां भय जहां कुज होय। रविस्थान में दीप कही शनी लोह कही सोम?

जन्म कुण्डली में दिशा ज्ञान—प्रथम भाव पूर्व, द्वितीय, तृतीय—ईशान। चतुर्थ—उत्तर। पञ्चम, षष्ठ—वायव्य। सप्तम—पश्चिम। अष्टम, नवम—नैऋत। दशम—दक्षिण। एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना।

प्रसूति-स्थान से पाकशालादि विचार

जन्मकुण्डली में सूर्य मंगल जिस दिशा में हों, वहां अग्निस्थान (पाकगृह) जानना, इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सूतिका—माता का दक्षिण वा उत्तर में ... इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से ...

शक्ति से कमजूल (बैठा) स्थान जानना चाहिए। दोहा—लग्नमाप जो केन्द्र में तीन दिशा की द्वार। या लग्नपै दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार॥ केन्द्र (१।४।७।१०) स्थान में एक से अधिक ग्रह हों तो उनमें जो बली (स्वराशिमित्रोच्च व मूल त्रिकोण राशि का) केन्द्र स्थान में स्वमित्र शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो उसकी दिशा में वा-लग्नपति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है। ग्रहों की दिशा—सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर, गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनैश्चर की पश्चिम, राहु केतु की नैऋत।

चन्द्रात्तैल-ज्ञानम्—चन्द्रमा से दीप के तैल का ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तेल ज्यादा कहना यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तेल कहना, यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो तो बहुत ही कम तेल कहना। सो० तनुस्थान शशि जाई, वा शशि षष्ठे भवन में, शिशु जन्म तब आई, तब कहि दीपक तैल नहिं। सित शनिदशमें धाम, पंचम तनुपै चन्द्रमा, शिशु जन्मे तब याम, दीपक तैल सों युक्त कहि।

लग्नाद्दीपवर्ति-ज्ञानम्—जन्म लग्न के कम अंश हों तो बड़ी बत्ती कहना, अधिक अंश हों तो छोटी कहें।

चन्द्रलग्नान्तर्गतैर्ग्रहैः स्युरुपसूतिकाः—यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसार उपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्मकाल में लग्न से चन्द्र पर्यन्त जितने ग्रह उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्रमा से कम हों, तो उसकी गणना करें अन्यथा उसे नहीं जोड़ें। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हों और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़ें अन्यथा नहीं जोड़ें। लग्नचन्द्रांतर्गत कोई ग्रह वक्र या उच्च का हो तो तीन गुणा करना और स्वराशि स्वनवमांश स्वद्रेष्काण में हो तो द्विगुण करना, इसी प्रकार जितने ग्रह नीचे राशि के अस्त के होवें उनका आधा करके उपसूतिकाओं में जोड़ने से ठीक उपसूतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इस में भी विशेष यह ध्यान में रखने योग्य है कि वह लग्न चन्द्रांतर्गत ग्रहलग्न के भोग्यांश से सप्तम भाव पर्यन्त होवें तो सूतिका ग्रह से बाहर समीप में, और सप्तम भाव से लग्न के भुक्तांश पर्यन्त हों तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना। उन ग्रहों में जो शुभग्रह हों वहां धर्मशील सौभाग्यवती स्त्रियां कहना, अशुभ ग्रहों से विधवा व दुश्चरित्रा कहें।

शय्या—शिर व पाद विचार

लग्नदिशि शय्या शिरस्त्रिषड्कान्त्येषु पादाः। लग्न की दिशा की तरफ पलंग का सिरहाना कहना, अर्थात् १।२ लग्न में पूर्व, ३ में अग्निकोण, ४।५ में दक्षिण, ६ में नैऋत्य, ७।८ में पश्चिम, ९ में वायव्यकोण, १०।११ में उत्तर और १२ लग्न में ईशानकोण की तरफ जानना। तीसरा, छठा, नौवां, बारहवां स्थान पाये जानना। इन स्थानों में से जिस स्थान में पाप ग्रह युक्त हो वहां सूतिका के पलंग का पाया फटा टूटा समझना।

दो०—मीन-मिथुन-सिंह-तुला, मेष होय तत्काल। अन्तरिक्ष भयो बालक, शेषे भूमि विशाल॥

अथ चिह्नज्ञानम्—दोहा षट्त्रिकोण वा लग्न रवि बुध भाषे धरि ध्यान। वामें कुछ लहसन अहै गर्गवचन परमान॥ भानु तथा सौरी तनधन कुज कण्टक चन्द। बालक के धद् अंगली भाषत कविकुलवृन्द। तनु स्थान में शुक्र हो अष्टम जावे राहु। वाम कर्ण वा मस्तके अवश चिह्न दरसाह॥ सुहृद भाव में कवि तम भौम वा सौरी लग्न। वाम पाद के चिह्न को भाषत ज्योतिषमग्न॥ नौमें पांचे भृगु बसे तनु का चौथे चन्द्र। मृत्यु जावे बुध गुरु उदरे चिह्न भणंद।

प्रसवकष्ट दूर—प्रसवकाल में पहले शुक्लपक्ष की चतुर्दशी को प्रातः सूर्योदय से पहले सहदेवी या अपामार्ग (पुठकंडा) की जड़ लाकर घृतयुक्त गुग्गुल की धूनि देकर कटि में बांधे और साथ ही "ओंमुक्ताः पाशा विपाशाश्च मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्ताः सर्वभयाद् गर्भमेहि माचिर माचिर स्वाहा॥" इस मंत्र से सात बार शुद्ध जल अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्री को पिलावें तो सुख से शीघ्र प्रसव होगा। अगर सीस का यन्त्र भी अनार की कलम से कांसे की थाली में लिख धोकर पिला देवे तो गर्भिणी को कोई भय न होवे, बच्चा बिना कष्ट पैदा होवे। स्मरण रहे कि पहले उपरोक्त मन्त्र तथा तन्त्र ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि को मन्त्र का जाप करके तथा यन्त्र को लिखकर चलता कर लेवें, तब कष्ट को मिटाता है।

बालक के लिए अरिष्ट

दो०-द्यूनाष्टमतनु पाप खग, बरहै शशी जो खीन। कण्टक शुभ खगना असे, बेगि ताहि यमलीन। बसे चन्द्रा द्वादसी अष्ट भवन २ पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता सताप॥ लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप। लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाव। बालक दशवासर जिये कहत बुद्धि गुण भाव॥

अथ काणयोगा—तनु धन व्ययपतियुक्त भृगु आई बसे त्रिकधाम। वा शशि धन कवि पाप युत, ताहि नेत्र बेकाम। सार्कशुक्र तनुनाथयुत भवन बसै त्रिक जाय। जन्म अन्ध यह योग है भाषत बुध समुदाय॥ तात मात भ्राता तनय मातुल त्रियंघर नाथ॥ चन्द्र भौम जो द्वादशे वाम नैन की हान॥ भानु राहु दहनो नयन, बुधजन कहत बखान॥

मूकयोगा—पञ्चमेश गुरु युक्त त्रिक मूक बाल तब होय। जौन भौमपतियुक्त गुरु त्रिकहि मूक कहि सोय॥ शुक्र त्रिके गुर्वसह अज. दशम भानु कुज वास। मूक होय संशय नहीं बुधजन करत प्रकाश।

दुःखदयोगा—रिपु मृत्यु द्वादश गेह में पाप युक्त लग्नेश। जन्म समय जाके परे ताको अंग कलेश॥ पाप युक्त तन भवन में रिपु मृत्युप के ईश। यथा जोग जाके परे तन मुख विश्वावीस॥ पापग्रहयुत लग्नपति परै लग्न में आय। वीर्यहीन नर होय तो अधिक व्याधि कजलाय॥

बन्धनयोगा—क्रूर रहै धन नवम व्यय, और पञ्चम आगार। सो नर सूर कसूर करि निवसै कारागार॥

सर्पवेष्टितयोगा—यदि अष्टमेश लग्न में राहु सहित हो तो बालक सर्पवेष्टित अर्थात् सर्प जैसे नाल से वेष्टित होता है।

यमल जन्मयोगा—चतुष्पद राशि (मेष, वृष, सिंह, मकर का पूर्वार्द्ध और धन के उत्तरार्द्ध) का सूर्य होवे, शेष ग्रह बलवान् होकर द्विस्वभावराशि के लग्न में स्थित हों तो यमल अर्थात् दो बच्चों का इकट्ठा जन्म कहना। अथवा आधान लग्न (गर्भ वाले दिन का लग्न) का स्वामी लग्न में हो तो यमल का जन्म होता है।

माता बच्चे को त्याग दे।—शनि मंगल से ५।७।९ स्थान में चन्द्रमा हो तो माता बालक को त्याग दे, यदि गुरु केवल हो तो त्याग देने पर भी दीर्घायु हो।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मृत्यु-समय-विचार—जिन अरिष्ट योगों में मरण काल नहीं कहा गया, उन अरिष्ट योगकारक ग्रहों में जो ग्रह बली हो, वह जन्मकाल में जिस राशि में स्थित हो उस राशि में जब चन्द्रमा आता है तब कहना। अथवा—जन्मकाल में जिस राशि में चन्द्रमा स्थित हो जब फिर उसी राशि में चन्द्रमा आता है, तब मरण कहना। अथवा चन्द्रमा जब लग्न राशि में आता है, तब मरण कहना। अथवा, वर्ष के भीतर जब जिस योग युक्त स्थान में आकर चन्द्रमा बली हो और पापग्रहों द्वारा देखा जाता हो, तब मरण कहना चाहिए। किन्तु जब तक आयु का विचार न हो सके तब तक अन्य विचार करना निरर्थक है, इस वास्ते आयु का प्रथम विचार कर फिर मृत्यु कहे।

सुखयोगा:—अंगधीश निज लग्न में बुध गुरु कवि के संग। या केन्द्र गृह २ परे सो जानो सुख संग ॥ जन्मलग्न में उच्च ग्रह जो काहू के होय। मित्र दृष्टि ता पर परे सबं सुखी नर होय ॥

क्लीब (नपुंसक) योगा:—दशम भवन भृगु मन्द दोउ क्लीब योग तब जान। शुक्र भवन ते रिप्फ पट बसे विलब भानु ॥

कुष्ठयोगा:—लग्नप बुध कुज शशि युते राहु युक्त या केतु। श्वेत कुष्ठ को योग यह बरणत गुनी सचेतु ॥ भौम भास्कर मन्दयुत रक्तकृष्ण कह कुष्ठ। लग्नाधिप रविसाथ त्रिक तापगण्ड अति रुष्ट ॥ जलगंडयुत चन्द जो ग्रन्थिगंडे कुज साथ। पित्त रोग तब जानियो बुध त्रिकयुत तनु नाथ ॥ आमरोग गुरुयुक्त त्रिक क्षयी रोग भगसून। तमतम शिखि वा युक्त त्रिक, दिन प्रति रुजि कहि दून।

केमद्रुम:—आगे पीछे चन्द्र के जो न परै ग्रह कोय। केमद्रुम यह योग है सब धन हारे सोय ॥ उच्च चन्द्र शुभयुक्त दृग केन्द्रधाम में होय। तब केमद्रुम शुभ कहे दोष न मानो कोय ॥

स्त्रीजातक

क्रूरलग्नयुक्त क्रूर जो, स्वामी दृष्टि नहीं होय। सो कन्या कुल गरल है, भूलि न व्याहेउ कोय ॥ जाके कुज दशमे बसै ऋणी होय पति तासु। लग्न राहु शनि सातवें पति जीवे नहीं आसू। क्रूर युक्त लग्नेश जो पापग्रहों के बीच। सो कन्या व्याभिचारिणी बुधवर कहै कुज नीच। राहु शुक्र जो लग्न में कन्या को पति और। पाप दृष्टि शनि सातवें कन्या वास कुठौर। लग्न बीच शनि कुज तमसि निर्धन स्वेच्छाचारि। सप्तम कुज राण्ड कहे पति को तजे तमारि ॥ छठे आठवें चन्द जो क्रूर पर निज अङ्ग। भौम आठवें भवन में सो पति करै है भंग ॥ राहु सातवें लग्न कुज कंटके शुभ सो -ीन ताको पति जीवित रहे वर्ष दोय या तीन ॥ द्वादशाष्ट कुज क्रूरयुत राहु बसें त्रिकधाम। राण्ड होय कुछ दिवस में कहत गणक गुणग्राम ॥ पाप ग्रहों के बीच में लग्न होय वा चन्द। सो त्रिय नाशै कुल दुवो भाषत कविकुल वृन्द ॥ सप्तम भृगु जाके बसैं सो कुल दोषी नारि। रूपवती तनु भृगु बसैं बुधजन कहत विचारि ॥

वैधव्य विषकन्यायोगा:—चौ० रविवार द्वितीया जो होय। श्लेषा ताहि दिन में जोय ॥१॥ कृत्तिका होय शनिश्चर वार ॥ साते तिथि का करो विचार ॥२॥ होय शतभिषा मंगलवार। कहो द्वादशी तिथि निर्धार ॥३॥ इन योगन में कन्या होय। निश्चय विधवा जाने सोय ॥४॥ जन्मलग्न है शुभग्रह होय। एक पापग्रह नभ १० में जोय ॥५॥ शत्रु क्षेत्र में है ग्रह मानो। ता कन्या को विधवा जानो ॥६॥ अश्लेषा द्वितीया को होय ॥ बुधवार युत लीजो जोय ॥७॥ परे शतभिषा मंगलवार। साते तिथि लीजो निर्धार ॥८॥ रविवार द्वादशी जो होय। नक्षत्र विशाखा जानो होय ॥९॥ ऐसो योग सबी जो परे। सो कन्या को विधवा करे ॥१०॥ दो०—सदन में भूमिसुत जन्म सदन शनि आन। सूर्य होत सुत सदन में कन्या विधवा मान ॥११॥

वैधव्य विषकन्याभंगयोगा:—जन्मलग्न या चन्द्र ते शुभग्रह सप्तम होय। अथवा सप्तम लग्नपति सुभगा कन्या होय ॥

काकवन्ध्यादियोग:—शे अष्टमे काकवन्ध्या। मन्दार्कविष्टपे वन्ध्या। अष्टमे जीवे वा शुक्रे नष्टगर्भा वा मृतापत्या ॥

स्त्रीणां राजयोगा:—चौपाई-केन्द्रधात नभगा शुभ होई। नरतनु पाय कलत्र समोई। रानी होय बहुत धन ताके। मन प्रसन्न होई है सुत वाके—चन्द्रज तुंग बसे तनु जाई। लाभ धन गुरु आवे धाई ॥ सो तिय होय नृपति की नारी। जन विख्यात होय सुकुमारी ॥ जो षट्वर्ग शुद्ध गुरु होई। शशि दृग केन्द्र भवन में होई ॥ ऐसे योग जन्म सुकुमारी ॥ रानी होय सदन धनभारी ॥ दोहा......कर्क चन्द्रमा सातवें जीव दृष्टि परिपूर। पुत्र पौत्र धन भूरि युत ताकों पति नृप शूर ॥ लाभ भवन सित चन्द्र जो सोमज सप्तम भौम। सुरगुरु परिपूर्ण लखे रानी होई है तौन ॥

स्त्रीणां पुत्रभावविचार:—पञ्चमे शुभदृष्टे च पञ्चमाधिपतावपि। केन्द्रकोणे तदा नारी बहुपुत्रवती भवेत ॥

पशुप्रसव मास—कार्तिक में स्त्री, भाद्रपद में गौ, मार्गशीर्ष में हथिनी, श्रावण में गधी वा घोड़ी, माघ में भैंस, ज्येष्ठ में बिल्ली, वैशाख में ऊंटनी, पौष में बकरी, चैत में कुतिया के बच्चे जन्में तो ६ मास में पिता वा घर वाले की मृत्यु अथवा महाभय होता है। माघ में बुधवार को भैंस, श्रावण में दिन में घोड़ी प्रसूति हो तो महाभय शीघ्र होवे। स्मरण रहे, कि यहां सर्वत्र सौरमास का ग्रहण है, प्रसूता गौ आदि का तत्क्षण दानकर व्याहृति मन्त्रों से घृतक्त श्वेत सरसों का हवन करे, बच्चा जन्मे तो कार्तिक शान्ति करने से शुभ है।

त्रिखलजन्म फल—यदि तीन कन्याओं के पश्चात् पुत्रोत्पत्ति हो अथवा तीन पुत्रों के पश्चात् कन्या का जन्म हो तो त्रिखल नामक दोष के कारण कन्या माता को, लड़का पिता को भय, धनहानि आदि कष्ट होते हैं, कृपणता छोड़कर त्रिखल शांति करे तो शुभ होता है। तीन अन्न, तीन वस्त्र, तीन धातु (चांदी, सोना, तांबा) दान करे।

बालक की दन्तोत्पत्ति का फल

बालक के जन्मते ही दांत निकले हों तो माता-पिता, को अरिष्ट, ऊपर की पंक्ति में दांत से युक्त जन्म ले तो अधिक अरिष्ट, पड़ोसियों को एवं टेवा बनाने वाले ज्योतिषी को भी भय होता है। ऊपर की प्रथम पंक्ति में दांत निकले तो मातृपक्ष को भय हो, माता शान्ति करे। पहिले मास में दांत निकले तो शरीर नष्ट, द्वितीय में ज्येष्ठ भ्राता नष्ट, तृतीय में भगिनी नष्ट, चतुर्थ में भाई नष्ट, पांचवें में ज्येष्ठबन्धु नष्ट, छठे में बहुभोग, ७वें में पितृसुख, ८वें में पुष्टि, ९वें में धनी, १०वें में सुख, ११वें में सुख, १२वें में धनी।

एकनक्षत्रजनन-फलम्:—वृद्ध गर्ग कहते हैं कि यदि भ्राताओं वा पिता पुत्र माता वा कन्या का एक नक्षत्र हो तो दोनों की अथवा एक की अवश्य मृत्यु होती है। स्वर्णदान से कल्याण होता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जन्म-कुण्डली से विशेष विचार

लघु-भ्राता का जन्म समय जानना—(१) जन्मलग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट भी जोड़ें राशि हो उस पर जब गोचर में गुरु ग्रह आवे तो भाई या बहन का जन्म होता है।

(२) तृतीयेश तृतीयस्थग्रह तृतीयस्थ राशि की दशा में छोटे भ्राता का जन्म होता है यदि भ्रातृ-प्रतिबन्धक योग न हो तो।

भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना—(१) जन्मलग्न के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटावे, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है तब भाई या बहन को कष्ट होता है।

(३) लग्नेश स्पष्ट में से तृतीयेश स्पष्ट घटावे, शेष में दशमेश स्पष्ट और मंगल-स्पष्ट घटावे—(यथा)—ल० तृ० शे०। शेष राशि में से जब गोचर का शनि आता है तब भ्रातृ कष्ट होता है।

(४) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश, भौम इन चारों स्पष्टों को जोड़ कर जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचरस्थ शनि होता है उस काल में भ्रातृ-कष्ट होता है।

(५) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश और भौम को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काण राशि में जब गोचर का गुरु होता है, तब भ्रातृ कष्ट जानिये।

माता की मृत्यु का समय जानना—(१) जन्म के सूर्य स्पष्ट में से चन्द्रस्पष्ट को घटावे तो शेष के उस राशि में या त्रिकोण राशि में या उस शेष राशि के नवांश राशि में जब गोचर का शनि या गुरु होगा तब माता की मृत्यु का समय जानना।

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वो	हस्ते	गुहे	जंघा	जान्वो	पादे	स्थानम्
४	६	५	५	५	४	६	४	४	१०	घटी
पशु ना	धन ना	धन ना	कुटिला	धनना.	दयावती	कामिनी	मातृना.	भ्रातृना.	वैधव्य	फलम्

कन्याजन्मनि नक्षत्रफलम्

जन्म नक्षत्र	मूल	आश्लेषा	ज्येष्ठा	विशाखा
फलम्	(१।२।३च.) श्वसुरहानि	(२।३।४च.) सास नाश	ज्येष्ठ नाश	(४च) देवर नाश

सुतः सुता वा नियतं श्वसुरं हन्ति मूलजः। तदन्यपादजो नैव तथा श्लेषाद्यपादजः।

तिथिगण्डान्त—पूर्णा तिथियों के अन्त की ७ घड़ी, नन्दा तिथियों की शुरू की दो-दो घड़ी तिथि गण्डान्त होता है। यह गण्डान्त जन्म यात्रा विवाह में भयप्रद होता है।

अथ गण्डमूल नक्षत्राणि

अश्विनी	आश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती

उपरोक्त ये ६ नक्षत्र गण्डमूल कहलाते हैं, इन नक्षत्रों में उत्पन्न होने वाला बालक माता, पिता, कुल और अपने शरीर का नाश करने वाला होता है। यदि अपना शरीर नष्ट होने से बच जाए, तो धन तथा घोड़ों का स्वामी होता है।

गण्डमूल में उत्पन्न पुत्र के ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता को दर्शन नहीं करने चाहिए, तत्पश्चात् शान्ति करके विधि से मुख देखना कल्याणप्रद है।

मूल और आश्लेषा नक्षत्र के चरण जन्मफल

मूल पाद फल		आश्लेषा पाद फल	
चरण	फल	चरण	फल
१	पितृनाश	४	पितृनाश
२	मातृनाश	३	मातृनाश
३	धननाश	२	धननाश
४	शान्ति से सुख	१	शान्ति से सुख

मूलजनने वृक्षविभाग फलम्

मूल	स्तम्भ	त्वचा	शाखा	पत्र	पुष्पे	फलम्	शिखा	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घटी
मूल नाश	वंश नाश	म क्लेश	मातुल नाश	मन्त्री पदम्	मन्त्री पदम्	विपुल लाभ	अल्प जीव	फल

अथ मूलपुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुख	स्कन्धे	बाह्वो.	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जान्वोः	पाद	स्थान
५	७	४	८	४	६	२	१०	६	६	घटी
राजा	पि. मृ.	बली	बली	दानी	मन्त्री	ज्ञानी	कामी	मतिमा.	अतिमा.	फलम्

अथ मूलनिवासचक्रम्

जन्ममासानुसारेण	वै. ज्ये. मार्ग. फा.	चैत्र, श्रा. का. पौ.	आषा. आ. माघ. भा.
जन्मलग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१
मूलनिवासस्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

मूल का निवास मास व लग्नानुसार दोनों प्रकार से भूमि पर आवे तो महाभयप्रद होता है एक प्रकार से स्वल्पभय होता है। तृतीया, दशमी, षष्ठी शनिभौमसमन्विता। शुक्ला चतुर्दशी मूले जातः संहरते कुलम्॥ यत्र गण्डे क्रूरयुते महादोषकरो भवेत्। शुभग्रहसमायोगे ईषच्छुभकरं भवेत्॥ दिनक्षये व्यतीपाते व्याघाते विष्टिवैधृतौ। शूले गंडातिगंडे च परिघे यमघण्टके॥ ब्रह्मदण्डे मृत्युयोगे प्राप्ते गंडदिने शिशुः। जातो हन्ति कुलं सर्वं तस्मात् कुर्वीत शान्तिकम्॥

यथा सर्पविषश्चैव मन्त्रश्रवणाद्विलीयते। तद्वद् गंडदोषोऽपि विधानेन विलीयते॥ रत्नैः शतौषधीमूलैः सप्तमृद्भिः प्रपूर्यते। शतच्छिद्रं घटं तस्मान्निःसृतेन जलेन हि॥ बालकस्यापि तत्स्नाने विप्रैः सम्पादिते सति। जपहोमप्रदानेन कृतं स्यान्मांगलं ध्रुवम्॥ विरुद्धावयवे मूले विधिरेव स्मृतो बुधैः। मुनीनां वचनं सत्यं मन्तव्यं क्षेममीप्सुभिः॥

अभुक्तमूलविचार:—ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम चार घटी, किसी के मत से एक घटी एवं मूल नक्षत्र आदि की चार घटी विशेष बाधी, अभुक्तमूल कहलाता है। इस

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

समय में जो बच्चा जन्म ले उसका परित्याग करदे या आठ वर्ष, असमर्थ हो तो ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता मुख न देखे। धनगडे दरिद्रोऽपि शान्ति कुर्यात्स्वशक्तितः। अन्यथा नाशमाप्नोति चाभुक्तर्क्षे विशेषतः ॥

गण्डमूलोत्पन्न बालक का जन्मकाल फल

दिन में	रात्रि में	सन्ध्या	प्रातः	समय
मू० ज्ये० पिता को भय	मू० श्ले० माता को भय	रे० अश्वि० शरीर भय	पशु हानि	फल

अथ पुरुष जन्मकुण्डल्यां भावस्थ-ग्रह-फलानि

भावः	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	सिरअपपीड़ा	कान्तिमुख	रक्तकोप	सुखी	विद्वान्	सुखी	दुःखी	रोगी	सकाम
धन २	धननाश	सम्पत्तिवान्	ऋणी	धनी गुणी	धनागम	धनी	धनहानि	निर्धन	खल
सहज ३	नीरोगी	कीर्तिमान्	विक्रमी	अरिमर्दन	पापी	पापी	पराक्रमी	विक्रमी	शूर
सुहृत् ४	दुःखी	सुखभोगी	दुःखी	सुखी	सुखी	सुखी	दुःखी	मातृहा	दुःखी
सुत ५	सुतहानि	धनी पुत्रवान्	पुत्रहीन	अल्पपुत्र	प्रतापी	धीमान	पुत्रहीन	कुमति	मूर्ख
शत्रु ६	शत्रुनाश	अल्पायु	शत्रुनाश	रोगी	कामी	रोगी	शत्रुजित्	सबल	सबल
स्त्री ७	स्त्रीदुःखी	सुभार्यावान्	स्त्रीनाश	धर्मज्ञ	सुभार्या	कामी	स्त्रीकुलटा	स्त्रीरोगी	स्त्रीहा
मृत्यु ८	अल्पायु	रोगी	शरीररोगी	गुणी	नीचस्व	नीच	नेत्ररोगी	रोगी	क्लेशयुक्त
धर्म ९	दुष्टमति	धर्मात्मा	पापरत	सुखी	धार्मिक	तपस्वी	दुष्टबुद्धि	दैन्ययुक्त	पापी
कर्म १०	शूर	तेजयुत	तेजस्वी	कीर्तिमान्	सम्पत्तिमान्	सम्पत्ति	पराक्रमी	मानी	पितृहानि
लाभ ११	धनी	धनी	धनी	धनी	सुलाभ	सुमति	धनवान	सुख्यात	धनी
व्यय १२	दुष्टस्वभाव	कामी	पतितदारहृदरिद्री		खल	रोगी	दुःखी	पतित	दुर्जन

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां भावस्थग्रहफलानि

भावः	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	क्रोधिनी	गतायुः	विधवा	सौभाग्या	सती	ससुखा	वन्ध्या	पुत्रहीना	दुःखिनी
धन २	दरिद्रा	बहुधन	वन्ध्या	धनाढ्या	धनाढ्या	सुभगा	दुःखिनी	दरिद्रा	दुःखार्त्ता
सहज ३	सुसुता	सुखिनी	विसहजा	पुत्रवती	सुसहजा	धनाढ्या	सुदक्षा	सविता	रोगिणी
सुहृत् ४	सपीडा	दुर्भगा	दुःखार्त्ता	सुगृहा	सुखिनी	सुखिनी	हृद्रोगा	रोगार्त्ता	मातृहा
सुत ५	विपुत्रा	ससुखा	विपुत्रा	श्रीकांतियुत्ता	सगुणा	पुत्रवती	विपुत्रा	विपुत्रा	अपुत्रा
शत्रु ६	सुखिनी	सरोगा	सरोगा	सकोपा	सापदा	दरिद्रा	गतशत्रु	सधना	धनयुता
पति ७	दुःखार्त्ता	पतिप्रिया	विधवा	पतिव्रता	कीर्तियुता	पतिप्रिया	विधवा	दुःखिता	विधवा
मृत्यु ८	विधवा	रोगिणी	विधर्मा	कुलघ्ना	सरोगा	विसुखा	दुःखिनी	विधवा	दुःखिनी
धर्म ९	धर्मज्ञा	सुखिनी	दुःखिनी	सुभोगा	पुत्राढ्या	धर्मरता	वन्ध्या	वन्ध्या	शोकयुक्ता
कर्म १०	सुकर्मा	धर्मज्ञा	कुपुत्रा	सत्कर्मा	साध्वी	सधना	पापिनी	दुष्कर्मा	पापिनी
लाभ ११	सधना	गुणज्ञा	धनाढ्या	पतिव्रता	सुपुत्रा	सुपुत्रा	सुलाभा	नीरोगा	सुभगा
व्यय १२	क्रोधिनी	हीनांगी	व्यया	कृशांगी	सुव्यया	सुव्यया	मूढ़ा	दुष्टा	रोगिणी

अश्विनीजातस्य फलम्—अश्विनी नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म हो तो पिता को भय, द्वितीय में सुखैश्वर्य, तृतीय में मन्त्री तुल्य, चतुर्थ में नृपति समान होता है।

मघाफलम्—मघा के प्रथम चरण में जन्म हो तो माता या मातृपक्ष की हानि, दूसरे में पिता को भय, तीसरे में सुख, चतुर्थ चरण में धन विद्या लाभ होवे।

ज्येष्ठापाद फलम्—प्रथम चरण में बड़े भाई को नेष्ट, द्वितीय में छोटे का नाश, तृतीय में माता का नाश, चतुर्थ में अपने बाप का नाश होता है। ज्येष्ठांत्यपादजो ज्येष्ठं हन्ति बालो न बालिका। न बालिका तु मूलर्क्षे मातरं पितरं तथा।

रेवतीपाद फलम्—रेवती के प्रथम चरण में जन्म हो तो नृप समान दूसरे में मन्त्री या सुकुमार, तीसरे में सुख सम्पत्तियुक्त, चतुर्थ चरण में अनेक कष्ट हों।

अथ मातृसुखनाश योगाः—(१) पापग्रह युक्त चन्द्रमा सातवें भाव में होवे, (२) चन्द्रमा से सातवें पापयुक्त शुक्र होवे, (३) पाप ग्रहों के बीच चन्द्रमा हो अथवा चन्द्रमा से चौथे सातवें पापग्रह हों, (४) तीसरे अथवा सातवें स्थान में सूर्य होवे और लग्न में मंगल होवे, (५) चौथे भाव में शनि पापग्रहों से ही दृष्ट हो, इन पांचों में से एक भी योग मिले तो माता को भय हो, जप दान करना चाहिए।

पितृनाश योगाः—(१) सूर्य मंगल दशवें वा नवमे गये हो (२) दशमेश रवि मंगल से युक्त हो, (३) शत्रु राशि का मंगल १०वें हो, (४) पापग्रह से युक्त सूर्य सातवें हो, इन चार योगों में से एक भी योग हो तो पिता को भय हो।

भ्रातृनाश योगाः—भ्रातृ ग्रह को ईश जो भौम संगत्रिक होय।
जाके ऐसे योग है भ्रातृहीन नर होय ॥

सन्तानसुख नाशयोगाः—गुरु ते पञ्चम गेह पति, जाय परे त्रिक भाव। ऐसा यो जो लखि परे, ताके पुत्र अभाव। पुत्र धर्म अरु लग्नपति जाय परे, त्रिक थान। जन्म समय या योग ते सदा पुत्र की हान।

रोगिणी स्त्रीयोगाः—शुक्र और सूर्य सप्तम, पंचम और नवम में हो तो उसकी स्त्री प्रायः रोगयुक्त रहती है।

नीचयोगा:—सहज सप्तम धन सदन में क्रूर बसे सम आई। अवल पांचवें गुरु बसै नीच जाति मनसाई ॥ सिंह लग्न जन्मे शिशु सप्तम शनि विकराल। म्लेच्छ होय कुछ दिवस में यदपि ब्रह्म को बाल। जिनके बुध भृगु राहु संग सप्तम भाव विराज। लहे सर्वदा राजसुख होवे वेश्याबाज।

जारज योगाः—भानुचन्द्रतनु ना लखै लग्नप लखै न लग्न। सो शिशु है परपुरुष को भाषत ज्योतिषमग्न ॥ रवि कुज गुरु तिथि अष्टमी चौथ चतुर्दशी सार। तीन उत्तर जन्म में तब शिशु कहो पगार ॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

गोचर-ग्रहाणां द्वादशभाव-फल बोध-चक्रम्

ग्रह.	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्यः	स्थानना.	भय	श्रीः	मानभग	दैन्य	विजयः	मार्गः	पीडा	सुकृना.	सिद्धिः	धनलाभ	द्रव्यना.
चन्द्रः	अन्नलाः	धननाश	सुख	रोगः	कार्यनाश	धनला.	स्त्रीला.	रोगः	धर्मना.	सौख्य	धनलाभ	धनना.
भौमः	शत्रुभीः	धननाश	धनलाभ	शत्रुभीः	धननाश	धनला.	द्रव्यना.	शत्रुभी.	शत्रुभी.	शोकः	धनलाभ	धनना.
बुधः	बन्धनं	धनलाभ	शत्रुभी.	पशुलाभ	सुखं	स्थानला	पीडा	धनला.	पीडा	सौख्यं	धनलाभ	धनना.
गुरुः	भयं	धनलाभ	कलह	धननाशः	सुख	शोकः	राजमान	पीडा	सौख्य	दैन्य	धनलाभ	पीडा
शुक्रः	शत्रुना.	धनलाभ	सौख्यं	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुभी.	शोक;	धनला.	वस्त्रला.	दुःख	धनलाभ	धनला.
शनिः	भय	धननाश	ऐश्वर्यं	शत्रुभी.	पुत्रनाशः	धनला.	दोषः	पीडा	धर्मना.	दौर्मन.	धनलाभ	धनला.
राहुः	हानिः	धननाश	धनलाभ	वैर	शोकः	श्रीः	कलहः	मृत्यु	दुःख	वैर	सुखं	शोकः
केतुः	रोगः	वैर	सुखं	भय	सुखं	धनला.	कलहः	रोगः	पाप	शोकः	कीर्तिः	शत्रुभी.

उपरोक्त गोचर फल जन्म राशि या जन्मलग्न के अंश आदि से लेकर अग्रिम राशिके उतने अंश तक प्रथम भाव एवं द्वादश भावों के अंशों पर कल्पना करने से अधिक मिलता है; केवल राशि से फल में अधिक अन्तर रहता है।

अथ ग्रहाणामेकवर्षे भोगफल-समयादि ज्ञानम्

सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	रा के	ग्रहाः
मा.१	दि. २१	मा१॥	मा१	मा१२	मा. १	मा३०	मा १८	एकवर्षभोग
आदौ.	अन्ते	आदौ	सदा	मध्ये	मध्ये	अन्ते.	अन्ते	फलसमयः
दि. ५	घ. ३	दि. ८	दि. ७	मा. १	दि. ७	मा. ६	मा. ६	गतव्यराशे प्राक्फलम्

अथ ग्रहतुष्ट्यर्थं धारणाय मणयः

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
माणिक्यम्	मुक्ताफलम्	प्रवालः	पन्ना	मपुष्परागा	हीरा	नीलम	गोमेदम्	रौप्यम्
विद्रुमम्	रौप्यम्	विद्रुमम्	सुवर्णम्	मुक्ताफलम्	लोहम्	वैदूर्यम्	लाजवर्तः	लाजवर्तः

पूतनाग्रसित लक्षण एवं शान्ति

बहुत मैले बिछौने पर अकेली जगह में छोटे बच्चे को सुला देने से पूतना नाम राक्षसी का उसमें प्रवेश होने से बच्चा बीमार हो जाता है। तब पूतना की बलि निकालने से अच्छा होता है। जब कभी बच्चा बैठे २ गिर पड़े, या यों मालूम हो कि किसी के पीटने से गिरा है और मूर्छा आ गई है अथवा एकाएक कोई रोग हो गया है तब जानो, कि उसे महापूतना ने ग्रसा है। यदि कोई लोभादि के वश में आकर वनदेवता या नगरदेवता का तिरस्कार कर दे तो उसके बालक में ऊर्ध्वपूतना प्रवेश कर लेती है। यदि कोई मनुष्य अपनी ऋतुस्नाता स्त्री का गमन करने के पश्चात् स्नान न करे या बिना ऋतु के संगम करके हाथ मुंह न धोवे और माता अपवित्रता में ही बालक के साथ सो जावे तो [illegible] नाम की राक्षसी का दोष होगा। बच्चे को इतर फुलेल और फूल माला पहिना कर बाहर जाने से रेवती ग्रही का दोष होता है। सिर खुले जूठे बालक को संध्या के समय सोने से भी रेवती का आवेश हो जाता है। संध्या के समय जमीन पर सोने से अथवा खेलने से बालक को पुण रेवती का दोष होता है। कदाचित् बालक खेलता २ गिर जाय अथवा उसे उल्टी हो या हाथ-पांव नहीं धुने हों तब उसे शुष्क रेवती का आवेश होता है। जूठा खाने और देवता के स्थान पर मलमूत्र करने से शकुनी ग्रही बालक को पकड़ लेती है। जो नित्य कर्म संध्या वंदनादि नहीं करते या जो लोग पक्षियों को पालते हैं जन्मान्तर में उनके बालकों पर शिशुदृष्टि। राक्षसी का दोष हो जाता है। फिर उसका पूजन और बलि धूपादि दान करने से शान्ति होती है।

चेष्टा— जिस बालक के नखों और दांतों में विकार हो, नींद नहीं आवे, डर लगे, मन को उद्वेग रहे, शरीर में दुर्गन्ध उठे, अनेक प्रकार की चेष्टा करे, बल अधिक हो जावे, उसे ब्रह्माविष्ट जानना।

उद्वर्तनम्—दूर्वा, कुटकी, नीम के पत्ते, तज, इनका उबटना बालक के शरीर में मलकर पीछे पीपल के पत्ते मुलहठी, लसूड़े के पत्ते इनका काढ़ा बनाकर स्नान करावे ग्रह रोग दूर होगा।

सर्वबालग्रहशान्त्यर्थं देवालये ज्योतिर्दान निवासश्च तत्र रात्रौ—ॐ हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत्। सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्यो नः सुतानिव॥ इत्यस्य जपः ततोऽनेनैव मन्त्रेण सदीपदधिमाषान्नबलिदाने घण्टाबन्धने च सर्वबालग्रहशान्तिः॥

अथ बाल रक्षा विधि (प्रयोगसारे)

यदि दुष्ट दृष्टि (नजरादिदोषों) के कारण बालक के शरीर में कोई रोग कष्ट हो जाय तो— ॐ वासुदेवो जगन्नाथः पूतनातर्जनो हरिः। रक्षतु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम्॥१॥ कृष्ण! रक्ष शिशुं शङ्ख मधुकैटभ-मर्दनः। प्रातः सङ्गव मध्याह्ने सायाह्ने च सन्ध्ययोः॥२॥ महानिशि सदा रक्ष कंसारिष्ट निषूदनः। यद्गोरजः पिशाचांश्च ग्रहान् मातृग्रहानपि॥३॥ बालग्रहान्विशेषेण छिन्धि छिन्धि महाभयान्। त्राहि त्राहि हरे नित्यं त्वद्रक्षाभूषितं शिशुम्॥४॥

इन चार मंत्रों से अभिमंत्रित हुई गौ के गोबर की शुद्ध भस्म को बालक के मस्तक, कण्ठ, हृदयादि अंगों में लगाने से बालक का कष्ट दूर होगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बाल कष्टावली चक्रम्

किस समय कौन पूतना ग्रस्त करती है ?	मूर्ति निर्माणार्थ द्रव्य	पूजन द्रव्य	बलि विधान व समय	स्नान पूजा मार्जन मन्त्र	धूप
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेत चन्दन तिलक, श्वेत पुष्प, ५ रंग की झंडी ५, ५ दीपक, ५ आटे के सतिये, कपूर, लोहवान	श्वेत भात, ५ पूर्ण पोली (सुहाली) १ प्रहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखना।	ओं ब्रह्माविष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दी वै श्रवणस्तथा। रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम्।	राई, खस, आक के फूल, बिल्ली और मनुष्य के बाल, निम्ब-पत्र, गौघृत
द्वितीय दिन मास वर्ष में सुनन्दना	एक सेर चावलों का आटा	१० दीपक, १० झण्डी, पुष्प चावलों के आटे के सतिये १०	भात एक सेर आटे के पूड़े मत्स्य व बकरे का मांस, संध्या समय पश्चिम दिशा में चौरास्ते पर रखना।	ओं नमश्चामुण्डायै विच्चे ह्रांह्रां ह्रीं ह्रीं ह्रूं ह्रूं दुष्टाग्रहा गच्छ-न्वितः स्यानाद्राज्ञया स्वाहा	
तृतीय दिन मास वर्ष में पूतना	एक सेर चावलों का आटा	रक्त चन्दन, रक्त पुष्प, श्वेत ध्वजा, दीपक १०, गेहूं के आटे के सतिये १०।	एक सेर लाल भात, आधे सेर पूर्ण पोली, (सुहाली) पश्चिम दिशा में किसी वृक्ष के नीचे।	सुनन्दना विधानोक्त	लहसुन, गौशृंग, सांप की कांचली, नीम के पत्ते, पुरुष और बिल्ली के बाल गौघृत
चतुर्थ दिन मास वर्ष में मुख मंडिका	तिल-चूर्ण एक सेर	श्वेत पुष्प श्वेत ध्वजा ५, दीपक, मिल सके तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प	भात, सेर आटे के पूड़े आध सेर पूर्ण पोली, सायं, पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे।	सुनन्दना विधानोक्त	
पञ्चम दिन मास वर्ष में, बिडालिका	एक सेर चावलों का आटा	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५, गेहूं के आटे के सतिये।	श्वेत भात, ७ पूड़ियां, सायंकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे	ओं भगवती ह्रींह्रीं ह्रूं ह्रूं मुञ्च रक्षां कुरु कुरु बलि गृह्ण गृह्णअस्त्र ठ:ठ: चामुंडे सर्वार चण्डिकेठ:ठ: स्वाहा।	
षष्ठ दिन मास वर्ष में, षट्कारिका	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५।	भात, ५ मिठाई, ५ सुहाली, ७पूड़ियां, १ प्रहर दिनचढ़े पूर्व में चौरास्ते पर	योगिनी विधानोक्त	कूठ, गूगल, राई, हाथीदांत, घृत।
सप्तम दिन मास वर्ष में कालिका	चावलों का आटा एक सेर	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५।	भात, ७ पूड़ियां सायं काल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर	विडालिका विधानोक्त	
अष्टम दिन मास वर्ष में कामिनी	जल के दोनों किनारों की मिट्टी	रक्त चन्दन ५, रँग की झण्डी५ दीपक ५।	गेहूं की रोटी, मसूर की दाल, हरा साग छाग मांस संध्या में चौरास्ते पर	विडालिका विधानोक्त	
नवम दिन मास वर्ष में, मदना	एक सेर गेहूं का आटा	चन्दन, पुष्प ५ दीपक, ५ रंग की झण्डी ५।	भात, मत्स्य मांस, पापड़ी, सुहाली उत्तर में प्रातः चौरास्ते पर	ओं नमो भगवतेवासुदेवाय कृष्णाय मंडल बलिमादाय हन२ हुंफट्स्वाहा	गौशृंग, लहसुन, सांप की कांचली, निम्बपत्र, मनुष्य और बिल्ली के बाल, राई, गौघृत
दशम दिन मास वर्ष में, रेवती	एक सेर गेहूं का आटा	रक्त पुष्प, २५ झण्डी, २५ दीपक, २५ सतिये।	गुड़ के घी भुने चावल, गौ घृत, सायं, दक्षिण में चौरास्ते पर	ओं नमो भगवते वैश्वदेवाय हन हु फट् स्वाहा	
एकादश दिन मास वर्ष में, सुर्दशना	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेत पुष्प, २५ दीपक, २५ अफेद झण्डी, २५ आटे के सतिये।	श्वेत भात, ७ पूड़े, सुहाली ७, सायं व प्रातः दक्षिण में चौरास्ते पर	ओं नमो भगवते रावणाय चन्द्र हास वज्र हस्ताय ज्वल २ दुष्ट ग्रहादीन् ओं ह्रीं फट् स्वाहा	
द्वादश दिन मास वर्ष में, अवधूता	चावलों का आटा एक सेर	१३ दीपक, १३ झण्डी, १३ सतिये आटे के।	सुहाली, पूड़े ७, पूड़ियां ७, मत्स्य मांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर।	ओं नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन हन शोषय २ मर्दय २ तापय२ हुं२ हन २ दुष्टानां ह्रांह्रूं स्वाहा	

अथ बाल पूतना विधान—आगे लिखे बाल कष्टावली चक्रोक्त हर एक बलिदान के पीछे मार्जन शिखास्थान-स्पर्श निम्न-लिखित मन्त्रों द्वारा एक ही प्रकार से होता है, बलिदान विधि तीन दिन निरन्तर करें। चौथे दिन पलास, अश्वत्थ, बिल्व, गूलर, मिल सके तो कपित्थ, इनके पत्रों को उबाल कर बालक को मन्त्र पाठपूर्वक स्नान कराना तदन्तर कल्याणार्थ यथा शक्ति भिक्षुकों तथा कुत्ते आदि जीवों को मिष्ठान्न भोजन कराना ॥ तदनन्तर ओं द्यौशान्तिरन्तरिक्ष ०... इत्यादि शांति मन्त्रों व मार्जन व मन्त्रों से कुशा से छींटे देने के अनन्तर बालक की शिखा या शिखा-स्थान-स्पर्श पूर्वक यह मन्त्र पढ़े—ओं रक्ष रक्ष महादेव नीलग्रीव जटाधर ! ग्रहैस्तु सहितो रक्ष मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ॥ ओं सर्वमातर इमं ग्रहं सहरतु हुं रादय२ स्फोटय २ स्वाहा। गर्ज २ से २ गृह्ण २ आमर्दय २, हिन २, हुवः एवं सिद्धि कुरो ज्ञापय स्वाहा ॥ इति रक्षा मन्त्रः ॥

ज्वालामुखी योग

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अथ नक्षत्र-कष्टावली

रोग नक्षत्र	रोगशांत्यर्थ दान	नक्षत्रपादवशाद् रोग दिनसंख्या १च	२च	३च	४च	दोषशांत्यर्थ जपनीयमन्त्राः	रोगनिवृत्त्यर्थ बलि
अश्विनी	गोबनदानम्	९	११	१	२०	मृत्युञ्जयमन्त्र जपः	घोड़ी के मुख में सात व्रीही धान्य देवे।
भरणी	गो-अन्नादिदान	०	८०	४०	११	यमायतवेति मन्त्रः	हाथी के मुख में तिल चावल
कृत्तिका	स्वर्णदानम्	९	११	१६	२७	अग्निर्मर्धेति मन्त्रः	कछुए के मुख में घी दें
रोहिणी	घृतदानम्	३	९	१८	३०	ब्रह्मयर्येति मन्त्रः	सर्प को दूध दही खिलावे
मृगशिरा	तिलदानम्	९	५	७	१०	इमं देवेति मन्त्रः	खरगोश को दूध पिलावे
आर्द्रा	गोदान	०	१८	०	०	नमस्ते रुद्रेति मन्त्रः	बकरी के मुख में रक्त डालें
पुनर्वसु	पीतलदानम्	७	१४	२	२१	अदितिर्द्यौ रितिमन्त्रः	सूअर को धान्य खिलावे
पुष्य	तैलान्नदानम्	६	७	१०	२१	बृहस्पतेति मन्त्रः	बकरे के मुख में दही डाले
आश्लेषा	गोऽन्नादिदानम्	०	०	४१	०	नमोऽस्तुसर्पेति मन्त्रः	बिलाव को दूध पिलावे
मघा	वस्त्राज्यदानम्	१५	७	१७	२०	पितृभ्य इति मन्त्रः	बन्दर को तिल उड़द खिलावे
पू. फा.	भोजनदानम्	०	१५	०	३०	भगप्रणेति मन्त्रः	ऊंट के मुख में शहद दे
उ. फा.	अन्नदानम्	७	१४	७	६०	दध्याक्रेति मन्त्रः	गाय को शाक खिलावे
हस्त	तैलदानम्	१५	१७	१५	०	उदुत्यंजातवेदेति मन्त्रः	भैंसे को कमल के फूल खिलावे
चित्रा	दुग्धदानम्	११	९	९	१६	त्वष्टा तुरीगति मन्त्रः	बाघ के लिए तगर व धतूरे के फूल वन में रखे
स्वाती	गोघृतदानम्	६०	१७	३०	०	वायोरग्नेति मन्त्रः	भैंसे को गुड़ चावल खिलावे
विशाखा	गोस्वर्णदानम्	१५	०	४	१३	इंद्राग्नी इति मन्त्रः	बाघ के मुख में गुड़ भात की बलि दे
अनुराधा	गोघृतदानम्	६०	१२	३६	३०	नमोमित्रेति मन्त्रः	बकरे को कुल्थी सहित भात गुड़ दे
ज्येष्ठा	तिलदानम्	६९	९	६	४	त्रातारमिन्द्रमितिमन्त्रः	बन्दरों को गुड़ तिल डाले
मूल	रौप्यपात्रदा	०	९	१५	६	मातापुत्रेति मन्त्रः	बिलाव को दूध पिलावे
पू. षा.	गोमुक्तादानम्	०	१५	२४	१०	आपो धर्मेति मन्त्रः	कछुए के मुख में नागरमोते की बलि दे
उ. षा.	भोजनदानम्	३०	२४	२६	१६	विश्वेदेवेति मन्त्रः	गौ को धान्य डाले
श्रवण	श्रीफलदानम्	६०	२४	६	९	विष्णोररा. मन्त्रः	भैंसे के मुख में रक्त मीठा की बलि दे
धनिष्ठा	अश्वान्नदानम्	१५	४	२०	२१	वसोःपवित्रेति मन्त्रः	मनुष्य के मुख में दही अन्न की बलि दे
शतभिषा	भोजनान्नदानम्	४	४५	३	२२	वरुणस्तम्भेति मन्त्रः	गौ को चावल खिलावे
पू. भा.	भोजनदानम्	०	१२	२१	१६	अहिर्बुध्न्येति मन्त्रः	कौए के मुख में फल की बलि दे
उ. भा.	अन्नदानम्	१०	३	६	१५	अहिर्बुध्न्येति मन्त्रः	गाय को चावल खिलावे
रेवती	फल दा. कन्यापू.	१८	१०	९	२०	पूषन्तवेति मन्त्रः	हाथी के मुख में पूरी-पूओं की बलि दे

जिस नक्षत्र में रोग पैदा हुआ है उसे यहां कष्टावली में 'रोग नक्षत्र' का नाम दिया है। रोग नक्षत्र को जानकर इन कोष्ठकों में लिखा उपाय एवं यथाशक्ति दान करने से रोग शान्त होगा। 'रोग निवृत्त्यर्थ बलिदान'—वाले कालम में घोड़ी हाथी आदि के मुख में बलि देने के लिए लिखा है, वह गेहूं के आटे की वैसी ही आकृति बनाकर (मन में हाथी आदि की धारणा करके) उसके मुख में बलीद्रव्य देकर धूप-दीपादि करके आटे की आकृति को जल में प्रवाहित कर दें—ऐसा तीन दिन करें। साथ ही दान और जप भी करें।

ज्वालामुखी योग

तिथि	१	५	८	९	१०
नक्षत्र	मूल	भ.	कृ.	रो.	श्लेषा

जन्मे सो जीवे नहीं बसै जो उजड़ जाय। चूड़ा पहिरे कामिनी चटपट विधवा होय। गये गए ना बहुरे कूए नीर सुकाय।

पुत्रोत्पत्ति का समय जानना—(१) जन्मलग्नेश व पुत्रेश के स्पष्ट को जोड़े। योगफल के राश्यादि और नवांश की राशि में या इन दोनों के त्रिकोण राशि में जब गोचर का गुरु होता है तब सन्तान उत्पन्न होती है।

(२) चं० ल० गु० इन तीनों से पंचम स्थानेश या नवमस्थानेश को दशान्तर्दशा में सन्तानोत्पत्ति होती है।

विवाह स्त्रीसुख होने का समय जानना—(१) जन्म लग्नेश सप्तमेश को जोड़कर जो राशि हो उस राशि में जब गोचर का गुरु हो तब विवाह होता है।

(२) चन्द्र राशीश और अष्टमेश को जोड़े उस राशि में जब गोचर का गुरु आवे तब विवाह होता है।

(३) लग्नेश का नवांशेश जिस राशि में हो उस राशि से द्वितीय भाव में जब गोचर व गुरु चन्द्र होते हैं तब विवाह होता है।

(४) सा० चं० सप्तमेश की दशान्तर्दशा में विवाह होता है।

पिता के खतरे का समय जानना—(१) गुलिक स्पष्ट से सूर्य-स्पष्ट घटावें, शेष राशि के त्रिकोण में जब गोचर का शनि हो तब पिता की मृत्यु होती है।

(२) सूर्य से १।२।७।१२ भाव में जो पापग्रह हो तो उस की दशान्तर्दशा में पिता की मृत्यु होती है।

नोट—

इस कष्टावली में प्रत्येक नक्षत्र का जपनीय मन्त्र पृथक् पृथक् लिखा है वह न कर सके तो महामृत्युञ्जय ही करे। जिस नक्षत्र के जिस चरण में पहले रोग उत्पन्न हुआ है उस चरणानुसार कष्ट दिन जाने, शून्य से विशेष भय जाने, दान जप करे।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

रोगोत्पत्तौ कुयोगाः

(१) रोग के शुरु दिन में जन्मराशि नक्षत्र लग्न में वा राशि व लग्न से आठवें चन्द्र वा यमघंट कुयोग हो।

(२) सूर्यवार को मघा, द्वादशी या भरणी अनुराधा नक्षत्र हो।

(३) सोमवार को आर्द्रा या उत्तराषाढा नक्षत्र हो।

(४) मंगलवार को कृ. मघा व शतभिषा या नन्दा (१।६।११) हो।

(५) बुधवार को अश्विनी व विशाखा या भद्रा (२।७।१२) आश्ले हो।

(६) गुरुवार छठ व शतभिषा या ज्येष्ठा व मग. वा जया (३।८।१३) व मघा हस्त हो।

(७) शुक्रवार अष्टमी व अश्विनी या आश्लेषा श्रवण या रिक्ता ४।९।१४ आर्द्रा या धनिष्ठा हो।

(८) शनिवार को नवमी व पू.षा. या हस्त व पू.भा. या पूर्णा (५।१०।१५) व भरणी हो।

(९) सूर्य मगल शनिवारों को ४।६।९।१२।१४।३० तिथि, भरणी कृत्ति आर्द्रा आश्ले. पूर्वा ३ विशा. ज्ये. धनि. शत. नक्षत्र हो तो मृत्युतुल्य कष्ट होता है।

परन्तु जन्मपत्र में मारकेश का और भी विचार कर लेना। क्योंकि बिना मारकेश आये मृत्यु तो होती ही नहीं हां, ऐसे योग में कष्ट जरूर मृत्युतुल्य होता है। उपरोक्त योगों में से किसी भी एक योग में रोगारम्भ होते ही तुला दान, गोदान तथा मृत्युञ्जय जप करना कल्याणप्रद है।

अथ रोगत्रिनाड़ीचक्रम्

आर्द्रा	पू.फा.	उ.फा.	अनु.	ज्ये.	धनि.	शत.	भर.	कृ.	प्रथमा
पुन.	मघा	हस्त	विशा.	मूल.	श्रवण	पू.भा.	अश्वि	रो.	मध्या
पुष्य	आश्ले	चित्रा	स्वा	पूषा	उ.षा.	उ.भा.	रेव.	मृ.	अन्त्या

सूर्य नक्षत्र दिन नक्षत्र और जन्म नक्षत्र व नाम नक्षत्र 'रोगत्रिनाड़ीचक्र' में एक ही नाड़ी पर हो तो असाध्य रोगी का मरण होता है, मरने को हो तो प्रतिदिन देखने से जिस दिन यह योग मिले उसी दिन निःसंदेह रोगी की मृत्यु कहे। यह रोग-त्रिनाड़ीचक्र यात्रा तथा रण के समय भी वर्जित करना।

कालस्य मुखदंष्ट्रा ज्ञानम्

दिन नक्षत्र से नाम नक्षत्र ५।१३।२३ संख्या का हो तो काल का मुख होता है और उसी प्रकार १०—१८वां, नक्षत्र दंष्ट्रा (दाढ़) होती है। काल के मुख दाढ़ में जिस दिन गोचर में नक्षत्र प्राप्त हो उस दिन अत्यन्त रोगग्रस्त पुरुष की मृत्यु पर्यन्त हालत होती है। रोग पर, सर्पादि दर्शन पर, विग्रह-युद्ध में जाने पर काल के मुख दंष्ट्रा में नक्षत्र हो तो अशुभ होता है।

कालांग चक्र से शुभाशुभ फलज्ञान

यदि किसी व्यक्ति के अङ्ग विशेष में पीड़ा कष्ट घाव फोड़ा आदि चर्मविकार किंवा वायु—विकारादिजन्य कोई कष्ट हो तो दैवज्ञ तात्कालिक प्रश्नकुण्डली लगाकर निम्न-लिखित कालांग चक्र में दिए भावों के अनुसार उस 'पीड़ित-भाव' को देखे। यदि उस भाव में कोई अशुभ ग्रह हो, किंवा वह भाव खलदृष्ट, अस्त, नीच तथा शुभग्रह की दृष्टि से रहित हो तो समझें, कि उस अवयव में और विशेष कष्ट की सम्भावना है। शान्ति के लिए उस ग्रह की शान्ति करावे। यदि प्रश्नकुण्डली में पीड़ित भाव शुभग्रह से युक्त किंवा शुभ ग्रह दृष्ट हो तो रोग (कष्ट) शीघ्र निवृत्त हो जाएगा।

कुछ दैवज्ञ यहां भावों की जगह मेषादि राशियों की कल्पना करके इसी तरह से विचार करते हैं।

तिथिकष्टावली

ति.	तिथीश	कष्टदि	बलि	दान
१	अग्नि	१२	शर्कराज्यबलि	घृतदान
२	ब्रह्मा	५	पायसबलि	भोजनदान
३	काम	७	घृतान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
४	गणेश	१६	मोदकान्नबलि	मूंगादान
५	सर्प	२१	पायसबलि	दुग्धदान
६	स्कन्द	१२	मोदकान्नबलि	चित्रवस्त्रदान
७	सूर्य	८	पायसबलि	ताम्रपात्रदान
८	ईश्वर	१३	नानाभक्ष्यबलि	पीतवस्त्रदान
९	दुर्गा	१८	मिष्ठान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
१०	यम	२५	कृशरान्नबलि	नीलवस्त्रदान
११	विश्वेदेव	७	मोदकान्नबलि	पीतवस्त्रदान
१२	विष्णु	७	मोदकान्नबलि	श्वेतवस्त्रदान
१३	काम	१०	दधिशर्करायबलि	सुवर्णदान
१४	शिव	६०	मिष्टान्नबलि	क्षौद्रशाकभो.
१५	चन्द्र	३	दध्योदनबलि	रौप्यदान
३०	पितर	१८	सूपकान्नबलि	उत्तमान्नभोजन

वारकष्टावली चक्रम्

वा.	वारेश	क. दि.	बलि व दान
सू.	रुद्र	५	पायसबलि सूर्यदान
चं.	गौरी	८	नानाभक्ष्यबलि चन्द्रदान
मं.	स्कन्द	५	दुग्धबलि भौमदान
बु.	विष्णु	७	मुद्गान्नबलि बुधदान
बृ.	ब्रह्मा	५	घृतपक्वबलि गुरुदान
शु.	इन्द्र	७	तिलयवाज्यमधु बलि शुक्रदान
श.	यम	१५	माषान्नबलि शनिदान

कालांक चक्र

भाव→	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
अङ्ग→	सिर	मुख	भुजाएं	हृदय	उदर	कटिभाग	बस्ति (मूत्राशय)	लिङ्ग गुदा	जंघाएं	घुटने	पिण्डलियां	पाद-युगल

बाल-रक्षार्थ धूप

राई, लाख, नीम के पत्ते, बांस का छिलका, लहसुन, शिवजी पर चढ़े हुए फूल अगर, गाय का घी, इन सब को मिलाकर धूप देने से सब पूतना तथा अन्य बालग्रह दूर हो जाते हैं। धूप देते समय "ॐ सुदर्शनं खं हुं फट् स्वाहा"—इस मन्त्र का उच्चारण करे।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

[illegible] प्रत्येक-ग्रह -दान-पदार्थाः												जप संख्या	जपनीय-मंत्राः	दानसमय	हवन-समिधाः
सूर्य	माणिक्य	सुवर्ण	ताम्र	गेहूं	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तपुष्प	केसर	गूंग रक्तगी	रक्तचन्दन	७०००	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	उदय	अर्क
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	शंख	कपूर श्वेतबैल	श्वेतचन्दन	११०००	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्राय नमः	सन्ध्या	पलास
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तकनेर	केसर	कस्तूरीरक्तबैल	रक्तचन्दन	१००००	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	घ. २शेषदिन	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरावस्त्र	सर्वपुष्प	हाथीदांत	कपूर शस्त्र	फल	१६०००	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	घ. ५शेषदिन	अपामार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचने	खांड	घी	पीतवस्त्र	पीतपुष्प	हल्दी	पुस्तक घोड़ा	पीतफल	१६०००	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	संध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	सुगंध	दधि श्वेतघोड़ा	श्वेतचन्दन	६०००	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	सू. उ.	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उड़द	कुलथी	तैल	कृष्णवस्त्र	कृष्णपुष्प	कस्तूरी	कृष्णांग भैंस	उपानह	२३०००	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	मध्याह्न	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तिल	नीलवस्त्र	कृष्णपुष्प	खड्ग	कंबल घोड़ा	शप्प	१८०००	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नम	रात्री	दूर्वा
केतु	लसनी	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तैल	धूम्रवस्त्र	धूम्रपुष्प	नारियल	कंबल बकरा	शस्त्र	१७०००	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः	रात्री	कुशा
[illegible]	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	कपूर	मसरी श्वेतचन्दन	हाथीदांत	मुन्येशवत्	मुन्येशमन्त्रः	मुन्येशकाले	

नवग्रहों के व्रत की विधि

यदि किसी व्यक्ति को कोई ग्रह गोचर से या दशा-अन्तर्दशा से खराब चल रहा हो तो निम्नलिखित प्रकार से उस ग्रह का शास्त्रोक्त व्रत-विधान ब्रह्मचर्य पूर्वक करने से अशुभ फल निवृत्ति होती है।

रविवार के व्रत की विधि—सूर्य का व्रत रविवार को करें। यह व्रत शुक्लपक्ष के पहले (जेठे) रविवार से आरम्भ करके वर्ष पर्यन्त तीस या कम से कम १२ व्रत करे। उस रोज केवल गेहूं की रोटी घी लाल खाण्ड के साथ या गेहूं का गुड़ से बना दलिया या हलवा इलायची डाल कर दान करके शेष का दिन में ही सूर्यास्त से पहले भोजन करें। नमक बिलकुल न खावें। भोजन से पूर्व हो सके तो लाल वस्त्र पहनकर ऊपर वर्णित बीज-मन्त्र की पांच माला जप करे। तन्दनतर सूर्य को गन्धाक्षत रक्त पुष्प-दूर्वायुक्त अर्घ्य प्रदान करे। अपने मस्तक में लाल चन्दन का तिलक करें। जब व्रत का अन्तिम रविवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण भोजन करावे। ऐसा करने से सूर्य का अशुभ फल शुभ फल में परणित हो जावेगा। तेजस्विता बढ़ेगी। नेत्र रोग, चर्म रोग एवं अन्य शारीरिक रोग भी शान्त होंगे।

सूर्य शान्ति का सरल उपचार:—लाल वस्तुओं का विशेष उपयोग जैसे चादर, परना तथा तांबे की अंगूठी का पहनना।

सोमवार के व्रत की विधि—चन्द्रमा का व्रत शुक्ल-पक्ष के प्रथम (जेठे) सोमवार से प्रारम्भ करके ५४ या १० व्रत करें। व्रत के दिन श्वेत वस्त्र धारण करके चक्र-लिखित बीज-मन्त्र को ११ माला या ३ माला जप करे। सफेद फूलों से पूजन करके सफेद चन्दन का तिलक करे। मध्याह्न के समय नमक के बिना दही—चावल, घी-खाण्ड का यथाशक्ति दान करके स्वयं भोजन करें। जब व्रत का अन्तिम सोमवार हो उस दिन हवन पूर्णाहुति करके खीर-खाण्ड से ब्राह्मण व बटुकों को भोजन करावें। इस व्रत के करने से व्यापार में लाभ, मानसिक कष्टों की शान्ति होती है, विशेष कार्य सिद्धयर्थ भी पूर्ण फलदायक होता है।

चन्द्र शान्ति का सरल उपचार:- सफेद जुराब, रूमाल, सफेद वस्त्र, दूध, दही का उपयोग, चांदी की अंगूठी पहनना।

मंगलवार के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) मंगलवार से प्रारम्भ करके २१ या ४५ व्रत करने चाहिए। हो सके तो यह व्रत आजीवन रखें। बिना सिला हुआ लाल वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १, ५ या ७ माला जप करे। नमक सेवन न करे, यह जरूरी है। उस दिन गुड़ से बने हलवे का या लड्डुओं का दान करें और स्वयं भी खावें। गुड़ से बना कुछ हलवा आदि बैल को भी खिलावें। मंगलवार का व्रत ऋण-हर्ता तथा सन्तति—सुखप्रद है। जब व्रत का अन्तिम मंगलवार हो उस दिन हवन-पूर्णाहुति करके लाल वस्त्र, तांबा, मसूर, गुड़, गेहूं तथा नारियल का दान करे। ब्राह्मणों तथा बच्चों को मीठा भोजन करावे।

मंगल शान्ति का सरल उपचार:—लाल रंग की वस्तुओं का उपयोग रात को लाल वस्त्र पहनें, तांबे के बर्तन, तांबे की अंगूठी पहनना।

बुधवार का व्रत—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम बुधवार (जेठे) से प्रारम्भ करें। २१ या ४५ व्रत करें। हरा वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १७ या तीन माला जप करना चाहिए। उस दिन भोजन में नमक-रहित खाण्ड, घी से बने पदार्थ जैसे मूंगी का बना हुआ हलवा, मूंगी की बनी मीठी पंजीरी या मूंगी के लड्डुओं का दान करे। फिर तीन तुलसीदल, गंगाजल या चरणामृत के साथ लेकर स्वयं भी उपरोक्त पदार्थ खावे। व्रत के अन्तिम बुधवार को हवन पूर्णाहुति करके अङ्गहीन भिक्षुक को मूंगीयुक्त भोजन कराकर हरा वस्त्र, मूंगी आदि का दान भी करें। इस व्रत से विद्या-धन-लाभ, व्यापार में तरक्की तथा स्वास्थ्य लाभ होता है। अमावस का व्रत करने से भी बुध ग्रह जन्म नेष्ट फल से मुक्ति मिलती है।

बुध शान्ति का सरल उपचार:—हरा रंग, हरे वस्त्र तथा शृंगार की अन्य वस्तुएं हरा रूमाल आदि रखना, कांसी के बर्तन में भोजन, बुधाष्टमी व्रत।

बृहस्पति के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) गुरुवार से आरम्भ करें। तीन वर्ष पर्यन्त या १६ गुरुवार व्रत करें। उस दिन पीत वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की ११ या तीन माला जप करें। पीत पुष्पों से पूजन-अर्घ्य दानादि के बाद भोजन में चने के बेसन की बनी घी-खाण्ड से बनी मिठाई लड्डू या हल्दी से पीले या केसरी चावल आदि ही खावें और यही दान करे। जब व्रत का अन्तिम गुरुवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण व बटुकों को लड्डू भोजन करावे। स्वर्ण पीत-वस्त्र चने की दान आदि का दान करे। यह व्रत विद्यार्थियों के लिए बुद्धि तथा विद्या-प्रद है, धन की स्थिरता तथा यश-वृद्धि कर है। अविवाहितों के लिए स्त्री प्राप्तिप्रद सिद्ध होता है।

बृहस्पति शान्ति का सरल उपचार —पीले वस्त्र रूमाल आदि पीले फूल धारण करना, सोने की अंगूठी पहनना।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

शुक्र के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शुक्रवार से प्रारम्भ होता है। ३१ या २१ व्रत करे। श्वेत वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की ३ या २१ माला जपें। भोजन में चावल, खाण्ड या दूध से बने पदार्थ ही सेवन करे। यही पदार्थ यथा-शक्ति संभव हो तो एकाक्षी (एक आंख वाले) भिक्षुक को या श्वेत गाय को दें। जब व्रत का अन्तिम शुक्रवार हो, हवन पूर्णाहुति के बाद खीर-खण्ड से बने पदार्थ ब्राह्मण बटुकों को खिलावे। चांदी, श्वेतवस्त्र, खाण्ड, चावल का दान करे। इस व्रत से स्त्री सुख एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है।

शुक्र शान्ति का सरल उपचार :-सफेद वस्त्र, सफेद रूमाल आदि सफेद फूल, गाय को हरा घास या पेड़ा देना, शिव पूजन।

शनि के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम शनिवार से आरम्भ करे: व्रत ५१ या १९ करने चाहिए। व्रत के दिन काला वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की १९ या तीन माला का जप करे। फिर एक बर्तन में शुद्ध जल, काले तिल, काले फूल या लवंग (लौंग) गङ्गाजल तथा शक्कर थोड़ा दूध डालकर पश्चिम की ओर मुह करके पीपल-वृक्ष की जड़ में डाल दे। भोजन में उड़द के आटे का बना पदार्थ, पञ्जीरी कुछ तेल से पका हुआ पदार्थ कुत्ते व गरीब को दे तथा तैलपक्व वस्तु के साथ केला व अन्य फल स्वयं प्रयोग में लाना चाहिए। यही पदार्थ दान भी करे। व्रत के अन्तिम शनिवार को हवन पूर्णाहुति के बाद तेल में पकी हुई वस्तुओं को देने के बाद काला वस्त्र, केवल उड़द तथा देसी जूता, तेल लगाकर दान करे। इस व्रत से सब प्रकार की सांसारिक हैरानी दूर हो जाती है। झगड़े में विजय होती है। लोह-मशीनरी कारखाने वालों के व्यापार में उन्नति होती है।

शनि शान्ति का सरल उपचार :—घर के पर्दे, जूते, जुराब, घड़ी का पट्टा, रूमाल आदि काले रंग के धारण करें।

राहु केतु के व्रत की विधि—शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शनिवार से यह व्रत शुरू करना चाहिए। यह व्रत १८ करे। काला वस्त्र धारण करके १८ या ३ बीजमन्त्र की माला जपे। तदनन्तर एक बर्तन में जल, दूर्वा और कुशा लेकर पीपल की जड़ में डाले। भोजन में मीठा चूरमा, मीठी रोटी समयानुसार रेवड़ी, भुग्गा, तिल के बने मीठे पदार्थ सेवन करे और यही दान में भी दे। रात को घी का दीपक जलाकर पीपल की जड़ में रख दे। इस व्रत से शत्रुभय दूर तथा राजपक्ष से विजय मिलती है।

राहु, केतु शान्ति का सरल उपचार :-नीला रूमाल, नीला घड़ी का पट्टा, नीला पेन, लोहे की अंगूठी पहनें।

ग्रहों के अरिष्ट-निवृत्यर्थ स्नान-विधि

यथा सिद्धौषधैः रोगाः नश्येयुर्मन्त्रतो भयम्।
तथा स्नान-विधानेन ग्रह-दोषः प्रणश्यति ॥

रवि ग्रह के दोष की शान्ति के लिए [illegible]

देवदारु, मुलेठी, लाल फूल, केसर, गर्म पानी में उबाल कर स्नान करे। सोमवार के व्रत के दिन खिरनी की जड़, श्वेत, चन्दन, सिप्पी, पञ्चगव्य उबाल कर स्नान करे। ऐसे ही मंगल के दिन अनन्त मूल, रक्त चन्दन, मौलश्री, लाल फूल ये सब उबाल कर बुध के दिन गोबर, मधु, चावल, विधारा उबाल कर, गुरु के दिन भारंगी, मुलेठी श्वेत सरसों, मालती पुष्प उबाल कर, शुक्र के दिन इलायची, मजीठ तथा शनि के दिन काले तिल, सौंफ, सुरमा, अमलबेत, सफेद बिनौला उबाल कर स्नान करे। ऐसे ही राहु केतु की शान्ति के लिए शनिवार के दिन देवदारु, सरसों तथा लोहबान उबाल कर स्नान करें, तो ग्रह शान्ति होती है।

नोट—स्नानोक्त कोई वस्तु उपलब्ध न हो तो जो वस्तु मिले, उससे ही स्नान करें।

सर्वग्रहाणां दोषोपशान्तये सामान्यमौषधि स्नानम्

लाजवन्ती (छुई-मुई), कूट, खिलां, कांगनी, जौ, सरसों, देवदारु, हल्दी, सर्वौषधि लोध्र इन औषधियों के जल एवं से सतीर्थोदक स्नान करने से सब ग्रहों की पीड़ा नष्ट होती है तथा पूर्व ही जो दान कह चुके हैं उनके करने से शान्ति होती है। गुरु, सज्जन, देवता ब्राह्मणों की वंदना, वेदादि श्रवण, साधुओं से बातें, मन की शुद्धता, जप, दान, होम तथा यज्ञ के करने से दुष्ट स्थानों में स्थित ग्रह पीड़ा नहीं करते (श्रीपतिः) ॥

शनिविचार—अथ लघु कल्याणी (ढैया) फलम्—कल्याणी प्रददाति वा रविसुतो राशेश्चतुर्थाष्टमे व्याधिः बन्धु-विरोध देशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्। मृत्युं चैव करोति चापि मनुजं दुःखादि वह्नेर्भयं लोहं शस्त्रभयं सदैवासुखं कुर्यादसौ सर्वदा ॥१॥ अथ बृहत्-कल्याणी (साढेसाती) फलम्...राशौ द्वादश (१२) मूर्ध्नि जन्म (१) हृदये पादौ द्वितीये (२) शनिः। नानाक्लेशकरोऽति दुर्जनभयं पुत्रान्पशून्पीडयेत् ॥ हानिः स्थानपरं विदेश-गमनं सौख्यं च साधारणम्, रामाऋद्धिविनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे वाऽथवा ॥२॥

सप्तधान्य—उड़द १. मूंगी २. गेहूं ३. चने ४. जौ ५. धान्य (तंदुल) ६. कंगनी ७. सप्तगंध—अंगर, कस्तूरी, कुकुम कपूर, चन्दन, टोपीदार लौंग, गोरोचन देवदार।

अष्टगंध धूप—अगर, करीला, जटामासी, कपूर-कचरी, गुग्गुल, देवदारु गोलुक [illegible] चन्दन।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

नक्षत्र-राशिज्ञान चक्र

राशिज्ञाने विशेष:—
नक्षत्र या राशि में श और स में, व और ब में कोई भेद नहीं होता । जिसके नाम का पहला अक्षर संयुक्त हो, वहां प्रथमाक्षर ग्रहण करें। (संयोग वाक्षरे 'नाम्नि ग्राह्य तत्रादिमक्षरम्)

राशय:	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक			धनु			मकर				कुम्भ			मीन		
नक्षत्राणि	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशिर	मृगशिर	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा	मघा	पू. फा.	उ. फा.	उ. फा.	हस्त	चित्रा	चित्रा	स्वाती	विशाखा	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा	मूल	पू. षा.	उ. षा.	उ. षा.	अभिजित	श्रवण	धनिष्ठा	धनिष्ठा	शतभिषा	पू. भा.	पू. भा.	उ. भा.	रेवती
प्रथमचरण	चू	ली	अ	०	ओ	वे	०	कु	के	०	हु	डी	मा	मो	टे	०	पू	पे	०	रू	ती	०	ना	नो	ये	भू	भे	०	जू	खी	गा	०	गी	से	०	दू	दे
द्वितीय च०	चे	लू	०	ई	वा	वो	०	घ	को	०	हे	डू	मी	टा	०	टो	ष	पो	०	रे	तू	०	नी	य	यो	ध	०	भो	जे	खू	गी	०	सा	सो	०	थ	दो
तृतीय च०	चो	ले	०	उ	वी	०	का	ङ	ह	०	हो	डे	मू	टी	०	पा	ण	०	रा	रो	ते	०	नू	यी	भा	फ	०	जा	जो	खे	०	गू	सी	दा	०	झ	चा
चतुर्थ च०	ला	लो	०	ए	वू	०	की	छ	०	हि	डा	डो	मे	टू	०	पी	ठ	०	री	ता	०	तो	ने	यू	भी	ढ	०	जी	खा	खो	०	गे	सू	०	दी	ञ	चि

ध्यान दें,—नामों का प्रारम्भ ङ, ञ, ण इन अक्षरों से नहीं होता । यदि नक्षत्र के आधार पर इन अक्षरों से नाम प्रारम्भ हो रहा तो ङ की जगह ग, ञ की जगह दु तथा ण की जगह पू से नाम प्रारम्भ करें । ऐसा करने से नक्षत्र भेद नहीं होता ।

॥१॥ बहूनि यस्य नामानि नरस्य स्यु: कथञ्चन । तत: पश्चाद्भवं नाम ग्राह्यं स्वर-विशारदै: ॥२॥ प्रसुप्तो भाषते येन येनागच्छति शब्दित: । तस्य नामाद्यवर्णो या मात्रा स स्वर एव हि ॥३॥ अथ जन्मराशि-नामराश्यो : प्रधानता निर्णीयते—विवाहे सर्व मांगल्ये यात्रादौ ग्रहगोचरे । जन्मराशे: प्रधानत्वं नामराशिं न चिन्तयेत् ॥४॥ देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके ॥ नामराशे: प्रधानत्वं जन्मराशिं न चिन्तयेत् ॥५॥ काकिण्यां वर्ग शुद्धौ च दाने द्यूते स्वरोदये । मन्त्रे पुनर्भूवरणे च नामराशे: प्रधानता ॥६॥ कुर्यात्षोडश कर्माणि जन्मराशौ बलान्विते । सर्वाण्यन्यानि कर्माणि नामराशौ बलान्विते ॥७॥ विवाह घटनं चैव लग्नजं ग्रहजं बलम् । नामभाच्चिन्तयेत् सर्वं जन्म न ज्ञायते यदा ॥८॥

अभिजित्-निर्णय—वैश्वप्रान्त्याङ्घि: श्रुति-तिथि-भागतोऽभिजित्स्यात् ॥ उत्तराषाढा का चौथा चरण श्रवण का पहला १५वां भाग जोड़कर उसके चार भाग करो । उसको अभिजित का एक चरण मानकर नाम रखने आदि के विचार में उपयोग करो । उत्तराषाढ़ा के तीन चरणों के ही चार भाग करके उत्तराषाढ़ा का एक-एक चरण मानो । श्रवण का १५वां भाग छोड़कर जो शेष रहे उसके चार भाग करो, उसको श्रवण १-१ चरण मानो । इस प्रकार को प्राय: सामान्य गणक नहीं जानते, एतदर्थ यहां लिखा गया है ।

राशि ज्ञानम्—चूल अ मेष:, इ वौ वृष:, क घ ङ छ ह मिथुनम् ॥
हीडो कर्क:, माटे सिंह:, टो प ण ठ पो कन्या ॥
रात्ते तुला तो ना यू वृश्चिक ये धफढभे धनु: ।
भोजा खागी मकर: गुसद कुम्भ: दीथझञची मीन: ॥

उपरोक्त राशि-ज्ञान में प्रत्येक राशि के आदि और अन्त का अक्षर लिया है और जहां जो अक्षर बदलता है, वहां वह भी ले लिया गया है । जैसे—मेष में पहला अक्षर 'चू' लेने से अश्विनी के तीन चरण (चू चे चो) का ग्रहण होता है और 'ल' से (ला ली लू ले लो) पांचों का ग्रहण हुआ अर्थात् एक चरण (चौथा चरण) अश्विनी का और चतुर्थ चरण भरणी का ग्रहण हुआ और उसे कृत्तिका के प्रथम चरण इन नौ चरणों की एक राशि मेष हुई । इसी तरह अन्य राशियों का ज्ञान करें ।

टिप्पणी—(१) जज्ञोर्ज्ञ: यथा ज्ञानचन्द्रस्य मकर-राशि: । कष-संयोगे क्ष:, यथा क्षेमचन्द्रस्य मिथुनराशि: । एवं त्रालारानस्य कुम्भराशि । (२) गर्भाधानं पुंसवनं सीमन्तोन्नयनं तत: । जातकर्माभिधेयं च निष्क्रम-प्राशने क्रमात् । चूडोपनयनं वेदव्रतानां च चतुष्टयम । गोदान-मेखलोन्मोक्षौ विवाह: षोडशी क्रिया ॥

नोट—चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र के अनुसार जातक का नाम रखने से फलितज्ञ को काफी सुभीता रहता है । नाम जानने से ही ज्योतिषी जातक के जन्म के समय चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र जान लेता है तथा फलित-शास्त्र में काफी महत्त्वपूर्ण फलादेश चन्द्रमा की स्थिति पर ही निर्भर है । इसका एक वैज्ञानिक रहस्य भी है । निकटतम होने से चन्द्रमा का प्रभाव भू-स्थित-वनस्पति एवं प्राणियों पर अन्य सभी ग्रहों की अपेक्षा अधिक होता है । ज्वार भाटा लाने में भी चन्द्रमा की देन सूर्य की देन से दुगुनी है। चन्द्रमा का ज्वार-भाटांक (Tide Factor) सूर्य के ज्वार-भाटांक से दुगुना है । चन्द्रमा के भगणकाल का स्त्री के मासिक-धर्म से साक्षात् सम्बन्ध है । आजकल वैज्ञानिकों ने कुछ प्रयोग भी किए हैं, जिससे अचर-जगत् (वनस्पति आदि) पर चन्द्रमा का प्रभाव स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है । अत: जन्म-पत्र आदि के अभाव में चन्द्रमा की स्थिति से ही फलादेश करने की परिपाटी फलितज्ञों में है ।

नवीन-फलितवेत्ता जन्म-पत्र की अंग्रेजी तारीखों के हिसाब से भी फलादेश करने लग गए हैं । इस पद्धति में सायन सूर्य की राशि के आधार पर ही फलादेश होता है । चन्द्रमा की राशि के आधार पर फलादेश करना अधिक उपयुक्त है । अत: प्राचीन फलित-शास्त्रियों ने जन्म-कालीन चन्द्रमा की स्थिति को जन्म राशि के नाम से कहा है । हमारे ज्योतिष के अनुसार इसी का महत्त्व है ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बारह राशियों का मासिक फलादेश संवत् २०४८ विक्रमी

	वैशाख (१४ अप्रैल से १४ मई तक)	ज्येष्ठ (१५ मई से १४ जून तक)	आषाढ (१५ जून से १५ जुलाई तक)
मेष	शुभयात्रा, अर्थलाभ, बन्धुसुख, अच्छे मित्रों से मेल मिलाप, कारोबार में रुकावट फिर भी आमदन अच्छी। ता० अप्रै. २०, २१, २२, ३०,मई १, १०, ११ अशुभ।	वायु विकार, वृथा व्यय, शत्रुभय, निजीजन असहयोग, बन्धुसुख, कारोबार में रुकावट, आर्थिक संकट। ता. मई १८, १९, २७, २८,जून ६, ७, १४ अशुभ।	धन लाभ निजीजनों से वैमनस्य, अच्छेजनों से मेल मिलाप, कारोबार में रुकावट शुभ में खर्च। ता. जून १५, २३, २४, २५,जुला. ३, ४, १२, १३ अशुभ।
वृष	सेहत ठीक, आर्थिक स्थिति कमजोर, निजीजनों से मदद, निजीजनों से मेल, पैर में चोट, कारोबार ठीक ता० अप्रै. १४, १५, २३, २४,मई २, ३, ४, १२, १३ अशुभ।	सेहत ठीक, वृथा व्यय, भाइयों से मदद, नई योजना, यात्रा में कष्ट, कारोबार कुछ ठीक। ता. मई २०, २१, २९, ३०, ३१,जून ८, ९ अशुभ।	सेहत ठीक, स्वतन्त्र कारोबार में हानि, निजीजनों से लाभ, मास मध्य में वायु विकार, नौकरी में लाभ। ता. जून १६, १७, २६, २७,जुला. ५, ६, ७, १४, १५ अशुभ।
मिथुन	उदर विकार, आर्थिक लाभ होकर भी हाथ से निकले, स्त्रीकष्ट, रोगभय, आय से व्यय अधिक। ता० अप्रै. १६, १७, २५, २६,मई ५, ६, १४ अशुभ।	नेत्र व सिर पीड़ा, आर्थिक लाभ, निजीजनों से अनबन, सन्तान की तरफ से चिन्ता, शत्रुभय। ता० मई १५, २२, २३,जून १, २, १०, ११ अशुभ।	उदर विकार, धन लाभ होकर हाथ से निकले, भ्रातृजन सहयोग, मित्रों से मेल मिलाप, स्त्रीकष्ट, ता. जून १८, १९, २०, २८, २९, ३०, जुला. ८, ९ अशुभ।
कर्क	सेहत ठीक, धन लाभ, सन्तान की तरफ से चिन्ता, शत्रु हतोत्साह, स्त्री सुख, कारोबार यथावत्। ता० अप्रै. १८, १९, २७, २८, २९,मई ७, ८, ९ अशुभ।	सेहत ठीक, धन लाभ, स्थानान्तर व कार्यान्तर का विचार, स्त्री सुख, आय से व्यय अधिक। ता० मई १७, २४, २५, २६,जून ३, ४, ५, १२, १३ अशुभ।	रक्त विकार, अर्थ हानि, निजीजनों से अनबन, सन्तति कष्ट, उत्साह बना रहे, शत्रु कमजोर। ता. जून २१, २२,जुला. १, २, १०, ११ अशुभ।
सिंह	सेहत ठीक, अर्थलाभ, भ्रातृसुख, दोस्तों से अनबन, योजना में असफलता, वायु रोग भय, स्त्री पक्ष से चिन्ता। ता० अप्रै. २०, २१, २२, ३०,मई १, १०, ११ अशुभ।	उत्साह बना रहे, योजना में असफलता, स्त्री कष्ट, कार्यान्तर से लाभ, मासान्त में आर्थिक तंगी। ता. मई १८, १९, २७, २८,जून ६, ७, १४ अशुभ।	सेहत मध्यम, आर्थिक सुख, योजना गड़बड़, शत्रु कमजोर, भाग्य साथ न दे, ता. जून १५, २३, २४, २५, जुला. ३, ४, १२, १२ अशुभ।
कन्या	सेहत ठीक, यात्रा में कष्टभय, बन्धुओं से अनबन, सन्तान पक्ष शुभ, स्त्री पक्ष शुभ। ता० अप्रै० १४, १५, २३, २४,मई २, ३, ४, १२, १३ अशुभ।	वायु रोग, यात्रा में कष्ट, मित्रों से अनबन, शुभ समाचार, स्त्री पक्ष ठीक, कारोबार में रुकावट। ता० मई २०, २१, २९, ३०, ३१,जून ८, ९ अशुभ।	सेहत ठीक, धन लाभ, निजीजनों से अनबन, रोग व शत्रुभय, सन्तान सुख, स्त्री पक्ष से लाभ। ता. जून १६, १७, २६, २७,जुला. ५, ६, ७, १४, १५ अशुभ।
तुला	वायु रोग, खर्च बढ़े, निजीजनों का असहयोग, यात्रा में सुख, स्त्री पक्ष से चिन्ता कारोबार कमजोर। ता. अप्रै. १६, १७, २५, २६,मई ५, ६, १४ अशुभ।	शरीर कष्ट, उत्साह बना रहे, बन्धुसुख, कारोबार की तरफ से चिन्ता, व्यय अधिक। ता० मई १५, २, २३,जून १, २, १०, ११ अशुभ।	सेहत अपेक्षाकृत ठीक, निजीजन कष्ट, दोस्तों से मेल, गुप्त चिन्ता, कारोबार कुछ ठीक। ता. जून १८, १९, २०, २८, २९, ३०, जुला. ८, ९ अशुभ।
वृश्चिक	पित्त विकार, धन हानि, बन्धु सुख, योजना सफल, स्त्री सुख, कारोबार कुछ ठीक। ता. अप्रै. १८, १९, २७, २८, २९,मई ७, ८, ९ अशुभ।	रोगभय, कोष में कमी, निजीजनों से उत्साह, योजना में सफलता, स्त्री पक्ष शुभ, चोट भय। ता. मई १६, १७, २४, २५, २६,जून ३, ४, ५, १२, १३ अशुभ।	पित्त विकार, वृथा खर्च, अच्छी योजना, रोगभय, स्त्री सुख, कारोबार ठीक, मासान्त में खर्च अधिक। ता. जून २१, २२,जुला. १, २, १०, ११, अशुभ।
धनु	उदर विकार, धन लाभ, बन्धु सुख, स्त्री कष्ट, आय से व्यय अधिक। ता. अप्रै. २०, २१, २२, ३०,मई १, १०, ११ अशुभ।	हानि भय, वायु विकार, आर्थिक लाभ, निजीजन सहयोग, सन्तति चिन्ता, शत्रु सिर उठायें, गुप्त शत्रु से भय। ता० मई १८, १९, २७, २८,जून ६, ७, १४ अशुभ।	शत्रु भय, वायु विकार, अर्थलाभ, मित्रों से मदद, योजना असफल स्त्रीकष्ट। ता. जून १५, २३, २४, २५,जुला. ३, ४, १२, १३ अशुभ।
मकर	क्रोध बढ़े, अर्थलाभ होकर हाथ से निकले, निजीजन सहयोग, स्त्रीसुख, शत्रुक्षीण। ता. अप्रै. १४, १५, २३, २४,मई २, ३, ४, १२, १३ अशुभ।	हानि भय, सेहत ठीक, योजना में सफलता, सुख लाभ, मास मध्य में अचानक खुशी का समाचार, आय से व्यय अधिक। ता. मई २०, २१, २९, ३०, ३१,जून ८, ९, अशुभ।	आर्थिक संकट भय, निजीजनों से मदद, स्वार्थी मित्रों से सावधान, वृथा व्यय, गुप्त चिंता, स्त्री से सुख. ता. जून १६, १७, २६, २७,जुला. ५, ६, ७, १४, १५ अशुभ।
कुम्भ	आलस्य बढ़े अर्थलाभ, मित्रों से मेल, असफल योजनाएं, आय से व्यय अधिक। ता. अप्रै. १६, १७, २५, २६, मई ५, ६, १४ अशुभ।	शारीरिक कष्ट, कारोबार में हानि, कार्यान्तर से कुछ लाभ, बन्धु सुख, विद्या या योजना में असफलता, शत्रु कमजोर। ता. मई १५, २२, २३,जून १, २, १०, ११ अशुभ।	शत्रु प्रबल, सेहत कुछ ठीक, भाइयों से अनबन, नए मित्र बने, सन्तान की तरफ से चिंता, कष्ट भय। ता. जून १८, १९, २०, २८, २९, ३०,जुला. ८, ९ अशुभ।
मीन	सेहत ठीक, नई योजना, शुभ में खर्च, अच्छे लोगों से मेल, बनते काम में रुकावट, मासान्त में वृथा व्यय। ता. अप्रै. १८, १९, २७, २८, २९,मई ७, ८, ९ अशुभ।	सेहत ठीक, अर्थहीन भय, मित्रों से अनबन, बन्धुओं से मदद, सन्तान से सुख, शत्रु कमजोर। ता० मई १६, १७, २४, २५, २६,जून ३, ४, ५, १२, १३ अशुभ।	वायु पीड़ा, हाथ तंग, भ्रातृ पक्ष शुभ, मित्रों से अनबन, नई योजना से लाभ, कार्यान्तर व स्थानान्तर, का विचार। ता. जून २१, २२,जुला. १, २, १०, ११ अशुभ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बारह राशियों का मासिक फलादेश संवत् २०४८ विक्रमी

	श्रावण (१८ जुलाई से १६ अगस्त तक)	भाद्रपद (१७ अगस्त से १६ सित. तक)	आश्विन (१७ सित. से १६ अक्तू. तक)
मेष	सेहत गड़बड़, उत्साह बना रहे, अच्छे लोगों से मेल, सन्तान की तरफ से चिन्ता, स्त्री कष्ट जुलाई ता. २०, २१, २२, ३०, ३१, अग. १, ८, ९ अशुभ।	सेहत ठीक, अचानक धन प्राप्ति योग, निजीजनों से अनबन, जायदाद विवाद, यश वृद्धि, स्त्री सुख, कारोबार यथावत्। ता. अग. १७, १८, २७, २८, सित ४, ५, १३, १४ अशुभ।	सेहत ठीक, सम्पत्ति लाभ, निजीजन चिन्ता, सन्तान सुख, शत्रु कमजोर, मासान्त में अचानक व्यय। ता. सित २३, २४, अक्तू. २, ३, १०, ११, १२ अशुभ।
वृष	सेहत ठीक, आय से व्यय अधिक, बन्धु सुख, भाई सम्पत्ति विवाद, स्त्री सुख, कारोबार कुछ ठीक। ता. जुला. २३, २४, अग. २, ३, १०, ११ अशुभ।	सेहत ठीक, धन हानि, सम्पत्ति लाभ, शत्रु सिर उठायें। मास मध्य में रोग भय, कारोबार में कुछ रुकावट। ता. अग. १९, २०, २१, २९, ३०, सित. ६, ७, ८, १५, १६ अशुभ।	सेहत गड़बड़, हानिभय, सम्पत्तिलाभ, योजना असफल, यात्रा में सुख, कारोबार में फेर बदल। ता. सित. १७, २५, २६, अक्तू. ४, ५, १३, १४ अशुभ।
मिथुन	नेत्र व सिर पीड़ा, अर्थ लाभ, निजीजन कष्ट, गुप्त शत्रु भय, कारोबार में लाभ। ता. जुला. १६, १७, २५, २६, २७, अग. ४, ५, १२, १३ अशुभ।	गुप्त शत्रु भय, हाथ तंग रहे, निजीजन सुख, नए व्यापार की चिन्ता, नीच से अपमान भय। ता. अग. २२, २३, ३१, सित. १, ९, १० अशुभ।	गुप्त चिंता, रक्तचाप, निजीजन सुख, वृथा कलह से सावधान, गृह कलह, स्त्री कष्ट कारोबार कमजोर। ता. सित. १८, १९, २०, २७, २८, २९, अक्तू. ६, ७, १५, १६ अशुभ।
कर्क	बिगड़े काम बनें, सेहत ठीक, हाथ तंग, शत्रु कष्ट, स्त्री सुख, आय से व्यय अधिक। ता. जुला. १८, १९, २८, २९, अग. ६, ७, १४, १५, १६ अशुभ।	अचानक लाभ का योग, मित्रों से अनबन, उत्साह बना रहे, गुप्त चिन्ता, कारोबार ठीक। ता. अग. २४, २५, २६, सित. २, ३, ११, १२ अशुभ।	सेहत गड़बड़, अर्थलाभ, निजीजनों से अनबन, कारोबार से लाभ। ता. सित. २१, २२, ३०, अक्तू. १, ८, ९ अशुभ।
सिंह	नेत्र कष्ट, सेहत कुछ गड़बड़, आर्थिक लाभ होने पर भी हाथ न लगे, स्थिर सम्पत्ति लाभ, योजना असफल। ता. जुला. २०, २१, २२, ३०, ३१, अग. १, ८, ९ अशुभ।	रोग भय, निजीजन से अनबन, सन्तान कष्ट, शत्रु प्रबल, नए कारोबार से लाभ। ता. अग. १७, १८, २७, २८, सित. ४, ५, १३, १४ अशुभ।	नेत्र कष्ट, कारोबार में हानिभय, साझेदारी में विवाद, चिंता, हिम्मत बनी रहे। ता. सित. २३, २४, अक्तू. २, ३, १०, ११, १२ अशुभ।
कन्या	सेहत ठीक, आर्थिक तंगी, निजीजनों से अनबन, गुप्त शत्रु से परेशानी, यश वृद्धि, शत्रु प्रबल। ता. जुला. २३, २४, अग. २, ३, १०, ११ अशुभ।	सेहत गड़बड़, धन हानि, उत्साह क्षीण, सन्तान सुख, स्त्री चिन्ता, कारोबार में हानि। ता. अग. १९, २०, २१, २९, ३०, सित. ६, ७, ८, १५, १६ अशुभ।	क्रोध बढ़े, वृथा कलह से बचें, सन्तति कष्ट, स्त्री चिंता, कार्यान्तर से लाभ। ता. सित. १७, २५, २६, अक्तू. ४, ५, १३, १४ अशुभ।
तुला	सेहत मध्यम, लाभ हो, उत्साह वृद्धि, नई योजना, स्त्री कष्ट, कार्यान्तर से लाभ मासान्त में विशेष खर्च। ता. जुला. १६, १७, २५, २६, २७, अग. ४, ५, १२, १३ अशुभ।	मन चिन्तित, धन लाभ, उत्साह कमजोर, निजीजन सहयोग, कारोबार कमजोर, मासान्त में अचानक लाभ। ता. अग. २२, २३, ३१, सित. १, ९, १० अशुभ।	सेहत ठीक, गृह कलह, स्त्री कष्ट, कारोबार पूर्ववत्, खर्च विशेष, ता. सित. १८, १९, २०, २७, २८, २९, अक्तू. ६, ७, १५, १६ अशुभ।
वृश्चिक	सेहत ठीक, वृथा व्यय, सुख लाभ, स्त्री सुख, कारोबार में रुकावट, अशुभ समाचार। ता. जुला. १८, १९, २८, २९, अग. ६, ७, १४, १५, १६ अशुभ।	सेहत कुछ ठीक, वृथा व्यय, निजीजन सहयोग, कारोबार में परिवर्तन की योजना। ता. अग. २४, २५, २६, सित. २, ३, ११, १२ अशुभ।	पित्त विकार, हानिभय, भ्रातृ सुख, मित्रों से मेल, स्त्री सुख, पैर पर चोट भय। ता. सित २१, २२, ३०, अक्तू. १, ८, ९ अशुभ।
धनु	हानि भय, शारीरिक कष्ट, अर्थ लाभ, स्त्री पक्ष से चिन्ता, शत्रु प्रबल, कारोबार में गिरावट। ता. जुला. २०, २१, २२, २३, ३०, ३१, अग. १, ८, ९ अशुभ।	उदर विकार, धन लाभ हो, गुप्त शत्रु से हानिभय, कारोबार में कुछ ठीक मासान्त में खर्च अधिक। ता. अग. १७, १८, २७, २८, सित. ४, ५, १३, १४ अशुभ।	चिंता, विवाद से सावधान, निजीजनों से अनबन, कारोबार कमजोर। ता. सित. २३, २४, अक्तू. २, ३, १०, ११, १२ अशुभ।
मकर	सेहत ठीक, धन हानिभय, निजीजन सहयोग, स्थिर सम्पत्ति विवाद, स्त्री सुख, रोग भय, खर्च अधिक। ता. जुला. २३, २४, अग. २, ३, १०, ११, अशुभ।	सेहत ठीक, धन लाभ होकर भी हाथ न लगे, नए मित्र बनें, सन्तान पक्ष शुभ, उत्साह बना रहे। ता. अग. १९, २०, २१, २९, ३०, सित ६, ७, ८, ९, १५ अशुभ।	रक्त पित्त विकार, अर्थ लाभ, निजीजनों से मन मुटाव, मास मध्य में शारीरिक कष्ट, कारोबार कमजोर। ता. सित. १७, २५, २६, अक्तू. ४, ५, १३, १४ अशुभ।
कुम्भ	रक्त विकार, बन्धु कष्ट, सन्तान की तरफ से चिन्ता, अपमान भय, आय से व्यय अधिक। ता. जुला. १६, १७, २५, २६, २७, अग. ४, ५, १२, १३ अशुभ।	कारोबार कमजोर, वृथा खर्च, सन्तान की तरफ से चिन्ता, स्त्री सुख, आय से व्यय अधिक। ता. अग. २२, २३, ३१, सित. १, ९, १० अशुभ।	बन्धु सुख, स्वार्थी मित्रों से सावधान, स्त्री सुख, कारोबार कुछ कमजोर, व्यय अधिक। ता. सित. १८, १९, २०, २७, २८, २९, अक्तू. ६, ७, १५, १६ अशुभ।
मीन	स्थिति अनुकूल रहे, बन्धु सुख, सम्पत्ति विवाद, योजना सफल, शत्रु कमजोर, मासान्त में खर्च अधिक। ता. जुला. १८, १९, २८, २९, अग. ६, ७, १४, १५, १६ अशुभ।	वायु रोग, धन लाभ, मित्रों से मेल, मन चिन्तित, कारोबार में फेर बदल। ता. अग. २४, २५, २६, [illegible] २, ३, ११, १२ अशुभ।	शरीर कष्ट, अर्थलाभ हो, घरेलू झंझट बढ़े, स्त्री पक्ष से चिन्ता, कारोबार कमजोर, खर्च अधिक। ता. सित. २१, २२, ३०, अक्तू. १, ८, ९ अशुभ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बारह राशियों का मासिक फलादेश संवत् २०४८ विक्रमी

	कार्तिक (१७ अक्तूबर से १५ नवं. तक)	मार्गशीर्ष (१६ नवंबर से १५ दिसं. तक)	पौष (१६ दिसं. से १३ जन. सन् १९९२ ई. तक)
मेष	क्रोध बढ़े, धन लाभ, वायु रोग, सन्तान सुख, स्त्री से अनबन, कारोबार की चिंता। ता. अक्तू. २०, २१, २२, २९, ३०,नवं. ७, ८ अशुभ।	सेहत ठीक, उत्साह बढ़े, सन्तान सुख, स्त्री की तरफ से चिन्ता, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। ता. नवं. १७, १८, २५, २६,दिसं. ४, ५, १४, १५ अशुभ।	सेहत गड़बड़, कर्जा बढ़े, बन्धुकष्ट, दोस्तों से सहयोग, योजना से लाभ, मासान्त में क्रोध बढ़े। ता. दिसं. २३, २४, ३१,जन. १, २, १०, ११, १२ अशुभ।
वृष	सम्पत्ति लाभ, खर्च विशेष, निजीजन सहयोग, शत्रु प्रबल, कारोबार कमजोर, कर्जा बढ़े। ता. अक्तू. २३, २४, ३१,नवं १, ९, १०, ११ अशुभ।	वायु विकार, नेत्र व कर्ण, सम्पत्ति लाभ, सन्तान पक्ष से चिन्ता, स्त्री कष्ट। ता. नवं. १९, २०, २४, २८,दिसं. ६, ७, ८ अशुभ।	गुप्त चिंता, वृथा खर्च, यात्रा सुख, स्त्री सुख, शत्रु प्रबल, आय से खर्च अधिक। ता. दिसं. १६, १७, १८, २५, २६,जन. ३, ४, १३ अशुभ।
मिथुन	उदर विकार, भ्रातृसुख, नई योजना में हानि, गुप्त चिन्ता, आय से व्यय विशेष। ता. अक्तू. १७, २५, २६, नवं. २, ३, १२, १३ अशुभ।	उदर विकार, निजीजन से मेल, घरेलू झंझट, स्त्री कष्ट, साझेदारी में हानिभय। ता. नवं. २१, २२, २३, २९, ३०,दिसं. १, ९, १० अशुभ।	कष्ट भय, कारोबार में कुछ लाभ, बन्धु सुख, स्त्री पक्ष से चिंता, शिवपूजन से कल्याण। ता. दिसं. १९, २०, २७, २८,जन. ५, ६, ७ अशुभ।
कर्क	सेहत कुछ गड़बड़, धन लाभ योग, घरेलू झंझट, स्त्री कष्ट, कारोबार कुछ ठीक। ता. अक्तू. १८, १९, २७, २८, नवं. ४, ५, ६, १४, १५ अशुभ।	शरीर कष्ट, हानि भय, निजीजनों से अनबन, कारोबार कुछ ठीक, खर्च अधिक। ता. नवं. १६, २३, २४, दिसं २, ३, ११, १२, १३ अशुभ।	वायु विकार, धन लाभ, नए मित्र बनें, नई योजना, स्त्री सहयोग, कारोबार में तरक्की। ता. दिसं. २१, २२, २९, ३०,जन. ८, ९ अशुभ।
सिंह	उत्साह बना रहे, कारोबार की चिंता, निजीजनों से कुछ अनबन, शत्रु प्रबल, कारोबार में फेरबदल। ता. अक्तू. २०, २१, २२, २९, ३०,नवं. ७, ८ अशुभ।	चिन्ता, कर्जा बढ़े, घरेलू झंझट, कारोबार में फेरबदल, शिव पूजन से लाभ। ता. नवं. १७, १८, २५, २६,दिसं. ४, ५, १४, १५ अशुभ।	सेहत ठीक, भ्रातृसुख, अच्छे लोगों से मेल, यात्रा हो, सन्तान की तरफ से चिन्ता, स्त्री कष्ट, खर्च अधिक। ता. दिसं २३, २४, ३१, जन. १, २, १०, ११, १२ अशुभ।
कन्या	अर्थ हानि भय, वृथा विवाद से बचें, सन्तान पक्ष से चिन्ता, अपमान से बचें, कार्यान्तर का विचार। ता. अक्तू. २३, २४, ३१,नवं. १, ९, १०, ११ अशुभ।	वायु विकार, धन हानिभय, सम्पत्ति विवाद, स्त्री सुख, कारोबार में फेरबदल। ता. नव. १९, २०, २७, २८,दिसं. ६, ७, ८ अशुभ।	निजीजन सुख, लाभ हो, गुप्त शत्रु से सावधान, सन्तान सुख, स्त्री को रोग कारोबार में फेरबदल। ता. दिसं. १६, १७, १८, २५, २६,जन. ३, ४, १३ अशुभ।
तुला	शरीर कष्ट, अर्थ लाभ होकर भी हाथ न लगे, हिम्मत बढ़े, सम्पत्ति विवाद, स्त्री सुख, कारोबार कुछ ठीक। ता. अक्तू. १७, २५, २६,नवं. २, ३, १२, १३ अशुभ।	अकारण क्रोध, परिस्थितियां प्रतिकूल, कारोबार में हानि, शनि मंगल का दान से कल्याण। ता. नवं. २१, २२, २९, ३०,दिसं. १, ९, १० अशुभ।	सेहत ठीक, अर्थलाभ, निजीजन कष्ट, मित्र सहयोग, रोग भय, स्त्री सुख, कार्यान्तर का विचार। ता. दिसं. १९, २०, २७, २८, जन, ५, ६, ७, अशुभ।
वृश्चिक	क्रोध बढ़े, हानि भय, मन अशान्त, स्त्री सुख, कारोबार अपेक्षाकृत ठीक, खर्च विशेष। ता. अक्तू. १८, १९, २७, २८, नवं. ४, ५, ६, १४, १५ अशुभ।	हानि भय, शारीरिक कष्ट, भ्रातृ सुख, मित्रों से अनबन, स्त्री कष्ट, कारोबार अपेक्षाकृत ठीक। ता. नवं. १६, २३, २४,दिसं. २, ३, ११, १२, १३ अशुभ।	सेहत ठीक, निजीक्रम में हानि भय, स्वार्थी मित्रों से सावधान, सन्तान में सुख, घरेलू झंझट। ता. दिसं. २१, २२, २९, ३०,जन. ८, ९ अशुभ।
धनु	वायु विकार, निजीजन सहयोग, हाथ तंग, सन्तान सुख, आय से खर्च अधिक। ता. अक्तू. २०, २१, २२, २९, ३०, नवं. ७, ८ अशुभ।	घरेलू झगड़े, वृथा खर्च, सन्तान पक्ष शुभ, गुप्त चिन्ता, कारोबार कुछ कमजोर, खर्च अधिक। ता. नवं. १७, १८, २५, २६,दिसं ४, ५, १४, १५ अशुभ।	उदर व सिर-कष्ट, अर्थ लाभ, अच्छे मित्र, लाभप्रद योजना, मन कुछ चिन्तित। खर्च अधिक। ता. दिसं. २३, २४, ३१,जन. १, २, १०, ११, १२ अशुभ।
मकर	गुप्त चिंता, धन लाभ होकर हाथ से निकले, नए मित्र बनें, शत्रु भय, कारोबार में रुकावट, कर्जा बढ़े। ता. अक्तू. २३, २४, ३१,नवं. १, ९, १०, ११ बंशुभ।	सेहत ठीक , आर्थिक संकट, मित्रों से लाभ, स्त्री रोग, कारोबार में रुकावट। ता. नवं. १९, २०, २७, २८, दिसं. ६, ७, ८ अशुभ।	वायु विकार, बन्धु से लाभ, यात्रा सुख, कारोबार ठीक फिर भी आय से खर्च अधिक। ता. दिसं. १६, १७, १८, २५,जन. ३, ४, १३ अशुभ।
कुम्भ	सेहत कुछ ठीक, भ्रातृ सुख, मित्रों का सहयोग, योजना गड़बड़, हौसला बना रहे। ता. अक्तू. १७, २५, २६,नवं. २, ३, १२, १३ अशुभ।	वायु विकार, निजीजनों से सहयोग, स्वार्थी मित्रों से सावधान विद्या में असफलता। ता. नवं. २१, २२, २९, ३०,दिसं १, ९, १० अशुभ।	सेहत गड़बड़, नई योजना में हानि, मित्रों से मदद, स्त्री सुख, कारोबार ठीक।फिर भी चिंता। ता. दिसं. १९, २०, २७, २८,जन. ५, ६, ७ अशुभ।
मीन	वायु विकार, धन लाभ, बन्धु सुख, स्वार्थ मित्रों से सावधान, शत्रु प्रबल, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। ता. अक्तू. १८ १९, २७, २८,नवं. ४, ५, ६, [illegible]	सेहत कुछ ठीक, धन लाभ, निजीजनों से मेल, घरेलू विवाद बढ़ें, स्त्री सुख, कारोबार में रुकावट। ता. नवं. १६, २३, २४,दिसं. २, ३, ११, १२, १३ अशुभ।	मन चिन्तित, धन लाभ, घरेलू झंझट, व्यर्थ कलह, कारोबार में रुकावट, आय से व्यय अधिक। ता. दिसं. २१, २२, २९, ३०,जन [illegible]

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बारह राशियों का मासिक फलादेश संवत् २०४८ विक्रमी

	माघ (१४ जनवरी से १२ फरवरी तक)	फाल्गुन (१३ फरवरी से १३ मार्च तक)	चैत्र (१४ मार्च से १२ अप्रैल तक)
मेष	सेहत ठीक, अर्थ लाभ, जायदाद से सुख, लाभप्रद योजना, स्त्री कष्ट, कारोबार में रुकावट। ता. जन. १९, २०, २८, २९,फर. ७, ८ अशुभ।	चोटभय, क्रोध बढ़े, धन लाभ, गुप्त शत्रु से भय, सन्तति पक्ष शुभ, झगड़े से बचें। ता. फर. १५, १६, २४, २५,मार्च ५, ६, अशुभ।	रक्त चाप, धन लाभ, उत्साह बना रहे, बन्धु से अनबन, सन्तान सुख, कारोबार कमजोर। ता. मार्च १४, १५, २२, २३, २४,अप्रै. १, २ अशुभ।
वृष	सेहत ठीक, अर्थ हानि, यात्रासुख, स्त्री सुख, कारोबार में रुकावट, वृथा व्यय। ता. जन. १४, २१, २२, ३०, ३१,फर. १, ९, १० अशुभ।	मन ठीक रहे, अर्थ हानि, यात्रा सुख, शत्रु प्रबल, कारोबार ठप्प, चोर से हानिभय। ता. फर. १७, १८, २६, २७, २८,मार्च ७, ८, ९ अशुभ।	सेहत ठीक, धन लाभ होकर हाथ से निकले, नए मित्र बनें, निजीजनों से अनबन, भाग्य साथ न दे। ता. मार्च १६, १७, २५, २६, अप्रै. ३ अशुभ।
मिथुन	क्रोध बढ़े, हानिभय, उत्साह बढ़े सन्तति कष्ट, स्त्री पक्ष से चिन्ता, कारोबार कमजोर। ता. जन. १५, १६, २३, २४,फर. २, ३, ११, १२ अशुभ।	उदर विकार, निजीजनों का सहयोग, बन्धु सुख, स्त्रीकष्ट, शत्रु प्रबल, कारोबार कमजोर। ता. फर. १९, २०, २१, २९,मार्च १, १०, ११ अशुभ।	उदर विकार, आर्थिक चिन्ता, चोटभय, कारोबार कुछ ठीक, गुप्त शत्रु से सावधान। ता. मार्च १८, १९, २७, २८, २९ अशुभ।
कर्क	वायु विकार, अर्थलाभ, नई योजना, हिम्मत बढ़े, स्त्री कष्ट, कारोबार में रुकावट। ता. जन. १७, १८, २५, २६, २७,फर. ४, ५, ६ अशुभ।	गुप्त शत्रु से सावधान, धन लाभ होकर हानिभय, गृहस्थ सुख में बाधा, भारी कष्ट। ता. फर. १३, १४, २२, २३,मार्च २, ३, ४, १२ अशुभ।	मन चिंतित, घरेलू झंझट, स्त्री से अनबन, कारोबार में कुछ लाभ, शनि, मंगल का दान करें। ता. मार्च २०, २१, ३०, ३१ अशुभ।
सिंह	मन शान्त, सम्पत्ति लाभ, सन्तति पक्ष से चिन्ता, शत्रु प्रबल, राज पक्ष से हानि, खर्च अधिक। ता. जन. १९, २०, २८, २९,फर. ७, ८, अशुभ।	सेहत ठीक, धनलाभ, योजना में गड़बड़ी, चोट भय, स्त्री को रोग, शुभ में खर्च ता. फर. १५, १६, २४, २५, मार्च ५, ६ अशुभ।	मन शान्त, स्त्री पक्ष से लाभ, अर्थ लाभ, योजना असफल, पैर पर चोटभय, शत्रु प्रबल। ता. मार्च १४, १५, २२, २३, २४ अप्रै. १, २ अशुभ।
कन्या	सेहत गड़बड़, सम्पत्ति विवाद, घरेलू झंझट, स्त्री कष्ट, कर्जा बढ़े, कारोबार कमजोर। ता. जन. १४, २१, २२, ३०, ३१,फर. १, ९, १० अशुभ।	सेहत गड़बड़, सम्पत्ति लाभ, अशुभ समाचार, सन्तान कष्ट, कार्यान्तर का विचार। ता. फर. १७, १८, २६, २७, २८, मार्च ७, ८, ९, अशुभ।	वात पीड़ा, सम्पत्ति विवाद, सन्तान की तरफ से कष्ट, स्त्री चिन्ता, कार्यान्तर से लाभ। ता. मार्च १६, १७, २५, २६ अप्रै. ३ अशुभ।
तुला	मन चिंतित, निजीजनों से अनबन, यात्रा में कष्ट, स्त्री सुख, कारोबार ढीला, खर्च अधिक। ता. जन. १५, १६, २३, २४,फर. २, ३, ११, १२ अशुभ।	वायु विकार, बन्धु से अनबन, यात्रा में कष्ट, सम्पत्ति विवाद, सन्तान कष्ट, स्त्री सुख। ता. फर. १९, २०, २१, २९, मार्च १, १०, ११ अशुभ।	सेहत कुछ ठीक, आर्थिक संकट, यात्रा में दुर्घटना भय, मित्रों से अनबन, स्त्री सुख। ता. मार्च १८, १९, २७, २८, २९ अशुभ।
वृश्चिक	वात पित्त विकार, वृथा विवाद, अर्थ हानि, अचानक कष्ट, स्त्री सहयोग, कारोबार ठीक। ता. जन. १७, १८, २५, २६, २७, फर, ४, ५, ६ अशुभ।	क्रोध बढ़े, घरेलू झंझट, निजीजनों से मन मुटाव, शत्रु प्रबल, स्त्री सहयोग। ता. फर. १३, १४, २२ २३,मार्च २, ३, ४, १२ अशुभ।	निजीजनों से अनबन, आर्थिक संकट, नई योजना में हानि, शत्रु प्रबल। ता. मार्च २०, २१, ३०, ३१ अशुभ।
धनु	भय, हानि, कर्जा बढ़े, सन्तान की तरफ से चिन्ता, स्त्री कष्ट, कारोबार में रुकावट। ता. जन. १९, २०, २८, २९,फर. ७, ८, ९ अशुभ	सेहत गड़बड़, भारी आर्थिक हानि, सन्तति पक्ष ठीक, स्त्री कष्ट, कारोबार कुछ ठीक। ता. फर. १५, १६, २४, २५,मार्च ५, ६ अशुभ।	नेत्र व सिर पीड़ा, कर्जा सिर चढ़े, भाई से मदद, सन्तान सुख, स्त्री कष्ट। ता. मार्च १४, १५, २२, २३, २४ अप्रै. १, २, अशुभ।
मकर	स्थानान्तर व कार्यान्तर का विचार, राज पक्ष से भय, मन चिन्तित, कारोबार ठप्प, कर्जा सिर चढ़े। ता. जन. १४, २१, २२, ३०, ३१,फर. १, ९, १० अशुभ।	शनि, मंगल इकट्ठे हैं, कष्ट अधिक, कारोबार कमजोर, वृथा खर्च, शिव पूजन व शनि-मंगल का दान करें। ता. फर. १७, १८, २६, २७, २८,मार्च ७, ८, ९ अशुभ।	दुर्घटना से बचें, राजपक्ष से भय, धन हानि, मित्रों से लाभ, शत्रु प्रबल। ता. मार्च १६, १७, २५, २६ अप्रै. ३ अशुभ।
कुंभ	आय से व्यय अधिक, द्रव्य लाभ, यात्रा सुख, सन्तान कष्ट, स्त्रीसुख, खर्च अधिक ता. जन १५, १६, २३, २४,फर २, ३, ११, १२ अशुभ।	शारीरिक कष्ट, बीमारी पर खर्च, बन्धु सुख, मित्रों से मेल, सन्तान की तरफ से चिन्ता, स्त्री सुख। ता. फर. १९, २०, २१, २९,मार्च १, १०, ११ अशुभ।	सेहत ठीक, निजीकार्य में हानि, बन्धु सहयोग, योजना असफल, स्त्रीपक्ष शुभ, कारोबार गड़बड़। ता. मार्च १८, १९, २७, २८, २९ अशुभ।
मीन	सेहत गड़बड़, अर्थलाभ, निजीजनों से मदद, मित्रों से अनबन, कारोबार में रुकावट, हाथ तंग रहे। ता. जन. १७, १८, २५, २६, २७,फर. ४, ५, ६ अशुभ।	अर्थ लाभ, उत्साह बढ़े, स्वार्थी मित्रों से सावधान, स्त्री से हानि, खर्च अधिक। ता. फर. १३, १४, २२, २३,मार्च २, ३, ४, १२ अशुभ।	चिन्ता बढ़े, आर्थिक लाभ होकर हानिभय, मित्र कष्ट, योजना में हानि, कर्जा बढ़े। ता. मार्च २०, २१, ३०, ३१ अशुभ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

चैत्र शुक्ल १ का वर्षफल श्रवण

अचिन्त्याव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने। समस्तजगदाधारमूर्तये ब्रह्मणे नमः ॥१॥
विनायकं प्रणम्यादौ देवीं वाग्देवतां गुरुम्। संवत्सरफलं वक्ष्ये लोकानां हितकाम्यया ॥२॥
सम्यक् विचार्य गणितं दैवज्ञजनतुष्टिदम्। मकरन्दवल्लभेनेदं तिथिपत्रं विनिर्मितम् ॥३॥
अनेन धार्मिकं जनः कालज्ञानमहायिना। तिथिं पर्वेणं मन्तुष्टो भवतित्वचैव धाव्यतः ॥४॥
तिथिर्वारञ्च नक्षत्रं योगः करणमेव च। पञ्चाङ्गस्य फलं श्रुत्वा गङ्गास्नानफलं लभेत् ॥५॥

चैत्र शुक्ल १ को नूतन संवत्सर प्रारम्भ होता है, उस दिन प्रति घर पर ध्वज लगावें। तोरण आदि से गृह सुशोभित करें, प्रभात स्नानकर देवता, ब्राह्मण, गुरु की पूजाकर स्त्रियां शिशु आदि वस्त्र-आभूषण आदि परिधान कर उत्सव मनावें। ज्योतिषी जी का सत्कार कर उनसे नूतन संवत्सर का फल श्रवण करें। प्रातः काल में कटुनिम्ब के कोमल पत्र और पुष्प लावें, उसमें कालीमिर्च, हींग, नमक (सैंधा) अजवायन, जीरा और खाँड मिलाकर चूर्ण बनावें, कुछ इमली मिलावें और वह भक्षण करें, इस प्रयोग से अनेक रोगों की शान्ति होती है। (वर्ष पर्यन्त ज्वरादि बीमारी नहीं होती)।

पञ्चाङ्गस्थ गणेश और ब्राह्मण ज्योतिषी की पूजा कर याचकों को यथाशक्ति दानादि से प्रसन्न करें, मिष्ठान्न आदि भोजन करावें, गीत (गायन) वाद्य कथा श्रवण आदि कर सम्पूर्ण दिन आनन्द से व्यतीत करें। गृहस्थियों का विलासयुक्त आनन्दपूर्वक वर्षारम्भ दिन व्यतीत करने से सम्पूर्ण वर्ष आनन्दमय हो जाता है।

वर्षफल श्रवण का माहात्म्य

ये चैत्रशुक्लप्रतिपत्तिथौ फलं शृण्वन्ति भक्त्या प्रतिवार्षिकं नराः। ते तु सदारिद्र्यरुगादिवर्जिता नन्दन्ति लोके धनधान्यसंकुलाः ॥१॥ शाक्यस्य श्रवणात्सुपुण्यजननं संवत्सरस्याङ्घ्रिपतौ, राज्ञो राजकुले जयो विजयते मन्त्री फलं वाञ्छितम्। धान्यं धान्यपतेः रसं रसपते क्षेत्रेषु वृद्धिस्तथा, सस्यं सर्वसुखञ्च वत्सरफलं संशृण्वतां सिद्धिदम् ॥२॥ इति संवत्सरादिफलश्रुतिः।

सृष्टिक्रम वर्णन

अथवा सृष्टि के संक्षिप्त इतिहास की अवतरणिका—समस्त जगत् की उत्पत्ति स्थिति और लय कारणरूप ब्रह्मा की आयु अपने ही दिनों के मान से सौ वर्ष की होती है। अब ब्रह्मा की आयु के ५० वर्ष व्यतीत होकर, ५१ वें वर्ष प्रथम दिन का उदय है। इस दिन को १३ घड़ी, ४२ पल, ३ विपल, ४३ प्रतिविपल व्यतीत हो चुके हैं। मनुष्यमान से ब्रह्मा की आयु का विस्तार इस प्रकार है—एक चतुर्युगी का एक महायुग होता है, उसकी सौरमान से वर्ष संख्या ४३२०००० है। इस प्रकार के एक हजार युगों का ब्रह्मा का एक दिन होता है। ऐसे, ब्रह्मा के हजार युगों की विष्णु की एक घड़ी होती है, विष्णु के १२ लाख युगों का रौद्रकलार्ध होता है। रुद्र के अर्बुद सहस्रक युगों का अक्षरात्मक ब्रह्म होता है। ब्रह्मा के इस एक दिन में जो १४ मन्वन्तर होते हैं, उनमें से १ स्वायम्भुव, २ स्वारोचिष, ३ उत्तम, ४ तामस, ५ रैवत, ६ चाक्षुष ये छः मनु व्यतीत हो गये हैं, अब सातवां वैवस्वत मन्वन्तर चल रहा है, उसमें भी २७ चतुर्युगी गत होकर अट्ठाइसवीं चतुर्युगी के ३ युग व्यतीत हो गये हैं, और यह २८वां कलियुग है।

अथ युगकाल व्यवस्था—सत्ययुग—कार्तिकशुक्ल नवमी बुधवार के प्रथम पहर श्रवण नक्षत्र वृद्धियोग में सत्ययुग की उत्पत्ति हुई, इसकी आयु १७२८००० वर्ष की थी, इसमें श्री नारायण के मत्स्य, कच्छप, वराह और नृसिंह ये चार अंशावतार हुए श्रीमत्स्यजी ने वेदों के चोर शंखासुर को मारकर ब्रह्मा को वेद लाकर दिये, भगवान् कच्छप ने पृथ्वी के रक्षार्थ मन्दराचल को पीठ पर धारणकर शेषनाग की डोर से देवदैत्यों द्वारा समुद्र मन्थन करा कर चौदह रत्न प्रकट किये। श्री वराह जी ने हिरण्याक्ष का वध करके रसातल से गई हुई पृथ्वी का उद्धार किया। श्रीनृसिंहावतार ने हिरण्यकशिपु का वध करके भक्त प्रह्लाद की रक्षा की। इस युग में धर्म अपने चारों पद पर कायम था, गौएं कामधेनु के समान होती थीं, प्रायः स्वर्ण के पात्र और सिक्के के स्थान में रत्नों का परस्पर व्यवहार था। इच्छानुसार वर्षा होती थी, एक बार बीज बोकर २१ बार काटते थे। ब्राह्मण चारों वेद के जानकार तथा सत्यभाषी परद्रव्य-परस्त्री-पराङ्मुख और त्यागी होते थे। शाप देने और वर प्रदान करने में भी समर्थ थे। स्त्रियाँ पद्मिनी और पतिव्रता होती थीं। शासक (राजवंश) वर्ग न्यायपरायणता करने से प्रजा को स्वपुत्रवत् समझते हुए राज्य करते थे। वैश्य लोग सत्यवक्ता धर्मात्मा व्यापारी और शूद्र लोग सेवाधर्म में रहते हुए जीवन व्यतीत करते थे। इस युग में तीर्थ पुष्कर प्रधान था।

त्रेतायुग—वैशाख शुक्ल तृतीया चन्द्रवार के द्वितीय प्रहर रोहिणी नक्षत्र शोभन योग में त्रेतायुग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु १२९६००० वर्ष की थी, इसमें भगवान् के श्रीवामन श्री परशुराम और श्रीरामचन्द्र जी ये तीन अवतार हुए। श्रीवामन जी ने राजा बलि से ३ पैर पृथ्वी दान लेकर समस्त पृथ्वी को ३ पैर में नाप बलि को पाताल का राज्य दिया। श्री परशुरामजी ने कर्तव्य विमुख एवं अन्यायी विलासिता के प्रेम में प्रमत्त अभिमानी क्षत्रियों का २१ बार नाश करके ब्राह्मणराज्य स्थापित किया था। श्रीरामचन्द्रजी ने महा-अभिमानी राक्षसराज रावण का वध करके देवता और ऋषियों को निर्भय किया था। इस युग में धर्म तीन पैर का रह गया था। गौएं [illegible] देने वाली होती थीं, प्रायः चाँदी के पात्र और स्वर्ण के सिक्के का व्यवहार था, वर्षा मौके पर होती थी। एकबार अन्न का बीज बोकर सात बार काटते थे। ब्राह्मण तीन वेदों के वक्ता और किञ्चिन्न्यून त्यागनिष्ठ परस्त्री परद्रव्य से पराङ्मुख होते थे, वर शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियां चरित्रिणी पतिव्रता होती थीं। इस युग में सूर्यवंशी धर्मात्मा क्षत्रियों का राज्य था। विचित्र विमानों द्वारा वह इन्द्रलोक पर्यन्त भी जाते थे। वैश्य लोग सत्यवादी और सत्य की तुला पर तोलते थे। शूद्र स्वधर्मानुसार सेवा में तत्पर रहते थे। इस युग में तीर्थ नैमिषारण्य प्रधान था। द्वापर-माघ कृष्ण ३० शुक्रवार तृतीय प्रहर धनिष्ठा नक्षत्र वरीयान योग में द्वापरयुग की उत्पत्ति हुई इसकी आयु ८६४००० वर्ष की थी। इसमें पूर्ण ब्रह्मा के श्रीकृष्ण श्रीबलदेव ये दो अवतार हुए। भगवान् श्रीकृष्ण ने दैत्यराज कंसादि दुष्टों का वध किया, तथा संसारार्णवमग्न जीवों के उद्धारार्थ अर्जुन को लक्ष्य करके गीता ज्ञान का उपदेश दिया। श्रीबलदेवजी ने सामयिक लीला करते हुए दुष्टों का नाश करके धर्म का उद्धार किया। इस युग में धर्म दो पैर वाला रह गया था, गौएं दो वक्त घटपूर्ण दूध देने वाली होती थीं। प्रायः ताम्र, पित्तल के पात्र और स्वर्ण तथा रौप्यमयी मुद्राओं का व्यवहार होने लगा था। वर्षा समय पर हो जाती थी, एकबार अन्न का बीज बोकर ३ बार काटते थे। ब्राह्मण लोग दो वेदों के पारगत होते थे और कुछ असत्य विशेषतया सत्यवक्ता तथा तप यज्ञ देव-पूजनादि करने वाले किञ्चित् लोभयुक्त वाक्यसिद्ध वाले अर्थात् वर और शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियां शास्त्रनी जाति की सुशीला धर्मयुक्ता होती थीं। इस युग में धर्मप्राण चन्द्रवंशी राजा हुए। प्रायः चारों वर्ण अपने २ वर्णाश्रम धर्म पर कायम थे, परस्त्री-परद्रव्य से लोग डरते थे। इस युग में तीर्थ कुरुक्षेत्र प्रधान था। कलियुग—भाद्रपद कृष्ण १३ अर्धरात्रि के समय आश्लेषा नक्षत्र व्यतिपात योग में कलियुग की उत्पत्ति हुई थी, इसकी आयु ४३२००० वर्ष की है। इसमें भगवान् के अवतार श्री बुद्ध और श्री कल्कि (निष्कलंक) हैं जिनमें अहिंसा धर्म का उद्धारक श्री बुद्धावतार तो हो चुका, और कल्कि अवतार जब कलियुग के ८२१ वर्ष शेष रहेंगे तब शम्भल गांव में विष्णुयश ब्राह्मण के घर होगा। इस अवतार द्वारा दुष्टों का नाश होकर पृथ्वी पर लुप्तधर्म की स्थापना के साथ-साथ न्यायपरायण क्षत्रियराज्य भी कायम होगा। इस युग में एक पैर वाला धर्म रह जायगा। गौएं दूध कम देंगी। मृण्मय पात्र और ताम्रपात्र तथा कागज मुद्रा प्रायः चलेंगी। अतिवृष्टि और अनावृष्टि से देशों में भय का संचार होगा। ब्राह्मण लोग वेद ज्ञान से शून्य तथा स्नान सन्ध्या तपश्चर्या से भी हीन होंगे। क्षत्रिय लोग अपने धर्म को तिलाञ्जलि दे देंगे। वैश्य लोग व्यापार में असत्य व्यवहार विशेषरूप से उपयोग में लाने लगेंगे। शास्त्र निन्दित मत चर्म (जूता आदि) के व्यापार से भी लाभ उठायेंगे, शूद्र लोग पाखण्डी होकर बहुधा उच्चवर्ण वालों के उपदेष्टा होंगे। प्रजा में वर्णसंकरत्व बढ़ जायगा, धूर्तों की पूजा होगी। अनेक कुकर्मों की वृद्धि होगी। स्त्रियां हस्तिनी पैदा होंगी, व्यभिचारिणी स्त्री अपने को सती कहेंगी। पतिव्रता कहीं-कहीं देखने में आयेंगी। पुरुष स्त्रियों के वश में होकर चलेंगे। स्त्रियों के छोटी आयु में गर्भ होने लगेगा। पिता कन्या का विक्रय करेंगे। गौ ब्राह्मण की हत्या से भय न करेंगे। पुत्रों का माता पिता के साथ द्रव्य के कारण प्रेम रहेगा। राजव्यवस्था में धर्म का स्थान शून्य के बराबर होगा। धर्म-कर्म और तीर्थ पर लोगों की श्रद्धा कम होगी। प्रधान तीर्थ गंगा हरिद्वार होगा।

अथ कलिरूपं चोक्तं चिरन्तनैः—पिशाचवदनः क्रूरः कलिश्च कलहप्रियः। धृत्वा वामे करे शिश्नं दक्षे जिह्वाञ्च नृत्यति॥ **अथ कलि महात्म्यम्**—धर्मः प्रव्रजितस्तपः प्रचलितं सत्यं च दूरं गतं पृथ्वी मन्दफला धराः कपटैर्निश्चलञ्च शाठ्योज्झितम्। राजानाऽर्थपराः [illegible] पुत्राः पितृद्वेषिणः साधुः सीदति दुर्जनः प्रभवितः प्राप्ते कलौ दुर्युगे॥ निर्बीजा पृथ्वी निरोषधिरसा नीचा महत्त्वं गताः भूपाला निजधर्मकर्मरहिता विप्राः कुमार्गं गताः। भार्या भर्तृविरोधिनी पररता पुत्राः पितृद्वेषिणः, हा! कष्टं खलु वर्तते कलियुगे धन्या मृता ये नराः। न देवं देवत्वं कपटपटवस्तापसजनाः, जनो मिथ्यावादी विरलतरवृष्टिर्जलधरः। प्रसन्ना नीचाश्च अवनिपतयो दुष्टमतयो, जनाः शिष्टा नष्टा अहह! कलिकालो विलसति॥ कलौ गङ्गातया स्थितिः। पृथ्वी गङ्गया हीना भविष्यति न संशयः कलौ नैव विप्रमन्त्रजाति सांदर्शी नर-पुङ्गव॥ **भगीरथः प्रतिज्ञागाङ्गावाक्यन्त्व**—यावद्दर्पणा तुलसी प्रपूज्यते [illegible]

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

अथर्वराजादि विचार:

धान्येश-चन्द्र का फल—अनाज सुलभ हों, जनसंख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हो, शासकों में परस्पर स्नेह

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अथवर्षराजादि विचार:

संवत् २०४८ वि.

कल्पादि से गत वर्ष १९,७२९, ४९०९२ सृष्टि संवत् १९५५८८५०९२, श्री विक्रम संवत् २०४८, शक संवत् १९१३, श्रीकृष्ण जन्म संवत् ५२२७, कलिसंवत् ५०९२, श्रीजैन महावीर निर्वाण संवत् २५१६-२५१७, श्री बुद्ध संवत् २६१४-२६१५, हिजरी सन् १४१२-१४१३, फसली सन् १३९८-१३९९, ईस्वी सन् १९९१-१९९२।

वर्षारम्भ में गतमान से "तारण" नामक संवत्सर है, इसका फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है—

"क्वचिच्चिन्निखिला लोका: तरन्ति प्रतिपत्तनम्।
नृपाहवे क्षताचु संपात् कैवल्य तारणवत्सके।।"

अर्थात् रोग-शोक-संकट, युद्धादिभय किंवा अन्यकारण से जनता अशान्त क्षेत्र को छोड़कर शहर की तरफ या किसी शान्त क्षेत्र की तरफ पलायन करे।

किञ्च- "तारणे शक्र: स्वामी, पूर्वस्था दीर्भिक्षं, लोक: सुखी, चैत्रे महर्घता, वैशाख-ज्येष्ठयो: रोगपीड़ा, आषाढ़ेऽन्न महर्घम्, श्रावणे मेघोऽन्न समता, भाद्रे महामेघ, आश्विने रोगपीड़ा, फौधूम समता, युगन्धरी मुद्गादिकानां प्रति फटिग्रनाणकान्ति, धान्य सर्वस्तु महर्घ, घृत समता, कार्तिकादि मासद्वय मध्यमं, राजपीड़िता लोका:, पौषादि मासत्रये रोगपीड़ा, क्षयकर: परस्पर विरोध:।।"

इस वर्ष का राजा (ग्रह परिषद के प्रधान) सूर्य एवं मन्त्री सूर्य है। इस वर्ष सस्येश (चौमासी फसलों के स्वामी) मंगल, धान्येश (शीतकालीन फसलों के स्वामी) चन्द्र, मेघेश (वर्षापानी के स्वामी) शनि, रसेश (गुड़ खाण्ड रसकस आदि के स्वामी) गुरु, नीरसेश (सर्वविध धातु एवं व्यापार आदि के स्वामी) मंगल, फलेश (फल फूल आदि के स्वामी) शनि, धनेश (धन दौलत एवं खजाने के स्वामी) मंगल, दुर्गेश (सुरक्षा किंवा प्रतिरक्षा के स्वामी) शनि है।

प्रत्येक पदाधिकारी का फल इस प्रकार है—

राजा सूर्य का फल—

**"सूर्ये नृपे स्वल्पजलाश्च मेघा:
स्वल्पं पयो गोषु जनेषु पीड़ा।
स्वल्पं च धान्यं फलमल्पवृक्षा:
चौराग्नि बाधा निधनं नृपाणाम्।।**

अर्थात्—वर्षा पर्याप्त न हो, चौपायों एवं जनता में रोगभय व्याप्त हो, अनाज-फलों की फसल अपेक्षाकृत कम, चोरभय रहे, अग्निकाण्ड आदि से जन-धन हानि किंवा विशिष्ट व्यक्ति का निधन हो।

मन्त्री सूर्य का फल

**"नृपभयं गदतोऽपि हि तस्करात्-
प्रचुर धान्य धनादि महीतले।
रसचयं हि समर्घतमं तदा,
रविरमात्यपदं हि समागते।।"**

अर्थात्—राजभय, शासकों में वैमनस्य, रोग विशेष किंवा चोरभय रहे, परन्तु धन-धान्य समृद्धि रहे। गुड़, रसकस, दूध आदि के भाव तेज रहें।

सस्येश-मंगल का फल—चौमासी फसलों को हानि पहुँचे, वर्षा पर्याप्त न हो, गाय, घोड़ा आदि चौपाए पशुओं में रोग फैले, जनता में भी रोग-विशेष से हानि हो।

धान्येश-चन्द्र का फल—अनाज सुलभ हों, जनसंख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हो, शासकों में परस्पर स्नेह सद्भाव रहे।

मेघेश-शनि का फल—कहीं तूफान, किंवा वायुवेग से हानि, कहीं वर्षा, कहीं खड़ी फसल को हानि, कहीं क्षेम रहे।

रसेश गुरु का फल—चन्दन, कपूर, कदमूल और सब प्रकार के रस सस्ते हों, केसर का भाव तेज रहे।

नीरसेश-मंगल का फल—मूंगा, लाल चन्दन, लाल रंग की चीजें, ताम्बा आदि, धातुओं में काफी तेजी आएगी।

फलेश-शनि का फल—फलों की फसल को हानि, पुष्प की हानि, वृक्षों का नाश हो, पर्वतीय भूभाग पर कहीं हिमपात से हानि, जनता में चोर-रोग आदि से हानि हो।

धनेश-मंगल का फल—महगाई में उत्तरोत्तर वृद्धि हो, ऋतु विपर्यय अनुभव हो, अनाजों की फसल को हानि पहुँचे, अशुभ समाचार से शोक व्याप्त हो, राजनैतिक गतिरोध बने।

दुर्गेश-शनि का फल—दंगे फिसाद किंवा युद्धभय से विश्व के किसी देश विशेष में वातावरण अशान्त रहे, नागरिकों का पलायन एक समस्या बनेगा। जनता में पारस्परिक भेदभाव बढ़े, चूहा-टिड्डी आदि से फसल को भारी हानि पहुँचे।

सूचना—यद्यपि वर्ष के इन दशाधिकारियों का साधारण फल सर्वत्र ही होता है, किन्तु विशेषकर राजा का फल कश्मीर, अफगानिस्तान एवं बराड़ देश में, मन्त्री का फल आन्ध्र, बाल्हीक, उज्जैन एवं मालवा में, सस्येश का पौण्ड्र-विदर्भ में धान्येश का गुजरात, नर्मदा के निकटवर्ती प्रदेशों एवं मध्य प्रदेश में, मेघेश का मगध एवं बंगाल में, रसेश का कोंकण व गोआ में, नीरसेश का मालवा व बिहार में, धनेश का राजस्थान एवं मारवाड़ में, फलेश-दुर्गेश एवं राजा का फल सब जगह विशेष होता है।

चतुर्मेघों में द्रोण नामक मेघ का फल— "द्रोणे वर्षति सर्वदा"—वर्षा अधिक हो, सम्पूर्ण पृथ्वी पर धन-धान्य समृद्धि रहे) कहीं-कहीं बाढ़ से हानि भी हो।

नव मेघों में 'पुष्कर' नामक मेघ का फल—"पुष्करे मध्यमं तोयत्र"—वर्षा सामान्य हो।

बारह नागों में "कम्बल" नामक नाग का फल—वर्षा मध्यम, पुनरपि सर्वविध अनाज उत्तम (पर्याप्त मात्रा में) हो।

अष्ट नागों में तक्षक नाम नाग है, उसका फल इस प्रकार लिखा है— वर्षा पर्याप्त, फल उत्तम हो।

सप्तवायु में 'अति वायु' नामक वायु का फल—झंझावात, चक्रवात एवं वायुवेग से जन-धन हानि हो।

रोहिणी का वास पर्वत पर है

फल— **"रोहिणी नाम नक्षत्रं पर्वतस्थं यदा भवेत्।
वृष्टिहानिस्तदा ज्ञेया सर्वसस्य विनाशनम्।।"**

अर्थात्—वर्षा की कमी अनुभव होगी, सर्वविध अनाज किंवा चारे की कमी भी रहेगी।

संवत् का वाहन 'अश्व (घोड़ा) है' संवत्सर का वास 'कुम्भकार' के घर है।

शनि की दृष्टि—इस संवत् में शनि मकर राशि में ही रहता है, अत: शनि की दृष्टि सारा साल उत्तर की तरफ ही रहेगी।

फल— **"शनैश्चर: क्रमात्पश्यन्,
तत्तद्देशान् प्रपीड़येत्।
दुर्भिक्षं देशभंगाद्यै,
विप्रहो राजविड्वरै:।।"**

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

उत्तरी गोलार्द्ध के देशों एवं प्रान्तों में कहीं दुर्भिक्ष, कहीं विभाजन, कहीं देशों में युद्धाग्नि किंवा राजनैतिक अशान्ति से स्थिति विषम बनेगी।

इस वर्ष में 'सोमवती अमावस्याएं' हैं –आश्विन एवं माघ में। भौमवती अमावस केवल एक (द्वि. वैशाख कृष्ण में) है। शनैश्चरी अमावस दो (श्रावण कृष्ण एवं पौष कृष्ण में) हैं।

इस वर्ष वैशाख अधिमास है, इसका फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है–

"स्वल्पवृष्टि र्भवेन्मेघो धन धान्य समाकुलम्।
घृतं तैलं च कार्पासं सुभिक्षं माधवद्वये।।"

अर्थात्–वर्षा कम, लेकिन धन धान्य समृद्धि रहे, घी, तेल, एवं कपास की फसल अच्छी हो।

वर्षा आदि के विश्वामान–इस वर्ष वर्षा विश्व १७, धान्य ५, तृण ११, शीत ९, तेज ११, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा ५, तृषा ११, निद्रा ११, आलस्य ९, उद्यम ३, शान्ति ७, क्रोध १३, दम्भ ५, लोभ ५, मैथुन १५, रस ९, फल १३, उत्साह ११, उच्चत्व ९, पाप ३, पुण्य ३, व्याधि १५, व्याधिनाश ९, आचार ५, अनाचार ७, मृत्यु १, जन्म ७, देशोपद्रव ७, देशस्वास्थ्य ५, चोरभय ५, चोरनाश ११, अग्निभय ३, अग्निशान्ति १, उद्भिज्ज ९, जरायुज ३, अण्डज ११, स्वेदज ५, टिड्डी १९, तोता १३, मूषक ५, सोना ७, ताम्बा १५, स्वचक्र ९, परचक्र ५, वृष्टि ५, वृष्टिनाश ९, संवत् विश्व ८ हैं।

इस वर्ष के चार स्तम्भ

(१) **जल स्तम्भ**–(चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र) का अभाव है।
(२) **वायु स्तम्भ**–(ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिर नक्षत्र) ७५ प्रतिशत है।
(३) **तृणस्तम्भ**–(वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र) का अभाव है।
(४) **अन्न स्तम्भ**–(आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र) ६३ प्रतिशत है।

फल–उल्लिखित चार वर्ष स्तम्भों के विचार से यह वर्ष विशेष अच्छा नहीं है। क्योंकि जल एवं तृण स्तम्भ का अभाव होने से वर्षा की कमी एवं पशुचारे की कमी रहेगी, वायुवेग (तूफान) से कहीं हानि हो एवं अनाज पर्याप्त मात्रा में हो।

आर्घमान विचार–वर्षरक्षा के लिए चार दुर्ग–

(१) **प्रथम आर्घ** (अक्षय तृतीय को रोहिणी नक्षत्र) का अभाव है।
(२) **द्वितीय आर्घ** (सं. २०४७ वि. में पौष अमा को मूल नक्षत्र) दस प्रतिशत है।
(३) **तृतीय आर्घ** (श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र) का अभाव है।
(४) **चतुर्थ आर्घ** (कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा को कृत्तिका नक्षत्र) ६७ प्रतिशत है।

फल–आर्घमान विचार से यह संवत् विश्व में अघटित घटनाओं वाला है। कहीं युद्ध, कहीं शासक-शासित में मतभेद कहीं सीमा अतिक्रमण, कहीं रोग व प्राकृतिक प्रकोप से हानि, सत्ताहस्तान्तरण की संभावनाएं हैं।

दोहा–

"आखै तीज रोहिणी नहीं होई, पौष अमावस मूल न जोई।
राखी श्रवणों हीन विचारों, कार्तिक पुण्या कृत्तिका टारो।
महि मांह खलबली प्रकासै, कहै भड्डली साख विनासै।"

नववर्ष प्रवेश–गत संवत् २०४७ में चैत्र कृष्ण आमावस दिन शनिवार को १७ घड़ी ४३ पल (तदनुसार १६ मार्च १९९१ ई. को १३ घंटा ४१ मिनट) पर पू.भा. नक्षत्र के समय कर्क लग्न में श्री विक्रमी संवत् २०४८ का शुभारम्भ होगा।

फल–कर्क लग्न में नए वर्ष का उदय हुआ है। "कर्के सुख तु पूर्वस्या मूलरम्या तु विग्रहः। स्याच्चागम बल यावद् दुर्भिक्षं पश्चिमे दिशि।।" पूर्वीय-देशों एवं प्रान्तों में सुख-समृद्धि रहे, उत्तरी गोलार्द्ध के देशों में अराजकता-क्रान्ति सत्तापलट आदि घटनाएं घटित होंगी। पश्चिम में कहीं दुर्भिक्ष किंवा प्राकृतिक-प्रकोप से हानि हो।

नववर्ष प्रवेश कुण्डली



कहीं अग्निकाण्ड से हानि,
नव वर्ष कुण्डली के अनुसार वैशाख, आश्विन एवं कार्तिक मास घटनापूर्ण रहेंगे। मकर
कहीं प्रधान नेता को कष्ट किंवा वरिष्ठ व्यक्ति का निधन हो। फाल्गुन में प्राकृतिक प्रकोप से हानि हो।
प्रभावराशि वाले देशों के लिए यह वर्ष कुछ कठिन परिस्थितियों वाला रहेगा।

वर्षेश (जगत् लग्न)–सं. २०४८ वि. में प्र. वैशा. कृष्ण अमावस रविवार (१४ अप्रैल सन् १९९१ ई.) को १० घड़ी ५ पल (१० घण्टा ३ मि.) पर रेवती नक्षत्र के समय मिथुन लग्न में सूर्यदेव मेष राशि में प्रविष्ट होंगे।

फल–लग्नस्थ केतु- मंगल पर यूरेनस-नेपच्यून एवं राहु की दृष्टि है; अतः कहीं बाढ़, तूफान किंवा अन्यविध प्राकृतिक प्रकोप से हानि होगी। कार्तिक-मार्गशीर्ष अधिक नेष्ट घटनापूर्ण होंगे। अग्निकाण्ड किंवा दुर्घटनाएं अधिक हों। गुरु की धनु पर दृष्टि होने से बड़े देशों की मध्यस्थता से कुछ देशों के विवाद शान्त होंगे।

वर्षेश लग्न कुण्डली



जगत्लग्न से व्यक्तिगत फल विचार–जन्म कुण्डली में लग्न बलवान हो तो जन्म-लग्न से, चन्द्र बलवान् हो तो जन्म राशि से जगत्लग्न जिस स्थान में आए, वह भाव शुभ या स्वामी ग्रहों से युक्त दृष्ट और बलवान् हो तो वर्ष में उस भाव की वृद्धि कहनी चाहिए। यदि पापी ग्रह की दृष्टि या योग हो तो उस भाव की हानि कहें। जन्मलग्न, जन्मराशि और अपने वर्ष प्रवेश लग्न से वर्षेश लग्न (जगत्-लग्न) आठवें, बारहवें हों तो यह वर्ष उस व्यक्ति के लिए शुभ नहीं होता। इसी प्रकार देश एवं ग्राम के शुभाशुभ विचार के लिए ग्राम या नगर की जो राशि हो उसके

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जन्म लग्न से वगत् लग्न फल--१. देह सुख, २. धन लाभ, ३. कुटुम्ब वृद्धि, ४. मित्र सौख्य, ५. पुत्र सौख्य, ६. शत्रु भय, ७. स्त्री सुख, ८. रोग भय, ९. धर्म लाभ, १०. धन लाभ, ११. लाभ सुख, १२. व्यर्थ दुःख।

आर्द्रा प्रवेश--ज्येष्ठ शु. ११ शनिवार (तदनुसार २२ जून १९९१ ई.) को १९ घड़ी १७ पल (१३ घंटा ६ मि.) पर स्वाती नक्षत्र एवं शिवयोग के समय चन्द्रमा के तुला में रहते कन्या लग्न में सूर्यदेव आर्द्रा में प्रविष्ट होंगे।

आर्द्रा प्रवेश कुं.



फल--सूर्य शनिवार को आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करता है, आर्द्रा प्रवेश कुण्डली में शनि--पर म. गु. शु. की नजर है, अतः श्रावण-भाद्रपद में विशेष कष्टप्रद घटनाएँ घटेंगी। कहीं युद्धमय वातावरण से अशान्ति रहे, कहीं दुर्घटना में जनधन हानि किंवा विशिष्ट व्यक्ति का निधन होगा। दिन में सूर्य का आर्द्रा में प्रवेश वर्षा में कमी का द्योतक है।

"दिवार्द्रा धाति चेदुःखानुर्जल-चलज्ज कारकः"।।

ग्रहस्थिति के अनुसार-- दक्षिण-उत्तर दिशास्थ देशों में कहीं प्राकृतिक प्रकोप से हानि किंवा राजनैतिक विशिष्ट घटनाएँ घटित होंगी।

सस्य आतक

(१) शरत्सस्य विचार--

लग्नेश-शुक्र, केतु-मगल के साथ है, शुक्र मगल केतु पर राहु युरेनस नेपच्यून की दृष्टि होने से इस वर्ष में खरीफ की फसल से किसान उत्तम लाभ न प्राप्त कर सकेंगे। मुंग-मोठ बाजरा के बाजार तेज रहेंगे। पश्चिमी प्रान्तों में शरद् ऋतु के धान्य सन्तोषजनक न होंगे। कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी। सप्तमेशमंगल क्रूर ग्रह कष्ट होने से राजनैतिक संकट उत्पन्न हो।

शरत्सस्य कुं.



ग्रीष्म सस्य आतक विचार--ग्रीष्मकालीन धान्य कुण्डली के अनुसार लग्नेश छठे क्षीण है, सप्तम भाव में रा. यू. ने क्रूर ग्रह हैं, अतः चावल, चना, गेहूं की फसल अच्छी होने पर भी महगाई उत्तरोत्तर बढ़ेगी।

ग्रीष्म सस्य कुं.



प्रशासन की नीति से भी ग्रीष्मकालीन अनाजों पर प्रभाव पड़ेगा। महगाई से जनता परेशान होगी। जनता में असन्तोष बढ़े।

गुर्रा-- वि. सं. २०४७ में श्रावण शु. तृतीया मंगलवार (२४ जुलाई १९९० ई.) से हिजरी सन् १४११ प्रारम्भ होकर सं. २०४८ वि. में आषाढ़ शु. २ शनिवार १३ जुलाई १९९१ ई.) को समाप्त होगा।

वि सं. २०४८ में आषाढ़ शुक्ल ३ रविवार (१४ जुलाई १९९१ ई.) को हिजरी सन् १४१२ प्रारम्भ होगा।

मंगलवारी गुर्रे का फल--दुर्भिक्ष, धान्य कम, तूफान से हानि, महगाई बढ़े, गुड़ तिल गेहूँ मंहगे। अग्निकाण्ड व प्राकृतिक प्रकोप से हानि हो।

रविवारी गुर्रे का फल--वर्षा पर्याप्त अनाज, फल सस्ते, शासक सुव्यवस्थित कार्य करें, चौपाए पशु स्वस्थ्य, दूध, घी पर्याप्त हो।

लाभ-व्यय चक्र (विंशोत्तरी मतानुसार)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
आय	१४	८	१४	८	११	१४	८	१४	११	५	५	११
व्यय	११	५	२	१४	११	२	५	११	२	५	५	२

आय-व्यय देखने की रीति--अपनी राशि के आय-व्यय अंकों को जोड़कर उसमें से एक घटाकर, शेष को ८ से भाग देने पर यदि १, २, ६, ७ बचे तो वर्ष में उत्तमलाभ ३, ४, ५, ० बचे तो लाभ बहुत कम हो, चिन्ता भी रहे।

इतीदं वत्सरफलं वत्सरादि तिथौ शुभम्। यः शृणोति नरो भक्त्या स सुखी वत्सरं भवेत्।।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सन्दिग्ध व्रत पर्व व्यवस्था
(सं २०४८ वि.)

प्रियव्रत शर्मा

गौरी तृतीया :

चैत्र शुक्ल तृतीया गौरी तृतीया कहलाती है। यह (तृतीया) यदि दूसरे दिन एक मुहूर्त भी हो तो भी दूसरे दिन ही गौरी तृतीया मनाई जाती है। ब्रह्म वैवर्त पुराण का वचन है कि गौरी तृतीया चतुर्थी युता ही लेनी चाहिए, जबकि रम्भा व्रत के लिए इसे द्वितीया युता लेने का नियम है–

रम्भाख्यां वर्जयित्वा तु तृतीयां द्विजसत्तम।
अन्येषु सर्वकार्येषु गणविद्धा प्रशस्यते।।

धर्मसिन्धुकार ने इस बारे में इस प्रकार लिखा है–

"अत्र (चैत्र शुक्ल) तृतीया मुहूर्तयुताऽपि परैव ग्राह्या। द्वितीया युता न कार्या।"

इस वर्ष (सन् १९९१ में) १९ मार्च को चैत्र शुक्ल तृतीया एक मुहूर्त से कहीं अधिक है। अतः इसी दिन गौरी तृतीयां (गण गौरी उत्सव) मनाना होगा।

कूर्म जयन्ती :

सायं व्यापिनी वैशाख पूर्णिमा के दिन यह जयन्ती मनाई जाती है। इस वर्ष यह पूर्णिमा २७ और २८ मई ९१ को दोनों दिन सायं व्यापिनी है। अतः युग्म वाक्यानुसार यह पर्व परविद्धा पूर्णिमा के दिन २८ मई को ही मनाना होगा। धर्मसिन्धु का वाक्य है–

पूर्णिमामावस्ये तु सावित्रीव्रतं विनापरेग्राह्ये।

कुमार षष्ठी :

आषाढ कृष्ण षष्ठी जिस दिन पूर्व (पंचमी) विद्धा हो उसी दिन कुमार षष्ठी मनाई जाती है। वसिष्ठ का वचन है–

कृष्णाष्टमी स्कन्द षष्ठी शिवरात्रिश्चतुर्दशी।
एताः पूर्वयुताः कार्याः तिथ्यन्ते पारणं भवेत्।।

इसके अनुसार कुमार षष्ठी १६ जुलाई ९१ को पञ्चमी विद्धा षष्ठी के दिन ही लिखी गई है।

विवस्वत् सप्तमी :

षष्ठीयुता आषाढ शुक्ल सप्तमी के दिन विवस्वत् सप्तमी मनाने का नियम है। ब्रह्मपुराण का यह वाक्य देखिए–

षष्ठी च सप्तमी तात अन्योन्यं तु समाश्रिते।
पूर्वविद्धा द्विजश्रेष्ठ कर्तव्या सप्तमी तिथिः।।

इसके अनुसार यह पर्व षष्ठीयुता सप्तमी के दिन १७ जुलाई ९१ को ही लिखा गया है।

ऋग्वेद उपाकर्म :

[illegible]

को मुख्यता दी गई है। यह उपाकर्म पूर्वाह्ण में किया जाता है। इस वर्ष श्रवण नक्षत्र २३ और २४ अगस्त ९१ को दोनों दिन पूर्वाह्ण में उपलब्ध है। ऐसी स्थिति में शास्त्रानुसार २४ अगस्त को ही ऋग्वेदियों द्वारा उपाकर्म किया जाएगा, क्योंकि उ.षा. युक्त श्रवण को उपाकर्म में वर्जित किया गया है। धर्मसिन्धु में लिखा है –

यदि पूर्वदिने श्रवण नक्षत्रं सूर्योदये नास्ति, परदिने मुहूर्तद्वयं वर्तते, तदा उत्तर दिन एव, उ.षा. वेधनिषेधात्।

यहां २४ अगस्त ९१ को श्रवण दो मुहूर्त तक व्याप्त भी है, अतः इसी दिन ऋग्वेदियों का उपाकर्म होगा। यहां श्रवण धनिष्ठायुक्त भी है, जिसे धर्मशास्त्रकारों ने उपाकर्म के लिए प्रशस्त माना है।

दूर्वाष्टमी व्रत :

सामान्यतः भाद्रशुक्ल अष्टमी के दिन स्त्रियां यह व्रत करती हैं। अगस्त्य तारा उदित हो जाने पर तथा कन्यार्क में यह व्रत ठीक नहीं माना जाता। यदि भाद्र शुक्ल अष्टमी के दिन अगस्त्य दृश्य (उदित) हो तो भाद्र कृष्ण अष्टमी में ही इसे मनाने का विधान है। हेमाद्रि का वाक्य है–

भाद्र शुक्लाष्टम्यां अगस्त्योदये भाविनि सति पूर्व कृष्णाष्टम्यामेव कुर्यात्।

इस वर्ष पंजाब, हरियाणा, हि.प्र., जम्मू-कश्मीर व दिल्ली आदि प्रदेशों में अगस्त्य भाद्र शुक्ल अष्टमी से पहिले ही उदय हो जाएगा। अतः इन प्रदेशों में यह व्रत इस वर्ष भाद्र कृष्ण अष्टमी के दिन १ सित. ९१ को ही किया जाएगा जब कि वहां अगस्त्य अस्त रहेगा। किंच इस दिन सूर्य भी सिंह में होगा, जो कि इस व्रत के लिए शुभ लिखा गया है (सिंहस्थे सोत्तमा सूर्येऽनु दिते मुनिसत्तम।)

ध्यान रहे १ सित. ९१ को अष्टमी रौहिण मुहूर्त में विद्यमान रहेगी २ सित. को नहीं। दूर्वापूजन रौहिण व्यापिनी अष्टमी में ही किया जाता है। पुराण समुच्चय में लिखा है।

मुहूर्ते रौहिणेऽष्टम्यां पूर्वा वा यदि वा परा।

दिनमान के १५वें भाग को एक मुहूर्त माना गया है। दिन का नवम मुहूर्त रौहिण कहलाता है। १ और २ सित. ९१ को चण्डीगढ़ में रौहिण मुहूर्त भा.स्टैं.टा. के अनुसार दिन के १२ घं. ९ मि. से १ घं. ४० मि. तक रहेगा। इससे स्पष्ट है कि भाद्रकृष्ण अष्टमी इस वर्ष १ सित. को ही रौहिण मुहूर्त को व्याप्त करती है, जब कि २ सित. को वह इससे लगभग २ घण्टा पहिले ही समाप्त हो जाती है।

आश्विन कृष्ण में नवमी से त्रयोदशी तक के श्राद्ध :

इस वर्ष आश्विन कृष्ण दशमी तिथि २ अक्तू. ९१ को ही अपराह्ण व्यापिनी है। ३ अक्तू. को तो वह अपराह्न प्रारम्भ होने से पहिले ही समाप्त हो जाती है। अतः दशमी का श्राद्ध २ अक्तू. को ही होगा। नवमी का श्राद्ध भी दशमी के श्राद्ध के साथ २ अक्तू. को ही किया जाएगा, क्योंकि नवमी तिथि भी केवल इसी दिन अपराह्ण व्यापिनी है। इसी प्रकार एकादशी से त्रयोदशी तक के श्राद्ध भी क्रमशः ३ से ५ अक्तू. को किए जाएंगे क्योंकि ये तिथियां क्रमशः केवल इन्हीं तारीखों को ही अपराह्ण में विद्यमान हैं। इन दिनों जम्मू-कश्मीर, हि.प्र., पंजाब, हरियाणा व दिल्ली आदि प्रान्तों में अपराह्ण काल दिन के लगभग डेढ़ बजे से साढ़े तीन बजे तक रहेगा।

भरणी श्राद्ध :

आश्विन कृष्ण में भरणी नक्षत्र का भी मघा नक्षत्र की भान्ति श्राद्ध के लिए महत्त्व शास्त्रों में लिखा है। 'मत्स्यपुराण' का वचन है –

भरणी पितृपक्षे तु महती परिकीर्तिता।
तस्यां श्राद्धं कृतं येन स गया श्राद्धकृत् भवेत्।।

[illegible]

... (प्रदोष) के समय जब तारे आकाश में दिखाई देना प्रारम्भ हो जाए तब ...

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

करने का माहात्म्य है।

यह श्राद्ध महाश्राद्ध की भांति पिण्ड रहित किया जाता है।

सरस्वती आवाहन :

आश्विन शुक्ल में मूल नक्षत्र के प्रथम चरण में सरस्वती आवाहन विधान है। सूर्यास्त से कम से कम तीन मुहूर्त पहिले यदि मूल नक्षत्र प्रारम्भ हो तब भी उसी दिन सायंकाल (दिनमान के अन्तिम पंचमांश) में सरस्वती का आवाहन करने के लिए शास्त्राज्ञा है। यदि सूर्यास्त से पूर्व मूल नक्षत्र तीन मुहूर्त से कम हो (अर्थात् मूल नक्षत्र सायं काल को पूर्णतया व्याप्त न करे) तब सरस्वती आवाहन दूसरे दिन ही किया जाता है। धर्मसिन्धु में यही लिखा है–

तत्र मूलस्य प्रथमे पादे सूर्यास्तात् प्राक् त्रिमुहूर्त व्यापिनि सरस्वत्यावाहनम्। त्रिमुहूर्तन्यूनत्वे रात्रौ वा प्रथमपाद सत्वे तस्य विभाग वचन विना ग्राह्यत्वाभावात् द्वितीयदिवसे पर दिन एवावाहनम्।

इस वर्ष १३ अक्तू. को मूल नक्षत्र सूर्यास्त से पूर्व तीन मुहूर्त से भी अधिक काल को व्याप्त करता है अतः इसी दिन सायं काल में सरस्वती आवाहन होगा।

महानवमी :

महानवमी दो प्रकार की है – (१) पूजा एवं उपवास वाली। (२) बलिदान वाली। पूजा और उपवास के लिए अष्टमी विद्धा नवमी लेने का विधान है। अष्टमी विद्धा नवमी के पक्ष (अष्टमी विद्धा) और बलिदान के लिए पर (दशमी विद्धा) [illegible] सूर्योदय से पहिले कम से कम तीन मुहूर्त तक अवश्य लिया आवश्यक है कि वह नवमी अष्टमी तिथि वाले दिन सूर्यास्त से पहिले कम से कम तीन मुहूर्त तक अवश्य विद्यमान हो। अन्यथा पूजा, उपवास के लिए भी महानवमी दूसरे दिन ही मानी जाएगी। यदि नवमी की वृद्धि हो रही हो (अर्थात् वह सङ्गाधिका हो) तो [illegible] और वह दूसरे दिन सूर्योदय के अनन्तर भी कुछ काल को व्याप्त कर रही हो। धर्म सिन्धु में यही बलिदान के लिए भी पहिले ही दिन पूर्णा नवमी में ही महानवमी मनाने का शास्त्र निर्देश है। स्पष्ट लिखा है–

महानवमी तु बलिदान व्यतिरिक्त विषये पूजा पोवासादौ अष्टमी विद्धा ग्राह्या। सा च यदि अष्टमीदिने सायं त्रिमुहूर्त्ता स्यात्तदैव ग्राह्या। त्रिमुहूर्तन्यूनत्वे परैव ग्राह्या। नवमी प्रयुक्त महाबलिदाने तु दशमी विद्धा। यदा मुहूर्ताधिका नवमी तदा बलिदानमपि पूर्णत्वात् पूर्वैव कार्यम्।

इस वर्ष अष्टमी तिथि १६ अक्तू. ९१ को दोपहर के १२ घ. २२ मि. तक है। इस तरह यहां नवमी अष्टमी विद्धा है। अतः पूजा और उपवास के लिए महानवमी १६ अक्तू. को ही होगी। किन्तु १७ अक्तू. ९१ को नवमी दशमी से विद्धा है। अतः बलिदान के लिए महानवमी १७ अक्तू. को होगी।

विजयादशमी :

आश्विन शुक्ल दशमी को विजयादशमी पर्व मनाया जाता है। इस पर्व में मुख्यतः अपराजिता पूजन और सीमोल्लंघन इन दो अनुष्ठानों का विधान है। अपराजिता पूजन अपराह्ण व्यापिनी दशमी में करने का नियम है। इस बारे में पुराण समुच्चय का वाक्य है–

दशम्यां च नरैः सम्यक् पूजनीयापराजिता।
ऐशानीं दिशमाश्रित्य अपराह्णे प्रयत्नतः।।

सीमोल्लंघन के बारे में कश्यप का वचन है कि श्रवण नक्षत्र युक्त दशमी में सीमोल्लंघन करना चाहिए क्योंकि श्रीराम ने श्रवणयुता दशमी में ही लंका पर विजय के लिए प्रस्थान किया था–

श्रवणर्क्षे तु पूर्णायां काकुत्स्थः प्रस्थितो यतः।
उल्लंघयेयुः सीमानं तद्दिनर्क्षे ततो नराः।।

यह सीमोल्लंघन सायं या विजयमुहूर्त (प्रदोष) के समय जब तारे आकाश में दिखाई देना प्रारम्भ हो जाएं तब करना चाहिए ऐसा शास्त्रों में निर्देश है। भृगु का कथन है–

आश्विनस्य सितेपक्षे दशम्यां सर्वराशिषु।
सायंकाले शुभा यात्रा विधा वा विजयक्षणे।।

विजयक्षण (विजयमुहूर्त) प्रदोष का ही प्रारम्भ काल माना गया है, जबकि आकाश में तारे चमकना प्रारम्भ करते हैं –

ईषत्सन्ध्यामतिक्रान्तः किञ्चिदुद्भिन्न तारकः।
विजयो नाम कालोऽयं सर्वकार्यार्थ साधकः।।

निबन्धकारों ने इसे प्रदोषकाल ही माना है। तदनुसार उन्होंने सीमोल्लंघन या विजय यात्रा के लिए प्रदोष काल को ग्राह्य माना है।

इस प्रकार विजयादशमी के लिए धर्मशास्त्रकारों ने अपराह्ण व्यापिनी, प्रदोष व्यापिनी एवं श्रवण नक्षत्रयुता दशमी को निर्णायक माना है।

इस वर्ष (सं. २०४८ वि. में) आश्विन शुक्ल दशमी दो दिन (१७ और १८ अक्तू. ९१ को) अपराह्ण व्यापिनी है। अतः इस स्थिति में हमें यह निर्णय करना है कि यहां किस दिन विजयादशमी मानी जाए।

जब दोनों दिन दशमी अपराह्णव्यापिनी हो तब हमारे पास विजयादशमी का निर्णय करने के लिए निम्नलिखित तीन निर्णायक (उपाय) हैं–

(१) युग्म वाक्य
(२) श्रवण नक्षत्र का योग (३) सीमोल्लंघन (प्रदोष) के समय दशमी की व्याप्ति।

युग्मवाक्य : जब तिथि कर्मकाल को दोनों दिन व्याप्त करती हो या न करती हो तब युग्म वाक्य के अनुसार पर्व का निर्णय करने का विधान है। युग्म वाक्यों से यह निर्णय किया जाता है कि अमुक तिथि को पूर्वविद्धा स्वीकार किया जाए या परविद्धा। दशमी तिथि के बारे में युग्मवाक्य कहते हैं कि इसे पूर्वविद्धा (नवमीयुता) ही स्वीकार किया जाए। सौर पुराण एवं नारद का वाक्य है कि दशमी को कभी भी एकादशी विद्धा नहीं लेना चाहिए।

नागविद्धा तु या षष्ठी शिवविद्धा तु सप्तमी।
दशम्येकादशी विद्धा नोपोष्या स्यात्कथंचन।।

ब्रह्मवैवर्त का भी यही कहना है–

नवमी दशमी चैव नोपोष्या पर संयुता। पुराण समुच्चय में तो स्पष्ट कहा है कि अपराजिता पूजन नवमी विद्धा दशमी में ही करना चाहिए –

या पूर्णा नवमीयुक्ता तस्यां पूज्यापराजिता।

इस प्रकार युग्म वाक्यानुसार विजयादशमी इस वर्ष १७ अक्तू. ९१ को ही होनी चाहिए क्योंकि इस दिन दशमी नवमी विद्धा है। १८ अक्तू. को वह एकादशी विद्धा होने से त्याज्य है।

श्रवण नक्षत्र योग : सीमोल्लंघन के लिए श्रवण युता दशमी का शास्त्रों में निर्देश है, १७ अक्तू. ९१ को ही दशमी का श्रवण नक्षत्र से योग है। इस दृष्टि से भी १७ अक्तू. को ही विजयादशमी सिद्ध होती है। १८ अक्तू. को तो श्रवण का दशमी से यत्किञ्चित भी स्पर्श नहीं है। केवल सीमोल्लंघन के लिए ही नहीं अपितु अपराजिता पूजन के लिए भी श्रवण को ग्राह्य लिखा है–

मूलेनावाहनं देव्याः पूर्वाषाढासु पूजनम्।
उत्तरासु बलिः दद्यात् श्रवणे चापराजिता।।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्रदोष काल में दशमी : सीमोल्लंघन या यात्रा का काल शास्त्रों में वह बतलाया है जबकि तारे आकाश में कुछ-कुछ चमकने लगें। यह लगभग प्रदोष काल ही माना गया है। १७ अक्तू. को ही दशमी प्रदोष काल में पूरी तरह विद्यमान है। १८ अक्तू. को तो दशमी सूर्यास्त से कहीं पहिले ही समाप्त हो जाती है।

यदि भृगु के पूर्वोक्त वचन ("सायंकाले शुभा यात्रा ...") के अनुसार यात्रा के लिए सायंकाल का भी कोई ग्राह्य मानें तब भी १७ अक्तू. को विजयादशमी सिद्ध होती है, क्योंकि इस दिन दशमी सायंकाल में भी विद्यमान है।

पावकहमुखे हवने कृते शान्ति—क्रूरग्रहमुखे चैव सञ्जाते हवने शुभे । शांति विधाय गां दद्याद् ब्राह्मणाय कुटुम्बिने । आयसीं प्रतिमां कृत्वा निदिपेत्तामधोमुखीम् ।। गोमूत्र-मधुगन्धाद्यैरचितां प्रतिमां ततः । कुण्डे निधाय सम्पूज्य तत्र होमो विधीयते ।।

अथ ऋणी-धनी विचार:—स्ववर्गं द्विगुणं कृत्वा परवर्गेण योजयेत् । अष्टभिस्तु हरेद् भागं योऽधिक: स ऋणी भवेत् ।।

यथा—अपने नाम के 'अ' वर्गादिवर्ग को दूना कर दूसरे वर्ग को जोड़ना, फिर ८ से भाग देना । फिर दूसरे का वर्ग दुगुना करके अपना वर्ग जोड़ना, फिर ८ का भाग देना; जिसका भाग शेषांक अधिक बचे वह ही कम बचने वाले का ऋणी जानना । ऋणी नौकर रखना हितकर होता है । राशि के अनुसार अपने से उच्च वर्ण की राशि का नौकर रखना निषिद्ध है, समान वर्ण प्रीतिकारक है ।

भूमि का लेन-देन—गुरु, शुक्रवार १,५,६,११,१५, तिथि, मृग. पुन. श्ले. म., पू. फा., वि., अनु., मूल, पू. षा., उ. षा. नक्षत्र में-घर जमीन का सौदा करना शुभ है ।

हल-प्रवहण मुहूर्त:—मृ.रे.चि. अनु.रो. उत्तरा. ३. ह. अश्वि. पुष्य. अभि.स्वा. पु.ध. श.श.म.मू.वि एषु भेषु रिक्तामावष्ठ्यष्टमीरहित सतिथौ शुभग्रहस्य वासरे,१।५।७।१०।११ लग्नेषु भूमिशयन-भद्रादीन् वर्जयित्वा हलचक्रादौ सत्यां हलप्रवहण शुभम् ।

हलचक्रम्					बीजवपने राहुचक्रम्								
सूर्य-भुक्त नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिने					राहु नक्षत्रात् दिनर्क्ष यावत् गणना कार्या								
३	८	९	८	नक्षत्र	८	३	१	३	१	३	१	३	४
अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	फलम्	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ

बीज वपने मुहूर्त:—ह. अश्वि. पुष्य. उत्तरा ३. चि. अनु. मृ. रे. स्वा. ध. एषु भेषु सतिथौ भौमातिरिक्त-वारेषु शशकने राहुचक्रशद्धौ सत्यां शुभ: । विशेष:-रवौ रौद्रा (आर्द्रा) चपादस्थे भूमौ रजस्वला: । तस्मात्दिनत्रयं तत्तु बीजवापे परित्यजेत् ।

नवान्न भक्षण मुहूर्त:—मृ. रे. चि. अनु. ह. अश्वि. पुष्य अभि. स्वा. पुन. श्र. ध. श. विषघटी रहित नक्षत्रों में शुभ है; नन्दा रिक्ता तिथियों और पौष चैत्र को छोड़कर सू. बु. चं. गु. शुक्रवार शुभ हैं ।

गाय बैल आदि पशु लेने का मुहूर्त

उ. फा. नक्षत्र से वर्तमान नक्षत्र तक गणना करे । यदि वर्तमान नक्षत्र, उ. फा. नक्षत्र से चतुर्थ पंचम छब्बीसवां या सत्ताईसवां हो, तो गाय लेना अशुभ है । उ.फा. नक्षत्र से गणना करने पर उल्लिखित (४,५,२६,२७ वें) नक्षत्रों को छोड़कर शेष सभी नक्षत्रों में गाय लेना शुभ है । भैंस लेने के लिए भी यही क्रम है, परन्तु वहां उ.फा. से न गिनकर सूर्य नक्षत्र से गणना करें, नक्षत्रों की शुभाशुभ व्यवस्था पूर्ववत् ही है । बैल खरीदना हो तो भी उ. फा. से वर्तमान नक्षत्र तक गणना करे, परन्तु यहां उ.फा. से तीसरे चौथे २६वें एवं २७वें नक्षत्र में बैल लेना अशुभ है, शेष नक्षत्रों में बैल लेना लाभदायक समझें ।

"नौमी चौदस चौथ चौपाया । मंगल हानि करे घर आया ।।"

सूर्यनक्षत्रात्काष्ठादि (गुहारा आदि) संस्थापन चक्रम्							
६	२	४	४	४	४	४	नक्षत्र संख्या
उत्तमपाक शुभ	भवदहन नेष्ट	सर्पभय नेष्ट	मित्रलाभ शुभ	रोगभय नेष्ट	व्याधकर्म नेष्ट	सुख शुभ	फलम्

वृक्षारोपण मुहूर्त:—मृ. रे. चि. अनु. उत्तरा ३, रो ह- पुष्य, धनि-मू. वि. नक्षत्रों में रिक्तामा रहित शुभ तिथियों में और चं. बु. बृ. शुक्रवार हों, शुक्लपक्ष में ४।१०।११।१२ लग्न में शुभ है तृणकाष्ठग्रहणादि प्रहणविधि:—तृणकाष्ठ का सञ्चय और पलंग बुनवाना आदि काम कुम्भ मीन के चन्द्रमा में नहीं करने चाहिए ।

सिंगी (फस्त) लगाने का मुहूर्त—कृष्णपक्ष में रिक्ता तिथि एवं क्रूरवार को सिंगी (फस्त) और जोंक लगवाना रोगी के लिए आरोग्यप्रद होता है ।

कुलदेवता-स्थापन मुहूर्त—शुभ वार, तिथि, अश्वि. रो. मृ. पुष्य, उफा. ह. चि. स्वा अनु. उषा. उभा. रे. नक्षत्र स्थिर लग्न भद्रादिदोष-रहित समय में शुभ है ।

मशीनरी चालू करने का मुहूर्त—धनि., अश्वि., हस्त., चित्रा., अनु., पुष्य., ज्ये., पुन., एवं रेवती नक्षत्र में शनि की होरा में तथा मशीनरी चालू करने के लग्न में श. म. बृ.च. शुभ स्थान में हों तब चालू करनी चाहिए, इसके लिए वारों में बुधवार उत्तम है ।

औषध सेवन का मुहूर्त—ह. अ. पुष्य. अभि. मृ. रे, चि. अनु. स्वा. पुन. श्र. ध. श. मूल और जन्म नक्षत्र को छोड़कर इन नक्षत्रों में ४।९।१४ को छोड़ कर शुभ तिथियों में, भौम, शनि को छोड़कर अन्य वारों में शुभ है ।

अथ यात्रा मुहूर्त:—

ह. मृ. श्र. अश्वि. पुष्य. पुन. ध, अनु. रे. एषु भेषु यात्रा अत्युत्तमा; रो, उत्तरा ३, पूर्वा ३. एषु भेषु मध्या; भ. कृ. आर्द्रा, आश्ले. म. चि. स्वा. वि. ज्ये. एषु भेषु निन्द्या । तत्रात्यावश्यकत्वेऽपि यात्रायां भरण्यादिभानां क्रमात् ७।२१।१४।१४।११।४०।१४।१४।१४ एता घटिका गमन-कर्मण्यवश्यं वर्जनीया:, २।३।५।७।१०।११।१२ कृष्णपक्षस्य प्रतिपत्तु दिग्द्वारलग्नेषु वा यात्रा शुभा ।

दिग्द्वारलग्नानि				
१।५।९	२।६।१०	३।७।११	४।८।१२	शुभम्
२।२।१०	३।७।११	४।८।१२	१।५।९	मध्यम
४।८।१२	१।५।९	२।६।१०	३।७।११	अधमम्
३।७।११	४।८।१२	१।५।९	२।६।१	म०म०

यात्रा में शुभाशुभ लग्न—जन्मलग्न और जन्मराशि से अष्टमलग्न तथा कुम्भ या कुम्भ के नवांश में यात्रा कदापि न करें । शुभ लग्न वह है जब १।४।५।७।९।१० स्थानों में शुभ ग्रह और ३।६।१०।११ वें पापग्रह हों । अशुभ लग्न वह है जब १।६।८।१२ वें चन्द्रमा १० वें शनि, ६ वें शुक्र, १२।६।८ वें लग्नेश हो । अन्यच्च, यात्रायामष्टम शुद्धं विवाहे सप्तमं तथा । दशमं तु गृहारम्भे चतुर्थं तु प्रवेशने ।।

जन्म लग्नेश दशमेश अस्त हों या मारक दशा हो तो सुमुहूर्त में भी दूर की यात्रा न करे, प्रथम तीर्थ-यात्रा या देव-दर्शन गुरुशुक्रास्त में वर्जित है ।

दिक्शूल-ज्ञानाय चक्रम्							नक्षत्र-शूल चक्रम्			
पूर्व. आ.	दक्षि.	नैऋ.	पश्चि.	वाय	उत्तर.	ईशा.	दिशा पू०	द.	प.	उ.
चै.श. च.श.	गुरु	सू.शु.	सू. शु.	भौम	म.बु.	बु.श.	नक्ष. ज्ये.	पू.भा.	रोहि.	उ. फा.

दिक्शूल-परिहार:—न वारदोषा: प्रभवन्ति रात्रौ देवेज्य दैत्येज्य-दिवाकराणाम् ।
दिवा शशांकार्कजभूसुतानां सर्वत्र निन्द्यो बुधवारदोष: ।।१।।

आवश्यकता में दिक्शूल शान्त्यर्थ-रविवार को घृत, सोमवार को दूध, मंगल को गुड़, बुध को तिल, गुरु को दधि शुक्र को यवान्न, शनि को उड़द तिलकी वस्तु खाकर जाएं तो शुभ है ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

यात्रा में काल ज्ञान		योगिनी-वास चक्रम्							
शनौ	पूर्वे	पू०	अग्नि०	दक्षि०	नैऋ०	पश्चिम	वाय०	उत्तरे०	ईशा०दशत
शुक्रे	आग्नेय्यां	१।९	३।११	५।१३	४।१२	६।१४	७।१५	२।१०	८।३०तिथि
गुरौ	दक्षिणे								
बुधे	नैऋत्ये								
भौमे	पश्चिमे								
चन्द्रे	वायव्ये								
रवौ	उत्तरे								
सम्मुखेनस्तः शुभः									

योगिनी साधारण यात्रा में सामने और दाहने अशुभ होती है, पीछे और बाएं की शुभ, युद्ध यात्रा की बाएं ओर की और सम्मुख की विशेष त्याज्य है। समयशूल :—उषाकाल मे पूर्व को, गोधूलि में पश्चिम को, अर्द्ध रात्रि में उत्तर को और मध्याह्नकाल में दक्षिण को नहीं जाना चाहिए। गर्गगुरु अङ्गिरामूहूर्त गर्ग जी के मत से ५ या ४ घड़ी रात रहे, गमन करे। बृहस्पति के मत से अच्छा शकुन मिलने पर यात्रा करे। अङ्गिरा के मत से जब मन प्रफुल्लित हो तब ही चला जाए। भगवान् के मत से ब्राह्मण की आज्ञा लेकर यात्रा करने से शुभ होता है। पञ्च पञ्च (५५) उषाकाल सप्तपञ्च (५७) अरुणोदय:। अष्टपञ्च (५८) भवेत्प्रात: शेषं सूर्योदयो भवेत्।

चन्द्र-वास चक्रम्			
पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
मेष सिंह धनु	वृष कन्या मकर	मिथुन तुला कुम्भ	कर्क वृश्चिक मीन

एकस्मिन् राशौ आवश्यके तात्कालिक यात्रायां घट्यात्मक चन्द्र-वास चक्रम्

पू	द	प.	उ.	पू	द.	पू.	उ.	दिशा
१७	१५	२१	१६	१७	१५	१०	१८	घटी

घट्यात्मक चन्द्रवास

जिस दिशा का चन्द्र होवे उस दिशा से गिनना चाहिए। कुम्भ और मीन के चन्द्रमा में दक्षिण को कदापि न जावे।

चन्द्रबलम्—सम्मुखे अर्थलाभाय दक्षिणे सुखसम्पद:। पृष्ठतो मरणं चैव वामे चन्द्रे धनक्षय: ॥१॥ सर्वे दोषा: लयं यान्ति पूर्णचन्द्रे हि सम्मुखे ॥इति॥ सम्मुखे चन्द्रप्रशंसा—करण-भगणदोषं, वारसङ्क्रान्ति-दोषं, कुतिथिकुलिकदोषं, यामयामार्धदोषम्। कुजशनिरविदोषं राहुकेत्वादिदोषं हरति सकलदोषं चन्द्रमा सम्मुखस्थ:।

सर्वाङ्क सिद्धि योग:—शुक्लादि तिथि वार की संख्या के जोड़ को तीन जगह रखे क्रमश: ७।८।३ का भाग दे। शेष प्रथम स्थान में शून्य हो तो क्लेश, मध्य में हो तो धनक्षति और अन्त में हो तो मृत्यु होती है। सर्वत्र अंक आने से सौख्य, जय, लाभ हो। विजयादशमी को बिना सर्वांकादि मुहूर्तों के भी यात्रा सफल होती है। बायां स्वर चलते समय पूर्व व ईशान को, दायां चलते समय दक्षिण व नैऋत को मत जाओ हानि होती है। जाने वाले का अच्छे मुहूर्त और अच्छे शकुन में भी जाने को मन न चाहे तो कदापि न जावे, क्योंकि मुहूर्त शकुन से मन की इच्छा प्रबल है। नोट—श्वास खींचते हुए सवारी पर पैर रखें तो यात्रा सुरक्षित होती है।

वर्ण क्रमेण प्रस्थान विधानम्—यदि यात्रा मुहूर्त में किसी अत्यावश्यक कार्यवश विलम्ब हो जावे तो उसी मुहूर्त में ब्राह्मण जनेउ माला, क्षत्रिय शस्त्र, वैश्य मधु घृत व रुपया और शूद्र खट्टे फल को अपने वस्त्र में बांध किसी घर के या नगर के बाहर जाने की दिशा में प्रस्थान से पूर्व रक्खे। अथवा सब लोग मन की सबसे प्यारी वस्तु को रख दें। प्रस्थान (पैंता) रखने के दिन से तीन दिन के अन्दर ही चल देना चाहिए।

यात्रा से पहले त्याज्य वस्तु—यात्रा के तीन दिन पहले दूध त्याग दें, पाँच दिन पूर्व हजामत, तीन दिन पूर्व तैल, सात दिन पूर्व मैथुन, समर्थ न हो तो एक दिन पहले तो सब त्याज्य वस्तुओं का त्याग अवश्य करें। अशुभ मुहूर्त में यात्रा करने पर हानि का भय रहता है। यदि यात्रा का मुहूर्त शुभ न हो और यात्रा भी न टाली जा सकती हो तो चतुर्घटिका या होरा मुहूर्त देख यात्रा करें।

दिने चतुर्घटिका मुहूर्तम्							रात्रौ चतुर्घटिका मुहूर्तम्							
सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	बृह.	शुक्र	शनि	घटी	सू.	चं.	मं	बु.	गु	शु	श.
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	३॥।	शु.	व	का.	उ.	अ.	रो.	ला.
चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	७॥	अ.	रो	ला.	श.	च.	का.	उ.
लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	११।	च.	का	उ.	अ	रो.	ला,	श.
अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	१५	रो.	ला	शु	च.	का.	उ.	अ.
काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	१८॥।	का.	उ	अ	रो	ला.	शु.	च.
शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	२२॥	ला.	शु.	च	का.	उ.	अ.	रो.
रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	२६।	उ	अ	रो	ला.	शु.	च.	का.
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	३०	श.	च.	का	उ.	अ.	रो.	ला.

चतुर्घटिका मुहूर्त मे चर लाभ अमृत शुभ हैं शेष अशुभ हैं।

सूचना—यदि ३० घटी से न्यूनाधिक दिन या रात्रि का मान हो तो उसमें ८ का भाग देने से एक भाग घटी पल ज्ञात होंगे।

यात्रायां शुभ शकुनानि—मृग बांयते दाहिने जो आवे तत्काल। अन्न धन लक्ष्मी बहु मिले चलते प्रात:काल। विप्र, दो अश्व, गजमद, फल, अन्न, दुग्ध, शीशा, श्वेत वृषभ गोदधि सघंप, कलश निर्मलवस्त्र, वाद्य, वैश्या, मयूर, नकुल, सिंहासन, शस्त्र, मांस दीप्ताग्नि, मत्स्य, रोदनरहित मृतक, मंगल गान, वेदध्वनि ससुतस्त्री, गोरी कन्या, धोबी, कार्यसिद्ध वाक्य, सजलपूर्णघट, पश्चाद्रिक्त घट यात्रा समय देखने शुभ हैं। **अशुभ शकुनानि**—बन्ध्या स्त्री, चर्म अस्थि, इन्धन, सन्यासी, रिक्त-घट भैंसों का युद्ध, सर्प, शत्रु, मार्जार-युद्ध, कटुम्बकलह, विधवा, जातिभ्रष्ट, अंगहीन छिक्का, दुष्ट-वाणी, दुखिया का रोना, भैंस पर सवार, नंगा-मनुष्य, दक्षिण में गर्दभ शब्द, यात्रा समय देखना अशुभ तथा कष्टप्रद है।

रामदैवज्ञोक्त आवश्यक यात्रा मुहूर्त चक्रम्

पौ.	मा	फा	चै.	वै	ज्ये	आ	श्रा	भा	आ	का	मा.	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	सौख्य	क्लेश	भीति	लाभ
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	शून्य	दारिद्र्य	दारिद्र्य	मिश्र
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	हानि	दु:ख	लाभ	लाभ
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	लाभ	सौख्य	शुभ	लाभ
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	लाभ	लाभ	कष्ट	सौख्य
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	भय	लाभ	मृत्यु	लाभ
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	लाभ	कष्ट	लाभ	सुख
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	कष्ट	सौख्य	क्लेश	सुख
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	सौख्य	लाभ	सिद्धि	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	क्लेश	सिद्धि	लाभ	धन
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	मृत्यु	लाभ	लाभ	शुभ
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	शुभ	सौख्य	मृत्यु	कष्ट

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

दिशा शूल ले जावे बांये । राहु योगिनी पूठ ।।
सम्मुख लेवे चन्द्रमा । लावे लक्ष्मी लूट ।।

यात्रा से सदैव चल रही नासिका के श्वास की ओर का पांव आगे उठाकर चले इसी तरह सवारी पर चढ़े, कार्यसिद्धि, यात्रा सफल होगी ।

नौका यात्रा मुहूर्त—चि. ह. पु मृ. पूर्वा. ३, अनु. श्र. ध. एषु भेषु सतिथौ शुभेऽह्नि चन्द्रताराकूल्ये सति शुभम् ।

यात्रा निवृत्ती प्रवेश मुहूर्त—म. रे चि.अनु.रो..उ. ३, ह.अ. पुष्य, स्वा. श्र. ध. श. एषु भेषु चं. बु. गु.शु.श. वारेषु १।२।३।५।७।१०।११।१३ तिथिषु ३।५।६।८।६।११।१२ एषु लग्नेषु. १।४।७।१०।५।६ स्थानेषु शुभैः ३।६।११ स्थानेषु पापैः ४।८ शुद्धौ शुभः । वि. कृ. पू. ३ भ. म. मू. ज्ये. आर्द्रा आश्ले. नक्षत्राणि ।४।६।१४।६।१२।८।३० तिथयः सू. मं. वारौ १।४।७।१० लग्नानि सर्वदा वर्जनीयानि । मंगल का मिलाप कष्टप्रद सिद्ध होता है । विशेष :—प्रवेशान्निर्गमश्चैव निर्गमाच्च प्रवेशनम् ।
नवमे जातु नो कुर्यादिनेवारे तिथावित ।।

घातचन्द्र, घातवार आदि का चक्र

मे.	वृ.	मि.	क.	सि.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कु.	मी.	राशयः
मै.	क.	कु.	सि	मं.	मि.	ध.	वृष	मीन	सिंह	धनु	कुम्भ	घातचन्द्र
र.	श.	चं.	बु.	श.	श	बृ.	श.	शु.	म.	बृ.	श.	घातवार
मं.	ह.	स्वा	अनु	मू.	श्र.	श	रे	भ.	रो.	आ.	श्लेषा	घातनक्षत्र
मे.	ध.	ध.	मि.	वृश्चि	वृश्चि.	मो.	ध.	कन्या	वृश्चि	मि.	मेष	स्त्रीच.घात
का.	मार्ग	पो.	माघ	फा.	चैत्र	बै.	ज्ये.	अ.	श्राव	भा.	आ.	घातमास
वि.	सु.	प.	धृ	शो.	सु.	अ.गं.	वृद्धि	वैधृ.	गं.	व्या	व.	घातयोग
१	२	४	७	१०	१२	६	८	९	११	३	५	घातलग्न
१	५	२	२	३	५	४	१	३	४	३	५	घाततिथि
६	१०	७	७	८	१०	६	६	८	९	८	१०	"
११	१५	१२	१२	१३	१५	१४	११	१३	१४	१३	१५	"

कार्य सिद्ध्यर्थं यात्रा में, युद्ध, विवाद, राजदर्शन, वाहन तथा रोगादि कार्यों में घाततिथि आदि घातचन्द्र देखें । तीर्थयात्रा, विवाह एवं उपनयन आदि शुभ कार्यों में घातचन्द्र देखने की आवश्यकता नहीं । "घात-तिथिर्घात-वारः घात-नक्षत्रमेव च । यात्रायां वर्जयेत्प्राज्ञस्त्वन्य कर्मसु शोभनम् ।।" कार, स्कूटर, बाईसाइकिल आदि की खरीद घातचन्द्र में वर्जित है ।

छिपकली कोढ़-किरली गिरने का फल

अग्रिम चक्रोक्त सर्वफल पुरुषों के दक्षिण अंग में और स्त्रियों के वामांग में विचार करना, पुरुषों के वाम भाग में और स्त्रियों के दक्षिण भाग में विपरीत अशुभ भयकारी फल होता है । जो फल पल्लीपात का कहा है, वही फल सरट (गिरगिट) के चढ़ने का जाने । सरट के गिरने का तथा पल्ली के चढ़ने का फल वृथा होता है ।

अथांग-विभागे पल्ली-(छिपकली कोढ़ किरली) पतन फलम्

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
शिरसि	राज्यलाभः	भ्रूमध्ये	राज्य सम्बन्धः	वामपादे	नाशः
नासाग्रे	व्याधिः	वामकर्णे	बहु लाभः	अधरोष्ठे	ऐश्वर्य लाभः
वामभुजे	राज्यभयम्	स्तनयोः	दौर्भाग्यम्	दक्षिणभुजे	नृप तुल्यता
जानुद्वये	शुभागमः	हस्तयोः	वस्त्र लाभ	पृष्ठदेशे	बुद्धिनाशः
कटिभागे	अश्व लाभः	वाममणिबंधे	कांति नाशः	नाभौ	बहुधनम्
गुल्फद्वये	बन्धनम्	दक्षिणपादे	गमनम्	मुखे	मिष्ठान्न भोजनम्
ललाटे	बन्धुदर्शनम्	उत्तरोष्ठे	धननाशः	पादमध्ये	स्त्री नाशः
दक्षिणकर्णे	आयुवृद्धि	नेत्रयोः	धन प्राप्तिः	पादान्ते	मृत्युः
कण्ठे	शत्रुनाशः	उदरे	भूषणलाभः	केशान्ते	मरण
जंघयोः	शुभम्.	स्कन्धयोः	विजयः	नखेषु	धान्य लाभ;
द. मणिबंधे	मनस्तापः	हृदये	धनलाभः	दक्षांगुष्ठे	धन लाभः

पल्ली-पतने प्रशस्त वार-तिथ्यर्क्षाणि—यदि छिपकली १।२।३।५।६।१०।११।१२।१३ इन तिथियों में गिरे तो श्रेष्ठ फलदायक है । तथा चं. बु. गु. शु. इन वारों में भी शुभ फल देती है । पृ. अश्विनी. रो. मृ. पुनः उफा. ह. चि. स्वा. ध. रे. अनु. श. ये नक्षत्र शुभ फलदायक है । अतोऽन्येषु भेषु निन्द्याः ।

पल्लीपाते कर्तव्यं कर्म—पली (किरली) तथा सरट (गिरगिट) स्पर्श होने पर वस्त्र सहित स्नान करें । जन्म नक्षत्र, मृत्युयोग, दग्धा दिन भद्रा आदि से दूषित दिन को पाप-ग्रह युक्त लग्न में तथा अष्टम चन्द्रमा से पल्ली आदि के स्पर्श होने से अरिष्ट होता है । उसकी शान्ति के लिए जप, होम, मृत्युञ्जय का जप वा तिल-स्वर्ण दान पञ्चगव्य से स्नान तथा घृत का छाया पात्र दान करना भी उत्तम है ।

छिक्का फलम्—छिक्का प्रायः सब दिशाओं की नेष्ट होती है, गौ की छिक्का मरण करती है । मदिरा के योग अथवा—छींक सूंघनी छल कर लीन्ही पीन सरदी घास फल हीनो । छींकि पीठि की कुशल उचारे, बाईं कारज सब सवारे ।।१।। सम्मुख छींक लड़ाई भारे । छींक दाहिनी द्रव्य विनाशे ।।२।। ऊंची छींक कहे जयकारी । नीची छींक होय भय कारी । अपनी छींक महा दुखदाई । ऐसे छींक विचारे भाई ।।३।। कन्या विधवा मालन धोबिन रजस्वला वैश्या चमारी की छींक विशेष अशुभप्रद होती है । भोजनान्त में छींक होय तो दूसरे दिन प्रिय भोजन मिले ।

अथ शुभ छिक्का—आसने शयने शौचे दाने चैव तु भोजनं । वामांगे पृष्ठतश्चैव षट् छिक्कास्तु शुभावहा ।। सन्ध्या वन्दन जपादि के आरम्भ में भी छिक्का शुभ है । एक नाक दो छींक काम बने सब ठीक ।।

यात्रा में प्रथम बार अपशकुन होवे तो ११ श्वास तक ठहर कर चले द्वितीय बार १६ श्वास तक ठहरे और तीसरी बार के अपशकुन में कदापि न जावे । यदि एक कोस के बाद शुभाशुभ शकुन हो तो उसका कुछ फल न समझें ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अंग-स्फुरण-फलम्

पुरुषों का दायां अंग और स्त्रियों का बायां अंग फरकना शुभ है।
मस्तक का स्फुरण (फड़कना) स्त्री पुरुष दोनों के लिए शुभ है।

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
मस्तक	पृथ्वीलाभ	वक्ष:स्थल	विजय	ओष्ठ	प्रियवस्तु
ललाट	स्थानलाभ	हृदय	इष्टसिद्धि	हनु	महाभाग
स्कन्ध	भोगलम्…	कटि	प्रमाद	कण्ठ	ऐश्वर्यलाभ
भ्रूमध्य	सुखप्राप्ति	…पार्श्व	प्रीति	ग्रीवाग्र:	शत्रुभय
भ्रूयुग्म	महत्सौख्य	नाभि	स्त्रीनाश	पृष्ठ	पराजय
कपोल	शुभाप्ति	आंत्रिक	कोषवृद्धि	मुख	मित्रप्राप्ति
नेत्र	धनाप्ति	भग	पतिप्राप्ति	भुज	मधुरभोजन
नेत्रकोण	लक्ष्मीलाभ	कुक्षि	सुप्रीति	भुजमध्य	धनागम
नेत्रसमीप	प्रियसंगम	उदर	कोपलाभ	बस्तिदेश	अभ्युदय
नेत्रपक्ष्म	राज्यलाभ	लिंग	स्त्रीलाभ	ऊरु	वस्त्रलाभ
हस्त	सद्द्रव्यलाभ	गुदा	वाहनलाभ	जानु	शत्रुवृद्धि
नेत्रोर्ध्व	विजय	वृषण	पुत्रलाभ	जंघा	स्वामीप्रीति
पादोपरि	स्थानलाभ	पादतल	नृपत्व-वृद्धि		

इन्हीं अंगों में तिल, लसन, मस्सा हो व खुजली उठे तो भी यथोक्त फल जानना। पैर के तलुओं में खुजली उठे तो यात्रा हो। राजाओं के हाथ में तिल या खाज हो तो जय होती है। साधारण व्यक्ति को लाभ होता है।

उत्पात-फल-चक्रम्

उत्पात	फल	उत्पात	फल	उत्पात	फल
दिग्दाह	वर्षा न हो	भूकम्प	प्रजा को भय	सर्वग्रहअतिचार	शुभ फल
धूल वर्षे	दुर्भिक्ष पड़े	पहाड़ टूटे	राजा की मृत्यु	मूसल निकले	युद्ध महर्घता
पत्थर वर्षे	अकाल हो	वृक्ष टूटे	राजा का भय	धूम्रकेतु उदय	राजभंग करे
तारे टूटें	जनक्षय	उलटी ऋतु	रोग विशेष	२।३।४ शूलोदय	राजनाश
बिजली टूटे	जल सूखे	आदमीकेपशुहो	राजविघ्न	सुवर्ण पंक्ति	राजनाश
दिन अंधेरा	प्रजाक्षय	गहयुद्ध	राजाओंमेंविग्रह	त्रिकोणतारा	प्रजानाश
ग्रहसंयुति	अकाल	सूर्यचन्द्रमंद पड़ें	देश भय	वनपशुगांव बसे	मनु. शून्य
श्वेतमण्डल	भय हो	कृष्ण मंडल	राज नाश	घर उल्लू बोले	गृह शून्य
पीतमंडल	रोग हो	धूम्र मंडल	वर्फ पत्थर पड़े	बांबी कबूतर	गृहस्वा. ना.
नीलमंडल	वर्षा हो	बिना ऋतु फल	अन्न नाश	घर में बसे	
रक्तमंडल	युद्ध हो	सूखीभूमीगीली	बहुत वर्षा	सू. चं. बिम्ब	रोगभय
स्त्री वध हो	दुर्भिक्ष पड़े	चित्रफलक वध	दुर्भिक्ष पड़े	अधिक देख पड़े	राजनाश
देवध्वंस	राजनाश	सर्वघात	सबवस्तु महंगी	भूमिकम्प	दुर्भिक्ष
महास्तोदय	भयंकर वर्षा	सौमादिक वक्र	दुर्भिक्ष पड़े	१३ दिन का पक्ष	प्रजानाश

अथ वारपरत्वेन तैलाभ्यंगे फलं-विधिश्च

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	वारा:
तापम्:	सुकीर्ति	मृति	श्री:	वित्त हानि	विपत्ति	सुख सुयोग	फलम्
पुष्पं	०	मृत्तिका	०	दूर्वा	गोमय	०	पातनम्

तैलाभ्यंगे वर्ज्यानि

रवौ भौम व्यतीपाते संक्रान्तौ वैधृतावपि।
षष्ठ्यष्टम्योश्च विष्ट्यां च तैलाभ्यंगो न पर्वसु।

विशेष—यदि प्रतिदिन तेल लगाने का स्वभाव हो तब अथवा उत्सव के दिन व वातारोग में तेल लगाने में दोष नहीं है। अभिमन्त्रित औषधि में पकाया हुआ सरसों का तेल व सुगंधित तेल लगाने से किसी दिन दोष नहीं है।

काक-स्पर्शादौ फलम्—मस्तक पर काक स्पर्श धननाश, मरण तथा कलह करता है। कमर, कन्धे पर अशुभ होता है। स्त्री के मस्तक पर काक बैठना पति पुत्र का नाश करता है। वृक्ष के नीचे दही आदि के उत्तम भोजन के कारण काक का स्पर्श दोषकारक नहीं होता, किन्तु अकस्मात् स्पर्श दोष करता है। काकमैथुन देखना छ: मास में मृत्यु अथवा मृत्युतुल्य कष्ट या इष्टकार्य नाश करता है। विशेषकर दक्षिण दिशा में कुयोग के समय इसके दोष को दूर करने के निमित्त उड़द के आटे की काक प्रतिमा मृण्मय पात्र में स्थापना कर उड़द, चावल, घी, मीठा, नैवेद्य देवे, ग्राम से दक्षिण की ओर बाहर चौरास्ते पर गन्ध पुष्प, धूप, चतुर्मुख दीप, दक्षिणादि से पूजन कर मृत्युञ्जय का यथाशक्ति जप करे (या करादे)। घृतच्छाया पात्र दान और पञ्चगव्य से स्नान भी करे, यह विधान के करने से सम्पूर्ण दोष नाश होते हैं।

काकविष्ठा विचार—शिरसि—मृत्यु: या कष्टम्। स्कन्धयो:-रोग:। भुजयो:—प्रियार्ति:। उदरे-शोक:। गुह्ये-सन्तान-कष्टम्। जंघयो:—वाहनपीड़ा। पादयो:-प्रवास:।

कौवा उड़ता हुआ या किसी सूखे पेड़ पर बैठा हुआ, या पूर्व की तरफ बैठा हुआ अथवा दक्षिण दिशा की ओर मुंह किये किसी के ऊपर काली बीठ कर देवे तो अशुभ जानो। यदि किसी हरे भरे या फूले फले या पीपल, बड़ आदि श्रेष्ठ पेड पर बैठा हुआ सफेद बीठ करदे तो शुभ जानो।

घर में उल्लू आदि—घर में उल्लू गिरे तो स्थान, मान, आयु की हानि हो। जंगली कबूतर घर में बसे-यह भी अशुभ है। शान्त्यर्थ हवन पूजन जप-दान आदि करना चाहिए।

अंकप्रश्न तथा फल वर्णन—प्रश्नकर्ता से एक सौ आठ अंक के भीतर कोई एक अंक मुख से कहलावें या लिखावें। उसमें बारह का भाग देकर पीछे यदि १।६।७ बचे तो देर से कार्यसिद्धि होवे। यदि ४।५।८।१० बचे तो कार्य नाश होवे। ११ बचे तो सिद्धि २ बचने से वृद्धि. ३।६।१२ (०) बचने से शीघ्र सिद्धि होवे यह फल कहे।

अथ स्वप्न-विचार

स्वप्न ७ प्रकार का होता है, प्रथम दृष्ट (दिन में देखे हुए को देखना), द्वितीय श्रुत (सुने हुए को सुनना), तृतीय अनुभूत (जागृतावस्था में परीक्षा की हुई बातों को स्वप्न में देखना), चतुर्थ प्रार्थित (जागृतावस्था में इच्छा की हुई बात को देखना), पञ्चम कल्पित

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

अथ स्वप्न के बाद सोने से स्वप्न निष्फल हो जाता है अत: सोवे नहीं।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

(दिन में कल्पना की हुई वस्तु को देखना), सप्त भाविक (न देखी न सुनी उससे विलक्षण), सप्तम दोषज (वात, पित्त, कफ के दोष से)। पूर्वोक्त सात प्रकारों में से 'दृष्ट श्रुत, अनुभूत प्रार्थित, कल्पित' ये पांच प्रकार के स्वप्न प्रायः निष्फल होते हैं। छठे भाविक स्वप्न का फल उत्तम मिलता है। सप्तम दोषज का फल रोगी के उत्तम मध्यम देखने में आता है। इतना विशेष है कि—बहुत बड़ा तथा बहुत छोटा स्वप्न निष्फल होता है। शुभ स्वप्न देखकर पुनः स्नानादि से शुद्ध हो देव या गुरु आदि के शुभ स्थान में जाकर किसी पूर्ण दैवज्ञ के सामने फल, पुष्प दक्षिणा रखे, स्वस्थचित्त से स्वप्न का वर्णन करे, शुभा-शुभ तथा सामान्य फल का विचार करावे।

शुभस्वप्न—राजा हाथी, गौ, बैल, विप्र, देवता, अनेक बालक, वृद्ध, गुरु, श्वेत-वस्त्र वाली स्त्री, रत्न, इनका दर्शन तथा आशीर्वाद मिलना, महल पर्वत, सिंह, अश्व एवं अन्न की ढेरी पर चढ़ना व दर्शन करना, रक्त से स्नान रथ शय्यादि का ज्वलन; स्व-शिर का छेदन, स्व-रुदन, अपना मरण, वेद-ध्वनि श्रवण, रक्त पीत पुष्प दर्शन, दर्पण, प्राप्ति दही चावल भोजन, जुआ, रण विवाद में अपनी जय, इन्द्रधनुष का देखना, छाछ, अस्थि कपास, नमक, इन चार वस्तुओं को छोड़कर अन्य सर्व श्वेत वस्तु, स्वप्न में देखना धन-स्वर्ण की प्राप्ति तथा कष्ट की निवृत्ति करता है। यदि कोई क्लर्क या मुन्शी यह स्वप्न देखे कि उसने दफ्तर के रजिस्टरों या बहियों में गल्तियां की हैं तो उसे उसके मालिक से अच्छा काम करने की शाबाश या तरक्की मिलेगी।

दर्पण में मुख देखें तो प्रेमी से मिलाप हो। यदि स्वप्न में फल-पुष्प सहित वृक्ष पर अथवा श्वेत वृषभ पर चढ़कर जाग जाय अथवा दक्षिण हाथ में श्वेत सर्प काट जाय तो निश्चय शीघ्र विशेष धन मिले। स्वप्न में बिच्छू, या सर्प के जल में पैर पर काटने से रक्त निकल आवे तो विपत्ति दूर होकर सुख हो। श्वेतवस्त्र वाली स्त्री का स्नान करना, हाथों में हथकड़ी पैरों में जंजीर का बन्धन पड़ना, नर या नारी के हाथ से जूता व जड़ाऊ छत्र, तीक्ष्ण तलवार का मिलना, टट्टी में सर्प का दीखना, अपने पैर व भुजा के मांस को खाना, अगर कपूर पान का मिलना, ऐसे स्वप्न दीखे तो लक्ष्मी की प्राप्ति व सुख मिले। मणि आदि पात्रों में भोजन करना, अपने शिर के मांस को खाना राज्यलाभ करता है। गौ का ताजा दूध उसी वक्त पीना, सूर्यमण्डल का दीखना, अपना मरना दीखे तो रोगी पुरुष का रोगनाश और नीरोग पुरुष को लाभ होता है। बगला, मुर्गी, क्रौञ्च का दीखना चतुर स्त्री प्राप्ति का सूचक है। स्वप्न में रक्त व मद्य का पीना, विप्र को उत्तम विद्या लाभ, क्षत्रियादि को धन प्राप्ति करता है। मांस, चरबी का खाना, विष्ठा अपने अंग में लगाना, श्वेत चन्दन, श्वेत वस्त्र पुष्प से सुसज्जित अपनी देह व अन्य पुरुष की देह देखना, लाभ करता है। हरी सब्जी व सुन्दर अन्न कोई घर पर दे जाय तो घी लाभ हो। नदी समुद्र में तैरना, तालाब में तैर कर पार जाना, सूर्योदय का देखना कोष्ट-पूर्ति करता है। ऊंचे मन्दिर पर चढ़कर आग लगी देखना या तारों का देखना भाग्योदय करता है। राजा, गौ, ब्राह्मण को प्रसन्न देखना, पर्वत, वृक्ष, बगीचे, हरे सुन्दरफल संयुक्त देखना पिछड़े काम सिद्ध होंगे, ऐसा जानना। घर में किसी की मृत्यु पर सब रो रहे हों तो लक्ष्मी और सुख मिले। सीढ़ी पर चढ़कर पार होने से परदेश गमन हो। अगर कोई दुकानदार स्वप्न में देखे कि ग्राहक उसके बिल चुकाए बिना भाग गया है तो उसका समझ लेना चाहिए कि रुपया कहीं से शीघ्र मिलेगा और नये ग्राहक भी बनेंगे, यदि किसी की बहन स्वप्न देखे कि उसके भाई पर भारी विपत्ति पड़ी है और उसकी जान खतरे में है तो यदि वह कुमारी है तो उसका किसी बड़े आदमी के साथ विवाह हो जाएगा और यदि वह विवाहित है तो उसके घर में सब प्रकार से सुख शान्ति रहेगी।

शुभ स्वप्न के बाद सोने से स्वप्न निष्फल हो जाता है अतः सोवे नहीं।

अशुभ स्वप्न—लालवस्त्र पहिनना, सूर्य-चन्द्र का निस्तेज दीखना, तारों का पड़ना अपने घर में हंस हंस के किसी स्त्री को मंगल गाते देखना, नीम पलाश के वृक्ष पर चढ़ना, रुई, कपास, भस्म, तेल, लोहा मिलना या देखना इससे संकट व मृत्यु हो। शरीर में तेल मलना या किसी के द्वारा तेल से स्नान का होना मृत्यु व भारी कष्ट को सूचित करता है। शिर के सारे बालों का या मुख के दांतों का गिरना, द्रव्य या पुत्र का नाश करता है। मरे मनुष्य का अपने स्थान में भोजन करना व किसी वस्तु को मांगकर ले जाना द्रव्य हानि व कष्ट करता है। तैलपक्व गुलगुले तथा तांबे के पैसे मिलना रोग संकट सूचक है। अपनी स्त्री की कमीज को मरी स्त्री ले जावे तो पुत्र कष्ट या मृत्यु हो। हाथ, नाक का काटना, कीच (पंक) में फसना, ऊंट, गधे, भैंस पर चढ़कर तैल मलकर दक्षिण दिशा को जाना और विवाह-गीत मंगल सुनना, अपने घर को किसी के द्वारा गिराते हुए देखना, काले तथा रक्तवस्त्र वाली स्त्री का आलिंगन करना, बन्दर सर्प पर चढ़ना, श्राद्ध आदि पितृकार्यों का करना, भूतप्रेत चांडालों के साथ मिलना, अथवा भूतादि द्वारा पकड़ा जाकर दक्षिण दिशा में जाना इत्यादि स्वप्न मृत्यु कारक होते हैं। नदी में डूबना अथवा नदी के प्रवाह में बह जाना, बिना ऋतु के वर्षा देखना, बाघ, रीछ गीदड़ बिलाव, भैंस, सर्प मक्खी का दर्शन, पर्वत शिखर का तथा बड़ी महल-ध्वजा का गिरते देखना अशुभ कष्ट व चिन्ताकारक है। गौ, हस्ती, देव, विप्र इन के सिवा सब काले रंग की वस्तु देखना अशुभ व चिन्ताकारक है। अगर "विधवा स्त्री" यह स्वप्न देखे कि उससे शादी करने का किसी ने सवाल किया है तो उस पर कोई सख्त बीमारी आवे या मृत्यु होवे। कुत्ता शरीर पर कूदकर दांत से मांस काटे तो शत्रु गुप्तभाव से अनिष्ट करेगा। यदि स्वप्न में कोई कुत्ता प्रेम से आपके साथ खेलता दिखाई दे तो लाभ हो। यदि अपने को कैद में देखे तो दुःख से छूटे। बकरी को चरती देखे तो शुभ दिन नजदीक समझे। तूफान देखे तो दुःख के अन्त की सूचना समझें। घर में आग लगी देखे तो जीवन में कोई विशेष परिवर्तन हो। स्वप्न में बिडाल (बिल्ला) दिखाई दे तो किसी से ठगा जाए। दीपक बहुत टिमटिमाता दिखाई दे तो नीरोग व्यक्ति के लिए रोग की सूचना तथा रोगी व्यक्ति के लिए मृत्यु की सूचना देता है। मुण्डित-केश नर, भिक्षुक तथा सूखी-नदी, सूखा पेड़ आदि का दिखाई देना भी रोग कष्ट एवं मृत्यु सूचक है।

स्वप्न का फल कब मिलेगा

रात्रि के प्रथम प्रहर का एक वर्ष में, द्वितीय का ८ मास में, तृतीय का ३ मास में तथा रात्रि के चतुर्थ प्रहर का एक मास में, अरुणोदय का १० दिन में तथा सूर्योदय से कुछ पहले का स्वप्न तत्काल ही फल देता है। अथवा—रात्रि में जिस समय स्वप्न दिखाई दे, उस समय से जितनी घड़ी रात्रिशेष रहे, उस घटी को चार से गुणा करे, जितनी संख्या हो उतने ही दिनों में स्वप्नफल मिलेगा।

अशुभस्वप्न के दोष की शान्ति

दुष्ट स्वप्न के दोष को दूर करने के निमित्त मृत्युञ्जय का जप, होम, यथाशक्ति स्वर्ण तथा गोदान, अश्वत्थ-पूजन, विष्णुसहस्र नाम, गजेन्द्रमोक्ष व चण्डीपाठ, ब्राह्मण भोजनादि करवाना चाहिए। अशुभ स्वप्नों को देखकर फिर तत्काल सो जाना भी दुःस्वप्न के अनिष्ट फल को दूर करता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सिद्ध होरा मुहूर्त :—यस्य ग्रहस्य वारेषु कर्म सिद्धिमुदीरितम्
तस्य ग्रहस्य होरायां सर्वं कर्म विधीयते ॥

सूर्य की होरा—टेण्डर देने, नौकरी व राजकार्य के चार्ज लेने-देने के लिए अच्छी होती है।
चन्द्र की होरा—सब कार्यों के लिए अच्छी होती है।
मंगल की होरा—युद्ध, चूत, वाधा, कर्ज देना, तथा सोसाइटी में जाना, मुकद्दमा के कार्यों में उत्तम होती है।
बुध की होरा—विद्या (कला काव्य) का आरम्भ, कोष संग्रह करना, नवीन व्यापार करना, नवीन-लेख पुस्तक प्रकाशन, प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करने के लिए शुभ होती है।
गुरु की होरा—विवाह सम्बन्धी कार्यक्रम, बड़ों से मिलन, कोष संग्रह, नवीन काव्य लेखन प्रकाशन आदि अनेक शुभ कार्यों के लिए शुभ है।
शुक्र की होरा—यात्रा, भूषण, नवीन वस्त्र धारण, सौभाग्य-वर्द्धक कार्य व सिनेमा शूटिंग के लिए शुभ होता है। शनि की होरा—द्रव्य संग्रह, भूमि मकान की नींव, नूतन गृहारम्भ, मशीनरी मिल्स कार्यारम्भ, समस्त स्थिर कार्यों के लिए शुभ होती है।

सम्पूर्ण कार्यों की सिद्धि के लिए ज्योतिषशास्त्र में होरा (ग्रहवार) मुहूर्त पूर्ण फलदायक माना है। सात ग्रहों की सात ही होरा हैं। प्रत्येक वार को एक घण्टे की सूर्योदय के समय उसी वार की पहली होरा होती है। फिर दिन रात के २४ घंटों में २४ होरे व्यतीत होने से अगले वार के सूर्योदय के समय उसी वार के स्वामी की होरा आ जाती है। होरा का समय ढाई घटी, यानि एक घण्टा का होता है। दूसरे वार की होरा उसी वार के छठे छठे वार के क्रम से स्वामी की होती है। इसी प्रकार प्रत्येक घण्टे की होरा समझनी चाहिए।

ध्यान रहे कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वराशि के स्वामी ग्रह के शत्रु ग्रहों की होरा में यात्रा-विवाहादि तथा शुभ कर्मों का त्याग कर देना चाहिए, अन्यथा अशुभफल मिलेगा। स्वराशि के मित्र ग्रहों की होरा में कार्यारम्भ श्रेयस्कर रहेगा।

निम्नलिखित चक्र द्वारा दिन-रात के जिस किसी घण्टे की अभीष्ट कार्य-सिद्ध्यर्थ वह होरा देखनी हो, सहज में ज्ञात हो सकेगी।

वार →	हो. १	हो. २	हो. ३	हो. ४	हो. ५	हो. ६	हो. ७	हो. ८	हो. ९	हो. १०	हो. ११	हो. १२	हो. १३	हो. १४	हो. १५	हो. १६	हो. १७	हो. १८	हो. १९	हो. २०	हो. २१	हो. २२	हो. २३	हो. २४
सू.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.
चं.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.
मं.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.
बु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.
बृ.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.
शु.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.
श.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.

उदाहरण—कल्पना करो, कि—आज मंगलवार है। आपने कार्य-सिद्ध्यर्थ किसी बड़े पुरुष से मिलने जाना है। तो इसके लिए उपरोक्त पंक्तियों में गुरु की होरा उत्तम होती है—ऐसा लिखा है। अतः उस दिन गुरु की होरा मालूम करनी है कि—किस-किस समय पर होता है। उपरोक्त चक्र में मंगलवार के सामने खाने में देखा तो उस दिन सातवें चौदहवें और इक्कीसवें घण्टे में गुरु की होरा मिली। अतः मंगलवार को स्थानीय सूर्योदय से छठे व तेरहवें अथवा बीसवें घन्टे के बाद एक-एक घण्टे तक की गुरु होरा में आपको बड़े व्यक्ति से मिलने जाना फलप्रद है। इसी प्रकार अन्य दिनों में अन्य कार्यों के लिए भी समझ कर कार्य करना चाहिए। जिस वार को जो कार्य करना है, वह वार न मिले तो वह कार्य उस वार की होरा में कर सकते हैं। जैसे—दक्षिण में जरूरी यात्रा करनी है परन्तु उस दिन शुक्रवार है। इस दिन दिक्शूल के कारण दक्षिण दिशा की ओर प्रस्थान अशुभ माना जाता है। ऐसी स्थिति में उस दिन गुरु की होरा छोड़ कर शुक्र की होरा में जाए तो शुभ रहेगा।

ठेकेदारों का टेंडर देने का समय—सू. चं. बु. गु. शु. की होरा में टेंडर देना लाभप्रद रहता है।

खाता: नई गद्दी स्थापना व नई बही लगाने का मुहूर्त—दीपमाला के दिन या जब भी समय नियत हो, प्रातः सूर्योदय के बढ़ते सूर्य में मध्याह्न तक मंगलवार ४।९।१४ तिथि तथा भद्रा को छोड़ कर शुभ लाभ व अमृत के चौघड़ियों में या शुभग्रहों की होरा में करें, मध्याह्नोत्तर उतरते सूर्य में नहीं।

सूर्यादि वारेषु कुयोग-सारिणी—

	सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.
सर्वकार्येषु वर्ज्या	ति. ५ न. ह.	ति. ५ न. मृ.	ति. ७ न. अ.	ति. ८ न. अनु.	ति. ९ न. पु.	ति. १० न. रे.	ति. ११ न. रो.
मृत्युयोग (अथवा: तिथय:)	१।६।११	२।७ १२	१।६।११	३।८ १३	४।९ १४	२।७ १२	३।१०।१५
क्रकच योग	ति. १२	ति. ११	ति. १०	ति. ९	ति. ८	ति. ७	ति. ६
दग्धा तिथि	१२	११	५	३	६	८	९
विषाख्य तिथि	४	६	७	२	८	९	७
हुताशन तिथि	१२	६	७	५	९	१०	११
ग्रहा जन्म तिथि	७	१४	१०	१२	९	८	१५
दग्ध नक्षत्र	भ	चि	उषा	ध.	उफा	ज्ये.	रे.
कुलिक मुहूर्त	१४	१२	१०	८	६	४	२
कालवेलामुहूर्त	८	६	४	२	१४	१२	१०
यमघंटकमुहूर्त	१०	८	६	४	२	१४	८
कण्टकमुहूर्त	६	४	२	१४	१२	१०	२१
दुर्मुहूर्त	१४	९।१२	४।७	८	६	९	१।२
यमघण्टयोग:	म	वि.	आ.	म.	कृ.	रो.	ह.

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सुगम प्रश्न विचार

जब कभी आपको किसी भी प्रश्न के पूछने की इच्छा हो तब शुद्धता पूर्वक 'ॐ श्री कीर्ति भवान्यै नमः' इस मन्त्र को श्रद्धा पूर्वक सात बार पढ़कर नीचे दिये गए चारों यन्त्रों पर क्रमशः अंगुली रक्खें। फिर यन्त्रों के उन चारों अंकों को, जिन पर अंगुली रक्खी गई हो, जोड़कर ९ से भाग दें। शेष बचे हुए अंक के सम्मुख अपनी अभीष्ट प्रश्नावली उत्तरावली में (अर्थात् यदि मुकद्दमे का प्रश्न हो तो "मुकद्दमा का फल" वाली उत्तरावली में, नौकरी का प्रश्न हो तो "नौकरी का फल" वाली उत्तरावली में ''' इत्यादि) अपना उत्तर देखें। उदाहरण लीजिए—आपका प्रश्न मुकद्दमे के विषय में है कि जीत होगी कि नहीं? आपने चारों यन्त्रों में क्रमशः ४, ३, ७ एवं ९ पर अंगुली रक्खी, जिनका योग २३ हुआ। २३ को ९ से भाग देने पर शेष ५ बचा। अब आप अपना उत्तर "मुकद्दमे का फल" शीर्षक वाली उत्तरावली में ५ संख्या के सम्मुख देखिये। उत्तर है— "विशेष खर्च करके जीत होगी"। यहां पर यह स्मरण रहे कि यदि शेष ० बचे तो उसे ९ समझें।

नोट—प्रश्न एक ही बार करना चाहिए बार-बार दिल्लगी से प्रश्न करने पर फल नहीं मिलेगा।

अंगुल रखने के लिए चार यन्त्र

यन्त्र सम्मुख

४	३	८
९	५	१
२	७	६

यन्त्र ऊर्ध्वमुख

६	१	८
७	५	३
२	९	४

यन्त्र अधोमुख

४	९	२
३	५	७
८	१	६

यन्त्र विमुख

८	३	४
१	५	९
६	७	२

उत्तरावली

मित्र मिलाप फल (१)

१. मित्र शीघ्र ही मिलेगा।
२. मित्र विश्वासघाती है।
३. मित्र कुछ विलम्ब से मिले।
४. मित्र धोखा देगा।
५. मित्र बड़ा सज्जन प्रेमी है।
६. मित्र बड़ा कष्टमय युक्त है।
७. मित्र अच्छा है शीघ्र मिलेगा।
८. मित्र मतलबी है।
९. मित्र दूसरे से मिलावट रखता है।

मुकद्दमे का फल (२)

१. मुकद्दमा देर से होगा।
२. मुकद्दमे में जीत होगी।
३. हाकिम ठीक न्याय नहीं करेगा।
४. कुछ कुछ जीत होगी।
५. विशेष खर्च करके जीत होगी।
६. कष्ट अधिक होगा।
७. तुम्हारी हार होगी।
८. सुलह हो जायेगी।
९. पंचायत मिलकर फैसला करेगी।

यात्रा का फल (३)

१. गमन मत करो लाभ नहीं है।
२. देशाटन में लाभ-हानि बराबर है।
३. भूल कर भी मत जाओ हानि होगी।
४. शुभ दिन में जाओ लाभ होगा।
५. देशाटन में कोई चमत्कार है।
६. शकुनविचार कर गमन करो लाभहोगा
७. यात्रा पीड़ा कारक होगी।
८. यात्रा में आराम मिलेगा।
९. यात्रा सफल हो पर खर्च विशेष होगा

पशु लेने का फल (४)

१. पशु से पूरा लाभ होगा।
२. पशु से हानि लाभ सम।
३. पशु मत खरीदो भला नहीं।
४. तेरा विचार ठीक नहीं है।
५. फायदा रहेगा तो नहीं।
६. आज कल पशु लेना देना बुरा है।
७. पशु संग्रह मत करो पछताओगे।
८. तेरा विचार विलम्ब से फलेगा।
९. लेना देना ठीक नहीं हानि लाभ सम

लाभालाभ का फल (५)

१. इस माल में लाभ उत्तम होगा।
२. इस माल से लाभ कुछ न होगा।
३. यह काम घाटे का है।
४. चोरी या नुकसान का भय है।
५. साझी या व्यापारी दगा करेगा।
६. माल से सवाया लाभ होगा।
७. माल कुछ देर से लाभ देगा।
८. खरीदो मत, पड़ा है तो बेचो।
९. माल में गहरा नफा मिलेगा।

नौकरी का फल (६)

१. नौकरी जरूर मिलेगी।
२. देर से मिलेगी धीरज धरो।
३. काम नहीं बनेगा, सचेत रहो।
४. खर्च करने से कार्य बनेगा।
५. यहां कुछ नहीं और फिकर करो।
६. शत्रु रुकावट करेंगे ग्रह दान दो।
७. किसी की सहायता से काम बनेगा।
८. इस विचार में अनेक विघ्न होंगे।
९. काम सिद्ध न होगा।

विद्या परीक्षा का फल (७)

१. अभी उत्तीर्ण होना दूर है।
२. विद्या से कुछ लाभ नहीं।
३. मनोकामना पूरी होगी।
४. विद्या सामान्य सफलता देगी।
५. विद्या हो परम लाभकारी होगी।
६. उत्तीर्ण होने में कष्ट होगा।
७. अच्छे दरजे में पास होगा।
८. विद्या में विशेष लाभ न हो।
९. विद्या लाभकारी न होगी।

परदेशी प्रश्न फल (८)

१. परदेशी शीघ्र ही आयेगा।
२. बीमारी से लाचार है।
३. मार्ग में चला आ रहा है।
४. दूर देशान्तरों में विचरता है।
५. रास्ते से ठगा गया है।
६. अभी मन में लौटने का नहीं है।
७. वह परदेश में ही प्रसन्न है।
८. खर्च में तंग है कैसे आये।
९. परदेशी पराधीन हो गया।

शत्रुनाश प्रश्न फल (९)

१. शत्रु दुष्ट है दमन होगा।
२. शत्रु से तुम्हारी जीत होगी।
३. शत्रु द्वारा विशेष हानि होये।
४. मित्र की सहायता से भय हो।
५. शत्रु निर्बल हो गया डरो मत।
६. विश्वास न करो उससे भय है।
७. राज्य की सहायता से भय मिटे।
८. सुलह की जावेगी।
९. शत्रु के कारण द्रव्यनाश होगा।

मंत्र सिद्ध करने का फल (१०)

१. इस साधना में उपद्रव होगा।
२. मन निश्चित चंचल होगा।
३. यह साधना शुभ नहीं।
४. साधना गुरु कृपा से पूर्ण होगी।
५. प्रारम्भ करने पर कष्ट होगा।
६. साधना सफल नहीं होगी।
७. देरी बाद सिद्ध होगी।
८. परिणाम अच्छा नहीं होगा।
९. इस सिद्धि को खेल मत समझो।

बाग लगाने का फल (११)

१. बाग लगाने से अच्छा लाभ है।
२. बाग देर से फल देगा।
३. बाग लगाने में लाभ नहीं।
४. बाग अधिक रुपया खा जावेगा।
५. जंगली जन्तु बाग को नष्ट करेंगे।
६. बाग सुरक्षित नहीं रहेगा।
७. बाग लाभप्रद होगा।
८. बाग लगाना कलह का मूल होना।
९. मनोरथ सफल होगा।

राजा के दर्शन का फल (१२)

१. विचार छोड़ दो कुछ लाभ नहीं।
२. राजा के दर्शन में हानि है।
३. राजा के दर्शन से मनोरथ पूर्ण होगा
४. राजा का दर्शन विलम्ब में फल देगा
५. लाभ हुआ चाहता है वैरी रोकता है
६. राजा के दर्शन में कोई लाभ नहीं है
७. राजा आदर करे जगत में नाम हो।
८. इस झगड़े में मत पड़ो पश्चाताप हो
९. राजा का दर्शन सफल होगा।

बन्ध मोक्ष का फल (१३)

१. खर्च करने से सत्य छूटेगा।
२. नहीं छूटेगा, कितनी ही कोशिश करो
३. जल्दी छूटेगा, देर नहीं होगी।
४. रुपया खर्च करने से छूटेगा।
५. धन खर्च करने से छूटेगा।
६. देर से छूटेगा, सत्य मानो।
७. सिफारिस से छूटेगा।
८. जल्दी छूट जाएगा।
९. अभी नहीं छूटेगा।

मकान बनाने में हानि-लाभ (१४)

१. मकान बनाओ सुख मिलेगा।
२. अधिक दिनों में पूरा होगा।
३. इस कार्य में लाभ नहीं मत करो।
४. द्रव्य का खर्च विशेष होगा।
५. इस कार्य में शत्रु उपद्रव करेगा।
६. मकान निर्बल खराब बनेगा।
७. इस मकान से लाभ होगा।
८. इस मकान पर सदा झगड़े रहेंगे।
९. पृथ्वी का भाग पृथ्वी में रहेगा।

इच्छा पूरी होगी कि नहीं (१५)

१. इच्छा शीघ्र ही पूर्ण है।
२. अधूरी इच्छा पूर्ण होगी।
३. इच्छा पूर्ण होने में विघ्न।
४. निष्फलता है।
५. देर में होगी।
६. इच्छा पूर्ति में कुछ विघ्न, बाधायें।
७. इच्छा पूर्ण होगी।
८. इच्छा पूर्ण न होगी।
९. किसी की सहायता से पूर्ण होगी।

दुकान करूं या नहीं (१६)

१. दुकान करने से लाभ अच्छा है।
२. दुकान करने से लाभ नहीं।
३. दुकान करो, लाभ बहुत होगा।
४. दुकान से लाभ है, खर्च बहुत होगा।
५. दुकान मत करो, हानि है।
६. लाभ-हानि समान है न करो।
७. लाभ अच्छा होगा, दुकान करो।
८. दुकान में लाभ न होगा।
९. दुकान में लाभ अच्छा होगा।

खेती करूं या नहीं (१७)

१. खेती में लाभ रहेगा।
२. वर्षा थोड़ी होने का डर है।
३. खेती को कीड़े का भय है।
४. मनोकामना सिद्ध होगी।
५. जितनी मेहनत उतना लाभ।
६. खेती करो पर सावधानी से।
७. खेती में ओले का भय है।
८. वायु के कारण कुछ हानि होगी।
९. खेती में हानि रहेगी मत करो।

रोगी का प्रश्न फल (१८)

१. यह रोग अधिक दिन तक रहेगा।
२. ग्रह दशा खराब है, शांति करो।
३. यह रोग ईश्वर प्रकोप का फल है।
४. चिन्ता न करो आराम होगा।
५. रोगी की आबो हवा बदली करो।
६. रोगी को पथ्य से रखो।
७. चिन्ता न करो, कुछ दिन भारी है।
८. आराम हो जायेगा, पर खर्च अधिक है
९. होनहार में किसी का वश नहीं चलता

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

संतान भाग्य में क्या है फल (१९) १. सन्तान आपके भाग्य में नहीं। २. प्रेत शांति से होगी। ३. संतान होगी कमजोर। ४. इष्टदेव की पूजा से। ५. मेहनत से होगी। ६. यज्ञ या विहोम विधि से। ७. होकर नष्ट होने का भय है। ८. संतान की आशा छोडो। ९. सप्ताह श्रवण से होगी।	**तबादले का प्रश्न (२३)** १. तबादला होगा। २. कुछ रुकावट के साथ होगा। ३. तबादले में विघ्न आवे। ४. तबादला अभी नहीं। ५. तबादला होगा। ६. तबादले में देर है। ७. तबादला जरूर होवे। ८. अभी ठहरो। ९. देरी से होगा।	**रोजगार प्रश्न फल (२७)** १. रोजगार जल्दी ही अच्छा होगा। २. विशेष परिश्रम करने से रोजगार होगा ३. किसी प्रकार की ठेकेदारी करो। ४. जल मिट्टी, कोयला से लाभ होगा। ५. अब इस व्यापार में हानि होगी। ६. दुश्मन नुकसान करेंगे, सावधान। ७. रोजगार ठीक होने में देर है। ८. खोटे ग्रह की दशा है ! अभी चुप रहो ९. जो विचार है वह पूर्ण नहीं होगा।	**खोया पशु किधर मिलेगा (३१)** १. पशु दक्षिण में है, नहीं मिलेगा। २. पश्चिम में गया है, मिलेगा। ३. द.-प. के कोण में गया है, नहीं मिलेगा ४. उत्तर दिशा में ढूंढो, मिलेगा। ५. पूर्व की ओर गया है, जल्दी ढूंढने से मिलेगा ६. उत्तर में ही मिलेगा। ७. पूर्वोत्तर कोण में गया है, मिलना कठिन है ८. दक्षिण में गया है मिलेगा। ९. पश्चिम में गया है खर्च से मिलेगा।	**इस काम में लाभ है कि नहीं (३५)** १. इस काम में सुख लाभ होगा। २. इस काम में दुःख एवं हानि होगी। ३. इस काम में हानि-लाभ समान होगा ४. इस काम में हानि दुःख होगा। ५. इसमें लाभ सुख है। ६. लाभ सुख मध्यम है। ७. सुख लाभ होगा। ८. सावधान, हानि दुःख होगा। ९. सुख लाभ होगा।	**मुझे कोई रोग है या ग्रह-दोष या कोई और पीड़ा (३९)** १. कर्मजन्य शारीरिक कष्ट है। २. रोग से ही पीड़ित है। ३. ग्रहकृत मानसिक रोग है। ४. प्रेत पीड़ा है, शांति करावें। ५. शत्रुकृत टोना आदि असर है। ६. ग्रह पीड़ा है, शांति करावें। ७. शत्रु ने कुछ कराया है, रामरक्षा पढ़ें ८. रोग कष्टसाध्य है शिवार्चन करें। ९. कर्मजन्य फल से विवश है।
धर्म दीक्षा फल (२०) १. धर्म में प्रीति थोड़ी हो। २. धर्म में अधिक प्रीति हो। ३. धर्म करते रोग हो। ४. धर्म में धन बढ़े। ५. धर्म से व्याकुलता हो। ६. धर्म से नाम स्थिर रहे। ७. धर्म करते मृत्यु हो। ८. धर्म से बुद्धि उखड़े। ९. धर्म दीक्षा से शांति मिले।	**कर्ज लेने देने का परिणाम क्या है (२४)** १. यहां से कर्ज लेना देना अच्छा है। २. जैसा प्रेम अब है आगे नहीं रहे। ३. लेने देने का नतीजा खराब रहेगा। ४. अन्त में मुश्किल होगी। ५. दिया सो खोया, लिया सो कमाया। ६. इस जगह हानि-लाभ समान है। ७. लेने देने में कोई हरज नहीं। ८. अन्त समय अदालत में जाना होगा। ९. नफा नुकसान बराबर रहेगा।	**चोरी गई का फल (२८)** १. वस्तु शीघ्र मिलेगी। २. खर्च करने पर माल मिलेगा। ३. पता पूरा लगे पर माल न मिलेगा। ४. चोर पक्का है माल न मिलेगा। ५. किसी की मदद से माल मिलेगा। ६. चोर ने तेरी वस्तु और को दे दी है। ७. माल आधा नष्ट हो गया है। ८. माल नहीं मिलेगा आशा छोड़ दो। ९. चोर छोटी आयु का है माल मिलेगा।	**मेरा यह वर्ष कैसा है (३२)** १. यह वर्ष शुभ रहेगा। २. वर्ष कष्टप्रद है। ३. वर्ष मध्यम है। ४. वर्ष अधिक कठिनाइयों वाला है। ५. वर्ष शुभ लाभप्रद है। ६. वर्ष साधारण है। ७. वर्ष शुभ है। ८. वर्ष हानिकारक है, ग्रह शांति करो। ९. इस वर्ष भाग्य वृद्धि होगी।	**मुझे यहां लाभ होगा या अन्य स्थान पर (३६)** १. अन्य स्थान पर जाओ लाभ होगा। २. इसी स्थान पर लाभ होगा, धैर्य करो ३. अन्य स्थान पर जाना लाभप्रद है। ४. अन्य स्थान पर लाभ रहेगा। ५. यहीं ठहरो, कुछ दिन बाद लाभ होगा ६. यहीं ठहरो दूसरी जगह भी कष्ट होगा ७. यह स्थान मत छोड़ो देर से लाभ होगा ८. दूसरी जगह जाना ठीक है। ९. यहीं परिश्रम करो ग्रहशांति से लाभ होगा	**क्या नलकूपादि लगाना ठीक है (४०)** १. शीघ्र जल मिलेगा। २. खण्डित जल मिलेगा। ३. सुन्दर जल मिलेगा। ४. जल नहीं मिलेगा। ५. अमृत जल मिलेगा। ६. जल मिलेगा। ७. मिश्रित कम जल मिलेगा। ८. अभी जल नहीं मिलेगा। ९. जल कम या क्षार मिलेगा।
अनाज खरीद फल (२१) १. अनाज में भारी लाभ होगा। २. नफा टोटा समान रहेगा। ३. घाटा रहेगा। ४. अन्न के खराब होने का भय है। ५. सांझी व्यापार न करे। ६. देर से बिकेगा। ७. अनाज में सस्ताये होंगे। ८. बेचना ठीक है, लेना मत। ९. प्रश्न फल अशुभ है।	**गर्भ में क्या है ? फल (२५)** १. इस गर्भ की सुआशा नहीं। २. पुत्री का जन्म होगा। ३. शुभ लक्षण वाला पुत्र है। ४. लड़की होगी पर आयु कम। ५. गर्भ अधूरा रहे या बच्चा मरे। ६. पुत्र का जन्म होगा। ७. दीर्घायु पुत्र होगा। ८. कन्या जन्मेगी। ९. जोड़े बालक होंगे।	**गुप्त चिंता का फल (२९)** १. मन की इच्छा पूर्ण होगी। २. काम बनने में कुछ देर है। ३. काम का नतीजा खराब होगा। ४. किसी का भरोसा मत करो। ५. चिंता न करो काम बनेगा। ६. मन की मन ही में रहेगी। ७. तेरा दुष्ट से वास्ता पड़ा है। ८. देरी से काम बनेगा। ९. चिंता सच्ची है किसी की मदद लो।	**यह प्राणी जीवित है या नहीं (३३)** १. जीवित नहीं। २. यह जीवित है। ३. जीवित नहीं है। ४. जीवन में सन्देह है। ५. जीवित है। ६. जीवित नहीं है। ७. जीवित है। ८. जीवित नहीं। ९. जीवित है।	**यह खबर झूठी है या सच्ची (३७)** १. यह खबर ठीक सच्ची है। २. यह बात झूठी है। ३. बात सच्ची है। ४. बात झूठी है। ५. बात सत्य है। ६. सत्य है। ७. कुछ-कुछ सत्य है। ८. निराधार झूठी है। ९. सच्ची है।	**इस व्यक्ति से मेरा काम सिद्ध होगा कि नहीं (४१)** १. इस व्यक्ति द्वारा सफलता होगी। २. इसके द्वारा कार्य सिद्ध नहीं होगा। ३. कार्यसिद्धि में सहायता मिलेगी। ४. इससे काम सिद्ध न होगा। ५. इसके द्वारा कार्य सिद्ध हो जायेगा। ६. यह दिल से काम नहीं करेगा। ७. बड़ी खुशामद से सिद्ध होगा। ८. इससे कुछ आशा न करो। ९. मिलो, कार्य बनेगा।
पुत्र गोद लेने का फल (२२) १. गोद लेने से नाम रहेगा। २. यह लड़का वफादार नहीं। ३. लड़का खर्च करायेगा। ४. लड़का अच्छा नहीं है। ५. अच्छी निभेगी। ६. सावधानी से गोद लेना। ७. बे-मुहब्बत निकलेगा। ८. घर में अनबन रहेगी। ९. सुखदायी नहीं है।	**विवाह शादी का फल (२६)** १. विवाह देरी से होगा। २. विवाह होगा पर स्त्री अच्छी नहीं। ३. विवाह न होगा। ४. विवाह जरूर होगा। ५. विवाह में रुकावटें होंगी। ६. किसी की खुशामद करो। ७. खर्च करो काम बनेगा। ८. थोड़ी विलम्ब से होगा। ९. स्त्री गुण वाली मिलेगी।	**क्या मुझे सांझा व्यापार में लाभ होगा (३०)** १. सांझे में लाभ होगा। २. सांझे में लाभ कम होगा। ३. सांझे में हानि का भय है। ४. लाभ होगा परन्तु ठहर कर। ५. हानि का भय है। ६. लाभ होगा। ७. लाभ होगा, अंत में गड़बड़ी का भय है। ८. लाभ की आशा व्यर्थ है। ९. लाभ होगा विश्वास रखो।	**यह व्यक्ति विश्वास योग्य है या नहीं (३४)** १. विश्वास योग्य है। २. विश्वास योग्य कम है। ३. विश्वास योग्य नहीं। ४. ईमानदार है। ५. भरोसा कर सकते हैं। ६. भरोसा मत करो। ७. विश्वास पात्र है। ८. विश्वास योग्य नहीं है। ९. विश्वास पात्र है।	**मेरा आज का दिन अच्छा है या बुरा ? (३८)** १. आज का दिन अच्छा है। २. आज सावधान रहें। ३. अच्छा दिन है। ४. खराब है। ५. अच्छा दिन है। ६. अशुभ चिन्ताप्रद है। ७. शुभ दिन है। ८. बहुत ज्यादा खराब है। ९. मध्यम है।	**मुझे इस काम में सफलता मिलेगी कि नहीं ? (४२)** १. सफलता की कम आशा है। २. बड़े परिश्रम से सफलता मिलेगी। ३. सफलता मिलेगी। ४. सफल होना मुश्किल है। ५. सफल हो जाओगे, डटे रहो। ६. सफलता देर से मिलेगी। ७. किसी की सहायता से सफलता मिलेगी ८. सफलता की आशा नहीं। ९. निराशा के बाद सफलता मिलेगी।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

अथ केरलमते प्रश्न-विचार:

प्रात:काले वदेत्पुष्पं मध्याह्ने तु फलं वदेत् । सायंकाले वदेन्नद्य: रात्री तु देवतां वदेत् ।।

ध्वज	धूम्र	सिंह	श्वान	वृष	खर	गज	ध्वांक्ष	अष्टवर्गः
अइउएओ	कखगघङ	चछजझञ	टठडढण	तथदधन	पफबभम	यरलव	शषसह	प्रश्नाक्षराणि
अस्ति	नास्ति	अस्ति	नास्ति	अस्ति	नास्ति	अस्ति	नास्ति	प्रश्ननिर्णयः
धा	धातु	मूल	जीव	जीव	जीव	मूल	जीव	प्रश्नः
कुशल	रोगी	सुख	कष्ट	सुख	कष्ट	कुशल	रोग	प्रवासीप्रश्न
स्थिर	महाकष्ट	चंचल	चंचल	महाकष्ट	स्थिर	स्थिर	कष्ट	प्रवासीचरादि
समीप	समीप	दूर	पुनर्गत	मार्गस्थ	मार्गस्थ	दूरस्थ	पुनर्गत	प्रवासीकामार्ग
स्वल्प	सप्त	एकविंश	१ मास	सार्धमा	२ मास	६ मास	१ वर्ष	प्रश्न दिनादि
त्र	अस्थि	फल	काष्ठ	धान्य	तृण	जीव	पुष्प	मुष्टि प्रश्न
धूम	तिल	पातान्न	दाल	तण्डुल	चणे	गुड़	यव	धान्य ज्ञान
सुम्भ	श्वेत	लोहितांग	पाडुनील	पीत	आकाश	श्याम	मिश्र	मुष्टि वर्ण
स्त	कष्ट	सुख	कष्ट	सुख	कष्ट	सुख	कष्ट	रोगी प्रश्न
सप्तदिन	दो मास	पक्ष	१ मास	पक्ष	मास १	सप्तदिन	२ मास	कष्टदिन
लाभ	हानि	लाभ	हानि	लाभ	हानि	लाभ	हानि	नष्ट लाभ:
र्व	अग्नि	दक्षिण	नैर्ऋत	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान	दिक्नष्ट
ाह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र	धानक	नौकर	टहलन	नाई	चौर जाति
खले	अग्निगृहे	अरण्ये	अन्तरिक्षे	भांडगते	काष्ठशिल	गृहे	भूविमध्ये	नष्टस्थानम्
रव	जगदंबा	सूर्य्य	हनुमत	रुद्रगण	सरस्वती	गणेश	पितृ	देव पूजा
आगम	न आगम	आगम	न आगम	आगम	न आगम	आगम	न आगम	शत्रुगमागमी
य	हानि	जय	हानि	जय	हानि	जय	हानि	शत्रुजयहानि
न मोक्ष	मोक्ष	न मोक्ष	मोक्ष	न मोक्ष	मोक्ष	न मोक्ष	मोक्ष	बंदीमोक्षप्रश्न
सप्तदिन	१ वर्ष	पक्ष १५	मास ६	मास १	मास ६	मास ३	वर्ष १	दिनानि
स्थिर	न सिद्धि	त्वरितं	दीर्घकाल	त्वरितं	दीर्घकालं	स्थिर	न सिद्धि	कार्य्यसिद्धि
शुभ	कलह	शुभ	कलह	शुभ	कलह	शुभ	कलह	व्यवहार प्रश्न
लाभ	हानि	लाभ	हानि	लाभ	हानि	लाभ	हानि	स्त्रीलाभ प्रश्न
पुत्र	कन्या	पुत्र	कन्या	पुत्र	कन्या	पुत्र	कन्या	पुत्रकन्या प्रश्न
शत	एक	शत	२०	६०	४५	७५	१५	आयु प्रश्न
विलंब	उत्तम	विलंब	उत्तम	उत्तम	.न वर्षा	उत्तम	न वर्षा	वृष्टि प्रश्न
२७	७	३०	२०	१०	६०	३०	६०	दिनादि

रोगोत्पत्ति सन्तान प्रतिबन्धादि में देवदोष ज्ञान

प्रश्नलग्न से ३।६।९।१२ स्थान शुभग्रहरहित कोई पापग्रह हो तो विष जल शस्त्र से मरे हुए किसी स्वकुलोत्पन्न व्यक्ति का दोष जानें। यदि ८।१२ वें स्थान में राहु हो तो प्रेतदोष, गुरु हो तो पितृदोष, चन्द्रमा या शुक्र हो तो जलदेवी का दोष, सूर्य हो तो देवीदोष, (लग्न में सूर्य हो तो क्षेत्रपाल का दोष), शनि हो तो सती दोष, बुध हो तो भूतदोष, भौम हो तो शाकिनीदोष ईश्वर से विमुख मनुष्य को होता है। भौम स्वक्षेत्री १२ में हो तो छाया चुड़ैल, चौथे श. मं. राहुचौपाटिया, बली वा नीच भौम १।४।८वें हो तो शत्रु के घर से मसाणी, १० सू. म. सौकण, १२ भौम नणद बड़ी, ८वें भौम नणद छोटी, ४ भौम भैण, १० मं. गु. सती कुल की, १० म. चं. अपने दुर्गास्थान का दोष कहना यह ग्रह योग न हो तो केवल प्रश्नकाल से दोष निम्नांकित जानें। बलवान् मेषलग्न में प्रश्न हो तो पितृदोष कहें, वृष में हो तो आकाशदेवी का, मिथुन में हो तो महामाया का, कर्क में शाकिनी का, सिंह में जलभय प्रेतदोष, कन्या में केवल ग्रहदोष, तुला में क्षेत्रपाल का, वृश्चिक में नाग का, धनु में कर्मजन्य, मकर में श्रीदुर्गा का, कुम्भ में भूतप्रेत का, मीन में योगिनी का दोष कहें। बलवान् पापग्रह केन्द्र में हो तो पूर्वोक्त देवता असाध्य, शुभ ग्रह हो तो साध्य होते हैं अर्थात् मन्त्र स्तुति पूजन आदि से उसका दोष दूर हो जाता है।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS
CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

मूक प्रश्न का अनुभूत प्रकार

बिना पूछे किसी के मन का प्रश्न कह देने से ज्योतिषी की मानप्रतिष्ठा विशेष होती है और ज्योतिश्शास्त्र पर प्रष्टा की श्रद्धा भी बढ़ती है। एतदर्थ हम श्रीमार्तण्डपञ्चांग प्रेमी पण्डितों के हितार्थ अनुभव सिद्ध मूक प्रश्न का प्रकार लिखते हैं, जिससे मूक प्रश्न पूर्ण मिलता है। स्मरण रहे कि प्रश्नकालिक शुद्ध स्वदेशीय लग्न स्पष्ट तथा तात्कालिक सूक्ष्म ग्रह स्पष्ट बनाने में गलती न हो। हमारे पञ्चांग के दैनिक ग्रह स्पष्टों से केवल घटपादि चालन द्वारा तात्कालिक प्रश्नोपयोगी सूक्ष्म ग्रह आते हैं।

प्रश्न कथन प्रकार—प्रश्न कुण्डली में नव ग्रहों में से इष्टदेव नमस्कृति पूर्वक देखिए जो ग्रह अधिक बली (उच्च, स्वराशि, मित्रराशि, मूलत्रिकोण, केन्द्रस्थ, स्वनवांश, वर्गोत्तमांश अर्थात् जिस राशि का ग्रह हो नवांश में भी उस राशि का) हो, वह लग्न से जिस भाग में हो उस भाव का निःसन्देह प्रश्न कहे।

यदि उस ग्रह की स्थिति द्वारा दो तीन प्रश्न निकालें तो उनमें से पृष्टा की परिस्थिति, आयु, देश, कालादि का विचार करके बुद्धि द्वारा जो ठीक बैठे वही प्रश्न कहें। जैसे किसी ने प्रश्न किया तो उस समय अन्य ग्रहों में बली राहु मिला और वह बैठा भी लग्न में है, तो राहु के प्रथम भाव में होने से पुत्र और विद्या का प्रश्न समझें। ऐसे दो प्रश्न निकाले, अब प्रष्टा की ओर देखा तो उसकी आयु १६ वर्ष के लगभग है तो पुत्र एवं विद्या दोनों प्रश्नों में से ज्योतिषी को चाहिए कि उसे कहे आपका विद्या संबंधी प्रश्न है अगर वही प्रष्टा बड़ी उम्र का हो तो पुत्र विद्या दोनों में से पुत्र का प्रश्न कहना युक्तिसंगत था, इत्यादि बुद्धिमान ज्योतिषी को चाहिए कि मूक प्रश्न कहने के लिए शास्त्र और बुद्धि दोनों का उपयोग करके जो निकले वही कहे तो सत्य होगा।

सूर्य—

१ भाव में बली—शरीर संबंधी प्रश्न
२ " में—धन सम्बन्धी
३ " में—झगड़े का प्रश्न
४ " में—जय उच्चता का
५ " में—पुत्र सम्बन्धी
६ " में—यात्रा सम्बन्धी
७ " में—स्त्री सम्बन्धी
८ " में—जहाज बेड़ी दरिया जल सम्बन्धी
९ " में—यात्रा विदेश सम्बन्धी
